मूर्तिदेवी ग्रन्थमाला : अपभ्रंश ग्रन्थांक–८

महाकवि स्वयम्भूदेव विरचित

पउमचरिउ

[भाग ४]

मूल-सम्पादक

डॉ० एच० सी० भायाणी

एम० ए०, पी-एच० डी०

अनुवाद

डॉ० देवेन्द्रकुमार जैन

एम० ए०, पी-एच० डी०

भारतीय ज्ञानपीठ प्रकाशन

वीर नि० संवत् २४९६
वि० संवत् २०२६
सन् १९६९

प्रथम संस्करण
मूल्य ५.००

स्व० पुण्यश्लोका माता मूर्तिदेवीकी पवित्र स्मृतिमें
तत्सुपुत्र साहू शान्तिप्रसादजी-द्वारा संस्थापित

भारतीय ज्ञानपीठ मूर्तिदेवी जैन ग्रन्थमाला

इस ग्रन्थमालाके अन्तर्गत प्राकृत, संस्कृत, अपभ्रंश, हिन्दी, कन्नड़, तमिल आदि प्राचीन भाषाओंमें उपलब्ध आगमिक, दार्शनिक, पौराणिक, साहित्यिक, ऐतिहासिक आदि विविध-विषयक जैन-साहित्यका अनुसन्धानपूर्ण सम्पादन तथा उसका मूल और यथासम्भव अनुवाद आदिके साथ प्रकाशन हो रहा है। जैन भण्डारोंकी सूचियाँ, शिलालेख-संग्रह, विशिष्ट विद्वानोंके अध्ययन-ग्रन्थ और लोकहितकारी जैन-साहित्य ग्रन्थ भी इसी ग्रन्थमालामें प्रकाशित हो रहे हैं।

●

ग्रन्थमाला सम्पादक

डॉ० हीरालाल जैन, एम० ए०, डी० लिट्०
डॉ० आ० ने० ये, एम० ए०, डी० लिट्०

●

प्रकाशक

भारतीय ज्ञानपीठ

प्रधान कार्यालय : ९ अलीपुर पार्क प्लेस, कलकत्ता-२७
प्रकाशन कार्यालय : दुर्गाकुण्ड मार्ग, वाराणसी-५
विक्रय कार्यालय : ३६२०।२१ नेताजी सुभाष मार्ग, दिल्ली-६
मुद्रक : सन्मति मुद्रणालय, दुर्गाकुण्ड मार्ग, वाराणसी-५

●

स्थापना :

फाल्गुन कृष्ण ९, वीर नि० २४७० ● विक्रम सं० २००० ● १८ फरवरी सन् १९४४

MŪRTIDEVĪ GRANTHAMĀLĀ : APABHRAṀŚA Grantha No.-8

PAUMA-CARIU

of

Svayaṁbhūdeva

Text Edited by

Dr. H. C. Bhayani

M. A., Ph. D.

Translated by

Dr. Devendra Kumar Jain

M. A., Ph. D.

BHARATIYA JNANAPITH PUBLICATION

V. N. S. 2496
V. S. 2026
A. D. 1969

First Edit
Price Rs.

BHĀRATĪYA JÑĀNAPĪTHA MŪRTIDEVĪ
JAINA GRANTHAMĀLĀ

FOUNDED BY

SĀHU SHĀNTIPRASAD JAIN

IN MEMORY OF HIS LATE BENEVOLENT MOTHER

SHRĪ MŪRTIDEVĪ

In this Granthamālā critically edited Jaina Āgamic, Philosophical, Purānic, Literary, Historical and other original texts available in Prākrit, Sanskrit, Apabhraṃśa, Hindi, Kannada, Tamil etc., are being published in these respective languages with their translations in modern languages
AND
Catalogues of Jaina Bhandaras, Inscriptions, Studies of competent scholars & popular Jain literature are also being published.

●

General Editors
Dr. Hiralal Jain, M. A., D. Litt.
Dr. A. N. Upadhye, M. A., D. Litt.

●

Bharatiya Jnanapitha

Head office : 9 Alipore Park Place, Calcutta-27.
Publication office : Durgakund Road, Varanasi-5.
Sales office : 3620121 Netaji Subhash Marg, Delhi-6.

●

Founded on Phalguna Krishna 9, Vira Sam. 2470,
Vikrama Sam. 2000.18th Febr. 1944

विषय-सूची

स्नान जलसे लक्ष्मण शक्तिके प्रभावसे मुक्त हो सकता है। विशल्याका आख्यान, उसके पूर्व जन्मका वृत्तान्त, भरत द्वारा महामुनिसे पूछना, 'अनंगसरा' (जो आगामी जन्म विशल्या बनी) का वर्णन।

उनहत्तरवीं सन्धि २०२-२२९

राम द्वारा विशल्याको लानेके लिए, सामन्तोंकी नियुक्ति, विभिन्न सामन्तों द्वारा प्रस्ताव। एक पूरे दलका प्रस्थान, उनकी यात्राका वर्णन, लवण समुद्रका वर्णन, पर्वतका वर्णन, नदीका वर्णन, (महानदी, नर्वदा) विन्ध्याचलमें प्रवेश, उज्जैन पारियात्र होते हुए मालव जनपदमें प्रवेश, मालव जनपदका वर्णन, अयोध्यानगरीमें प्रवेश, उसका वर्णन, भरत से दलके नेता भामण्डलकी भेंट, लक्ष्मणके शक्तिसे आहत होनेपर, भरतकी प्रतिक्रिया, भरतका विलाप, अपराजिताका क्रन्दन, विशल्याके पितासे निवेदन, विशल्याका वर्णन आगन्तुक दल द्वारा, विशल्याका का युद्ध शिविरमें आना, उसके तेजसे शक्तिका लक्ष्मणके शरीरसे निकलकर भागना, लक्ष्मणका विशल्याके सुगन्धित जलसे लेप। रामकी सेनामें नवीन हल-चल, सचेतन होनेपर लक्ष्मणका विशल्याको देखना, उसके रूपका चित्रण, विवाह।

सत्तरवीं सन्धि २३०-२४७

वृक्षके रूपकमें प्रभातका वर्णन, लक्ष्मणके जीवित होनेकी खबर पाकर रावणका आग-बबूला होना, मन्दोदरीका अपने पतिको समझाना, मन्त्रियों द्वारा मन्दोदरीकी प्रशंसा, रावण पर इसकी उलटी प्रतिक्रिया, रावण द्वारा रामके सम्मुख दूतके

माध्यमसे सन्धिका प्रस्ताव, राम द्वारा रावणके प्रस्तावको ठुकरा देना, दूत द्वारा रामकी सेनाका वर्णन, दूतकी वापसी, लक्ष्मणकी उसे कड़ी फटकार, दर्पोक्तियाँ, वसन्तका आगमन। नन्दीश्वरकी पूजाका समारोह! लंका नगरीमें धार्मिक समारोह।

रावणका शान्तिनाथ जिन मन्दिरमें प्रवेश, नन्दीश्वर पर्वतमें प्रकृतिका सौन्दर्य, विविध क्रीड़ाओंका वर्णन, घरकी स्वच्छता और सफ़ाई, शानदार जिनपूजा, शान्तिनाथ जिनालयका वर्णन, रावण द्वारा बहुरूपिणी विद्याकी आराधना के पूर्व जिनेन्द्रका अभिषेक; शान्तिनाथ प्रभुकी स्तुति, स्तोत्रपाठ। बहुरूपिणी विद्याकी आराधना। राम-सुग्रीव और हनुमान द्वारा उसमें विघ्न डालना, रावणकी अडिगता।

अंग, अंगदका लंकामें प्रवेश, लंकाका वर्णन, रावणके महल-का वर्णन, शान्तिनाथ मन्दिरमें उनका प्रवेश, रावणके अन्तःपुरमें प्रवेश, जिन भगवान्की वन्दना, रावणको बाधाएँ पहुँचाना, रावणके अन्तःपुरका मायावी प्रदर्शन, रावणकी अडिगता और बहुरूपिणी विद्याकी सिद्धि। रावण द्वारा, शान्तिनाथ भगवान्की स्तुति। बहुरूपिणी विद्याके साथ उस-का बाहर निकलना। अन्तःपुरकी दीनदशा देखकर रावणका क्रोध। समारोहके साथ रावणका वहाँसे प्रस्थान। अन्तःपुर-की यात्राका वर्णन। रावणका अपने घरमें प्रवेश।

[४]

पउमचरिउ

कइराय-सयम्भुएव-किउ

पउमचरिउ

चउत्थं जुज्झकण्डं

[५७. सत्तवण्णासमो संधि]

हंसदीवें थिएँ राम-वलें खोहु जाउ णिसियर-सङ्घायहों ।
झत्ति महीहर-सिहरु जिह णिवडिउ हियउ दसाणण-रायहों ॥

[१]

तूरहों सद्दु सुणेवि रउद्दहों । खुहिय लङ्क णं वेल समुद्दहों ॥१॥
एहएँ कालें अणेयइँ जाणउ । मणेंण विसण्णु विहीसणु राणउ ॥२॥
'णं कुल-सेलु समाहउ वज्जें । पुरि णन्दन्ति णट्ठ विणु कज्जें ॥३॥
कल्लें जि मेरउ ण किउ णिवारिउ । एवहिँ दूसन्थवउ णिरारिउ ॥४॥
तो वि सणेहें परिहच्छावमि । उप्पहेँ थियउ सुपन्थें लावमि ॥५॥
जइ कया वि उवसमइ दसाणणु । पावें छाइउ पर-महिलाणणु ॥६॥
एम वि जइ महु ण कियउ वुत्तउ । तो रिउ-साहणें मिलमि णिरुत्तउ ॥७॥
अप्पाणु वि ण होइ संसारिउ । परिहरिएवउ पारायारिउ ॥८॥

घत्ता

सुहि जें सूलु पडिकूलणउ परु जें सहोयरु जो अणुअत्तइ ।
ओसहु दूरुप्पण्णउ वि वाहि सरीरहों कड्ढेंवि घत्तइ' ॥९॥

पउमचरिउ

युद्ध काण्ड

सत्तावनवीं सन्धि

हंस द्वीपमें रामकी सेनाको स्थित देखकर, निशाचर-समूहमें क्षोभकी लहर दौड़ गयी। रावणका हृदय पर्वत शिखरकी तरह पलभरमें दो टूक हो गया।

[१] तुरहीका भयंकर शब्द सुनकर लंका नगरी ऐसी क्षुब्ध हो उठी, मानो समुद्रकी वेला हो! इस समय तक यह अनेक लोगोंको विदित हो गया। राजा विभीषण भी मन-ही-मन खूब दुःखी हुआ। उसे लगा, "मानो कुलपर्वत वज्र से आहत हो गया है, हँसती-खेलती लंका नगरी व्यर्थ ही नष्ट होने जा रही है, कल मैंने उसे मना किया था, परन्तु वह नहीं माना। और अब भी, उसे समझाना अत्यन्त कठिन है? फिर भी मैं प्रेमसे उसे समझाऊँगा। वह खोटे रास्तेपर है। सीधे रास्तेपर लाऊँगा। शायद रावण किसी तरह शान्त हो जाये। परस्त्रीचोर वह, पापसे भरा हुआ है। इस समय भी यदि, वह मेरा कहा नहीं करता तो यह निश्चित है कि मैं शत्रुसेना में मिल जाऊँगा! क्यों कि अपहरण की हुई भी, दूसरेकी स्त्री संसारमें अपनी नहीं होती। सज्जन भी यदि प्रतिकूल चलता है, तो वह काँटा है, शत्रु भी यदि अनुकूल चलता है तो वह सगा भाई है! क्यों कि दूर उत्पन्न भी दवाई शरीरसे रोगको बाहर निकाल फेंकती है! ॥१-९॥

[२]

जो परतिय-परदव्वाहिंसणु । मणें परिचिन्तेंवि एम विहीसणु ॥१॥
अहिमुहु वलिउ दसाणण-रायहों । णं गुण-णिवहु दोस-सङ्घायहों ॥२॥
'भो भो भू-भूसण भड-भञ्जण । खलहु मि खल सज्जणहु मि सज्जण ॥३॥
रावण किण्ण गणहि महु वयणइँ । किण्ण णियहि णन्दन्तइँ सयणइँ ॥४॥
किं स-गेहु णिय-णयरु ण इच्छहि । किं वज्जासणि सिरेंण पडिच्छहि ॥५॥
किं देवावहि सेण्णु दिसा-वलि । किं उरें धरहि जलण-जालावलि ॥६॥
किं आरोडहि राहव-केसरि । किं जाणन्तु खाहि विस-मञ्जरि ॥७॥
किं गिरि समु वड्डत्तणु खण्डहि । किं चारित्तु सीलु वउ छण्डहि ॥८॥
किं विहडन्तउ कज्जु ण सन्धहि । तइयएँ णरएँ आउ किं वन्धहि ॥९॥
एक्कु अजसु अण्णेक्कु अमङ्गलु । जाणइ देन्तह पर गुणु केवलु' ॥१०॥

घत्ता

भणइ दसाणणु 'भाइ सुणि जाणमि पेक्खमि णरयहों सङ्कमि ।
णवर सरीरें वसन्ताइँ पञ्चिन्दियइँ जिणेवि ण सक्कमि' ॥११॥

[३]

सो जग-मण-णयणाहिरावणो । पर-णरवर-हरिणाइरावणो ॥१॥
दुद्धर-धरणिधर-धरावणो । भड-थड-कडमद्दण-करावणो ॥२॥
दुज्जण-जण-मण-जज्जरावणो । करिवर-कुम्भथल-कप्परावणो ॥३॥

[२] विभीषण, जो परस्त्री और परधनका अपहरण नहीं करता, मनमें यह सोचकर, दशाननराज के सामने इस प्रकार मुड़ा मानो दोषसमूहके सामने गुणसमूह मुड़ा हो ! उसने कहा, "हे धरतीके आभूषण और योद्धाओंके संहारक रावण, तुम दुष्टोंमें दुष्ट हो, और सज्जनोंमें सज्जन। रावण, तुम मेरे कथनपर ध्यान क्यों नहीं देते, आनन्द करते हुए अपने स्वजनोंको क्यों नहीं देखते ? घरसहित अपने नगरकी क्या तुम्हें अब इच्छा नहीं है ? क्या तुम चाहते हो कि तुम्हारे ऊपर वज्र आकर गिरे ? क्यों तुम अपनी सेनाकी बलि, चारों दिशाओंमें बिखेरना चाहते हो ? ईर्ष्याकी आग तुम अपने हृदयमें क्यों रखना चाहते हो ? रामरूपी सिंहको तुम क्यों छेड़ते हो ? विषकी वेल, जान-बूझ कर तुम क्यों रखना चाहते हो ? पहाड़के समान अपने महान् बड़प्पनको खण्ड-खण्ड क्यों करना चाहते हो ? अपने चरित्र, शील और व्रतको क्यों छोड़ना चाहते हो ? अपने बिगड़ते हुए कामको क्यों नहीं बना लेते, तीसरे नरककी आयु क्यों बाँध रहे हो ? एक तो इसमें अपकीर्ति है, दूसरे अनेक अमंगल भी हैं ! इस लिए तुम्हारे लिए एक ही लाभदायक बात है, और वह यह कि तुम जानकी-को अभी भी वापस कर दो।" यह सुनकर दशाननने कहा, "हे भाई, सुन मैं जानता हूँ, देख रहा हूँ, और मुझे नरककी आशंका भी है। फिर भी शरीरमें बसने वाली पाँच इन्द्रियोंको जीत सकना मेरे लिए सम्भव नहीं" ॥१-११॥

[३] जो जनोंके मन और नेत्रोंके लिए अत्यन्त प्रिय था, शत्रु राजाओंके लिए इन्द्रके समान था, जो दुर्द्धर भूधरों (राजा और पहाड़) को उठा सकता था, सैन्यघटामें धकापेल मचा सकता था, दुर्जन लोगोंके मनको दहला देता, बड़े-बड़े

धणय-पुरन्दर-थरहरावणो । सरणाइय-भय-परिहरावणो ॥४॥
दाणविन्द-दुद्दम-डरावणो । अमर-मणोहर-चहुअ-रावणो ॥५॥
दाणेँ महाहयणे तुरावणो । णिसुणिउ जं जम्पन्तु रावणो ॥६॥

घत्ता

भणइ विहीसणु कुइय-मणु वयणु णिएवि दसाणण-केरउ ।
'मरण-कालेँ आसण्णेँ थिएँ सव्वहोँ होइ चित्तु विवरेरउ ॥७॥

[४]

पुणु वि गरुउ संताउ विहीसणेँ । काइँ णिवारिउ ण किउ विहीसणेँ ॥१॥
काइँ णरिन्दऽप्पाणउँ सोसहि । एण णिहेण पइट्टु विसोसहि ॥२॥
जणय-विदेहि-धीय पइ-सारिय । पइँ सयणहुँ भवित्ति पइसारिय ॥३॥
एह ण सीय वणेँ ट्ठिय मल्ली । सव्वहुँ हियएँ पइट्ठिय भल्लो ॥४॥
एह ण सीय सोय-संपत्ती । लङ्कहेँ वज्जासणि संपत्ती ॥५॥
एह ण सीय दाढ वर-सीहहोँ । गय-गण्डत्थल-वहल-रसीहहोँ ॥६॥
एह ण सीय जीह जमरायहोँ । केवल हाणि असुज्जम-रायहोँ ॥७॥

घत्ता

णन्दउ लङ्क स-तोरणिय अणुणहि रामु पमायहि जुज्झु ।
जाणइ सिविणा-रिद्धि जिह ण हुअ ण होइ ण होसइ तुज्झु' ॥८॥

[५]

तं सुणेवि सत्तुत्त-मद्दणो । स-पुरन्दर-विजयन्त-मद्दणो ॥१॥
रयणासव-वंसाहिणन्दणो । दहमुह-दिट्ठिविसाहि-णन्दणो ॥२॥
इन्दई णिय-मणे विरुद्धओ । जेण हणुउ पहरेवि रुद्धओ ॥३॥

गजवरोंके गण्डस्थल काट डालता, कुबेर और इन्द्रको थर-थर कँपा देता, शरणागतके भयको दूर करता, दुर्दम दानवेन्द्रोंको डरा देता, देवताओंकी सुन्दर स्त्रियोंके साथ रमण करता, दान और युद्धमें त्वरा मचाता उस रावणको विभीषणने यह कहते हुए सुना। तब रावणके मुखको देखकर कुपित मन विभीषण बोला, "मृत्युकाल पास आने पर सब का चित्त उलटा हो जाता है" ॥१-७॥

[४] विभीषणको फिर भी इस बातका बहुत संताप था कि भाईने उसकी बात क्यों नहीं मानी ! राजा क्यों अपनी बदनामी करा रहा है, और इस प्रकार जहरीली दवा प्रविष्ट कराना चाहता है ! जो तुमने विदेहराज जनककी कन्याका नगरमें प्रवेश कराया है, वह तुमने अपने ही लोगोंके लिए उनकी होनहारको प्रवेश दिया है। यह (अशोक) वनमें अच्छी भली सीता देवी नहीं बैठी हुई है, यह सबके हृदयमें भालेकी नोक लगी हुई है ! यह सीता देवी नहीं, वरन् शोक-संपदा है ! लंकापर तो यह गाज ही आ गिरी है ! यह सीता देवी नहीं, किसी श्रेष्ठ सिंहकी दाढ़ है, या किसी गजवरके गण्डस्थलकी खीस है ! यह सीता देवी नहीं, यमराजकी जीभ है और है तुम्हारे उद्यम एवं यशकी हानि। हे भाई, तुम रामको मना लो, युद्ध छोड़ दो। तोरणोंसे सजी लंका नगरीको फलने-फूलने दो, स्वप्नकी सम्पदाकी तरह, सीता देवी न कभी तुम्हारी थी, न अब है, और न आगे कभी होगी ॥१-८॥

[५] यह सुनकर इन्द्रजीत अपने मनमें भड़क उठा। इन्द्र और वैजयन्तको चूर-चूर करने वाला, रत्नाश्रवके कुलका अभिनन्दन करने वाला और रावणकी नजरको साधने वाला ! जिसने प्रहार कर हनुमान तक को रोक लिया था। जो आगके

हुअवहो व्व जालोलि-भासुरो । हर सणॅ व्व कुइओ वि भासुरो ॥४॥
केसरि व्व उद्धसिय-कन्धरो । पाउसो व्व उण्णइय-कं-धरो ॥५॥
'तं विहीसणा पइँ पत्तम्पियं । दहमुहस्स ण कयाइ जं पियं ॥६॥

घत्ता

को तुहुँ कें वोल्लावियउ को सो लक्खणु को किर रामु ।
जइ तहों अप्पिय जणय-सुय तो हउँ ण वहमि इन्दइ णामु' ॥७॥

[६]

तं णिसुणेवि विहीसणु जम्पइ । 'विरुवउ णिन्दिउ सीयहें जं पइ ॥१॥
पप्फुल्लिय-अरविन्द-प्पह-रणॅ । दुद्धर-णरवरिन्द-दप्प-हरणॅ ॥२॥
दुद्दम-दाणव-विन्द-प्पहरणॅ । णीसरन्त-वलहद्दहों पहरणॅ ॥३॥
अणुहरमाण-वाण-फरुसक्कहों । जे भञ्जन्ति मडप्फरु सक्कहों ॥४॥
ते रणॅ जाएँ णिवारॅवि सक्कहों । तुम्हहुं मज्झें सत्ति परिसक्कहों ॥५॥
जेण सम्वु मुहॅ छुद्धु कियन्तहों । मिलॅवि असेसॅहिँ काइँ कियं तहों ॥६॥
जेण खरहों सिरु खुडिउ जियन्तहों । चउदह-सहसॅहिँ काइँ कियं तहों ॥७॥
सो हरि सारहि जसु पवराहउ । दुज्जउ केण परज्जिउ राहउ ॥८॥

घत्ता

अण्णु वि हणुवहों काइँ किउ तुम्हहँ तणएँ पइट्ठउ जो वणॅ ।
दक्खवन्तु णिय-चिन्धाइँ जिह वियड्ढु कण्णाडिहॅ जोव्वणॅ' ॥९ ॥

समान ज्वालमालासे प्रज्वलित, हर और शनिकी भाँति क्रुद्ध होकर भी कान्तिमय। सिंहकी भाँति उसके कन्धे उठे हुए थे और पावसकी धरती की तरह, जो रोमांच (अंकुर) धारण किये था। उसने कहा,—"तुमने जो कुछ भी कहा, वह रावणके लिए किसी भी तरह प्रिय नहीं हो सकता। तुम कौन हो? किसने तुमसे यह सब कहलवाया? लक्ष्मण कौन है? और राम कौन है? यदि सीता देवी उसे सौंप दी गयी, तो मैं अपना इन्द्रजीत नाम छोड़ दूँगा? ॥१-७॥

[६] यह सुनकर, विभीषणने कहा, "यह बहुत बुरी बात है, जो तुमने सीता देवीके बारेमें बुरा-भला कहा। यदि युद्ध हुआ तो मुझे शंका है कि तुममें इतनी शक्ति नहीं कि तुम उसका सामना कर सको। वह युद्ध, जो खिले हुए कमलोंकी भाँति चमक रहा है, जिसमें दुर्द्धर नरेशोंका घमण्ड चूर-चूर हो चुका है, जिसमें दुर्दमदानव मौतके घाट उतर रहे हैं, जो आगे बढ़ते हुए रामके हथियारोंसे आक्रान्त हैं। अनुरूप बाण और फरसों से लैस इन्द्रका भी अहं, जो चूर-चूर कर देते हैं। रामने जब शम्बूकको यमके मुखमें डाल दिया था, तब तुम सबने मिलकर भी उनका क्या कर लिया था? जिन्होंने जीते जी खरका सिर काट डाला, तब चौदह हजार होकर भी तुमने उनका क्या कर लिया था? अनेक युद्धोंका विजेता लक्ष्मण, जबतक रामका सारथि है, तबतक वह अजेय है। उसे कौन युद्धमें जीत सकता है? इसके अतिरिक्त, हनुमानने जब तुम्हारे नन्दन वनमें प्रवेश किया था, तब तुमने उसका क्या कर लिया? उसने अपने निशान उस उपवनमें वैसे ही छोड़ दिये थे जैसे कोई विदग्ध, कर्णाटक बालाके यौवनमें अपने चिह्न अंकित कर देता है ॥१-९॥

[७]

तं णिसुणेँवि रूसिउ दसाणणो । जो सयं सुरिन्दस्स हाणणो ॥१॥
करेँ समुक्खयं चन्दहासयं । विप्फुरन्तमिव चन्दहासयं ॥२॥
'मरु पाडमि महि-मण्डले सिरं । मम णिन्दयरं पर-पसंसिरं' ॥३॥
तहिँ अवसरेँ कुइओ विहीसणो । जो जणेँ सुक्कुइओ विहीसणो ॥४॥
लइउ खम्भु मणि-रयण-भूसिओ । दहवयणस्स जसो व्व भू-सिओ ॥५॥
वे वि पधाइय एक्कमेक्कहो । जणु जम्पइ सिय ए-क्कमे क्कहो ॥६॥

घत्ता

मण्ड भरन्त-भरन्ताहुँ स-तरु स-खग्ग विहीसण-रावण ।
णाइँ परोप्परु ओवडिय उद्ध-सोण्ड अइरावय-वारण ॥७॥

[८]

नरवइ धरिउ कडच्छएँ मन्तिहिँ । करेँ अवराहु मडारा मं तिहिँ ॥१॥
विहिँ भाइहिँ अण्णेक्कहोँ तणयहोँ । जो जीवियहो सारु तउ तणयहोँ '॥२॥
तो वि ण थक्कइ अमरिस-कुद्धउ । जो चउ-जलहि-विहूसिय-कु-द्धउ ॥३॥
'अरेँ खल खुद्द पिसुण अकलङ्कहेँ । मरु-मरु णीसरु णीसरु लङ्कहेँ' ॥४॥
भणइ विहीसणु 'जण-अहिरामहोँ । जइ अच्छमि तो दोहउ रामहोँ ॥५॥
णवरि णरिन्द मूढ अवियप्पउ । जिह सक्कहि तिह रक्खहि अप्पउ' ॥६॥
एम भणेप्पिणु गउ णिय-भवणहोँ । णाइँ गइन्दु रम्भ-खम्भ-वणहोँ ॥७॥
तीसक्खोहणीहिँ हरि-सेण्णहोँ । णिद्दउ णिद्दलन्तु हरिसें णहो ॥८॥

[७] यह सुनकर रावण रोपसे भर उठा। वह रावण, जो सैकड़ों इन्द्रों को मार सकता था, चन्द्रकी तरह अपनी चमचमाती चन्द्रहास तलवार हाथ में लेकर उसने कहा,—"मैं तुम्हारा सिर अभी धरती पर गिराता हूँ। तू मेरी निन्दा कर रहा है और शत्रुकी प्रशंसा।" तब विभीषण भी आवेशमें आ गया। वह विभीषण, जो क्रुद्ध होनेपर, लोगोंमें निडर घूमता था उसने मणि और रत्नोंसे अलंकृत खम्भा उठा लिया, जो रावणके यशकी तरह शोभित था। जब वे इस प्रकार एक दूसरे पर दौड़े तो लोगोंमें कानाफूसी होने लगी कि देखें जयश्री दोनोंमें-से किसे अपनाती है। बलपूर्वक एक दूसरेको पकड़नेके प्रयाससें, पेड़ और तलवार लिये हुए वे ऐसे लग रहे थे मानो अपनी सूँड़ उठा कर, ऐरावत हाथी, एक दूसरे पर टूट पड़े हों ॥१-७॥

[८] इतनेमें मन्त्रियोंने ताना कसते हुए उन दोनोंको रोक लिया और कहा, "आदरणीयो, आप लोग आपसमें एक-दूसरेके प्राण न लें, वे प्राण जो अनेकों और स्वयं आपके जीवनका सार हैं।" यह सुनकर भी, अमर्पसे क्रुद्ध रावण नहीं माना। उसकी पताका धरती पर समुद्र पर्यन्त फहरा रही थी। उसने विभीषणको लक्ष्य करके कहा, "अरे दुष्ट क्षुद्र चुगलखोर जा मर, मेरी कलंकहीन लंकासे निकल जा।" विभीषण इस पर कहता है, "यदि अब भी मैं यहाँ रहता हूँ तो अभिराम रामका विद्रोही बनता हूँ। रावण, तुम मूर्ख एवं विवेकशून्य हो, जिस तरह सम्भव हो अपने आपको बचाना।" विभीषण वहाँ से अपने भवनमें उसी प्रकार चला गया जिस प्रकार महागज कदली वनमें प्रवेश करता है। इधर लक्ष्मणकी, हर्पसे भरी हुई तीस हजार अक्षौहिणी सेना आकाशको रौंधती हुई कूच

घत्ता

सहइ विहीसणु णीसरिउ सुहि-सामन्त-मन्ति-परियरि (य)उ ।
जसु मुहु मइलेंवि रावणहों रामहों संमुहु णाइँ णिसरियउ ॥९॥

[९]

हंसदीव-तीरोवर-त्थयं । वर-तुरङ्ग-वर-करि-वरत्थयं ॥१॥
सुहड-सुहड- संखोह-भासुरं । पडह-भेरि-संखोह-भासुरं ॥२॥
णिएँवि सेण्णु रवि-मण्डल-ग्गए । देइ दिट्ठि हरि मण्डलग्गएँ ॥३॥
दुण्णिवार-वइरी सरासणे । राहवो वि स-सरे सरासणें ॥४॥
ताव तेण बहु-पुण्णभाइणा । स-विणएण दहवयण-भाइणा ॥५॥
दण्डपाणिपट्ठविउ महवलो । जहिँ स-कण्हु पडिवक्ख-मह-बलो ॥६॥
पणविऊण विण्णविउ राहवो । जो विमुक्क-सर-णिट्ठुराहवो ॥७॥
एक्कु वयणु पभणइ विहीसणो । 'तुम्ह भिच्चु एवहिँ विहीसणो ॥८॥

घत्ता

ण किउ णिवारिउ रावणेंण लज्ज वि माणु वि मणें परिचत्तउ ।
परम-जिणिन्दहों इन्दु जिह तेम विहीसणु तुम्हहँ भत्तउ' ॥९॥

[१०]

तं णिसुणेवि वयणु तहों जोहहों । जे जे के वि राय रज्जोहहों ॥१॥
ते ते मिलिया रणें इ सुमन्तहों । मइकन्तेण वुत्तु सामन्तहों ॥२॥
'इच्छहों वलहों देव पत्ति जइ । तो ण णिसायराहँ पत्तिज्जइ ॥३॥

करने लगी। पण्डितों, सामन्तों और मन्त्रियोंसे घिरा हुआ विभीषण जा रहा था। उस समय वह ऐसा लग रहा था जैसे रावणका यश और सुख मैलाकर रामके सम्मुख जा रहा हो ॥१-९॥

[९] विभीषणने देखा कि हंसद्वीपमें रामकी सेना ठहरी हुई है। अश्वों, गजों और अस्त्रोंसे युक्त है। रथों और योद्धाओंके क्षोभसे भयंकर, और नगाड़ों एवं भेरीसे भयावह। जब लक्ष्मण ने सूर्यमण्डलमें सेना देखी तो उसने अपनी नजर तलवारकी नोक पर डाली। शत्रुओंके लिए दुर्निवार, रामकी दृष्टि भी शत्रुओंके सिर काटनेवाले तीरों सहित अपने धनुषपर चली गई। परन्तु इतनेमें, रावणके भाई, महापुण्यशाली विभीषणने अत्यन्त विनयके साथ, अपना महाबल नामका दूत भेजा। उसके हाथमें दण्ड था। वह वहाँ गया जहाँ लक्ष्मणके साथ राम थे। उसने, युद्धमें संहारक तीर छोड़नेवाले रामसे प्रणामपूर्वक निवेदन किया, "विभीषण एक ही बात आपसे कहना चाहता है, और वह यह कि आजसे वह तुम्हारा अनुचर है। उसने बहुतेरा मना किया। परन्तु रावण नहीं मानता, उसने अपने मनमें लज्जा और मानका भी परित्याग कर दिया है। जिस प्रकार इन्द्र परम जिनेन्द्रका भक्त है, उसी प्रकार आजसे विभीषण तुम्हारा भक्त होगा।" ॥१-९॥

[१०] उस योद्धा दूतके शब्द सुनकर वे सब राजा इकट्ठे हो गये जो उस राजन्य समूहमें वहाँ थे। इसी बीच, रामके मन्त्री मतिकान्तने सभी विचारशील सामन्तोंके सम्मुख यह निवेदन किया, "हे राम, इस बातको निश्चित समझा जाय कि रावण चाहे अब सीता देवीको वापस भी कर दे, तब भी निशाचरोंका विश्वास नहीं करना चाहिए। इसका चरित कौन

एयहुँ तणउ चारु को जाणइ । जेहिँ छलेण छलिय वणेँ जाणइ' ॥४॥
पभणइ मइसमुद्दु इमु आवइ । एत्तिउ वलु पर-पुण्णेँहिँ आवइ ॥५॥
पत्तिय एवहिँ रावणु जिज्जइ । णिय-मणेँ सयल सङ्क वज्जिज्जइ ॥६॥
किङ्कर-वहुएँहिँ एँहु जि पहुच्चइ । ताह मि साहणेँ एँहु जि पहुच्चइ ॥७॥
मिलिउ विहीसणु लङ्क पईसहोँ । लग्गउ करयलेँ सीय हलीसहोँ ॥८॥

घत्ता

दिज्जउ रज्जु विहीसणहोँ जेण वे वि जुज्झन्ति परोप्परु ।
अम्हहुँ काइँ महाहवेँण परु जेँ परेण जाउ सय-सक्करु' ॥९॥

[११]

तं णिसुणेविणु पचविउ मारुई । जो किर वम्महु मयणु मा-रुई ॥१॥
'देव देव देविन्द-सासणं । सच्चउ कलहेँ वि महु दसासणं ॥२॥
आउ विहीसणु परम-सज्जणो । विणयवन्तु दुण्णय-विसज्जणो ॥३॥
सच्चवाइ जिण-धम्म-वच्छलो । सयल-काल-परिचत्त-वच्छलो ॥४॥
मइँ समाणु एणासि जम्पियं । तं करेमि हलहरहोँ जं पियं ॥५॥
जइ महु वुत्तउ ण किउ राएँणं । तो रिउ-साहणेँ मिलमि राएँणं' ॥६॥

घत्ता

तं णिसुणेप्पिणु राहवेँण पेसिउ दण्डपाणि हक्कारउ ।
आउ विहीसणु गह-सहिउ एयारहमु णाइँ अङ्गारउ ॥७॥

[१२]

जय-जय-सद्दें मिलिउ विहीसणु । विहि मि परोप्परु किउ संभासणु ॥१॥
भणइ रामु 'णउ पइँ लज्जावमि । णोसावण्ण लङ्क भुञ्जावमि ॥२॥
सिरु तोडमि रावणहोँ जियन्तहोँ । संपेसमि पाहुणउ कयन्तहोँ' ॥३॥

जान सकता है। इसने वनमें सीता देवीका अपहरण किया है।" इसपर मतिसमुद्रने कहा, "मेरी समझमें तो इतना ही आता है कि इतनी सेना पुण्यसे मिलती है। विश्वास कीजिए रावण अब जीत लिया जायगा, अपने मनसे समस्त शंकाएँ निकाल दीजिए। बहुत-से अनुचरोंके साथ, यह जैसे यहाँ आया है, वैसे ही यह वहाँ भी जा सकता है। अब विभीषण मिल गया है। लंकामें प्रवेश कीजिए। हे राम, समझ लो अब सीता हाथ लग गयी।" विभीषणको राज्य दे दो जिससे वे दोनों आपसमें लड़ जाँय। यदि दुश्मनसे दुश्मनके सौ टुकड़े हो सकते हैं, तो हमें महायुद्धसे क्या करना है॥१-९॥

[११] यह सुनकर हनुमान्‌ने, जो कामदेवके समान सुन्दर और लक्ष्मीकी भाँति कान्तिमय था, कहा—"हे देव, यह सच है कि इन्द्रको पराजित करनेवाला रावण युद्धमें मेरा शत्रु है। परन्तु यह जो विभीषण आया है वह अत्यन्त सज्जन, विनीत, अनीतियोंको दूरसे छोड़ देनेवाला, सत्यवादी और जिनधर्म वत्सल है। छलकी बातें इसने हमेशाके लिए छोड़ दी हैं? मुझसे इसने कहा है मैं वही करूँगा जो रामको प्रिय होगा। यदि राजाने मेरी बात नहीं मानी तो भी शत्रु सेनामें जा मिलूँगा।" यह सुनकर रामने दूतको विसर्जित कर उसे बुला भेजा। विभीषण भी अपने परिकरके साथ आया। वह ऐसा जान पड़ रहा था मानो ग्यारहवाँ मंगल नक्षत्र हो॥१-७॥

[१२] विभीषण जय-जय शब्दके साथ आकर मिला। दोनोंकी आपसमें बातें हुईं। रामने उससे कहा, "मैं तुम्हें शर्मिन्दा नहीं होने दूँगा, तुम समस्त लंकाका भोग करोगे।" रावणका मैं जीते जी सिर तोड़ दूँगा और उसे यमका अतिथि

तेण वि वुत्तु 'भडारा राहव । सुहड-सोह णिव्वूढ-महाहव ॥४॥
जिह अरहन्त-णाहु पर-लोयहाँ । तिह तुहुँ सामिसालु इह-लोयहाँ' ॥५॥
एव जाव पचवन्ति परोप्परु । ताम विदेहहेँ णयण-सुहङ्करु ॥६॥
अक्खोहणि सहासु भामण्डलु । णाइँ सुरेँहिँ समाणु आखण्डलु ॥७॥
आउ णहङ्गणेँ णाणा-जाणेँहिँ । मणि-मोत्तिय-पवाल-अपमाणेँहिँ ॥८॥

घत्ता

मणेँ परितुट्ठेँ राहवेँण णरवइ-विन्दु सयलु ओसारेँवि ।
अवरुण्डिउ पुप्फवइ-सुउ सरहसु सइँ भुअ-जुअलु पसारेँवि ॥९॥

[५८. अट्ठवण्णासमो संधि]

भामण्डलेँ भीसणेँ मिलिएँ विहीसणेँ कुणय-कुवुद्धि-विवज्जियउ ।
अत्थाणेँ दसासहोँ लच्छि-णिवासहोँ अङ्गउ दूउ विसज्जियउ ॥

[१]

वलएवेँ पभणिउ जम्ववन्तु । 'एत्तियहुँ मज्झेँ को वुद्धिवन्तु ॥१॥
किं गवउ गवक्खु सुसेणु तारु । किं अञ्जणेउ रणेँ दुण्णिवारु ॥२॥
किं णलु किं णीलु किमिन्दु कुन्दु । किं अङ्गउ किं पिहुमइ महिन्दु ॥३॥
किं कुमुउ विराहिउ रयणकेसि । किं भामण्डलु किं चन्दरासि' ॥४॥
जं एव पपुच्छिउ राहवेण । विण्णविउ णवेप्पिणु जम्ववेण ॥५॥
'पेसणेँ सुसेणु विणए वि कुन्दु । पञ्चङ्गेँ मन्तेँ मइसमुद्दु ॥६॥

बनाऊँगा।" तब विभीषणने भी कहा, "आदरणीय राम, आप सुभटोंमें सिंह हैं, आपने बड़े-बड़े युद्धोंका निर्वाह किया है। जिस प्रकार परलोकमें अरहन्त नाथ मेरे स्वामी हैं, उसी तरह इस लोकके मेरे स्वामीश्रेष्ठ आप हैं।" इस प्रकार उनमें बातें हो ही रही थीं कि सीता देवीके नयनोंके लिए शुभ भामण्डल भी एक हजार अक्षौहिणी सेनाके साथ ऐसे आ गया मानो देवताओंके साथ इन्द्र ही आ गया हो। मणि, मोती और मूँगों-से युक्त तरह-तरहके विमान उसके साथ थे। राम मन ही मन गद्गद हो उठे। नरपति समूहको उन्होंने विदा दी। और पुष्पवतीके पुत्र भामण्डलको अपनी हर्ष-भरी भुजाएँ फैलाकर गले लगा लिया ॥ १-९ ॥

अट्ठावनवीं सन्धि

भीषण भामण्डल और विभीषणके मिलनके अनन्तर, रामने कुनीति और कुबुद्धिसे रहित अंगद को, लक्ष्मीके निवास, रावणके पास भेजा।

[१] रामने जाम्बवन्तसे पूछा—"बताओ इनमें-से कौन बुद्धिमान है। क्या गवय और गवाक्ष, या सुसेन और तार ? क्या युद्धमें दुर्निवार हनूमान ? क्या नल और नील ? क्या इन्द्र और कुन्द ? क्या अंगद पृथुमती या महेन्द्र ? क्या कुमुद विराधित और रत्नकेशी ? क्या भामण्डल और चन्द्रराशि ?" रामने जब इस प्रकार पूछा तो जाम्बवन्तने प्रणामपूर्वक निवेदन किया,—"आज्ञापालनमें सुसेन निपुण है और विनयमें कुन्द। पंचांगमन्त्रमें मतिसमुद्र विशेष योग्यता रखता है।

अङ्गङ्गय दूअत्तणेँ महत्थ । णल-णील पयाणएँ सइ समत्थ ॥७॥
महुमहणु हणुवु आहव-वमालेँ । सुग्गीउ तुहु मि पुणु विजय-कालेँ' ॥८॥

घत्ता

तं णिसुणेँवि रामें णिग्गय-णामें अङ्गउ जोत्तिउ दूअ-भरेँ ।
'भणु "किं वित्थारें समउ कुमारें अज्ज वि रावण सन्धि करेँ" ॥९॥

[२]

अण्णु मि सन्देसउ णेहि तासु । वहु-दुण्णय-वन्तहोँ रावणासु ॥१॥
वुच्चइ "लङ्केसर चारु चारु । को पर-तिय लेन्तहोँ पुरिसयारु ॥२॥
जइ सच्चउ रयणासवहोँ पुत्तु । तो एउ काइँ ववहरेँवि जुत्तु ॥३॥
हउँ लग्गउ कुढेँ लक्खणहोँ जाम । पइँ छम्मेँवि णिय वइदेहि ताम ॥४॥
एत्तिय वि तो वि तउ थाउ वुद्धि । अहिमाणु मुएप्पिणु करहि सन्धि" '॥५॥
तं णिसुणेँवि भड-कडमद्दणेण । णिब्भच्छिउ रामु जणद्दणेण ॥६॥
'दाढियउ जासु जसु वाहु-दण्ड । जसु वलेँ एत्तिय णरवर पयण्ड ॥७॥
सो दीण-वयणु पहु चवइ केवँ । एक्कल्लउ करेँ सन्धाणु देव ॥८॥

घत्ता

आएँहिँ आलावेँहिँ गलिय-पयावेँहिँ हउँ तुम्हहँ वाहिरउ किह ।
वायरणु सुणन्तहुँ सन्धि करन्तहुँ ऊइन्ताइ-णिवाउ जिह' ॥९॥

[३]

जं सन्धि ण इच्छिय दुद्धरेण । तं वज्जावत्त-धणुद्धरेण ॥१॥
हरि-वयणेँहिँ अमरिस-कुद्धएण । सन्देसउ दिण्णु विरुद्धएण ॥२॥

दूतकार्य में अंग और अंगद बड़ा महत्त्व रखते हैं। प्रस्थानके समय नल और नील बहुत समर्थ हैं। युद्धके कोलाहलमें मधुको मौतके घाट उतारनेवाला लक्ष्मण, हनूमान् और विजयकालमें आप और सुग्रीव समर्थ हैं!" यह सुनकर विख्यातनाम रामने दूतका कार्यभार अंगदको सौंपते हुए उससे कहा—"शीघ्र तुम रावणसे जाकर कहो कि अधिक बात बढ़ानेमें कोई लाभ नहीं है। तुम आज भी कुमार लक्ष्मणके साथ सन्धि कर लो" ॥ १-९॥

[२] अपना संदेश जारी रखते हुए रामने और कहा—"अनेक अन्यायोंके विधाता रावणसे यह भी जता देना कि हे रावण! दूसरे की स्त्रीके अपहरणमें कौन सा पुरुषार्थ है? यदि तुम रत्नाश्रवके सच्चे बेटे हो, तो क्या तुम्हारा यह आचरण ठीक है? मैं जब लक्ष्मणका अनुसरण कर रहा था, तब तुम धोखा देकर सीता देवीको ले गये। और अब यह सब हो जाने पर भी, तुममें कुछ बुद्धि हो तो घमण्ड छोड़कर सन्धि कर लो।" यह सन्देश सुनकर, योद्धाओंको चकनाचूर कर देनेवाला लक्ष्मण रामपर बरस पड़ा। उसने झिड़ककर कहा, "जिसकी भुजाएँ और यश इतने ठोस हों, जिसकी सेनामें एकसे एक बढ़कर नरश्रेष्ठ हों? फिर आप इतने दीन शब्दोंका प्रयोग क्यों कर रहे हैं? हे देव, आप तो केवल धनुष हाथमें लीजिए और उसपर शर सन्धान कीजिए! आपकी इन "ओजहीन बातोंसे मैं उतना ही दूर हूँ जिस प्रकार व्याकरण सुनने वाले और सन्धि करने वालोंसे ऊदन्तादि निपात दूर रहते हैं।" ॥ १-९ ॥

[३] वज्रावर्त धनुष धारण करनेवाले लक्ष्मणके शब्द सुनकर राम भी एकदम भड़क उठे। उन्होंने सन्धिकी बात

'भणु "दहमुह-गयवरें गिल्ल-गण्डें । किय-कुम्भयण्ण-उद्दण्ड-सोण्डें ॥३॥
हत्थ-प्पहत्थ-दारुण-विसाणें । सुयसारण-घण्टा-रुण्टमाणें ॥४॥
णीवडेसइ तहिँ वलएव-सीहु । हणुवन्त-महन्त-ललन्त-जीहु ॥५॥
कुन्देन्दु-कुण्ण-सोमित्ति-वयणु । विप्फारिय-गवय-गवक्ख-णयणु ॥६॥
णल-णील-वियड-दाढा-करालु । जम्बव-भामण्डल-केसरालु ॥७॥
अङ्गङ्गय-तार-सुसेण-णहरु । साहण-णङ्गूलुग्गिण्ण-पहरु ॥८॥

घत्ता

सो राहव-केसरि णिवडेँवि उप्परि णिसियर-करि-कुम्भत्थलइँ ।
लीलएँ जेँ दलेसइ कड्ढेँवि लेसइ जाणइ-जस-मुत्ताहलइँ" ' ॥९॥

[४]

समरङ्गणेँ एक्कें लक्खणेण । सन्देसउ पेसिउ तक्खणेण ॥१॥
'भणु "जहिँ जेँ जहिँ जेँ तुहुँ कुमुअ-सण्डु। तहिँ तहिँ सो दिणयरु तेय-पिण्डु॥२॥
जहिँ जहिँ तुहुँ गिरिवरु सिहर-खण्डु। तहिँ तहिँ सो वासव-कुलिस-दण्डु॥३॥
जहिँ जहिँ आसीविसु वि सफणिन्दु। तहिँ तहिँ सो भीसणु वर-खगिन्दु॥४॥
जहिँ जहिँ तुहुँ गलगज्जिय-गइन्दु। तहिँ तहिँ सो वहु-माया-मइन्दु ॥५॥
जहिँ तुहुँ हवि तहिँ जलणिहि-णिहाउ। जहिँ तुहुँ घणु तहिँ सो पलय-वाउ ॥६॥
जहिँ तुहुँ उब्भडु तहिँ सो विणासु। जहिँ तुहुँ व-सद्दु तहिँ सो समासु ॥७॥
जहिँ तुहुँ णिसि तहिँ सो पवर-दिवसु। जहिँ तुहुँ तुरङ्गु तहिँ सो वि महिसु ॥८॥

छोड़ दी। उन्होंने फिर अपना सन्देश दिया—"जाकर उस रावणसे कहना कि दशमुखरूपी हाथीपर रामरूपी सिंह आक्रमण करेगा। उस दशमुख गजके गाल आर्द्र हैं। कुम्भकर्ण उसकी उद्दण्ड सूँड़के समान है, हस्त और प्रहस्त, उसके विषम दाँत हैं। मन्त्री सुत सारण बजते हुए घण्टा-रवके समान है। इधर रामरूपी सिंह भी कम नहीं है। हनुमान उसकी जीभ है, कुन्द और इन्द्र कर्ण तथा लक्ष्मण उसका शरीर है। गवय और गवाक्ष उसके विस्फारित नेत्र हैं। नल और नील उसकी दो भयंकर दाढ़ हैं। वह रामरूपी सिंह एकदम भयंकर है। जामवन्त और भामण्डल उसकी अयालकी भाँति है। अंग और अंगद तार, सुसेन, उसके नख हैं। उसकी पूँछके बाल हैं, पीछे लगी हुई सेना। ऐसा रामरूपी सिंह निश्चय ही, निशाचररूपी हाथियोंके गण्डस्थलों-को एक ही आक्रमणमें चूर चूर कर देगा, और उससे जानकीरूपी मोती निकालकर ही रहेगा।" ॥ १–९ ॥

[४] तब, समराङ्गणमें अजेय लक्ष्मणने भी फौरन अपना सन्देश भेजा,—"जाकर रावणसे कहना जहाँ जहाँ कुमुद समूह है, वहाँ पर मैं तेजस्वी दिनकरके समान हूँ। यदि तुम गिरिशिखरोंकी तरह लम्बे-तडंगे हो तो मैं भी इन्द्रका वज्र हूँ। यदि तुम नागराजके विषैले दाँत हो तो मैं भी भयंकर पक्षियोंका राजा गरुड़ हूँ। यदि तुम गरजते हुए हाथी हो तो मैं बहुमायावी मृगेन्द्र हूँ। यदि तुम आग हो तो मैं समुद्र-समूह हूँ। यदि तुम महामेघ हो तो मैं प्रलयपवन हूँ। यदि तुम उद्भट हो, तो निश्चय ही अपना विनाश समझो। यदि तुम 'च' शब्द हो तो मैं उसके लिए समास हूँ। यदि तुम रात हो तो मैं दिन हूँ। यदि तुम अश्व हो तो मैं महिष हूँ।

घत्ता

जलेँ थलेँ पायालेँहिँ विसम-खयालेँहिँ तुहुँ जर-पायवु-जहिँ जेँ जहिँ ।
लग्गेसइ घित्तउ झत्ति पलित्तउ लक्खण-हुअवहु तहिँ जेँ तहिँ" '॥९॥

[५]

एत्थन्तरेँ रण-भर-भीसणेण । सन्देसउ दिण्णु विहीसणेण ॥१॥
'भणु "रावण जाइँ कियइँ छलाइँ । दरिसावमि ताइँ महाफलाइँ ॥२॥
जेँ हत्थेँ कड्ढिउ चन्दहासु । जेँ हत्थेँ वइरिहिँ किउ विणासु ॥३॥
जेँ हत्थेँ पणइहुँ दिण्णु दाणु । जेँ हत्थेँ धणयहोँ मलिउ माणु ॥४॥
जेँ हत्थेँ साहुक्कारु लद्धु । जेँ हत्थं सुरवइ समरेँ बद्धु ॥५॥
जेँ हत्थेँ सइँ समलद्धु भङ्गु । जेँ हत्थेँ वरुणहोँ कियउ भङ्गु ॥६॥
जेँ हत्थेँ कड्ढिय राम-घरिणि । पञ्चाणणेण वणेँ जेम हरिणि ॥७॥
तहोँ हत्थहोँ आइउ पलय-कालु । मइँ उप्पाडेवउ जिह मुणालु" ॥८॥

घत्ता

अण्णु वि सविसेसउ कहि सन्देसउ "पइँ पेसेँ वि जम-सासणहोँ ।
राहव-संसग्गी पुरि आवग्गी होसइ परएँ विहीसणहोँ" ' ॥९॥

[६]

एत्थन्तरेँ दिण्णु स-मच्छरेण । सन्देसउ किक्किन्धेसरेण ॥१॥
'भणु "रावण कल्लएँ कवणु चोज्जु । सुग्गीउ करेसइ समरेँ भोज्जु ॥२॥
दुप्पेक्ख-तिक्ख-णाराय-भत्तु । कण्णिथ-खुरुप्प-अग्गिमउ देन्तु ॥३॥
मुक्केक्क-चक्क-चोप्पडय-धारु । सर-झसर-सत्ति-सालणय-सारु ॥४॥
तीरिय-तोमर-तिम्मण-णिहाउ । मोग्गर-मुसुण्ढि-गय-पत्त-साउ ॥५॥

जल स्थल और आकाशमें कहीं भी तुम रहो, तुम जैसे जीर्ण वृक्षों पर लक्ष्मणरूपी आग बरस कर रहेगी।" ॥ १-९ ॥

[५] इसी समय, रणभारमें भीषण, विभीषणने भी अपना सन्देश दिया—"रावणसे जाकर कहना कि तुमने जो भी भयंकर छल किये हैं, उनका फल तुम्हें चखाऊँगा। तुम्हारे जिस हाथने चन्द्रहास तलवार प्राप्त की, जिस हाथने शत्रुओंका विनाश किया है, जिस हाथने याचकोंको दान दिया, जिन हाथोंने कुबेरका मान गलित किया, जिन हाथोंने 'जय' अर्जित की, जिन हाथोंने इन्द्रको बन्दी बनाया, जिन हाथोंसे तुम्हें कामदेव उपलब्ध हुआ, जिन हाथोंने वरुणको भंग किया, जिन हाथोंने रामकी पत्नीका अपहरण किया, ठीक उसी प्रकार जैसे वनमें सिंह हिरनीका अपहरण कर ले, लगता है अब उन हाथोंका प्रलय काल आ गया है। मैं उन हाथोंको कमलनालकी भाँति उखाड़ फेकूँगा।" विभीषणने अपने सन्देशमें यह विशेष बात भी कही— "उसे (रावणको) बता देना कि तुम्हें यमके शासनमें भेज दिया जायगा, और श्री राघवके सहयोगसे कल लंका नगरी मेरे अधीन हो जायगी।" ॥ १-९ ॥

[६] उसके बाद, किष्किन्धा नरेशने भी मत्सरसे भरकर अपना सन्देश देना प्रारम्भ किया, "जाकर रावणसे पूछना कि कल कौन सा महोत्सव है, सुग्रीव कल युद्धके आँगनमें ही भोज देगा, दुर्दर्शनीय तीखे तीर उस भोजनमें भात होंगे। कर्णिका और खुरुप अस्त्रोंसे मैं पहला कौर ग्रहण करूँगा। मुक्के और एक चक्र, उस भोजनमें घृतधाराका काम देंगे। सर झसर और शक्ति (अस्त्र) उसमें सालनका स्वाद देंगे। तोरिय और तोमर कढ़ीका संघात होंगे। मुद्गर और मुसुंढी

सव्वल-हुलि-हल-करवाल-इक्खु । फर-कणय-कोन्त-कलुवण-तिक्खु ॥६॥
तं तेहउ भोज्जु अकायरेहिँ । भुञ्जेवउ परएँ णिसायरेहिँ ॥७॥
इन्दइ घणवाहण-रावणेहिँ । हत्था-पहत्थ-सुयसारणेहिँ ॥८॥

घत्ता

भुत्तोत्तर-कालेँहिँ रणउह-सालेँहि दीहर-णिद्दएँ भुत्तएँहिँ ।
अच्छेवउ सावेँहि विगय-पयावेँहिँ महु सर-सेज्जहिँ सुत्तएँहिँ'' '॥९॥

[७]

पुणु पच्छलेँ सुर-करि-कर-भुएण । सन्देसउ दिज्जइ मरु-सुएण ॥१॥
'भणु इन्दइ ''इच्छिउ देहि जुज्झु । हणुवन्तु भिडेसइ परएँ तुज्झु ॥२॥
णिड्डुरिय-णयण-वयणुब्भडाहँ । भञ्जन्तु मडप्फरु रिउ-भडाहँ ॥३॥
अलि-चुम्बिय-लम्बिय-मुहवडाहँ । असि-घाय देन्तु सिरेँ गय-घडाहँ ॥४॥
पडिकूल-पवर-पवणुच्छडाहँ । मोडन्तु दण्ड धुअ-धयवडाहँ ॥५॥
विहडप्फड-कडमद्दण-कराहँ । भञ्जन्तु पसरु रणेँ रहवराहँ ॥६॥
दिढ गुड तोडन्तु तुरङ्गमाहँ । पर-बलु बलि देन्तु विहङ्गमाहँ ॥७॥
दरिसन्तु चउद्दिसु भड-चियाइँ । धूमन्तइँ जिह दुज्जण-मुहाइँ ॥८॥

घत्ता

इय लीलएँ साहणु रह-गय-वाहणु जिह उववणु तिह णिट्ठवमि ।
जेँ पन्थेँ अक्खउ णिउ दुप्पेक्खउ तेण पाव पइँ पट्ठवमि'' ' ॥९॥

[८]

पुणु दिण्णु अभग्ग-मडप्फरेण । सन्देसउ सीय-सहोवरेण ॥१॥
'भणु ''एसइ अजउ अलद्ध-थाहु । कल्लएँ भामण्डल-जलपवाहु ॥२॥
पहरण-कर-णरवर-जलयरोहु । धुय-धवल-छत्त-डिण्डीर-सोहु ॥३॥
उत्तुङ्ग-तुरङ्ग-तरङ्ग-भङ्गु । पवणाहय-धय-उच्छलिर-विहङ्गु ॥४॥

पत्तोंका साग होंगे। सव्वल हुलि हल करवाल ही ईखकी जगह होंगे, फर कणय कोंत और कल्लवण चटनीका काम देंगे। कल सवेरे, रावण हस्त प्रहस्त शुक-सारण आदि निशाचरोंको मैं ऐसा ही भोज दूँगा। भोजके अनन्तर, रणमें श्रेष्ठ, गहरी नींदसे अभिभूत, प्रतापशून्य वे जब मेरी शरशय्या पर सो रहे होंगे तो मैं भी वहाँ रहूँगा" ॥ १-६ ॥

[७] अन्तमें गजशुण्डके समान हाथ वाले पवनसुत हनुमानने भी अपना सन्देश दिया,—"इन्द्रजीतसे कहना, मुझे इच्छित युद्ध दो, कल सवेरे तुमसे लड़ूँगा, अपने भयावह नेत्रों और मुखोंसे अत्यन्त उद्भट शत्रुयोद्धाओंका घमण्ड, मैं चूर-चूर कर दूँगा। भौंरोंसे चूमी गयी और लम्बे मुखपट वाली गजघटाके सिर पर मैं तलवार की चोट करूँगा। उलटी हवामें, उद्धत और प्रकंपित ध्वजाओंके दण्डोंको मोड़ दूँगा। व्याकुलता और विनाश उत्पन्न करनेवाले रथोंका प्रसार, मैं युद्धमें एकदम रोक दूँगा। अश्वोंकी मजबूत लगामोंको तोड़ दूँगा। शत्रु-सेनाकी पक्षियोंको वलि दूँगा। भटसमूहको, चारों दिशाओंमें ऐसा घुमा दूँगा जैसे दुर्जनोंको घुमाया जाता है। रथ हाथी आदि वाहनोंको मैं उद्यान की ही भाँति खेलमें उजाड़ दूँगा, हे पाप, मैं तुझे भी उसी रास्ते भेज दूँगा जिस रास्ते दुर्दर्शनीय अक्षयकुमार गया है।" ॥ १-९ ॥

[८] इसके बाद, अखण्डितमान, सीताके भाई भामण्डलने अपना सन्देश दिया और कहा,—"कल भामण्डल एक ऐसे जल प्रवाहकी भाँति आयेगा, जिसकी थाह, कोई नहीं पा सकता। प्रहार करनेवाले नरवर, उस प्रवाहके जलकी मछलियाँ होंगी। चंचल श्वेत छत्र, उसमें फेनकी शोभा देंगे। ऊँचे अश्वों रूपी लहरोंसे वह प्रवाह अत्यन्त कुटिल होगा। पवनाहत पताकाएँ

चक्कोहरुरुह (?) सुंसुयर-पयरु । गज्जन्त-मत्त-मायङ्ग-मयरु ॥५॥
करवाल-पहर-परिहच्छ-मच्छु । णिव-णक्क-गाह-फरोह-कच्छु ॥६॥
कुम्भयल-सिलायल-विसम-तूहु । सिय-चमर-वलायावलि-समूहु ॥७॥
तेहउ भामण्डल-जलपवाहु । रेल्लन्तु लङ्क पइसइ अथाहु" ' ॥८॥

घत्ता

वुच्चइ णल-णीलेँहिँ दूसम-सीलेँहिँ 'अङ्गय गम्पिणु एम भणेँ ।
"अरेँ हत्थ-पहत्थहोँ पहर-णहत्थहोँ जिह सक्कहोँ तिह थाहु रणेँ" '॥९॥

[९]

णिय-वइरु सरेवि जसाहिएण । सन्देसउ दिण्णु विराहिएण ॥१॥
भणु "रावण जिह पइँ किउ अकज्जु । चन्दोयरु मारेँवि लइउ रज्जु ॥२॥
वायरणु जेम जं पुज्जणीउ । वायरणु जेम स-विसज्जणीउ ॥३॥
वायरणु जेम आयम-णिहाणु । वायरणु जेम आएस-थाणु ॥४॥
वायरणु जेम अत्थुव्वहन्तु । वायरणु जेम गुण-विद्धि देन्तु ॥५॥
वायरणु जेम विग्गह-समाणु । वायरणु जेम सन्धिज्जमाणु ॥६॥
वायरणु जेम अव्वय-णिवाउ । वायरणु जेम किरिया-सहाउ ॥७॥

उड़ते हुए पक्षियोंके समान दिखाई देंगी। चक्रधारी सामन्त, उसमें ऐसे जान पड़ेंगे मानो सुंसमार जलचरोंका समूह हो। गरजते हुए, मतवाले हाथी ऐसे लगेंगे मानो मगर हों। तलवारोंकी चोटें, मछलियोंकी कम्पन उत्पन्न करेंगी। राजा लोग उसमें मगर ग्राह् फरोह और कछुए होंगे। गण्डस्थलरूपी चट्टानोंसे उस प्रवाहका तट अत्यन्त विषम होगा। श्वेत चमर, बगुलोंकी कतारके समान जान पड़ेंगे। भामण्डलरूपी ऐसा अथाह जल प्रवाह, रेलपेल मचाता हुआ लंका नगरीमें प्रवेश करेगा।" उसके बाद विषमस्वभाव नल और नीलने अपना सन्देश दिया—"अंगद, तुम जाकर हस्त प्रहस्तसे कहना कि तुम लोग जिस तरह भी बन सके, युद्धमें जमे रहना॥ १-९॥

[९] तदनन्तर, अपने पुराने वैरको याद कर, यशाधिप विराधितने अपने सन्देशमें कहा,—"रावणको याद दिला देना कि तुमने चन्द्रोदरको मारकर उसका राज्य हड़प लिया है, इससे बढ़कर बुरा काम, दूसरा क्या हो सकता है? इतना ही नहीं, गौरवशाली मेरा वह राज्य तुमने खर-दूषणको दे दिया। वह राज्य, जो व्याकरणकी भाँति अत्यन्त 'विसर्जनीय-सहित' (विसर्गों (:) और दूत एवं सन्देशहरोंसे युक्त) था, जो व्याकरणकी भाँति, आगम (वर्णागम और द्रव्यागम) का स्रोत था। व्याकरणकी भाँति जिसमें आदेशके लिए स्थान प्राप्त था, व्याकरणकी भाँति जो अर्थोंको धारण करता था। व्याकरणकी भाँति जो गुण और वृद्धिको प्रश्रय देता था। व्याकरणकी भाँति जिसमें विग्रह (पदच्छेद और सेना) की परिपूर्णता थी। व्याकरणकी भाँति ही जिसमें सन्धियोंकी व्यवस्था थी। व्याकरणकी भाँति जिसमें अव्यय और निपात थे। व्याकरणकी भाँति जिसमें

वायरणु जेम परलोय-करणु । वायरणु जेम गण-लिङ्ग-सरणु ॥८॥

घत्ता

तं रज्जु महारउ गुण-गउआरउ दिण्णु जेम खर-दूसणहुँ ।
तिह धीरु म छड्डुहि अङ्गु समोड्डुहि मम णारायहुँ भीसणहुँ" ' ॥९॥

[१०]

अवरो वि को वि जो जासु मल्लु । जो जसु उप्परि उव्वहइ सल्लु ॥१॥
समरङ्गणेँ जेण समाणु जासु । सन्देसउ पेसिउ तेण तासु ॥२॥
भीसावणु रावणु राउ जेत्थु । गउ अङ्गउ दूउ पइट्ठु तेत्थु ॥३॥
'भो सयल-भुवण-एक्कल्ल-मल्ल । हरि-हर-चउराणण-हियय-सल्ल ॥४॥
जम-धणय-पुरन्दर-मइयवट्ट । णिल्लोट्टाविय-दुग्घोट्ट-थट्ट ॥५॥
दुद्दम-दणुवइ-णिद्दलण-सील । तियसिन्द-विन्द-पक्कन्द-लील ॥६॥
थिरे-थोर-हत्थि-णिट्ठुर-पवट्ठ । कइलास-कोडि-कन्दर-णिहट्ठ ॥७॥
दिवेँ दिवेँ किय-तइलोक्केक्क-सेव । सन्धाणु पयत्ते करहि देव ॥८॥

घत्ता

विज्जाहर-सामिय अम्बर-गामिय वन्दिण-विन्द-णरिन्द-थुअ ।
चन्दक्किय-णामहुँ लक्खण-रामहुँ धुउ अप्पिज्जउ जणय-सुअ' ॥९॥

[११]

तं णिसुणेँवि हसिउ दसाणणेण । 'किं बुज्झिय सन्धि समासु केण ॥१॥
कें लक्खणु केण पमाणु सारु । किं वलु किं साहणु दुण्णिवारु ॥२॥

क्रियाकी सहायता ली जाती थी। व्याकरणकी भाँति जिसमें दूसरों (वर्णों—शत्रुओं) का लोप कर दिया जाता था। व्याकरणकी भाँति जिसमें गण और लिङ्गोंसे सहायता ली जाती थी। "गुण और गौरवका स्रोत, मेरा राज्य, जो तुमने खर-दूषणको दे दिया है, ठीक है। तुम अपना धीरज नहीं छोड़ना, शीघ्र तुम मेरे भयंकर तीरोंके सम्मुख अपने अंग मोड़ोगे।" ॥ १-९ ॥

[१०] इस प्रसंगमें और भी जो प्रतिद्वंदी योद्धा वहाँ मौजूद थे, और जिसका जिससे वैर था, युद्ध प्रांगणमें जो जिसका प्रतियोगी था, उसने भी अपने प्रतिद्वंदीको सन्देश भेजा। अंगद (सबके सन्देश लेकर) वहाँ पहुँचा जहाँ रावण था। भीतर प्रवेश करते ही उसने कहना प्रारम्भ कर दिया—"हे रावण, तुम निस्सन्देह समस्त विश्वमें अद्वितीय मल्ल हो, ब्रह्मा, विष्णु और महेश, तुम्हें अपने हृदयका काँटा समझते हैं। यम, कुवेर और इन्द्रका तुमने विनाश किया है। गजघटाओंको तुम धरतीपर लिटा देते हो। दुर्दम दानवोंका दमन करना तुम्हारा स्वभाव है, देवताओंके समूहको रुलाना तुम्हारे लिए एक खेल है। बड़े-बड़े हाथियोंको तुम निर्दयतासे कुचल देते हो, कैलासपर्वतकी सैकड़ों गुफाओंको तुमने नष्ट किया, तीनों लोक दिन-रात तुम्हारी सेवामें लीन हैं। इस-लिए आप प्रयत्नपूर्वक सन्धि कर लें। आप विद्याधरोंके स्वामी हैं और आकाशमें विचरण करते हैं। चारणवृन्द और राजा निरन्तर आपकी स्तुति करते हैं। आप प्रशस्तनाम वाले राम-लक्ष्मणको सीतादेवी सौंप दें" ॥ १-९ ॥

[११] यह सुनकर, रावणने मुसकराकर कहा, "क्या कोई सन्धि और समासकी बात समझ सका है। लक्षणको

जो ण खलिउ देवेँहिँ दाणवेहिँ । तहोँ कवणु गहणु किर माणवेहिँ ॥३॥
जइ होइ सन्धि गरुडोरगाहुँ । सुर-कुलिस-णिहाय-महाणगाहुँ ॥४॥
जइ होइ सन्धि हुअवह-पयाहुँ । पञ्चाणण-मत्त-महागयाहुँ ॥५॥
जइ होइ सन्धि ससि-कञ्जयाहुँ । दिणयर-करोह-चन्दुज्जयाहुँ ॥६॥
जइ होइ सन्धि खर-कुञ्जराहुँ । खयकाल-पहञ्जण-जलहराहुँ ॥७॥
जइ होइ सन्धि सव्वरि-दिणाहुँ । जइ होइ सन्धि वम्मह-जिणाहुँ ॥८॥

घत्ता

कलियक्खर-अत्थहुँ दूर-वरत्थहुँ अणउ (?) णव पणस-रायणहुँ ।
जइ सन्धि पहावइ को वि घडावइ तो रणेँ राहव-रावणहुँ' ॥९॥

[१२]

तं णिसुणेँवि समरेँ अभङ्गएण । पुणु पुणु वि पवोल्लिउ अङ्गएण ॥१॥
'भो रावण किं गलगज्जिएण । णिप्फलेँण परक्कम-वज्जिएण ॥२॥
भणु सीय ण देन्तहोँ कवणु लाहु । किं जो सो सज्जण-हियय-डाहु ॥३॥
किं जो सो सम्बुकुमार-णासु । किं जो सो पर-गय-सूरहासु ॥४॥
किं जो सो चन्दणही-पवञ्चु । किं जो सो खर-वल-वलि-विरञ्चु ॥५॥
किं जो सो आसालन्तकालु । किं जो सो विणिहय-कोट्टवालु ॥६॥
किं जो सो पवरुज्जाण-मङ्गु । किं जो सो हउ वलु चाउरङ्गु ॥७॥

कौन समझ सका है, कौन उसके प्रमाण और शक्तिको पहचान सका है? क्या बल, और क्या दुर्निवार सेना? जो देवताओं और दानवोंकी भी सेनासे नहीं डिगा, उसे मनुष्य कैसे पकड़ सकते हैं। यदि गरुड़की सर्पसे और इन्द्रके वज्रकी कुल पर्वतोंसे सन्धि सम्भव हो, यदि आग और पानी, सिंह और गजराजोंमें सन्धि हो सकती हो,' यदि चन्द्रमा और कमल, सूर्यकी किरणों और चाँदनीमें सन्धि होती हो, यदि गधे और हाथी, प्रलयकालके पवन और मेघोंमें सन्धि होती हो, यदि दिन-रातमें सन्धि सम्भव हो, यदि कामदेव और जिन भगवान्‌में सन्धि सम्भव हो, सुन्दर अक्षरवाले अर्थों और शब्दसे दूर रहनेवाले अर्थोंमें, अथवा उद्दंड और नये विनीत राजजनोंमें सन्धि सम्भव हो तभी राम और रावणमें सन्धि हो सकती है" ॥ १-९ ॥

[१२] यह सुनकर, युद्धमें अडिग अंगदने, रावणको बार-बार समझाया, और कहा, "हे रावण, तुम बार-बार व्यर्थ गरजते हो। तुम्हारा यह गरजना, एकदम व्यर्थ और पराक्रम शून्य है। बताओ, सीतादेवीको वापस न करनेमें तुम्हें क्या लाभ है, वह कौन है, जो इस प्रकार सज्जनोंके हृदयको जला रहा है, वह कौन है, जिसके कारण शम्बुकुमारका नाश हुआ। वह कौन है, जिसके कारण सूर्यहास खड्ग दूसरेके हाथमें चला गया। वह कौन है, जिसके कारण चन्द्रनखा की विडम्बना हुई। वह कौन है, जिसके कारण खरकी सेना और बलिकी भी विडम्बना हुई, वह कौन है, जिसके कारण आशाली विद्याका अन्त हुआ। वह कौन है, जिसके कारण कोटपाल मारा गया। वह कौन है, जिसके कारण विशाल उद्यान उजड़ गया। वह कौन है, जिसके कारण चतुरंग सेनाका नाश

किं जो सो उप्परि दिण्णु पाउ । किं जो सो मोडिउ घर-णिहाउ ॥८॥
किं जो सो एक्को घर-विभेउ । किं जो सो कलुएँ पाण-छेउ' ॥९॥

घत्ता

तं णिसुणेँवि रावणु भय-भीसावणु अमरिस-कुद्धउ अङ्गयहोँ ।
उद्धूसिय-केसरु णहर-भयङ्करु जिह पञ्चमुहु महग्गयहोँ ॥१०॥

[१३]

'महु अग्गएँ भउ-चक्केहिँ काइँ । सङ्कन्ति जासु रणेँ सुर सयाइँ ॥१॥
दाहिणेँ करेँ कड्ढिएँ चन्दहासेँ । मइँ सरिसु कवणु तिहुअणेँ असेसेँ ॥२॥
किं वरुण पवणु वइसवणु खन्दु । किं हरि हरु वम्भु फणिन्दु चन्दु ॥३॥
जं चुक्कइ हरु तं कलुणु भाउ । मं गउरिहेँ होसइ कहि मि घाउ ॥४॥
जं चुक्कइ वम्भु महन्त-बुद्धि । तं किर वम्भणेँ मारिएँ ण सुद्धि ॥५॥
जं चुक्कइ जमु जण-सण्णिवाउ । तं को किर एत्तिउ लेइ पाउ ॥६॥
जं चुक्कइ ससि सारङ्ग-धरणु । तं किर रयणिहेँ उज्जोय-करणु ॥७॥
जं तवइ भाणु ववगय-तमालु । तं किर एँहु पच्चमु लोयपालु ॥८॥

घत्ता

दिट्ठएँ रहुणन्दणेँ स-धएँ स-सन्दणेँ जइ पक्क वि पउ ओसरमि ।
तो भय-भीसाणहेँ (?) धगधगमाअहेँ (?) हुअवह-पुञ्जेँ पईसरमि'॥९॥

[१४]

तियसिन्द-विन्द-कन्दावणेण । जं सन्धि न इच्छिय रावणेण ॥१॥
तं इन्दइ-मुहेँ णीसरिउ वक्कु । 'पर सन्धिहेँ कारणु अत्थि एक्कु ॥२॥

हो गया। वह कौन है, जिसके ऊपर पैर रखा गया। वह कौन है जिसके कारण सैकड़ों घर बरबाद हुए। वह कौन है, जिसके कारण घरमें भेद हुआ। वह कौन है, जिसके प्राणोंका कल अन्त होकर रहेगा।" यह सुनकर भयसे डरावना और क्रोधसे भरकर रावण अंगद पर उसी प्रकार टूट पड़ा जिस प्रकार नखोंसे भयंकर सिंह अपनी अयाल उठाकर महागजपर टूट पड़ता है॥ १-६॥

[१३] "मेरे सम्मुख भटसमूह क्या कर सकता है, युद्धमें मुझसे देवता भी भय खाते हैं। जब मैं दायें हाथमें तलवार निकाल लेता हूँ तो समस्त त्रिलोकमें, मेरी समानता कौन कर सकता है? क्या वरुण, पवन, वैश्रवण या कार्तिकेय? क्या विष्णु ब्रह्मा-शिव-नागेश या चन्द्र? यदि कहीं शिव युद्धमें धोखा खा गये, तो बड़ा करुण प्रसंग होगा, कहीं ऐसा न हो कि इससे बेचारी गौरीपर आघात पहुँचे। कहीं, विशालबुद्धि विधाता धोखा खा गये, तो ब्रह्महत्याकी शुद्धि मैं कहाँ करूँगा! यदि जनसन्तापकारी यम मेरे हाथों मारा गया, तो इतना बड़ा पाप कौन अपने माथे पर लेगा, मृगधारण करनेवाला यदि चन्द्रमा मारा गया तो फिर रातमें प्रकाश कौन करेगा! यदि मैं अन्धकार दूर करनेवाले सूर्यको तपाता हूँ तो यह भी ठीक नहीं, क्योंकि यह पाँचवाँ लोकपाल है! ध्वज और रथके साथ रामको देखकर यदि मैं एक भी पग पीछे हटूँ तो मैं अत्यन्त डरावनी धकधक जलती हुई अग्निज्वालामें प्रवेश करूँ"॥ १-६॥

[१४] जब देवसमूहके लिए पीड़ादायक रावणने सन्धिकी बात ठुकरा दी तो इन्द्रजीतने अपने मुँहसे यह कहा, "परन्तु सन्धिका एक ही कारण हो सकता है? राम अपने मनमें

जइ मणेँ परियच्छेँवि पउमणाहु । आमेल्लइ सीयहेँ तणउ गाहु ॥३॥
तो तहोँ ति-खण्ड महि एक्क-छत्त । चउदह णिहिउ रयणाइँ सत्त ॥४॥
सामन्त-मन्ति-पाइक्क-तन्तु । रहवर-णरवर-गय-तुरय-वन्तु ॥५॥
अन्तेउरु परियणु पिण्डवासु । स-कलत्तु स-वन्धउ हउ मि दासु ॥६॥
कुस-दीउ चीर-वाहणु असेसु । वज्जरउ चीणु छोहार-देसु ॥७॥
वव्वरउलु जवणु सुवण्ण-दीउ । वेलन्धरु हंसु सुवेल-दीउ ॥८॥

घत्ता

अण्णइ मि पएसइ' लेउ असेसइँ गिरि वेयड्ढु जाम्व धरेँवि ।
रावणु मन्दोयरि सीय किसोयरि तिण्णि वि वाहिराइँ करेँवि' ॥ ९॥

[१५]

तं णिसुणेँवि रोस-वसं-गएण । णिब्भच्छिउ इन्दइ अङ्गएण ॥१॥
'खलु खुद्द पिसुण पर-णारि-ईह । सय-खण्ड केवँ तउ ण गय जीह ॥२॥
जसु तणिय घरिणि तासु जेँ ण देहि । राहवेँ जियन्तेँ जम्मेँ वि ण लेहि ॥३॥
जो रक्खइ पर-परिहव-सयाइँ । सो णिय-कज्जेँ ओसरइ काइँ' ॥४॥
जे दिण्ण विहीसण-हरि-वलेहिँ । सुग्गीव-हणुव-भामण्डलेहिँ ॥५॥
सन्देसा ते वज्जरेँवि तासु । गउ अङ्गउ वल-लक्खणहँ पासु ॥६॥
'सो रावणु सिन्ध ण करइ देव । सहुँ सरेण अमी-ईयारु जेम्व' ॥७॥

घत्ता

तं णिसुणेँवि कुद्धेँहिँ जय-जस-लुद्धेँहिँ कइकइ-अपरज्जिय-सुएँहिँ ।
वेहि मि वे चावइँ अतुल-पयावइँ अप्फालियइँ स इं भु एँहिँ ॥८॥

०

अच्छी तरह समझ-बूझकर यदि सीतामें अपनी आसक्ति छोड़ सकें, तो उन्हें मैं तीनखण्ड धरतीका एकाधिकार दूँ (एकच्छत्र शासन), चार ऋद्धियाँ और सात रत्न-सामन्त मन्त्री पैदलसेना रथवर नरवर रथ और अश्व। अन्तःपुर परिजन सगोत्री, पत्नी, बन्धु-बान्धवोंके साथ मैं भी दास हो जाऊँगा ? इसके अतिरिक्त कुशद्वीप, समस्त चीरवाहन, वज्जर चीन, छोहार देश, वर्वर, कुल यवन, सुवर्णद्वीप, वेलन्धर, हंस और सुवेल द्वीप ले लें। जहाँतक विजयार्ध पर्वत है, वहाँ तकके प्रदेश वह ले सकते हैं, केवल तीन चीजोंको छोड़ कर, रावण, मन्दोदरी और सीता देवी ॥ १-९ ॥

[१५] यह सुनकर अंगद आग-बबूला हो उठा। इन्द्रजीत-को बुरा-भला कहा, "दुष्ट नीच परनिन्दक, दूसरेकी स्त्रीको चाहनेवाली तेरी जीभके सौ टुकड़े क्यों नहीं हो गये ? सीता जिसकी पत्नी है, वह यदि उसे वापस नहीं मिलती, तो राम के रहते, तुम्हारा जीवित रहना असम्भव है। जो दूसरोंको सैकड़ों अपमानोंसे बचाता है, क्या वह स्वयं अपमानित होकर, चुप-चाप बैठा रहेगा ? इसके बाद, अंगदने वे सन्देश भी कह सुनाये जो लक्ष्मण, विभीषण, सुग्रीव और हनुमान एवं भामण्डलने दिये थे। अंगद वापस राम-लक्ष्मणके पास आ गया। उसने बताया, हे देव ! रावण सन्धि नहीं करना चाहता, ठीक उसी प्रकार, जिस प्रकार 'अमी' शब्दके ईकारकी स्वरके साथ सन्धि नहीं होती !" ॥ १-७ ॥

अंगदकी बात सुनकर जय और यशके लोभी कैकेयी और अपराजिताके पुत्र राम एवं लक्ष्मण सहसा गुस्सेसे भर उठे। दोनोंने अपने अतुल प्रतापी धनुष चढ़ा लिये ॥८॥

[५९. एकुणसट्ठिमो संधि]

दूआगमणेँ परोप्परु कुद्धइँ जय-सिरि-रामालिङ्गण-लुद्धइँ ।
किय-कलयलइँ समुब्भिय-चिन्धइँ रामण-राम-वलइँ सण्णद्धइँ ॥

(ध्रुवकम्)

[१]

गएँ अङ्गय-कुमारेँ उग्गिण्ण-चन्दहासो ।

सइँ सण्णहेँवि णिग्गओ सरहसो दसासो ॥ १ (हेलादुवई)

धुरे अङ्गलक्खो समारूढ-वयणो । धए वन्धुरो रक्खसो रत्त-णयणो ॥२॥
रहे रावणो दुण्णिवारो असज्झे । कयन्तु व्व खयकाल-मच्चूण मज्झे ॥३॥
थिर-त्थोर-भुव-पञ्जरो वियड-वच्छो । सु-भीसावणो भू-लया-भङ्गुरच्छो ॥४॥
महा-पलय-कालो व्व कहकहकहन्तो। समुप्पाय-जलणो व्व धगधगधगन्तो॥५॥
समालोवणे सणि व मुह-विप्फुरन्तो । फणिन्दो व्व फर-फार-फुक्कार देन्तो ॥६॥
गइन्दो व्व मुक्कङ्कुसो गुलगुलन्तो । मइन्दो व्व मेहागमे थरहरन्तो ॥७॥
समुद्दो व्व पक्खुहणेँ मज्जाय-चत्तो । सुरिन्दो व्व वहु-रण-रसुब्भिण्ण-गत्तो॥८॥
णहेँ असणि-जलउ व्व धुद्धुद्ध वन्तो । महा-विज्जु-पुञ्जो व्व तडतडतडन्तो ॥९॥

(मयणावयारो णाम छन्दो)

घत्ता

अमर-वरङ्गया-जण-जूरावणेँ सरहसेँ सण्णज्झन्तएँ रावणेँ ।
किङ्कर-साहणु कहि मि न मन्तउ णिग्गउ पुर-पओलि भेल्लन्तउ ॥१०॥

उनसठवीं सन्धि

दूतके इस प्रकार वापस होनेपर, जयश्रीके आलिंगनके लोभी, राम और लक्ष्मण, दोनों गुस्सेसे भर उठे। कलकल ध्वनिके बीच राम और रावणकी सेनाएँ तैयार होने लगीं। उनकी पताकाएँ उड़ रही थीं।

[१] कुमार अंगदके जानेपर, रावणने अपनी चन्द्रहास तलवार निकाल ली। कवच पहनकर वह सहर्ष निकल पड़ा। आगे उसके अंग दिखाई दे रहे थे। उसका मुख क्रुद्ध दिखाई दे रहा था। उसकी ध्वजोंपर, सुन्दर लाल-लाल आँखवाले निशाचर अंकित थे। असाध्य रथपर बैठा हुआ रावण ऐसा दिखाई देता था, मानो क्षयकाल और मृत्युके बीच यमराज हो। उसका शरीर स्थूल और दृढ़ भुजाओंवाला था। विशाल वक्षवाला रावण अत्यन्त भीषण लग रहा था। भौहोंसे उसकी आँखें भयानक लग रही थीं। महाप्रलय कालकी भाँति वह कहकहा लगा रहा था। प्रलयाग्निकी भाँति वह धकधका रहा था। देखनेमें उसका मुख शनिकी भाँति तमतमा रहा था। नागराजकी भाँति, वह अपनी फूत्कार छोड़ रहा था। अंकुश विहीन हाथीकी भाँति वह गरज रहा था। बादल आनेपर, सिंहकी तरह दहाड़ रहा था। कृष्णपक्षकी समाप्ति होनेपर, समुद्रकी भाँति वह एकदम मर्यादाहीन हो रहा था। इन्द्रकी तरह, उसका शरीर कई युद्धोंकी चाहसे रोमांचित हो रहा था। आकाश में, वज्रज्वालाकी भाँति, वह धू-धू कर रहा था, बिजलियोंके महापुंजकी भाँति तड़तड़ा रहा था। देवताओंके अंगनाजनको सतानेवाला रावण जब इस प्रकार युद्धके लिए स्वयं सजने लगा तो उसके अनुचर सैनिक फूले नहीं समाये। नगर और गलियोंमें रेल-पेल मचाते हुए चल पड़े॥ १-१०॥

[२]

के वि जय-जस-लुद्ध सण्णद्ध वद्ध-कोहा ।
के वि सुमित्त-पुत्त-सुकलत्त-चत्त-मोहा ॥१॥ (हेलादुवई)

के वि णीसरन्ति वीर । भूधर व्व तुङ्ग धीर ॥२॥
सायर व्व अप्पमाण । कुञ्जर व्व दिण्ण-दाण ॥३॥
केसरि व्व उद्ध-केस । चत्त-सव्व-जीवियास ॥४॥
के वि सामि-भत्ति-वन्त । मच्छरग्गि-पज्जलन्त ॥५॥
के वि आहवे अभङ्ग । कुङ्कुम-प्पसाहियङ्ग ॥६॥
के वि सूर साहिमाणि । सत्ति-सूल-चक्क-पाणि ॥७॥
के वि गीढ-वारुणत्थ । तोण-वाण-चाव-हत्थ ॥८॥
कुद्ध जुद्ध-लुद्ध के वि । णिग्गया सु-सण्णहेवि ॥९॥
(तोमरो णाम छन्दो)

घत्ता

को वि पधाइउ हणु-हणु-सद्दें परिहइ कवउ को वि आणन्दें ।
रण-रसियहों रोमञ्चुब्भिण्णहों उरें सण्णाहु ण माइउ अण्णहों ॥१०॥

[३]

पभणइ का वि कन्त 'करि-कुम्भें जेत्तडाइं ।
मुत्ताहलइँ लेवि महु देज्ज तेत्तडाइं ॥१॥ (हेलादुवई)

का वि कन्त चिन्धइं अप्पाहइ । का वि कन्त णिय-कन्तु पसाहइ ॥२॥
का वि कन्त मुह-पत्ति करावइ । का वि कन्त दप्पणु दरिसावइ ॥३॥
का वि कन्त पिय-णयणइँ अञ्जइ । का वि कन्त रण-तिलउ पउञ्जइ ॥४॥
का वि कन्त स-वियारउ जम्पइ । का वि कन्त तम्वोलु समप्पइ ॥५॥
का वि कन्त विम्वाहरें लग्गइ । का वि कन्त आलिङ्गणु मग्गइ ॥६॥

[२] जय और यशके लोभी कितने ही निर्दय सैनिक, गुस्सेसे भरकर तैयार होने लगे। कितनोंने अपने अच्छे मित्रों, पुत्र और पत्नियोंका मोह छोड़ दिया।

पहाड़की भाँति ऊँचे और धीर कितने ही योद्धा निकल पड़े। वे समुद्रकी तरह अप्रमेय थे और हाथीकी भाँति दान देनेवाले। उनके केश, सिंहकी अयालकी भाँति उठे हुए थे। ये सब जीवनकी आशा छोड़ चुके थे। स्वामीकी भक्तिसे परिपूर्ण वे ईर्ष्याकी आगमें जल रहे थे। अनेक युद्धोंमें अजेय कितनोंके शरीर केशरसे प्रसाधित थे। अपने प्राणको साधनेवाले कितने ही योद्धाओंके हाथमें शक्ति, त्रिशूल और चक्र था। किसीने वरुणास्त्र ले रखा था। किसीके हाथमें तीर तरकश और धनुष था। कितने ही क्रुद्ध एवं युद्धके लोभी योधा सन्नद्ध होकर निकल पड़े। कोई 'मारो मारो' कहता हुआ दौड़ पड़ा। कोई योद्धा आनन्दके मारे अपना कवच ही छोड़े दे रहा था। वीररससे भरपूर, एक दूसरा योद्धा इतना रोमांचित हो उठा कि उसके शरीरपर कवच नहीं समा पा रहा था ॥१-१०॥

[३] किसीकी पत्नी कह रही थी, "देखो हाथीके सिरमें जितने मोती हों, वे सब मुझे लाकर देना।" कोई पत्नी अपने पतिको वस्त्रसे ढक रही थी, कोई पत्नी अपने पतिका शृंगार कर रही थी। कोई कान्ता मुखराग लगा रही थी, कोई दर्पणमें मुख दिखा रही थी। कोई कान्ता, अपने प्रियके नेत्रोंको आँज रही थी। कोई कान्ता अपने प्रियके भालपर युद्धका तिलक निकाल रही थी। कोई कान्ता, विकारग्रस्त होकर कुछ कह रही थी। कोई कान्ता, पान समर्पित कर रही थी। कोई कान्ता, अपने प्रियके ओठोंको चूम रही थी, और कोई अपने

[२]

के वि जय-जस-लुद्ध सण्णद्ध वद्ध-कोहा ।
के वि सुमित्त-पुत्त-सुकलत्त-चत्त-मोहा ॥१॥ (हेलादुवई)

के वि णीसरन्ति वीर । भूधर व्व तुङ्ग धीर ॥२॥
सायर व्व अप्पमाण । कुञ्जर व्व दिण्ण-दाण ॥३॥
केसरि व्व उद्ध-केस । चत्त-सव्व-जीवियास ॥४॥
के वि सामि-भत्ति-वन्त । मच्छरग्गि-पज्जलन्त ॥५॥
के वि आहवे अभङ्ग । कुङ्कुम-प्पसाहियङ्ग ॥६॥
के वि सूर साहिमाणि । सत्ति-सूल-चक्क-पाणि ॥७॥
के वि गीढ-वारुणत्थ । तोण-वाण-चाव-हत्थ ॥८॥
कुद्ध जुद्ध-लुद्ध के वि । णिग्गया सु-सण्णहेवि ॥९॥
(तोमरो णाम छन्दो)

घत्ता

को वि पधाइउ हणु-हणु-सद्दें परिहइ कवउ को वि आणन्दें ।
रण-रसियहों रोमञ्चुब्भिण्णहों उरें सण्णाहु ण माइउ अण्णहों ॥१०॥

[३]

पभणइ का वि कन्त 'करि-कुम्भें जेत्तडाइं ।
मुत्ताहलइँ लेवि महु देज्ज तेत्तडाइं ॥१॥ (हेलादुवई)

का वि कन्त चिन्धइं अप्पाहइ । का वि कन्त णिय-कन्तु पसाहइ ॥२॥
का वि कन्त मुह-पत्ति करावइ । का वि कन्त दप्पणु दरिसावइ ॥३॥
का वि कन्त पिय-णयणइँ अञ्जइ । का वि कन्त रण-तिलउ पउञ्जइ ॥४॥
का वि कन्त स-वियारउ जम्पइ । का वि कन्त तम्बोलु समप्पइ ॥५॥
का वि कन्त विम्वाहरें लग्गइ । का वि कन्त आलिङ्गणु मग्गइ ॥६॥

[२] जय और यशके लोभी कितने ही निर्दय सैनिक, गुस्सेसे भरकर तैयार होने लगे। कितनोंने अपने अच्छे मित्रों, पुत्र और पत्नियोंका मोह छोड़ दिया।

पहाड़की भाँति ऊँचे और धीर कितने ही योद्धा निकल पड़े। वे समुद्रकी तरह अप्रमेय थे और हाथीकी भाँति दान देनेवाले। उनके केश, सिंहकी अयालकी भाँति उठे हुए थे। ये सब जीवनकी आशा छोड़ चुके थे। स्वामीकी भक्तिसे परिपूर्ण वे ईर्ष्याकी आगमें जल रहे थे। अनेक युद्धोंमें अजेय कितनोंके शरीर केशरसे प्रसाधित थे। अपने प्राणको साधनेवाले कितने ही योद्धाओंके हाथमें शक्ति, त्रिशूल और चक्र था। किसीने वरुणास्त्र ले रखा था। किसीके हाथमें तीर तरकश और धनुष था। कितने ही क्रुद्ध एवं युद्धके लोभी योधा सन्नद्ध होकर निकल पड़े। कोई 'मारो मारो' कहता हुआ दौड़ पड़ा। कोई योद्धा आनन्दके मारे अपना कवच ही छोड़े दे रहा था। वीररससे भरपूर, एक दूसरा योद्धा इतना रोमांचित हो उठा कि उसके शरीरपर कवच नहीं समा पा रहा था ॥१-१०॥

[३] किसीकी पत्नी कह रही थी, "देखो हाथीके सिरमें जितने मोती हों, वे सब मुझे लाकर देना।" कोई पत्नी अपने पतिको वस्त्रसे ढक रही थी, कोई पत्नी अपने पतिका शृंगार कर रही थी। कोई कान्ता मुखराग लगा रही थी, कोई दर्पणमें मुख दिखा रही थी। कोई कान्ता, अपने प्रियके नेत्रोंको आँज रही थी। कोई कान्ता अपने प्रियके भालपर युद्धका तिलक निकाल रही थी। कोई कान्ता, विकारग्रस्त होकर कुछ कह रही थी। कोई कान्ता, पान समर्पित कर रही थी। कोई कान्ता, अपने प्रियके ओठोंको चूम रही थी, और कोई अपने

का वि कन्त ण गणेइ णिवारिउ । सुरयारम्भु करेइ णिरारिउ ॥७॥
का वि कन्त सिरेँ वन्धइ फुल्लइँ । वत्थइँ परिहावेइ अमुल्लइँ ॥८॥
का वि कन्त आहरणइँ ढोयइ । का वि कन्त पर-मुहु जेँ पलोयइ॥९॥
(मत्तमायङ्गो णाम छन्दो)

घत्ता

कहेँ वि अङ्गेँ रोसो ज्जेँ ण माइउ पिय-रणवहुयएँ सहुँ ईसाइउ ।
'जइ तुहुँ तहेँ अणुराइउ वट्टहि तो महु णह-वय देवि पयट्टहि'॥१०॥

[४]

पभणइ को वि वीरु 'जइ चवहि एव भज्जे ।
तो वरि ताहेँ देमि जा जुत्तु सामि-कज्जे' ॥१॥ (हेलादुवई)
को वि भणइ 'गय-गण्ड वलग्गइँ । आणवि मुत्ताहलइँ धयग्गइँ' ॥२॥
को वि भणइ 'ण विलेमि पसाहणु । जाम ण भञ्जिमि राहव-साहणु ॥३॥
को वि भणइ 'मुह-पत्ति ण इच्छमि । जाम ण सुहड-झडक्क पडिच्छमि ॥४॥
को वि भणइ 'ण णिहालमि दप्पणु । जाम्व ण रणेँ विणिवाइउ लक्खणु॥५॥
को वि भणइ 'णउ णयणइँ अञ्जमि । जाम्व ण सुरवहु-जण-मणु रञ्जमि'॥६॥
को वि भणइ 'मुहेँ पण्णु ण लायमि । जाम्व ण रुण्ड-णिवहु णच्चावमि'॥७॥
को वि भणइ 'णउ सुरउ समाणमि । जाम्व ण भडहुँ कुल-क्खउ आणमि'॥८॥
को वि भणइ 'धणेँ फुल्लु ण वन्धमि । जाम्व ण सरवर-धोरणि सन्धमि'॥९॥
(रयडा णाम छन्दो)

घत्ता

को वि भणइ धणेँ णउ आलिङ्गमि जाम्व ण दन्ति-दन्तेँ आलग्गमि' ।
को वि करइ णिवित्ति आहरणहोँ जाम्व ण दिण्ण सीय दहवयणहोँ ॥१०॥

संग्रह होता है, उसी प्रकार सेनाओंके पास लाङ्गूल आदि अस्त्र थे। जैसे व्याकरणमें क्रिया और पदच्छेद आदि होते हैं, उसी प्रकार सेनाओंमें युद्ध हो रहा था, जैसे व्याकरणमें संधि और स्वर होते हैं, उसी प्रकार सेनामें स्वरसंधान हो रहा था, जैसे व्याकरणमें प्रत्यय विधान होता है, उसी प्रकार उन सेनाओंमें युद्धानुष्ठान हो रहा था। जैसे व्याकरणमें, प्र परा आदि उपसर्ग होते हैं, उसी प्रकार सेनाओंमें घोर बाधाएँ आ रही थीं। जैसे व्याकरणमें जश् आदि प्रत्यय होते हैं उसी प्रकार दोनों सेनाओंमें 'यश' (जश्) की चाह थी। जिस प्रकार व्याकरण में, पद-पद पर लोप होता है, उसी प्रकार सेनाओंमें शत्रुलोपकी होड़ मची हुई थी। जैसे व्याकरणमें एक दो बहुवचन होता है, वैसे ही उन सेनाओंमें बहुत-सी ध्वनियाँ हो रही थीं। जिस प्रकार व्याकरण अर्थसे उज्ज्वल होता है, उसी प्रकार सेनाएँ शस्त्रोंसे उज्ज्वल थीं, और एक-दूसरेके बल-अबलको जानती थीं। जिसप्रकार व्याकरणमें 'न्यास' की व्यवस्था होती है उसी प्रकार सेनामें भी थी। जिस प्रकार व्याकरणमें बहुत-सी भाषाओंका अस्तित्व है, उसी प्रकार सेनाओंमें तरह-तरह की भाषाएँ बोली जा रही थीं। जैसे व्याकरणमें शब्दोंका नाश होता है, वैसे ही सेनाओंमें विनाश लीला मची हुई थी। उन सेनाओंका लगभग, व्याकरणके समान आचरण था, दोनोंके चरितमें निपात था, व्याकरणमें आदि निपात है, सेनामें योद्धा अन्तमें धराशायी हो रहे थे ॥१-९॥

[२] निशाचरोंकी उस भयंकर लड़ाईमें रामरूपी सिंह वज्रोदरके निकट पहुँचा। प्रचंड धनुष हाथमें लेकर वे आपसमें लड़ने लगे। वे दोनों ही देवताओंके भारी युद्धका भार उठानेमें तत्पर थे। दोनों ही पैर आगे बढ़ाकर पीछे नहीं हटते थे।

पउ अग्गएँ देन्ति ण ओसरन्ति । पहरन्ति ण पहरणु वीसरन्ति ॥३॥
दरिसन्ति मडप्फरु णेय पुट्टि । जीविउ सिढिलन्ति ण चाव-मुट्ठि ।४।
मेल्लन्ति वाण ण मुअन्ति धीरु । परिहउ रक्खन्ति ण णिय-सरीरु ॥५॥
लग्गइ णाराउ ण कुलें कलङ्कु । सरु वङ्कइ वयणु ण होइ वङ्कु ॥६॥
गुणु छिज्जइ सीसु ण दुण्णिवारु । धउ पडइ ण हियउ ण पुरिसयारु ॥७॥
ओवुण्ण-तुरङ्गम-धुर-विसट्टु । रहु मज्जइ भज्जइ णउ मरट्टु ॥८॥

घत्ता

पडिवक्ख-पक्ख-पडिकूलहुँ वज्जोअर-सद्दूलहुँ ।
विहिँ को गरुआरउ किज्जइ एक्कु वि जिणइ ण जिज्जइ ॥९॥

[३]

एत्तहेँ वि भिउडि-भङ्गुर-वयण । ते वाहुवलिन्द-सीहदमण ॥१॥
अब्भिट्ट वे वि वद्धामरिस । गिरिमलय-सुवेलसेल-सरिस ॥२॥
हरिदमणें 'पहरु पहरु' भणेंवि । सिरेँ मोग्गर-घाएं आहणेंवि ॥३॥
महि-मण्डलेँ पाडिउ वाहुवलि । तोसेण व परिवड्ढन्त-कलि ॥४॥
पुणु चेयण लहेँवि भयङ्करेँण । आरुट्ठें राहव-किङ्करेँण ॥५॥
पडिवारउ आहउ मोग्गरेँण । वच्छत्थलेँ णं इन्दीवरेँण ॥६॥

प्रहार करते थे, अपना अस्त्र नहीं भूलते थे। वे अपने अहंकार-का प्रदर्शन करते थे, पीठ नहीं दिखाते थे। उनके प्राण भले ही शिथिल हो उठते, परन्तु धनुषकी मुट्ठी ढीली कभी नहीं पड़ती थी। वे तीर छोड़ते थे, अपना धीरज उन्होंने कभी नहीं छोड़ा। वे पराभवको बचा रहे थे, अपने शरीर-रक्षाकी उन्हें जरा भी चिन्ता नहीं थी। वे तीरसे आहत होनेके लिए प्रस्तुत थे, परन्तु अपने कुलको कलंक नहीं लगने देना चाहते थे। उनके तीर जरूर मुड़ जाते थे परन्तु उन्होंने अपना मुख कभी नहीं मोड़ा। उनके धनुषकी डोरी क्षीण हो जाती थी, परन्तु उनका दुर्निवार सिर कभी नहीं झुका। उनकी पताकाएँ अवश्य गिर जाती थीं, परन्तु उनका हृदय और पुरुषार्थ, कभी नहीं गिरा। छिन्न अश्वोंसे जुता रथ भले ही नष्ट हो जाये, पर उसमें बैठे हुए योद्धाका मान कभी नष्ट नहीं हो सका। शत्रुपक्षके लिए अत्यन्त कठिन वज्रोदर और राममें तुमुल संग्राम हो रहा था। विधाता, दोनोंमें-से किसे गौरव देता है, कहना कठिन था। उनमें से एक भी न तो स्वयं जीत रहा था, और न दूसरेको हरा पा रहा था ॥१-९॥

[३] इधर भी, भौंहोंसे भयंकर मुख महाबाहु और सिंहदमन-की आपसमें भिड़न्त हो गयी। दोनों ही, एक-दूसरेके प्रति क्रोध से अभिभूत थे। दोनों मलय और सुवेल पर्वतके समान दिखाई दे रहे थे। सिंहदमनने 'मारो-मारो' कहकर महाबाहु-के सिरमें मुद्गर दे मारा। वह धरतीपर गिर पड़ा। फिर क्या था, शत्रुसेनामें खलबली मच गयी। उसी अन्तरमें राम का अनुचर महाबाहु होशमें आ गया। वह क्रोधसे तम-तमा रहा था। उसने भी मुद्गरसे ही उसके वक्षपर इस तरह चोट की मानो नीलकमलसे चोट की हो। ठीक इसी समय,

तहिँ तेहएँ कालेँ समावडिय । भड विजय-सयम्भु वे वि भिडिय ॥७॥
रणेँ परिसक्कन्ति भमन्ति किह । चल चञ्चल विज्जुल-पुञ्ज जिह ॥८॥

घत्ता

आयामेँवि रावण-भिच्चेँण णिय-कुल-णह-भाइच्चेँण ।
जट्टियएँ विजउ विणिभिण्णउ पडिउ णाइँ दुमु छिण्णउ ॥९॥

[४]

रणेँ विजउ सयम्भु वि णिहउ जं जेँ । खवियारि-वीर-सङ्कोह तं जेँ ॥१॥
अब्भिट्ट परोप्परु पुलइअङ्ग । णं खर-णारायण रणेँ अभङ्ग ॥२॥
णं रावणिन्द विप्फुरिय-तुण्ड । णं गन्धहत्थि उद्दण्ड-सुण्ड ॥३॥
एत्थन्तरेँ सुरवरहु मि असक्कु । सङ्कोहेँ मेल्लिउ पढमु चक्कु ॥४॥
गयणङ्गणेँ तं पजलन्तु जाइ । अत्थइरिहेँ दिणयर-विम्बु णाइँ ॥५॥
खवियारि-णिवहोँ वच्छयलेँ लग्गु । जिह णलिणि-पत्तु तिह तहिँ जि भग्गु ॥६॥
तेण वि पडिवक्खहोँ चक्कु मुक्कु । सङ्कोहहोँ णं जमकरणु ढुक्कु ॥७॥
सिरु खुडिउ मरालेँ जेम कमलु । णं इन्दिन्दिरु रुण्टन्त-मुहलु ॥८॥

घत्ता

सिरु गयउ कवन्धु जेँ भण्डइ मुहु भड-वोक्क ण छण्डइ ।
णिय-सामिहेँ पेसणु सरइ विउणउ णं भडु पहरइ ॥९॥

[५]

वल-किङ्करु जं सङ्कोहु हउ । धाविउ विताविं तं रणेँ अजउ ॥१॥
'कहिँ गच्छहि अच्छमि जाम हउँ । रहु वाहेँ वाहेँ सवडम्मुहउ ॥२॥
सङ्कोहु जेम घाइउ छलेण । तिह पहरु पहरु णिय-भुव-वलेण' ॥३॥
तं वयणु सुणेँ वि किर ओवडइ । विहि-राउ ताम्व तहोँ अब्भिडइ ॥४॥

विजय और स्वयंभू, ये दोनों सुभट आपसमें युद्ध करने लगे। युद्ध-भूमिमें वे ऐसे घूम रहे थे, मानो चंचल विजलियोंका समूह हो। आखिरकार, अपने कुलके सूर्य, रावणके अनुचर स्वयम्भूने लाठीसे विजयको आहत कर दिया, वह ऐसे गिर पड़ा मानो उसकी पूँछ कट गयी हो ॥ १-९ ॥

[४] जब इस प्रकार विजय और स्वयम्भू भी मारे गये तो जो खपितारि और वीर संकोह थे, वे भी रोमांचित होकर जा भिड़े। मानो खरदूषण और नारायण युद्धमें भिड़ गये हों। मानो महोदर रावण और इन्द्र लड़ रहे हों, मानो सूँड़ उठाये हुए दो मतवाले हाथी हों। इसी बीचमें सुरवरोंके लिए अशक्य, संकोहने पहले अपना चक्र छोड़ा। वह गगनांगनमें जलता हुआ जा रहा था जैसे अस्ताचल पर सूर्य-बिम्ब हो। वह चक्र खपितारि राजा के वक्षमें जाकर लगा। वह कमलिनी पत्रकी तरह वहींका वहीं नष्ट हो गया। तब उसने भी शत्रुपक्ष पर अपना जयकरण शस्त्र फेंका, वह संकोहके पास पहुँचा। उससे उसका सिर उसी प्रकार कट गया जिस प्रकार हंस जिसमें भौंरे गुनगुना रहे हैं, ऐसे नील कमलको काट देता है। उसका सिर कट गया और धड़ अब भी घूम रहा था, परन्तु उसके मुखसे वीरता भरे वाक्य निकल रहे थे। वह अपने स्वामीकी आज्ञाका पालन कर रहा था, गिरकर भी वह बेचारा योद्धा प्रहार कर रहा था ॥१-६॥

[५] रामका अनुचर संकोह जब इस प्रकार मारा गया, तब युद्धमें अजेय वितापी दौड़ा। उसने कहा, "जब तक मैं यहाँ हूँ, तबतक तुम कहाँ जा सकते हो, अपना रथ सामने बढ़ाओ, तुमने संकोहको जिस प्रकार छलसे मार डाला, उसी प्रकार लो अब मुझपर आक्रमण करो अपने बाहुबलसे।" यह वचन

ते विहि-विताविं आरुट्ठ-मणा । उत्थरिय स-मच्छर वे वि जणा ॥५॥
णं पलय-कालें पलयम्बुहरा । जिह ते तिह सर-धारा-वयरा ॥६॥
जिह ते तिह परिचक्कलिय-धणु । जिह ते तिह विज्जुज्जलिय-तणु ॥७॥
जिह ते तिह भीम-णिणाय-करा । जिह ते तिह सूर-च्छाय-हरा ॥८॥

घत्ता

विहि-राएं अमरिस-कुद्धएँण अहिणव-जयसिरि-लुद्धएँण ।
पाडिउ विताविं णाराएँण गिरि जिह वज्ज-णिहाएँण ॥९॥

[६]

जं हउ विताविं तं ण किउ खेउ । कोवग्गि-पलित्तु विसालतेउ ॥१॥
विहि-रायहों भिडइ ण भिडइ जाम । हक्कारिउ सम्भु-णिवेण ताम्व ॥२॥
ते वे वि परोप्परु अब्भिडन्ति । णं गिरि स-परक्कम ओवडन्ति ॥३॥
एत्थन्तरें सम्भुं ण किउ खेउ । उरें सत्तिएँ भिण्णु विसालतेउ ॥४॥
ओणल्लिउ महियलें विगय-पाणु । णिय-साहणु पेक्खें वि लोट्टमाणु ॥५॥
सुग्गीउ पधाइउ विप्फुरन्तु । 'लइ वलहों वलहों' समुउत्थरन्तु ॥६॥
णं णिसियर-सेण्णहों मइयवट्टु । णं केसरि मिग-जूहहों विसट्टु ॥७॥
णं तिहुयण-चक्कहों काल-दण्डु । णं जलहर-विन्दहों पलय-चण्डु ॥८॥

घत्ता

विज्जाहर-वंस-पईवहों भिडमाणहों सुग्गीवहों ।
थिउ अन्तरें वाहिय-सन्दणु ताम पहञ्जण-णन्दणु ॥९॥

सुनकर विधिराज युद्धमें कूद पड़ा। दोनोंकी मुठभेड़ होने लगी। विधि और वितापी दोनों ही क्रुद्धमना थे। दोनों ही युद्ध-प्रांगणमें ऐसे उछल पड़े मानो प्रलयकालके मेघ हों। जैसे मेघों में जलकी धारा होती है, वैसे ही इनके पास तीरोंकी बाणावलि थी। जैसे मेघोंमें इन्द्रधनुष होता है, वैसे ही इन्होंने भी अपना इन्द्रधनुष तान रखा था। मेघोंके समान, वे दोनों भी बिजलीके समान चमक रहे थे। मेघोंके समान, उनकी ध्वनि सान्द्र थी। मेघोंकी ही भाँति, वे सूर्यके तेजको ठगनेमें समर्थ थे। दोनों नयी-नयी विजयोंके लोभी थे। विधि राजने इस प्रकार अमर्षसे भर कर वितापीको मार गिराया, उसी प्रकार जिस प्रकार वज्रके आघातसे पहाड़ टूट गिरता है ॥१-९॥

[६] वितापीके इस प्रकार आहत होने पर विशालतेजने जरा भी देर नहीं की। वह क्रोधसे भड़क उठा। वह विधिराज से भिड़ने वाला ही था कि शम्भुराजने उसे ललकारा। फलतः वे दोनों आपसमें भिड़ गये। उस समय लगा कि पहाड़ ही पराक्रम पूर्वक आपसमें भिड़ गये हों। इसी अन्तरालमें शम्भु-राजने जरा भी देर नहीं की। उसने शक्तिसे विशालतेजको छातीमें घायल कर दिया। वह प्राणहीन होकर धरती पर गिर पड़ा। जब सुग्रीवने देखा कि उसकी सेना धराशायी होती चली जा रही है तो वह तमतमाकर मैदानमें निकल आया, "मुड़ो-मुड़ो" की ध्वनिके साथ वह ऐसा उछला, मानो निशा-चरोंका विनाश आ गया हो, मानो मृगके झुण्डोंमें सिंह हो, मानो त्रिभुवन चक्रमें कालदण्ड हो, मानो जलधर समूहमें प्रलयपवन हो। जब विद्याधरवंशका प्रदीप सुग्रीव संग्राममें भिड़ गया तो पवनसुत हनुमान् भी अपना रथ हाँक कर, दोनोंके बीचमें आ गया ॥१-९॥

[७]

हणुवन्तें वुच्चइ 'माम माम । तुहुँ अच्छहि जहिँ सोमित्ति-राम ॥१॥
हउँ एक्कु पहुच्चमि णिसियराहुँ । जिह गरुडु असेसहुँ विसहराहुँ ॥२॥
जिह धूमकेउ जगेँ णरवराहुँ । पळयाणलु जिह जर-तरुवराहुँ ॥३॥
जिह पलय-पहञ्जणु जलहराहुँ । सुर-कुलिस-दण्डु जिह गिरिवराहुँ ॥४॥
वलु णं वणु भञ्जमि रसमसन्तु । वंसुज्जल-मूल-तरुक्खणन्तु ॥५॥
रयणीयर-तरुवर णिद्दलन्तु । भुव-दण्ड-चण्ड-डालाहणन्तु ॥६॥
सुललिय-करयल-पल्लव लुलंन्तु । णक्खावलि-कुसुम समुच्छलन्तु ॥७॥
धय-छत्तइँ पत्तइँ विक्खिरन्तु । णरवर-सिर-फल-सहसइँ खुडन्तु ॥८॥

घत्ता

गलगविज्जेँ अञ्जण-णन्दणु स-कवउ स-गउ स-सन्दणु ।
पर-वलेँ पइसरइ महव्वलु विज्झेँ जेम दावाणलु ॥९॥

[८]

पढम-भिडन्तें तेण वाइणा । वासुएव-वल-पक्खवाइणा ॥१॥
हयवरेण णवराहओ हओ । गयवरेण जो आगओ गओ ॥२॥
रहवरेण खय-सूरहो रहो । धयवडेण जस-लुद्धओ धओ ॥३॥
णरवरेण वयणुब्भडो भडो । पर-सिरेग पर-संसिरं सिरं ॥४॥
करयलेण सु-भयङ्करो करो । भड-कमेण स-परक्कमो कमो ॥५॥
दारुणं कयं एव सञ्जुयं । हड्ड-रुण्ड-विच्छड्ड-सञ्जुयं ॥६॥
सुहड-सुहड सन्दाणवन्तयं । घोर-मारि-सन्दाणवन्तयं ॥७॥

[७] हनुमान्‌ने कहा, "हे आदरणीय, आप वहीं रहिए जहाँ लक्ष्मण और राम हैं। मैं अकेला ही, निशाचरोंके लिए काफी हूँ। ठीक उसी प्रकार जिस प्रकार समस्त सर्पकुलके लिए गरुड़ काफी होता है, नरश्रेष्ठके लिए धूमकेतु, पुराने वृक्षोंके लिए प्रलयकी आग, बड़े-बड़े पहाड़ोंके लिए इन्द्रका वज्र, होता है। मैं सेनाको नन्दनवनकी तरह रौंद डालूँगा। उज्ज्वल वंशोंको पेड़ोंकी जड़ोंकी तरह उखाड़ दूँगा। निशाचर रूपी वृक्षोंको नष्ट कर दूँगा। भुजदण्ड रूपी प्रचण्ड डालोंको आहत कर दूँगा। सुन्दर हथेलियों रूपी पत्तोंको नोंच डालूँगा। सुन्दर सुमनोंकी भाँति सुन्दर नाखूनोंको उदाल दूँगा। ध्वजपत्ररूपी पत्तोंको बखेर दूँगा। श्रेष्ठ मनुष्योंके फलोंको तोड़-फोड़ दूँगा। गर्जनाके अनन्तर अंजनापुत्र महाबली हनुमान् कवच अश्व और रथ के साथ शत्रुसेनामें घुस गया, वैसे ही जैसे महागज विन्ध्याचलमें घुस जाय ॥१-९॥

[८] रामके पक्षपाती हनुमान्‌ने अपनी पहली भिड़न्तमें अश्वसे दूसरे अश्वको आहत कर दिया। गजवरसे आगत हाथीको चलता किया। रथवरसे प्रलयसूर्यके रथको नष्ट कर दिया। ध्वजपटसे, यशके लोभी ध्वजको नष्ट कर दिया। नरवरसे वचनोद्धत योद्धाका काम तमाम कर दिया। शत्रुसिरसे शत्रुकी प्रशंसा करनेवाले सिरको समाप्त कर दिया। करतलसे भयंकर महान् हाथको काट डाला। योद्धाके पैरसे किसी पराक्रमी पैरको परिसमाप्त कर दिया। इस प्रकार हनुमान्‌ने युद्धको एकदम भयंकर बना दिया। वह हड्डियों और धड़ोंके ढेरोंसे भरा हुआ था। सुभटों, गजघटाओं और रथों एवं अश्वोंका वह अन्त कर

जत्थ तत्थ अत्थमिय-सूरयं । णिसि-णहं व अत्थमिय-सूरयं ॥८॥
छिण्ण-बाहु-णिब्भिण्ण-वच्छयं । काणणं व ओणल्ल-वच्छयं ॥९॥
णिरसि पाणि णीविक्कमं थियं । खीर-जलहि-सलिलं व मन्थियं ॥१०॥

घत्ता

जं हणुवहों बलु आलग्गउ लीलएँ जिम्व तिम्व भग्गउ ।
सवडम्मुहु वज्जिय-सङ्कउ एक्कु मालि पर थक्कउ ॥११॥

[९]

थक्कन्तें कोक्किउ पवण-पुत्तु । 'किं कायरेहिँ सहुँ भिडेंवि जुत्तु ॥१॥
वलु वलु सामीरणि देहि जुज्झु । मइँ मुएँवि मल्लु को अण्णु तुज्झु ॥२॥
तुहुँ रामहों हउँ रामणहों दासु । जिह तुहुँ तिह हउ मि महि-प्पगासु ॥३॥
छुडु एक्कु म मइलउ णियय-वंसु । जसु रुच्चइ जय-सिरि होउ तासु' ॥४॥
तं णिसुणेंवि उववण-मद्दणेण । दोच्छिउ पवणञ्जय-णन्दणेण ॥५॥
'तुहुँ कवणु गहणु मइँ दुज्जणेण । हणुवन्त-कयन्तें कुद्धएण ॥६॥
किं ण सुअउ खउ वज्जाउहासु । उज्जाण-भङ्गु किङ्कर-विणासु ॥७॥
अक्खहों कयन्तु पट्टणहों केउ । हउँ सो जे पडीवउ अञ्जणेउ ॥८॥

घत्ता

रहु वाहि वाहि सवडम्मुहु पहरु पहरु लइ आउहु ।
हउँ पइँ वाएण जि मारमि पहिलउ तेण ण पहरमि' ॥९॥

दे रहा था। उसकी चपेट अत्यन्त घातक और मारक थी। जहाँ होता वहाँ सूर्यास्त हो जाता, निशानभकी भाँति वह सूर्यास्त कर देता था। योद्धाओंके वक्ष आहत थे और हाथ कटे हुए। वे ऐसे लग रहे थे, मानो आहतवृक्षोंका कोई उपवन हो। तलवार, हाथ और पराक्रम से शून्य समूची सेना ऐसी जान पड़ती थी, मानो क्षीरसमुद्रका पानी मथ दिया गया हो। जो सेना हनुमान्‌से आकर लड़ी, उसने उसे खेल-खेलमें समाप्त कर दिया। फिर उसके सम्मुख मालि निश्शंक होकर खड़ा हो गया॥१-११॥

[६] सामने डटकर उसने हनुमान्‌को ललकारा, "क्या कायरोंके साथ युद्ध करना उचित है। मुड़ो-मुड़ो हनुमान्, मुझे युद्ध दो। मुझे छोड़कर, और कौन तुम्हारा प्रतिद्वन्द्वी हो सकता है। तुम रामके अनुचर हो, और मैं रावणका। जैसे तुम इस धरतीके प्रकाश हो, उसी प्रकार मैं भी। एक तुम हो और एक मैं, जिन्होंने अपना कुल कलंकित नहीं होने दिया। रहा प्रश्न विजयलक्ष्मीका। वह जिसे पसन्द करे उसकी हो जाय।" यह सुनकर नन्दनवनको उजाड़नेवाले हनुमान्‌ने मालिको फटकारते हुए कहा, "हनुमान्-जैसे अजेयकृतान्तके क्रुद्ध होने पर तुम्हें पकड़नेमें क्या रखा है। क्या वज्रायुधका बेटा नहीं मारा गया, क्या उद्यान नहीं उजड़ा, और क्या अनुचरोंका विनाश नहीं हुआ। मैं वही हनुमान् फिरसे आया हूँ, जो कुमार अक्षयके लिए कृतान्त है और नगरके लिए केतु। जरा अपना रथ सामने बढ़ाइए, और अस्त्र लेकर प्रहार कीजिए, मैं तुम्हें पहले आघातमें समाप्त कर दूँगा, इसलिए खुद प्रहार नहीं करना चाहता"॥१-२॥

[१०]

तं णिसुणेँवि मालिं ण किउ खेउ । सर-जालेँ छाइउ अञ्जणेउ ॥१॥
णं सुअणु अणेएँहिँ दुज्जणेहिँ । णं पाउसेँ दिणयरु णव-घणेहिँ ॥२॥
हणुवेण वि सर अट्ठ-उण मुक्क । पसरन्त हणन्त दियन्त ढुक्क ॥३॥
आयासेँ ण मन्ति ण धरणि-वीढेँ । ण धयग्गेँ ण रहवरेँ हय-पगीढेँ ॥४॥
अग्गलेँ पच्छलेँ अ-परिप्पमाण । जउ जउ जेँ दिट्ठि तउ तउ जि बाण ॥५॥
ओसरिउ मालि णिविसन्तरेण । रहु दिण्णु ताम्व वज्जोअरेण ॥६॥
हक्कारिउ अहिमुहु पवण-जाउ । 'कहिँ जाहि पाव खय-कालु आउ ॥७॥
एत्तडेण जि तुज्झु मरट्टु जाउ । जं भग्गु भिडन्तें मालि-राउ ॥८॥

घत्ता

हउँ वज्जोयरु भड-मद्दणु तुहुँ पवणञ्जय-णन्दणु ।
अब्भिडहुँ वे वि भय-भासुर रणु पेक्खन्तु सुरासुर' ॥९॥

[११]

ते विण्णि वि गलगज्जन्त एम्व । मुक्कङ्कुस मत्त-गइन्द जेम्व ॥१॥
अब्भिट्ट महाहवेँ अतुल-मल्ल । पडिवक्ख-पक्ख-णिक्खन्त-सल्ल ॥२॥
अहिमाण-अणुब्भड सुद्ध-वंस । सङ्गाम-सएँहिँ लद्ध-प्पसंस ॥३॥
तो णवर समीरण-णन्दणेण । खर-सूर-समप्पह-सन्दणेण ॥४॥
विहिँ सरेँहिँ सरासणु छिण्णु तासु । णं हियउ खुडिउ वज्जोयरासु ॥५॥
किर अवरु चाउ करेँ चडइ जाम्व । सय-खण्ड-खण्डु रहु कियउ ताम्व ॥६॥

[१०] यह सुनते ही मालिने अविलम्ब, तीरोंके जालसे हनुमान्‌को ढक दिया। मानो अनेक दुर्जनोंने सज्जनको घेर लिया हो, मानो पावसमें मेघोंने सूर्यको ढक लिया हो। तब हनुमान्‌ने भी आठ तीर छोड़े, जो फैलते-मारते हुए दिशाओंके भी छोरों तक पहुँच गये। न तो वे आकाशमें समा पा रहे थे, और न धरतीपर। न वे ध्वजाओंपर ठहर रहे थे, और न अश्वोंसे जुते हुए रथोंपर। आगे-पीछे सब ओर, वे अप्रमेय थे। जहाँ भी दृष्टि जाती, वहाँ बाण-ही-बाण दिखाई दे रहे थे। एक ही क्षणमें मालि वहाँसे हट गया, और तब वज्रोदरने अपना रथ आगे बढ़ाया। उसने हनुमान्‌को सामने ललकारा, "हे पाप, तू कहाँ जाता है, मैं तुम्हारा क्षयकाल आ गया हूँ, तुम्हें इतनेमें ही घमण्ड हो गया, कि युद्धमें तुमसे मालि हार गया। मैं योद्धाओंका मर्दक वज्रोदर हूँ, तुम पवनसुत हनुमान् हो, भयभास्वर हम दोनों लड़ें, थोड़ा सुरासुर भी हमारा संग्राम देख लें" ॥१-६॥

[११] वे दोनों ही, इस प्रकार गरज रहे थे मानो निरंकुश मतवाले दो महागज हों। दोनों बेजोड़ मल्ल एक-दूसरेसे भिड़ गये। दोनों शत्रुओंके मनमें शंका उत्पन्न कर देते थे। दोनोंका अभिमान अखण्ड था। दोनोंका वंश शुद्ध था। दोनों सैकड़ों युद्धोंमें प्रशंसा प्राप्त कर चुके थे। फिर भी पवनसुत हनुमान्‌ने, जिसके पास प्रचण्ड सूर्यके समान कान्ति सम्पन्न रथ था, दो ही तीरोंसे उसके धनुषको इस प्रकार छिन्न-भिन्न कर दिया, मानो वज्रोदरका हृदय ही कट गया हो। वह दूसरा धनुष अपने हाथमें ले ही रहा था कि इसी बीचमें, हनुमान्‌ने उसके रथके सौ टुकड़े कर दिये। जब तक वह दूसरे रथ पर चढ़नेका प्रयास करता, तब तक उसने धनुषके टुकड़े-टुकड़े

जामण्ण-महारहेँ चडइ वीरु । धणुहरु वि तावँ किउ हय-सरीरु ॥७॥
तइयउ कोवण्डु ण लेइ जाम । वीओ वि महारहु छिण्णु ताम ॥८॥

घत्ता

तो वि णिसियरु जुज्झ-पियारउ वि-रहु कियउ वे-वारउ ।
पुणु पच्छलेँ वाणेँहिँ सल्लिउ । महिहरु जिह ओगल्लिउ ॥९॥

[१२]

जं हउ वज्जोअरु भग्गु मालि । तं स-रहसु धाइउ जम्बुमालि ॥१॥
मन्दोअरि-णन्दणु दणु-विणासु । सउ सीहहुँ रहेँ सज्जुत्तु तासु ॥२॥
ते वियड-दाढ ओरालि-वयण । उद्धूसिय-केस णिड्डुरिय-णयण ॥३॥
कन्धर-वलग्ग-लङ्गूल-दण्ड । णह-णियर-भयङ्कर चलण-चण्ड ॥४॥
आएँहिँ करि-कुम्भ-वियारणेहिँ । जसु वुज्झइ रहु पञ्चाणणेहिँ ॥५॥
सो जम्बुमालि मरु-णन्दणासु । गिव्वारवण-वण-मद्दणासु ॥६॥
आलग्गु सु-करयलेँ करेँवि चाउ । सु-कलत्त जेम्व जं सु-प्पणाउ ॥७॥
तं आयामेँवि वहु-मच्छरेण । णाराउ विसज्जिउ णिसियरेण ॥८॥

घत्ता

जण-णयणाणन्द-जणेरउ धउ हणुवन्तहोँ केरउ ।
विन्धेप्पिणु महियलेँ पाडिउ णह-सिरि-हारु व तोडिउ ॥९॥

[१३]

जं छिण्णु महद्धउ दुद्धरेण । तं पवण-सुएण धणुद्धरेण ॥१॥
दो दीहर वर-णाराय मुक्क । रिउ-रहवर-वीढासण्ण ढुक्क ॥२॥
एक्केण कवउ एक्केण चाउ । विद्धंसिउ णाइँ जिणेण पाउ ॥३॥
सण्णाहु अण्णु परिहेँवि भडेण । धणुहरु वि लेवि विहडप्फडेण ॥४॥

कर दिये। जब तक वह तीसरा धनुष ले, तब तक उसने दूसरा रथ भी छिन्न-भिन्न कर दिया। फिर भी निशाचरको युद्धका चाव हो रहा था, उसे दो बार रथविहीन बना दिया गया, परन्तु वह नहीं माना। आखिरकार उसे तीरोंसे इतना छेद दिया गया कि वह पहाड़की भाँति झुक गया ॥१-९॥

[१२] वज्रोदरके इस प्रकार मारे जाने पर, मालि भी नष्ट प्राय हो गया। उसके बाद जम्बूमालि हर्षसे उछलता हुआ युद्ध स्थल पर दौड़कर आया। यह मन्दोदरी देवीका पुत्र था। उसने दानवोंका नाश किया था। उसके रथमें सौ सिंह जुते हुए थे। उनकी दाढ़ें विकराल थीं और मुख टेढ़े थे। केश पुलकित हो रहे थे, और नेत्र भयंकर थे। उनकी पूँछ कन्धों को छू रही थी, उनका नख समूह और चरण दण्ड भयंकर थे। इस प्रकार गजघटाको विदीर्ण करनेवाले सिंहोंसे उसका रथ युक्त था। जम्बुमाली, अपने हाथमें धनुष लेकर, हनुमान् के पीछे हाथ धोकर पड़ गये, उस हनुमान् पर जिसने नन्दन-वनका विनाश किया था। उन्होंने धनुष अपने हाथमें ले लिया। वह धनुष अच्छी स्त्रीकी भांति था। ईर्ष्यासे भर कर उस निशाचरने तीर मारा। जनोंके नेत्रोंको आनन्ददायक हनुमान् का ध्वज, उस तीरसे विंधे होकर धरती पर गिरा दिया। मानो आकाश रूपी स्त्रीका हार टूट कर गिर पड़ा हो ॥१-९॥

[१३] जब महाध्वज छिन्न-भिन्न हो गया तो उद्धत धनुर्धारी पवनसुत हनुमान्ने दो बड़े-बड़े लम्बे तीर फेंके जो शत्रुके रथ-वर की पीठासनके निकट पहुँचे। एक तीरने कवच, दूसरेने धनुष नष्ट कर दिया, मानो जिन भगवान्ने पाप नष्ट कर दिया हो। दूसरा सण्णाह (?) छोड़कर विकट योद्धाने धनुष ले लिया। म्बे तीरोंसे उसने हनुमान्को घायल कर दिया, जैसे कोमल

हणुवन्तु विद्धु दीहर-सरेहिँ । णं कोमल-दल-इन्दीवरेहिँ ॥५॥
हणुवेण वि मेल्लिउ अद्धयन्दु । अइ-दीहरु णाइँ समास-दण्डु ॥६॥
उज्जोत्तिय तेण समत्थ सीह । मत्तेभ-कुम्भ-मुत्ताहलोह ॥७॥
जगडन्त पहिण्डिय वलु असेसु । ओहाइय हय-गय-णरवरेसु ॥८॥

घत्ता

उद्धुय-लङ्गूल-पईहेँहिँ वलु खज्जन्तउ सीहेँहिँ ।
णासइ भय-वेविर-गत्तउ अवरोप्परु लोट्टन्तउ ॥९॥

[१४]

वलु सयलु वि किउ भय-विहलु जाम्व हणुवन्तु दसाणणेँ भिडिउ ताम ॥१॥
पञ्चाणण-सन्दणु पमय-चिन्धु । थिउ उड्डेँवि रण-भर-धुरहेँ खन्धु ॥२॥
सो जुज्झमाणु जं दिट्ठु तेण । सण्णाहु लइउ लङ्काहिवेण ॥३॥
रण-रहसुच्छलियहों उरेँ ण माइ । सुहि-सङ्गमेँ गरुअ-सणेहु णाइँ ॥४॥
पुणु दुक्खु दुक्खु आइद्धु अङ्गेँ । सीसक्कु करेप्पिणु उत्तमङ्गेँ ॥५॥
आयामिउ धणुहरु लइउ वाणु । पारद्धु समरु हणुवें समाणु ॥६॥
तहिँ तेहएँ कालेँ धणुद्धरेण । रहु अन्तरेँ दिण्णु महोअरेण ॥७॥
हक्कारिउ मारुइ 'थाहि थाहि । सवडम्मुहु रहवरु वाहि वाहि' ॥८॥

घत्ता

तं सुणेँवि महोअरु जेत्तहेँ रहवरु वाहिउ तेत्तहेँ ।
उत्थरिय वे वि समरङ्गणेँ णं खय-मेह णहङ्गणेँ ॥९॥

[१५]

हणुवन्तेँ महोअरु भिडिउ जाम । सो जम्वुमालि सम्पत्तु ताम्व ॥१॥
सञ्जोत्तेँवि रहवरेँ सयल सीह । उद्दण्ड चण्ड लङ्गूल-दीह ॥२॥

नीलकमलोंने वेध दिया हो। तब हनुमान्‌ने भी अर्धचन्द्र छोड़ा, वह इतना लम्बा था, मानो समास दण्ड हो। उससे समर्थ सिंह सहसा उत्तेजित हो उठे। वे सिंह जो मतवाले हाथियोंके गण्डस्थलोंके मोतियोंकी इच्छा रखते हैं। समस्त सेना आपस में भिड़ गयी। गज अश्व और नरवर सब झुक गये। उठी हुई पूँछों वाले सिंहोंकी सेना एक दूसरेके लिए एक दूसरेको कवलित कर रही थी। भयभीत शरीर वह नष्ट हो रही थी और एक दूसरे पर लोट-पोट हो रही थी ॥१-९॥

[१४] जब समूची सेना भयभीत हो उठी तो हनुमान्‌को जाकर दशाननसे भिड़ना पड़ा। उसके रथपर सिंह एवं पताकाओंपर बन्दर थे। वे ऐसे जान पड़ते जैसे धूलिकण जाकर चिपक गये हों, हनुमान्‌को लड़ते देखकर रावणने भी अपना कवच उठा लिया। युद्ध जनित उत्साहसे पूरित हृदयमें वह कवच नहीं समाया। मानो पण्डितोंके मध्य भारी स्नेह-धारा न समा पा रही हो। बड़ी कठिनाईसे उसने शरीरमें कवच पहन लिया, और सिर पर टोपी पहन ली। धनुष झुका कर उसने उसपर तीर रख दिया, और हनुमान्‌के साथ युद्ध प्रारम्भ कर दिया। ठीक इसी समय महोदरने दोनोंके बीचमें अपना रथ आगे बढ़ा दिया। उसने मारुतिसे पुकार कर कहा, "ठहरो ठहरो, अपना श्रेष्ठ रथ, सम्मुख बढ़ाओ"। यह सुनकर, महोदरकी ओर, मारुतिने अपना रथ, आगे बढ़ा दिया। वे दोनों युद्धके मैदानमें अपने रथोंसे इस प्रकार उतर पड़े मानो आकाशमें प्रलयके मेघ हों ॥१-९॥

[१५] हनुमान् इस प्रकार महोदरसे भिड़ ही रहा था कि इतनेमें जम्बूमालि वहाँ आ धमका। उसने सभी सिंह अपने रथमें जोत लिये। वे सब उद्दण्ड प्रचण्ड और लम्बी पूँछ वाले

सहुँ तेण पराइउ मल्लवन्तु । धुन्धुरु धूमक्खु कयन्तदन्तु ॥३॥
हालाहलु विज्जुलु विज्जुजीहु । भिण्णञ्जणु पहु भुअ-फलिह-दीहु ॥४॥
जमहण्टु जमाणणु कालदण्डु । विहि डिण्डिमु डम्बरु डमरु चण्डु ॥५॥
कुसुमाउहु अक्कु मयङ्कु सक्कु । खवियारि सम्भु करि मयरणक्कु ॥६॥
सुउ सारणु मउ मारिचि-राउ । बीभच्छु महोअरु भीमकाउ ॥७॥
आऍहिँ लङ्काहिव-किङ्करेहिँ । वेढिउ हणुवन्तु भयङ्करेहिँ ॥८॥

घत्ता

जं सव्वेँहिँ लइउ असत्तेंण हणुवं हरिसिय-गत्तेंण ।
आयामिय समरेँ पचण्डेँहिँ वइरि स इं भु व-दण्डेँहिँ ॥९॥

[६५. पंचसट्ठिमो संधि]

हणुवन्तु रणेँ परिवेढिज्जइ णिसियरेँहिँ ।
णं गयणयलेँ बाल-दिवायरु जलहरेँहिँ ॥

[१]

पर-बलु अणन्तु हणुवन्तु एक्कु । गय-जूहहोँ णाइँ मइन्दु थक्कु ॥१॥
आरोक्कइ कोक्कइ समुहु थाइ । जहिँ जहिँ जें थट्टु तहिँ तहिँ जें धाइ ॥२॥
गय-घड भड-थड भञ्जन्तु जाइ । वंसत्थलेँ लग्गु दवग्गि णाइँ ॥३॥
एक्कु रहु महाहवेँ रस-विसट्टु । परिभमइ णाइँ वलेँ मइयवट्टु ॥४॥
सो ण वि भडु जासु ण मलिउ-माणु । सो ण वि धउ जासु ण लग्गु बाणु ॥५॥
सो ण वि पहु जासु ण कवउ छिण्णु । सो ण वि गउ जासु ण कुम्भु भिण्णु ॥६॥
सो ण वि तुरङ्गु जसु गुडु ण तुट्टु । सो ण वि रहु जसु ण रहङ्गु फुट्टु ॥७॥
सो ण वि भडु जासु ण छिण्णु गत्तु । तं ण वि विमाणु जं सरु ण पत्तु ॥८॥

थे। उसके साथ माल्यवंत भी आ गया। धुन्धुरु, धूम्राक्ष, कृतान्तदन्त, हालाहल, विद्युत, विद्युतजिह्वा, भिन्नांजन और पथ भी गये। इनकी भुजाएँ झलकके समान थीं। यमघट, यमानन, कालदण्ड, विधि, डिण्डिम, डम्बर, डमर, चण्ड, कुसुमायुध, अर्क, मृगाङ्क, शक्र, खपिता, अरि, शम्भु, करि, मकर और नक्र आदि रावणके भयंकर अनुचरोंने हनुमान्को घेर लिया, इस प्रकार सबने मिलकर, हनुमान्को घेर लिया और क्षात्रधर्मकी चिन्ता नहीं की। हनुमान्का शरीर हर्षसे उछल पड़ा, और युद्धमें अपनी प्रचण्ड भुजाओंसे सबको नत कर दिया ॥१-९॥

पैंसठवीं सन्धि

हनुमान्को निशाचरोंने युद्धमें इस प्रकार घेर लिया, मानो आकाशतलमें बालसूर्यको मेघोंने घेर लिया हो।

[१] शत्रुसेना असंख्य थी, और हनुमान् अकेला था, मानो गजघटाके बीच, सिंह स्थित हो। वीर हनुमान्, उन्हें रोकता, ललकारता और सम्मुख जाकर खड़ा हो जाता। जहाँ झुण्ड दिखाई देता, वहीं दौड़ पड़ता। वह गजघटा और सैन्यसमूहको इस तरह नष्ट कर रहा था, मानो बाँसोंके झुरमुटोंमें आग लगी हो। एक रथ होकर भी, वह उस महायुद्धमें उत्साहसे भरा हुआ था। वह कालकी भांति सेनामें घूम रहा था। ऐसा एक भी योद्धा नहीं था जिसका मान गलित न हुआ हो, ऐसा एक भी ध्वज नहीं था जिसमें तीर न लगा हो, ऐसा एक भी राजा नहीं था, जिसका कवच न टूटा-फूटा हो, ऐसा एक भी गज नहीं था, जिसका गण्डस्थल आहत न हुआ हो। एक भी ऐसा अश्व नहीं था कि जिसकी लगाम साबित बची हो।

घत्ता

जगडन्तु वलु मारुइ हिण्डइ जहिँ जेँ जहिँ ।
सङ्गाम-महि रुण्ड-णिरन्तर तहिँ जेँ तहिँ ॥९॥

[२]

जं जिणेँवि ण सक्किउ वर-भडेहिँ । वेढाविउ मारुइ गय-घडेहिँ ॥१॥
गिरि-सिहर-गहिर-कुम्भत्थलेहिँ । अणवरय-गलिय-गण्डत्थलेहिँ ॥२॥
छप्पय-झङ्कार-मणोहरेहिँ । घण्टा-टङ्कार-भयङ्करेहिँ ॥३॥
तण्डविय-कण्ण-उद्धुअ-करेहिँ । मुकङ्कुसेहिँ मय-णिब्भरेहिँ ॥४॥
जं वेढिउ रण-मुहेँ पवण-जाउ । तं धाइउ कइधय-भड-णिहाउ ॥५॥
जहिँ जम्वउ णीलु सुसेणु हंसु । गउ गवउ गवक्खु विसुद्ध-वंसु ॥६॥
सन्तासु विराहिउ सूरजोत्ति । पीइङ्करु किङ्करु लच्छिभुत्ति ॥७॥
चन्दप्पहु चन्दमरीचि रम्भु । सद्दूलु विउलु कुलपवणथम्भु ॥८॥

घत्ता

आएँहिँ भडेँहिँ मारुइ उव्वेड्ढावियउ ।
णं णिय-गुणेँहिँ जीउ व भव मेल्लावियउ ॥९॥

[३]

रण-रसिएँहिँ वेहाविद्धएहिँ । पेल्लिउ पडिवक्खु कइद्धएहिँ ॥१॥
णासइ विहडप्फडु गलिय-खग्गु । चूरन्तु परोप्परु चलण-मग्गु ॥२॥
भज्जन्तउ पेक्खेँवि णियय-सेण्णु । रावणु जयकारेँवि कुम्भयण्णु ॥३॥
धाइउ भय-भीसणु भीम-काउ । णं राम-वलहोँ खय-कालु आउ ॥४॥
परिसक्कइ रण-भूमिहेँ ण माइ । गिरि मन्दरु थाणहोँ चलिउ णाइँ ॥५॥

ऐसा एक भी रथ नहीं था जिसका पहिया टूटा-फूटा न हो। एक भी ऐसा योद्धा नहीं था जिसका शरीर आहत न हुआ हो। ऐसा एक भी विमान नहीं था जिसमें तीर न लगे हों। सेनासे लड़ता भिड़ता, हनुमान् जहाँ भी निकल जाता, युद्धभूमि, वहाँ धड़ोंसे पट जाती ॥१-९॥

[२] जब बड़े-बड़े योद्धा नहीं जीत सके तो हनुमान्को गजघटाओंने घेर लिया। उनके कुम्भ स्थल, पर्वतशिखर के समान गम्भीर थे। ऐसे सिर जिनसे अनवरत मदजल बह रहा था। भौंरोंकी सुन्दर झंकार हो रही थी। घण्टोंके झंकारसे वे भयंकर लग रहे थे। वे अपने कान फड़फड़ा रहे थे। उनकी सूँड़ें उठी हुई थीं। अंकुशसे रहित, वे अत्यन्त मतवाले हो रहे थे। जब युद्धमुखमें पवनपुत्र इस प्रकार घिर गया तो वानर योद्धाओंका समूह दौड़ा। वहाँ जाम्बवान नील सुसेन हंस गय गवय विशुद्धवंश गवाक्ष सन्तास विराधित सूर ज्योति पीतङ्कर किंकर लक्ष्मीमुक्ति चन्द्रप्रभ चन्द्रमरीच रम्भ शार्दूल विपुल और कुलपवन स्तम्भ थे। इन योद्धाओंने हनुमान्को बन्धन हीन बना दिया ठीक उसी प्रकार जिस प्रकार संसारमें जीव अपने गुण उसे छोड़ देते हैं ॥१-९॥

[३] क्रुद्ध युद्धजन्य उत्साहसे भरे हुए कपिध्वजियोंने शत्रुओंको खदेड़ दिया। व्याकुलतासे वे नष्ट होने लगे। उनकी तलवारें छूट गयीं। वे एक दूसरेके चरणचिह्न रौंधने लगे। अपनी सेनाको इस प्रकार नष्ट होते देखकर कुम्भकर्णने रावण-की जय बोली। भयभीषण, विशालकाय वह इस प्रकार दौड़ा मानो रामकी सेनापर विशाल काल ही टूट पड़ा हो। वह युद्ध भूमिमें नहीं समा रहा था, मानो मन्दराचल ही अपने

जउ जउ जँ स-मच्छरु देइ दिट्ठि । तउ तउ जँ पडइ णं पलय-विट्ठि ॥६॥
कों वि वाएं कों वि भिउडिऍ पणट्ठु । कों वि ठिउ अवटम्भेँ वि धरणि-वट्ठु ॥७॥
कों वि कह वि कडच्छऍ णिरु णिलुक्कु । को वि दूरहों जें पाणें हिं विमुक्कु ॥८॥

घत्ता

सुग्गीव-वलेँ गरुअउ हुअउ हलप्फलउ ।
णं अग्गहरें हत्थि पइट्ठउ राउलउ ॥९॥

[४]

उव्वेढाविउ हणुवन्तु जेहिं । णउ सक्किउ वयणु वि णिऍवि तेहिं ॥१॥
परिचिन्तिउ 'लइ आइउ विणासु । किय(?)वलु जँ करेसइ एक्कु गासु' ॥२
तहिं अवसरें धाइउ अमियविन्दु । दहिमुहु माहिन्दु महिन्दु इन्दु ॥३॥
रइवद्धणु णन्दणु कुमुउ कुन्दु । मइकन्तु महोवहि मइसमुद्दु ॥४॥
कोलाहलु तरलु तरङ्गु तारु । सुग्गीउ अङ्गु अङ्गयकुमारु ॥५॥
सम्मेउ सेउ ससिमण्डलो वि । चन्दाहु कन्दु भामण्डलो वि ॥६॥
पिहुमइ वसन्तु वेलन्धरो वि । वेलच्छु सुवेलु जयन्धरो वि ॥७॥
आयामेँवि वइरिहि तणउ सेण्णु । समकण्डिउ सव्वेंहिं कुम्भयण्णु ॥८॥

घत्ता

एक्कल्लऍण तो वि चलन्तें सम्मुहेँण ।
वलु तासियउ गय-जूहु व पञ्चाणणेँण ॥९॥

[५]

जं खत्तु मुएवि कइद्धएहिं । समकण्डिउ वेहाविद्धएहिं ॥१॥
तहिं वइकसि-णयणाणन्दणेण । रूसेँवि रयणासव-णन्दणेण ॥२॥
दारुणु थम्भण-मोहण समत्थु । पम्मुक्कु दंसणावरण-अत्थु ॥३॥
सोवाविउ साहणु सयलु तेण । णं जगु अत्थन्तें दिणयरेण ॥४॥

स्थानसे च्युत हो गया था। वह ईर्ष्यासे जिसके ऊपर दृष्टि डालता उसपर मानो प्रलयकी वर्षा ही हो जाती। कोई उसकी वाणीसे, और कोई उसकी भौंहोंसे नष्ट हो रहा था। कोई धरतीकी पीठको पकड़ कर रह जाता। कोई उसके कटाक्षको देख कर ही जा छिपता और कोई दूरसे ही उसे देखकर अपने प्राण छोड़ देता। सुग्रीवकी सेनामें इससे ऐसी भयंकर हडकम्प मच गयी, मानो राजकुलके अग्रगृहमें हाथी घुस आया हो ॥१-९॥

[४] जिन लोगोंने हनुमान्‌को बन्धनमुक्त किया था, वे कुम्भकर्णका मुख तक देखनेका साहस नहीं कर पा रहे थे। वे मन ही मन सूख रहे थे कि लो अब तो विनाश आ पहुँचा। वह समूची सेनाको एक कौरमें समाप्त कर देगा। ठीक इसी अवसर पर अमृतबिन्दु, दधिमुख, माहेन्द्र, महेन्द्र, इन्दु, रतिवर्धन, नन्दन, कुमुद, कुन्द, मतिकान्त, महोदधि, मतिसमुद्र, कोलाहल, तरल, तरंग, तार, सुग्रीव, अंग, अंगदकुमार, सम्मेत, श्वेत, शशिमण्डल, चन्द्राहु, कन्द, भामण्डल, पृथुमति, वसन्त, वेलन्धर, वेलाक्ष, सुवेल और जयन्धर आदि शत्रुसेनाने मिलकर कुम्भकर्णको घेर लिया। परन्तु उस अकेले वीरने ही, सम्मुख आकर समस्त सेनाको इतना त्रस्त कर दिया, मानो सिंहने किसी गजसमूहको भयभीत कर रखा हो। ॥१-२॥

[५] जब क्रोधाभिभूत कपिध्वजियोंने क्षात्रधर्मको ताकपर रखकर कुम्भकर्णको चारों ओरसे घेर लिया, तो कैकशीके नेत्रोंको आनन्द देनेवाले रत्नाश्रवके पुत्र कुम्भकर्ण ने, अपना दृष्टि-आवरण नामका अस्त्र छोड़ा, वह अस्त्र स्थम्भन और सम्मोहन, दोनोंमें समर्थ था। उसके प्रभावसे समूची सेना सो गयी मानो सूर्यके अस्त होनेसे संसार ही सो गया हो।

को वि घुम्मइ को वि सरीरु वलइ । कासु वि किवाणु करयलहोँ गलइ ॥५॥
घुरुहुरइ को वि णिद्दाएँ भुत्तु । को वि गब्भन्तरेँ णरु णाइँ सुत्तु ॥६॥
एत्थन्तरेँ किक्किन्धाहिवेण । पडिबोहणत्थु पमुक्कु तेण ॥७॥
उम्मोहिउ उट्ठिउ बलु तुरन्तु । 'कहिँ कुम्भयण्णु वलु वलु' भणन्तु ॥८॥

घत्ता

सवडम्मुहउ पुणु वि पडीवउ धावियउ ।
णं उवहि-जलु महि रेल्लन्तु पराइयउ ॥९॥

[६]

पर-बलु णिएवि रणेँ उत्थरन्तु । लङ्काहिवेण थरथरहरन्तु ॥१॥
करेँ कड्ढिउ णिम्मलु चन्दहासु । उग्गमिउ णाइँ दिणयर-सहासु ॥२॥
रिउ-साहणेँ भिडइ ण भिडइ जाम सोण्डीर वीर णर तिण्णि ताम्व ॥३॥
इन्दइ-घणवाहण-वज्जणक्क सिर-णमिय-कियञ्जलि-हत्थ थक्क ॥४॥
'अम्हेँहिँ जीवन्तेँहिँ किङ्करेहिँ तुहुँ अप्पणु पहरहि किं करेहिँ' ॥५॥
सामिउ सम्माणेँवि बद्ध-कोह तिण्णि मि समरङ्गणेँ भिडिय जोह ॥६॥
चण्डोअर-तणयहोँ वज्जणक्कु वणवाहणु भामण्डलहोँ थक्कु ॥७॥
इन्दइ सुग्गीवहोँ समुहु वलिउ णं मेरु महोअहि महहुँ चलिउ ॥८॥

घत्ता

णरु णरवरहोँ तुरयहोँ तुरउ समावडिउ ।
रहु रहवरहोँ गयहोँ महग्गउ अब्भिडउ ॥९॥

[७]

सञ्जुएँ जय-लच्छि-पसाहणेण । तिहुअणकण्टय-गय-वाहणेण ॥१॥
हक्कारिउ सुरवइ-मद्दणेण । सुग्गीउ दसाणण-णन्दणेण ॥२॥
'खल खुद्द पिसुण कइ-केउ राय । लङ्काहिव-केरा कुद्ध पाय ॥३॥

कोई घूम रहा था, किसीका शरीर मुड़ रहा था, किसीके हाथसे किवाड़ छूटा जा रहा था। नींद आनेके कारण, कोई घुर्रा रहा था। कोई ऐसे सो रहा था, मानो गर्भके भीतर हो। तब इसी अन्तरालमें किष्किन्धाराजने प्रतिबोधन अस्त्र छोड़ा। तुरन्त, सेना जागकर उठ खड़ी हुई। वह चिल्ला उठी, 'कुम्भकर्ण कहाँ है, कुम्भकर्ण कहाँ है?' सेना सामने मुखकर उसकी ओर दौड़ी, मानो समुद्रका जल धरतीपर रेंगता हुआ, चला जा रहा हो ॥१-९॥

[६] जब लंकाराज रावणने देखा कि युद्धमें शत्रुसेना उछल-कूद मचाती हुई चली आ रही है तो उसने अपनी थरथराती हुई निर्मल चन्द्रहास तलवार निकाल ली, उस समय ऐसा लगा मानो हजारों सूर्योंका उदय हो गया हो। वह शत्रुसेनासे भिड़ता न भिड़ता कि इतनेमें तीन प्रचण्ड वीर, उसके सम्मुख आये। ये थे इन्द्रजीत, मेघवाहन और वज्रकर्ण। वे प्रणामके अनन्तर हाथ जोड़कर खड़े हो गये। उन्होंने निवेदन किया, "हम लोगोंके जीते-जी, क्या आप अपने हाथोंसे आक्रमण करेंगे।" इस प्रकार अपने स्वामीका सम्मान कर, क्रुद्ध होकर वे तीनों योद्धाओंसे भिड़ गये। चन्द्रोदरके पुत्रसे वज्रकर्ण, और भामण्डलसे मेघवाहन। सुग्रीवके सन्मुख इन्द्रजीत इस प्रकार आया, मानो मन्थनके लिए मेरुपर्वत समुद्रके सम्मुख आ गया हो। पुरुषोंकी पुरुषों से, और अश्वोंकी अश्वोंसे भिड़न्त होने लगी। रथोंसे रथवर, और गजोंसे महागजों की ॥१-६॥

[७] संग्राममें विजयलक्ष्मीका शृंगार करनेवाले, दशाननके पुत्र इन्द्रजीतने सुग्रीवको ललकार दी। वह त्रिभुवनकंटक हाथी-पर सवार था, और उसने इन्द्रको दबोचा था। उसने कहा,

जिह रावणु मेल्लॅवि धरिउ रामु । तिह पहरु पहरु तउ लुहमि णामु'॥४
तं णिसुणॅवि किक्किन्धेसरेण । विज्जाहर-णर-परमेसरेण ॥५॥
णिब्भच्छिउ इन्दइ 'अरॅ कु-मल्ल । को तुहुँ को रावणु कवणु(?)बोल्ल'॥६
दोच्छन्त परोप्परु भिडिय बे वि । सु-पणामइँ चावइँ करॅहिं लेवि ॥७॥
दीहर-णारायॅहिं उत्थरन्त । णं पलय-जलय णव-जलु मुअन्त॥८॥

घत्ता

विहिं मि जणॅहिं छाइउ गयणु महासरॅहिं ।
णव-गज्जिणॅहिं पाउस-कालॅ व जलहरॅहिं ॥९॥

[८]

दुद्दम-दणुवइ-दारण-समत्थु । इन्दइणामेल्लिउ वारुणत्थु ॥१॥
अत्थक्कएँ सुर-धणु पायडन्तु । गज्जन्त-जलउ तडि-तडयडन्तु ॥२॥
अणवरउ णीर-धारउ मुअन्तु । अहिणव-कलाव-केक्कार-देन्तु ॥३॥
तं पेक्खॅवि तारावइ पलित्तु । धूमद्धउ णं मारुऍण छित्तु ॥४॥
वायव-सरु सुग्गीवेण मुक्कु । णं पलय-कालु पर-बलहों ढुक्कु ॥५॥
वाओलि धूलि पाहण मुअन्तु । धय-छत्तदण्ड-दण्डुद्धुवन्तु ॥६॥
दुग्घोट्ट-थट्ट लोट्टन्तु सव्व । मोडन्तु महारह अतुल-गव्व ॥७॥
दुव्वाउ आउ जं बल-विणासु । तेण वि आमेल्लिउ णाग-वासु ॥८॥

घत्ता

सुग्गीउ रणॅ वेढिउ पवर-सरेण किह ।
बलवन्तऍण णाणावरणें जीउ जिह ॥९॥

"खल, नीच, और दुष्ट कपिराज सुग्रीव, तुम सचमुच लंका-नरेशके लिए पाप हो! तुमने जो रावणको छोड़कर रामका पक्ष लिया है, तो लो करो प्रहार, मैं तुम्हारे नाम तककी रेखा नहीं रहने दूँगा।" यह सुनकर, विद्याधरोंके स्वामी सुग्रीवने इन्द्रजीतको फटकारा "अरे कुमल्ल, क्या तुम हो और क्या रावण! इस तरह बोलकर आखिर क्या पाओगे।" इस प्रकार एक दूसरेको डाँट कर वे आपसमें भिड़ गये। उन्होंने अपने प्रसिद्ध धनुष हाथमें ले लिये। अपने लम्वे-लम्वे तीरों से, वे ऐसे उछल रहे थे मानो प्रलयके मेघ अपने नवजलकी वर्षा कर रहे हों। उन दोनों योद्धाओंने तीरोंसे आकाशको ढक दिया, ठीक उसी प्रकार, जिस प्रकार, नये मेघ वर्षाकालमें ढक देते हैं ॥१-९॥

[८] दुर्दम निशाचरोंका दमन करनेमें समर्थ इन्द्रजीतने अपना मेघबाण छोड़ा। सहसा, इन्द्रधनुष प्रगट हो गया, मेघ गरजने लगे, बिजली कड़कने लगी, अनवरत वर्षा हो रही थी, नये मोरोंकी ध्वनि सुनाई दे रही थी।' यह देखकर तारापति सुग्रीव भड़क उठा, उसने अपना वायव बाण छोड़ा, मानो पवनने स्वयं धूमध्वज छोड़ा हो, या मानो प्रलयकाल ही निशाचर सेनाके निकट पहुँच गया हो। हवाका बवण्डर, धूल, पत्थर, उससे बरस रहा था। ध्वज, छत्रदण्ड और दण्ड टूट-फूट रहे थे। गजघटा लोटपोट होने लगी। अतुलनीय गर्ववाले बड़े-बड़े रथ, लोटपोट होने लगे। इसी बीचमें दुर्वात आया, और उसने सेनाका नाश करनेवाला नागपाश फेंका। उस बड़े तीरसे सुग्रीव इस प्रकार घिर गया, मानो प्रबल ज्ञानावरण कर्मसे जीव घिर गया हो ॥१-९॥

[९]

किक्किन्ध-णराहिउ धरिउ जाम । घणवाहण-भामण्डलहुँ ताम ॥१॥
अब्भिट्टु परोप्परु जुज्झु घोरु । सरि-सोत्त-सउत्तर-पहर-थोरु ॥२॥
छिज्जन्त-महग्गय-गरुअ-गत्तु । णिवडन्त-समुद्धय-धवल-छत्तु ॥३॥
लोट्टन्त-महारह-हय-रहङ्गु । घुम्मन्त-पडन्त-महातुरङ्गु ॥४॥
फुट्टन्त-कवड तुट्टन्त-खग्गु । णच्चन्त-कवन्धय-असि-करग्गु ॥५॥
आयामेँवि रणेँ रोसिय-मणेण । अग्गेउ मुक्कु घणवाहणेण ॥६॥
आमेल्लिउ आइउ धगधगन्तु । अङ्गार-वरिसु णहेँ दक्खवन्तु ॥७॥
वारुणु विमुक्कु भामण्डलेण । णं गिरिहेँ वज्जु आखण्डलेण ॥८॥
उल्हाविउ जलणु जलेण जं जेँ । सरु णाग पासु पम्मुक्कु तं जेँ ॥९॥

घत्ता

पुप्फवइ-सुउ दीहर-पवर-महासरेँहिँ ।
परिवेढियउ मलयधरेन्दु व विसहरेँहिँ ॥१०॥

[१०]

जं जिउ तारावइ पवर-भुउ । अण्णु वि भामण्डलु जणय-सुउ ॥१॥
तं भग्गु असेसु वि राम-बलु । णं पवण-गलत्थिउ उवहि-जलु ॥२॥
एत्तहेँ वि ताम समावडिय । मरुणन्दण-कुम्भयण्ण भिडिय ॥३॥
पहरन्तहुँ वइरि-वियारणइँ । णिट्टियइँ अणेयइँ पहरणइँ ॥४॥
पुणु बाहाउद्धें लग्ग किह । उद्दण्ड-सोण्ड वेयण्ड जिह ॥५॥
हणुवन्तु लइउ रयणीयरेँण । णं मेरु-महागिरि जिणवरेँण ॥६॥
चरणेहिँ धरेँवि उच्चाइयउ । णं गिरि-सिहरेण चडावियउ ॥७॥
पुणु लङ्का-णयरिहिँ उच्चलिउ । तारा-तणएण ताम खलिउ ॥८॥

[९] इस प्रकार किष्किन्धाराज पकड़ लिया गया, परन्तु मेघवाहन और भामण्डलमें तुमुलयुद्ध होने लगा। वे आपसमें भिड़ गये। उनमें युद्ध उत्तरोत्तर उग्र होता चला गया, उसी-प्रकार, जिस प्रकार नदीका प्रवाह धीरे-धीरे तेज होता जाता है। महागजोंके भारी शरीर छीजने लगे। उद्धत धवल छत्र गिरने लगे। महारथोंके अश्व और पहिये लोट रहे थे। बड़े बड़े अश्व चकराकर गिर रहे थे। कवच फूट रहे थे, तलवारें टूट रही थीं। धड़ नाच रहे थे। उनके हाथोंमें तलवारें थीं। मेघ-वाहन ने, युद्धमें क्रुद्ध होकर आग्नेय बाण छोड़ा। मुक्त होते ही वह एकदम धकधकाता आया, आकाशमें ऐसा लग रहा था मानो अंगारे बरस रहे हों। तब भामण्डलने वारुण अस्त्र छोड़ा, मानो इन्द्रने पर्वतपर अपना वज्र छोड़ दिया हो, जब पानीसे आग्नेय बाणकी जलन शान्त हो गयी, तो मेघवाहनने अपना नागबाण छोड़ा। उसके लम्बे विशाल तीरोंसे भामण्डल इस प्रकार घिर गया, मानो साँपोंने मलयपर्वतको घेर लिया हो ॥१-१०॥

[१०] एक तो तारापति विशालबाहु सुग्रीव जीता जा चुका था, अब दूसरे जब जनकसुत भामण्डल भी जीत लिया गया, तो रामकी सेनामें खलबली मच गयी, मानो समुद्रका जल पवन से आन्दोलित हो उठा हो। इसी बीचमें हनुमान् और कुम्भकर्णमें भिडन्त हो गयी। प्रहार करते हुए उनके, शत्रुओंका विदारण करनेवाले अनेक अस्त्र जब नष्ट हो चुके थे तो दोनोंमें बाहुयुद्ध होने लगा। उस समय ऐसा लगा मानो दो प्रचण्ड महागज ही आपसमें लड़ रहे हों। निशाचरने हनुमान्को इस प्रकार पकड़ लिया, मानो जिनवरने सुमेरुपर्वतको उठा लिया हो। उसे पैरोंसे दबोचकर ऐसे उछाल दिया, मानो पहाड़-के शिखरपर उसे चढ़ा दिया हो। कुम्भकर्ण उसे लंका नगरीकी

घत्ता

धुत्तत्तणॆण समर-सएहिँ अहङ्गऍण ।
णीसङ्कु जिह रिउ विवरम्मुहु किउ अङ्गऍण ॥९॥

[११]

जं किउ विवरम्मुहु रणॆं रयणियरु । तं लग्गु हसेवऍं सुर-णियरु ॥१॥
रावण-अन्तेउरु लज्जियउ । थिउ वङ्क-वयणु दिहि-वज्जियउ ॥२॥
सन्थवइ जाम्व णिय-परिहणउ। मारुइ विमाणु गउ अप्पणउ ॥३॥
तहिँ अवसरॆं मउ-मञ्जण-मणॆण । जयकारिउ रामु विहीसणेण ॥४॥
'मइँ देवें भिडन्तउ पेक्खु रणॆं । जिह जलणु जलन्तउ सुक्क-वणॆं ॥५॥
जइ मइलमि वयणु ण पर-बलहों। तो पइसमि धूमद्धऍं सलहों' ॥६॥
गलगज्जॆवि एम णिसायरॆंण । किउ करॆं कोवण्डु अ-कायरेण ॥७॥
सण्णाहु लइउ रहवरॆं चडिउ । रावण-णन्दणहों गम्पि भिडिउ ॥८॥
हक्कारइ पहरइ णिन्दइ वि । पणवइ वणवाहणु इन्दइ वि ॥९॥
'तुहुँ अम्हहँ वन्दण-जोग्गु किह । तिहिँ सञ्झहिँ परम-जिणिन्दु जिह॥१०

घत्ता

जो जणण-समु तहों किं पावें चिन्तिऍण ।'
किर कवणु जसु जुज्झन्तहुँ सहुँ पित्तिऍण' ॥११॥

[१२]

रणु पित्तिएण सहुँ परिहरॆवि । विण्णि वि कुमार गय ओसरॆवि ॥१॥
एक्कें भामण्डलु धरॆवि णिउ । अण्णेक्कें तारा-पाणपिउ ॥२॥
कुढें लग्गॆवि को वि ण सक्कियउ। अम्बरॆं अमरॆहिँ कलयलु कियउ ॥३॥

ओर ले चला। यह देखकर, ताराका पुत्र अंगद भड़क उठा। सैकड़ों युद्धोंमें अजेय अंगदने अपने कौशल से, अनासक्तकी भाँति, शत्रुको वस्त्रहीन कर दिया ॥१-१०॥

[११] जब युद्धमें कुम्भकर्ण नंगा हो गया, तो देवताओंका समूह, उसे देखकर मजाक करने लगा। रावण भी अन्तःपुरमें लाजमें गड़ गया। आँख बचाकर उसने मुख टेढ़ा कर लिया। कुम्भकर्ण अपने वस्त्र ठीक कर ही रहा था कि हनुमान् छूटकर अपने विमानमें पहुँच गया। इस अवसर पर योद्धाको मारनेकी साध रखनेवाले विभीषणने रामकी जय बोली और कहा, "हे देव, मुझे युद्धमें लड़ते हुए आप देखना। मैं उसी प्रकार लड़ूँगा जिस प्रकार सूखे वनमें आग जलती है! यदि मैंने शत्रुसेनाके मुखपर कालिख नहीं पोती, तो मैं आगमें प्रवेश करूंगा!" इस प्रकार घोषणा कर, निशाचरराज वीर विभीषणने धनुष अपने हाथमें ले लिया। सन्नद्ध होकर वह रथमें बैठ गया, और जाकर रावणके पुत्रसे भिड़ गया। वह ललकारता, आक्रमण करता, उनकी निन्दा करता। मेघवाहन और इन्द्रजीत उसे प्रणाम कर रहे थे, उन्होंने कहा, "आप हमारे लिए उसी प्रकार प्रणाम करने योग्य हैं, जिस प्रकार तीनों संध्याओंमें परमजिन बन्दना करने योग्य हैं। जो पिताके समान हो, उसके विषयमें अशुभ सोचना पाप है। आप ही बताइए, कि चाचाके साथ लड़नेमें कौन-सा यश मिलेगा ॥१-११॥

[१२] इस प्रकार अपने चाचाके साथ उन्होंने युद्ध नहीं किया, दोनों कुमार वहाँ से हटकर चले गये। एक तो भामण्डलको पकड़कर ले गया, और दूसरा ताराके प्राणप्रिय सुग्रीवको! कोई भी उन दोनोंका पीछा नहीं कर सका। आकाशमें देवताओंमें

तहिँ अवसरेँ आसङ्किय-मणेँण । वुच्चइ बलएउ विहीसणेण ॥४॥
'जइ विण्णि वि णिय णरवइ पवर । तो ण वि हउँ ण वि तुहुँ ण वि इयर ॥५
ण वि हय ण वि गय रहवरेँहिँ सहुँ । जं जाणहि तं चिन्तवहि लहु' ॥६॥
तं णिसुणेँवि वूढ-महाहवेँण । महकोयणु चिन्तिउ राहवेण ॥७॥
उवसग्ग-हरणेँ विण्णि मि जणाहुँ । कुलभूसण-देसविहूसणाहुँ ॥८॥

घत्ता

परितुट्ठएँण विज्जउ जिह वर-गेहिणिउ ।
जं(?)दिण्णियउ गरुड-मिगाहिव-वाहिणिउ ॥९॥

[१२]

सो गरुडु देउ झाइउ मणेँण । थरहरिउ णवर सहुँ आसणेँण ॥१॥
किर अवहि पउञ्जेँवि सङ्कियउ । 'लइ वुज्झिउ रामेँ चिन्तियउ' ॥२॥
पुणु चिन्तेँवि देउ समुट्ठियउ । लहु विज्जउ लेप्पिणु पट्ठविउ ॥३॥
हरिवाहणि सत्त-सएँहिँ सहिय । गारुडु ताहेँ वि ति-सएँहिँ अहिय॥४॥
वे छत्तइँ ससि-सूर-प्पहइँ । रयणाइँ तिण्णि रणेँ दूसहइँ ॥५॥
गय विज्ज पत्त णारायणहोँ । हल-मुसलइँ सीर-प्पहरणहोँ ॥६॥
चिन्तिय-मेत्तइँ सम्पाइयइँ । मुक्कइँ पर-वलहोँ पधाइयइँ ॥७॥
तहेँ गारुड-विज्जहेँ दंसणेँण । गय णाग-पास णासेँवि खणेँण ॥८॥

घत्ता

भामण्डलेँण सुग्गीवेण वि गम्पि वलु ।
जोक्कारियउ लाएँवि सिरेँ स इँ भु व-जुवलु ॥९॥

कोलाहल होने लगा ! उस अवसरपर, शंकासे भरकर, विभीषण-ने रामसे कहा, "यदि ये दोनों वीर इस प्रकार चले गये, तो न मैं बचूँगा, न आप, और न दूसरे लोग। रथोंके साथ, न अश्व होंगे और न गज। आप जो ठीक समझें पहले उसका विचार करें। यह सुनकर, बड़े-बड़े योद्धाओंका निर्वाह करनेवाले राम ने मदलोचन व्यन्तरदेवको याद किया। यह व्यन्तरदेव, कुलभूषण, देशभूषण महाराजका उपसर्ग दूर करते समय रामसे मिला था। सन्तुष्ट होकर, उस व्यन्तरदेव ने इन्हें, सुन्दर गृहिणीकी भाँति दो विद्याएँ दी, एक गरुड़वाहिनी और दूसरी सिंहवाहिनी ॥१-९॥

[१३] रामने उस गरुड़का ध्यान किया। एकदम उसका आसन काँप गया। उसने अवधिज्ञानसे जान लिया, कि रामने उसकी याद की है। यह सोचकर वह उठा और शीघ्र ही विद्याओंको लेकर भेज दिया। सिंहवाहिनी विद्याके साथ सातसौ सिंह थे और गारुड़ विद्याके साथ तीनसौ साँप थे। सूर्य और चन्द्रमाकी कान्तिके समान उनके दो छत्र थे। तथा युद्धमें असह्य तीन रत्न भी उनके पास थे। वे दोनों शीघ्र ही रामके पास पहुँच गयीं। हल और मूसलकी भाँति ! ये विद्याएँ उन्हें चिन्तन करते ही प्राप्त हुई थीं और छोड़ते ही शत्रुओंके ऊपर दौड़ पड़ीं। गारुड़ विद्याको देखते ही, नागपाशके एक क्षणमें टुकड़े-टुकड़े हो गये। तब भामण्डल और सुग्रीव अपनी सेनामें वापस आ गये ! लोगोंने हाथ माथेसे लगाकर जय-जय शब्दके साथ, उनका अभिवादन किया ॥१-९॥

०

[६६. छासट्ठिमो संधि]

जुज्झण-मणाइँ अरुणुग्गमें किय-कलयलइँ ।
अब्भिट्टाइँ पुणु वि राम-रावण-वलइँ ॥

[१]

गयवर-तुरय-जोह-रह-सीह-विमाण-पवाहणाइं ।
रण-तूरइँ हयाइँ किउ कलयलु भिडियइँ साहणाइं ॥ ॥

जाउ महाहवु वेहाविद्धहुँ । वलहुँ णिसायर-वाणर-चिन्धहुँ ॥२॥
दणु-विणिवारण-पहरण-हत्थहुँ । अमर-वरङ्गण-गहण-समत्थहुँ ॥३॥
परिओसाविय- सुरवर-सत्थहुँ । वड्डिय जयसिरि-विक्कम-पन्थहुँ ॥४॥
गलगज्जन्त-मत्त-मायङ्गहुँ । पवण-गमण-पक्खरिय-तुरङ्गहुँ ॥५॥
दप्पुब्भडहुँ समुण्णय-माणहुँ । घण्टा-घण-टङ्कार-विमाणहुँ ॥६॥
सगुड-सणाहहुँ सन्दण-वीढहुँ । पुव्व-वइर-मच्छर-परिगीढहुँ ॥७॥
उद्धुव-धवल-छत्त-धय-दण्डहुँ । पवर-करप्फालिय-कोवण्डहुँ ॥८॥
मेल्लिय-एक्कमेक्क-सर-जालहुँ । तिक्खुग्गामिय-कर-करवालहुँ ॥९॥

घत्ता

भिडेँ पढमयरेँ रउ चलणाहउ लइय-छलु ।
णं उत्थियउ सुअण-मुहइँ मइलन्तु खलु ॥१०॥

[२]

खुर-खर-छज्जमाणु णं णासइ भइयएँ हयवराहुं ।
णं आइउ णिवारओ णं हक्कारउ सुरवराहुं ॥१॥

छियासठवीं सन्धि

सूर्योदय होते ही युद्धके लिए आतुर दोनों सेनाओंमें कोला-हल होने लगा। राम और रावण को सेनाएँ फिरसे भिड़ गयीं।

[१] उत्तम हाथी, अश्व, योद्धा, रथ, सिंह, विमान और दूसरे वाहन चल पड़े। युद्धके नगाड़े बज उठे। कोलाहल होने लगा। सेनाएँ आपसमें भिड़ गयीं। क्रोधसे अभिभूत निशाचर और वानर-सेनाओंमें महायुद्ध प्रारम्भ हो गया। दोनोंके हाथमें निशाचर संहारक अस्त्र थे। दोनों ही सेनाएँ अमरांग-नाओंको ग्रहण करनेमें समर्थ थीं। दोनों ही सेनाएँ देवसमूहको सन्तुष्ट कर चुकी थीं। दोनोंने वीरता और जयश्री को पानेका मार्ग प्रशस्त किया था। दोनों ओर मतवाले हाथी गरज रहे थे। और पवनकी चालवाले अश्व कवच पहने हुए थे। दोनों सेनाएँ गर्वसे उद्धत थीं। उनके हौसले ऊँचे थे। विमान घण्टों की ध्वनियोंसे गूँज रहे थे। दोनों सेनाएँ रासयुक्त रथोंकी पीठों पर आसीन थीं। दोनों पूर्व वैर और ईर्ष्यासे भरी हुई थीं। दोनोंके पास ऊँचे सफेद छत्र और ध्वजदण्ड थे। सैनिक अपने विशाल बाहुदण्डोंसे धनुष की टंकार कर एक दूसरे पर तीरोंकी बौछार कर रहे थे। उनके हाथोंमें तीखी और पैनी तलवारें थीं। पहली ही भिड़न्तमें चरणोंसे आहत धूल इस प्रकार उठी, मानो सज्जनका मुख मैला करनेके लिए, कोई खल जन ही उठा हो ॥१-१०॥

[२] खुरोंसे खोदी हुई धूल, मानो महाश्वोंके डरसे नष्ट हो रही थी। वहाँसे हटायी जाने पर, मानो वह देवताओंसे पुकार

णं पाय-पहारहों ओसरेंवि । धाइउ णिय-परिहउ सम्भरेंवि ॥२॥
णं दुज्जणु सीस-वलग्गु किउ णं उत्तमु सव्वहुँ उअरि थिउ ॥३॥
सो ण वि रहु जेत्थु ण पइसरिउ । सो ण वि गउ जो ण वि धूसरिउ ॥४॥
सो ण वि हउ जो ण वि मइलियउ । सो ण वि धउ जो ण वि कवलियउ ।५
जउ रमइ दिट्ठि तउ रय-णियरु । णउ णावइ मणुसु ण रयणियरु ॥६॥
तेत्तहें वि के वि धावन्ति भड । जेत्तहें गलगज्जइ हत्थि-हड ॥७॥
जेत्तहें सन्दण दणु-भीसियइँ । सुव्वन्ति तुरङ्गम-हिंसियइँ ॥८॥
जेत्तहें धणुहर गुण-गहिय-सर । जेत्तहें हुङ्कार सुअन्ति णर ॥९॥

घत्ता

तेहएँ समरें सूराह मि मज्जन्ति मइ ।
गय-गिरिवरें हिं ताम समुट्ठिय रुहिर-णइ ॥१०॥

[३]

गयवर-गण्ड-सेल-सिहरग्ग-विणिग्गय णइ तुरन्ति ।
उद्धुव-धवल छत्त डिण्डीरुप्पील-समुव्वहन्ति ॥१॥

पवरोज्झर-सोणिय-जल-पवाह । करि-मयर-तुरङ्गम-णक्क-गाह ॥२॥
चक्कोहर-सन्दण सुंसुमार । करवाल-मच्छ-परिहच्छ-वार ॥३॥
मत्तेभ-कुम्भ-भीसण-सिलोह । सिय-चमर-वलाया-पन्ति-सोह ॥४॥
तं णइ तरेवि कें वि वावरन्ति । वुड्डन्ति के वि कें वि उव्वरन्ति ॥५॥
कें वि रय-धूसर कें वि रुहिर-लित्त । कें वि हत्थि-हडएँ विहुणेवि घित्त ॥६॥
कें वि लग्ग पडीवा दन्त-मुसलें । णं धुत्त विलासिणि-सिहिण-जुअलें॥७

करने जा रही हो! मानो पैरोंसे आहत होकर अपने अपमान-की याद कर दौड़ी जा रही हो, मानो दुर्जनके सिरसे लगने जा रही हो, मानो इतनी उत्तम थी कि सबके ऊपर जाकर स्थित हो गयी। ऐसी एक भी चीज नहीं थी कि जहाँ धूल न फैली हो, ऐसा एक भी हाथी नहीं था जो धूलधूसरित न हुआ हो, वह था ही नहीं, जो मैला न हुआ हो। एक भी ध्वज नहीं था जो धूलभरा न हुआ हो, जहाँ भी दृष्टि जाती वहाँ धूलका ढेर दिखाई देता। कोई भी दिखाई नहीं देता, न मनुष्य और न निशाचर'। जहाँ भी हाथी गरजते वहीं योद्धा दौड़ जाते। जहाँ भी निशाचरोंसे भरे रथ थे, वहीं अश्वोंकी हिनहिनाहट सुनाई दे रही थी। जहाँ डोरी पर तीर चढ़ाये हुए धनुर्धारी थे और जहाँ मनुष्य हुँकार भर रहे थे। उस महायुद्धमें अच्छे-अच्छे शूर-वीरोंकी भी मति कुण्ठित हो उठती थी। इतनेमें महागज रूपी पहाड़ोंसे रक्तकी नदी बह निकली॥१-१०॥

[२] तुरन्त ही, महागजोंके गण्ड रूपी शैल-शिखरसे रक्तकी नदी बह निकली जिसमें उड़ते हुए धवलछत्र फेनके समूहके समान जान पड़ते थे। बड़े-बड़े निर्झरोंसे रक्त रूपी जल बह रहा था। उसमें हाथी और मगर रूपी ग्राह थे। चक्रधर रथ शिंशुमार थे। उसका जल तलवारकी मछलियोंसे शोभित था। उसमें मतवाले महागजोंकी चट्टानोंका समूह था। सफेद चाँवरों रूपी बगुलोंकी कतार शोभा पा रही थी। कितने ही योद्धा उस नदीको पार कर कुछ हलचल मचाते और कितने ही उसमें डूब कर उबर नहीं पाते। कितने ही धूलधूसरित हो गये और कितने ही खूनसे रंग गये, कितने ही गजघटामें पिस कर गिर पड़े। कोई उलटकर हाथीके दाँतोंसे जा लगा मानो

णं पाय-पहारहों ओसरॅवि । धाइउ णिय-परिहउ सम्भरॅवि ॥२॥
णं दुज्जणु सीस-वलग्गु किउ णं उत्तमु सव्वहुँ उअरि थिउ ॥३॥
सो ण वि रहु जेत्थु ण पइसरिउ । सो ण वि गउ जो ण वि धूसरिउ ॥४॥
सो ण वि हउ जो ण वि मइलियउ । सो ण वि धउ जो ण वि कवलियउ ॥५॥
जउ रमइ दिट्ठि तउ रय-णियरु । णउ णावइ मणुसु ण रयणियरु ॥६॥
तेत्तहें वि के वि धावन्ति भड । जेत्तहें गलगज्जइ हत्थि-हड ॥७॥
जेत्तहें सन्दण दणु-मीसियइँ । सुव्वन्ति तुरङ्गम-हिंसियइँ ॥८॥
जेत्तहें धणुहर गुण-गहिय-सर । जेत्तहें हुङ्कार मुअन्ति णर ॥९॥

घत्ता

तेहएँ समरॅ सूराह मि भज्जन्ति मइ ।
गय-गिरिवरॅहिं ताम समुट्ठिय रुहिर-णइ ॥१०॥

[२]

गयवर-गण्ड-सेल-सिहरग्ग-विणिग्गय णइ तुरन्ति ।
उद्धुव-धवल छत्त डिण्डीरुप्पील-समुव्वहन्ति ॥१॥

पवरोज्झर-सोणिय-जल-पवाह । करि-मयर-तुरङ्गम-णक्क-गाह ॥२॥
चक्कोहर-सन्दण सुंसुमार । करवाल-मच्छ-परिहच्छ-वार ॥३॥
मत्तेभ-कुम्भ-भीसण-सिलोह । सिय-चमर-वलाया-पन्ति-सोह ॥४॥
तं णइ तरेवि कें वि वावरन्ति । वुड्डन्ति के वि कें वि उव्वरन्ति ॥५॥
कें वि रय-धूसर कें वि रुहिर-लित्त । कें वि हत्थि-हडएँ विहुणेवि घित्त ॥६॥
कें वि लग्ग पडीवा दन्त-मुसलें । णं धुत्त विलासिणि-सिहिण-जुअलें ॥७

करने जा रही हो! मानो पैरोंसे आहत होकर अपने अपमान-की याद कर दौड़ी जा रही हो, मानो दुर्जनके सिरसे लगने जा रही हो, मानो इतनी उत्तम थी कि सबके ऊपर जाकर स्थित हो गयी। ऐसी एक भी चीज नहीं थी कि जहाँ धूल न फैली हो, ऐसा एक भी हाथी नहीं था जो धूलधूसरित न हुआ हो, वह था ही नहीं, जो मैला न हुआ हो। एक भी ध्वज नहीं था जो धूलभरा न हुआ हो, जहाँ भी दृष्टि जाती वहाँ धूलका ढेर दिखाई देता। कोई भी दिखाई नहीं देता, न मनुष्य और न निशाचर'। जहाँ भी हाथी गरजते वहीं योद्धा दौड़ जाते। जहाँ भी निशाचरोंसे भरे रथ थे, वहीं अश्वोंकी हिनहिनाहट सुनाई दे रही थी। जहाँ डोरी पर तीर चढ़ाये हुए धनुर्धारी थे और जहाँ मनुष्य हुँकार भर रहे थे। उस महायुद्धमें अच्छे-अच्छे शूर-वीरोंकी भी मति कुण्ठित हो उठती थी। इतनेमें महागज रूपी पहाड़ोंसे रक्तकी नदी बह निकली॥१-१०॥

[३] तुरन्त ही, महागजोंके गण्ड रूपी शैल-शिखरसे रक्तकी नदी बह निकली जिसमें उड़ते हुए धवलछत्र फेनके समूहके समान जान पड़ते थे। बड़े-बड़े निर्झरोंसे रक्त रूपी जल बह रहा था। उसमें हाथी और मगर रूपी ग्राह थे। चक्रधर रथ शिंशुमार थे। उसका जल तलवारकी मछलियोंसे शोभित था। उसमें मतवाले महागजोंकी चट्टानोंका समूह था। सफेद चाँवरों रूपी बगुलोंकी कतार शोभा पा रही थी। कितने ही योद्धा उस नदीको पार कर कुछ हलचल मचाते और कितने ही उसमें डूब कर उबर नहीं पाते। कितने ही धूलधूसरित हो गये और कितने ही खूनसे रंग गये, कितने ही गजघटामें पिस कर गिर पड़े। कोई उलटकर हाथीके दाँतोंसे जा लगा मानो

कँ वि णियय-विमाणहों झम्प देन्ति। णहँ णिवडँवि वइरिहिँ सिरइँ लेन्ति ८
तहिँ तेहएँ रणेँ सोणिय-जलेण। रउ णासिउ सज्जणु जिह खलेण ॥९॥

घत्ता

रावण वलेँण किउ विवरामुहु राम-वलु।
पडिपेल्लियउ णं दुव्वाएं उवहि-जलु ॥१०॥

[४]

णिसियर-पवर-पहर-पडिपेल्लिएँ वलेँ मम्भीस देवि।
हत्थ-पहत्थ-सत्तु सेणावइ थिय णल-णील वे वि ॥१॥

समालग्ग सेण्णे। धय-च्छत्त-वण्णे ॥२॥
जयासावगूढे। विमाणेहिँ वूढे ॥३॥
चलच्चामरोहे। पढुक्कन्त-जोहे ॥४॥
कमुग्गिण्ण-सीहे। णहुप्पील-दीहे ॥५॥
महाहत्थि-सण्डे। समुद्दण्ड-सुण्डे ॥६॥
तुरङ्गोह-सोहे। घणे सन्दणोहे ॥७॥
तहिं ढुक्कमाणे। वले अप्पमाणे ॥८॥
कइन्दद्धएहिं। भिडन्तेहिँ तेहिं ॥९॥
दसासस्स सेण्णं। कयं वाण छण्णं ॥१०॥
ण सो छत्त-दण्डो। अछिण्णो अखण्डो ॥११॥
ण तं सत्तु-चिन्धं। रणे जण्ण विद्धं ॥१२॥
ण सो मत्त-हत्थी। वणो जस्स णत्थी ॥१३॥
ण तं हत्थि-गत्तं। खयं जण्ण पत्तं ॥१४॥

घत्ता

सो णत्थि भडु जो ढुक्कइ सवडम्मुहउ।
सो रहु जँ ण वि जो रणेँ ण किउ परम्मुहउ ॥१५॥

कोई धूर्त विलासिनीके स्तनोंसे जा लगा हो। कोई आकाशमें ही अपने विमानोंसे कूद कर शत्रुओंके सिर काट लेता। इस प्रकार उस भीषण युद्धमें रक्तकी नदीसे धूल शान्त हो गयी। वैसे ही जैसे दुष्ट सज्जन पुरुषसे शान्त हो जायँ। रावणकी सेनाने रामकी सेनाका मुख फेर दिया मानो तूफानी हवाओंने समुद्र जलकी दिशा बदल दी हो ॥१-१०॥

[४] निशाचरोंके प्रबल आघातोंसे पीछे हटायी गयी अपनी सेनाको अभय वचन देकर रामपक्षके नल और नील आकर खड़े हो गये। हस्त और प्रहस्त सेनापति, क्रमशः उनके दो प्रतिद्वन्द्वी थे ? इतनेमें वहाँ अगनित सेना आ पहुँची, उसके पास तरह-तरहके ध्वज और छत्र थे। जयश्री और अश्वोंसे आलिंगित वे दोनों रथमें बैठे हुए थे। चँवर चल रहे थे और योद्धा पहुँच रहे थे। शेर पंजोंके बल खड़े थे और नखोंसे अपना पृष्ठभाग हिला रहे थे। महागजोंका समूह था जिसकी सूँड़ें उठी हुई थीं, जो अश्वोंके समूहसे शोभित था, और जिसमें बहुत-से रथ थे। वे दोनों अपनी सेनामें पहुँचे। वानर ध्वजधारी वे दोनों लड़ने लगे। उन्होंने रावणकी सेनाको अपने बाणोंसे तितर-बितर कर दिया। उसमें एक भी छत्र ऐसा नहीं था जो कटा न हो या जिसके टुकड़े-टुकड़े न हुए हों। शत्रुका एक भी ऐसा चिह्न नहीं था जो युद्धमें साबित बचा हो, ऐसा एक भी मतवाला हाथी नहीं था कि जिसको घाव न लगा हो। ऐसा एक भी हाथी नहीं था कि जिसके शरीर पर भयंकर आघात न हो। एक भी योद्धा ऐसा नहीं था जो सम्मुख पहुँचनेका साहस करता। एक भी रथ ऐसा नहीं था जो कि युद्धमें पराङ्मुख न किया गया हो ॥१-१४॥

[५]

वलेँ मम्मीस देवि रहु वाहिउ ताव दसाणणेणं ।
अहिणव-लच्छि-वहुव-पिण्डत्थण-परिचड्डण मणेणं ॥०॥
अग्गि व तरुवराहँ सीहो व कुञ्जराहं ।
भिडइ ण भिडइ जाम्व णल-णील-णरवराहं ॥१॥
ताम्व विहीसणेण रहु दिण्णु अन्तराले ।
गलगज्जन्त ढुक्क मेह व्व वरिसयाले ॥२॥
भीसण विसहर व्व सद्दूल-वग्घ-चण्डा ।
ओरालन्त मत्त हत्थि व्व गिल्लु गण्डा ॥४॥
वर-णङ्गूल-दीह सीह व णिवद्ध-रोसा ।
अचल महीहर व्व जलहि व्व गरुअ-घोसा ॥५॥
वेण्णि वि पवर-सन्दणा वे वि चाव-हत्था ।
वेण्णि वि रक्खस-द्धया समर-भर-समत्था ॥६॥
वेण्णि वि महिहर व्व ण कयावि चल-सहावा ।
वेण्णि वि सुद्ध-वंस वेण्णि वि महाणुभावा ॥७॥
वेण्णि वि धीर वीर विज्जु व्व वेय-चवला ।
वेण्णि वि वाल-कमल-सोमाल-चलण-जुवला ॥८॥
वेण्णि वि वियड-वच्छ थिर-थोर-वाहु-दण्डा ।
वेण्णि वि चत्त-जीवियासाहवे पचण्डा ॥९॥

घत्ता

तहिँ एक्कु पर एत्तिउ दोसु दसाणणहोँ ।
जं जणय-सुअ खणु वि ण फिट्टइ णिय-मणहोँ ॥१०॥

[६]

अमरिस-कुद्धएण अमर-वरङ्गण-जूरावणेणं ।
णिब्भच्छिउ विहीसणो पढम-भिडन्तें रावणेणं ॥१॥

[५] तब, अपनी सेनाको अभय वचन देकर रावणने अपना रथ आगे बढ़ाया। मानो उसका मन कर रहा था कि मैं अभिनव विजयलक्ष्मीके स्तनोंका मर्दन करूँ। वह इस प्रकार आगे बढ़ा जैसे आग पेड़ों पर, या सिंह हाथियों पर झपटता है। वह, नरश्रेष्ठ नल और नीलसे भिड़ने ही वाला था कि विभीषणने दोनोंके बीचमें अपना रथ अड़ा दिया। वह इस प्रकार रावणके सम्मुख पहुँचा, जिस प्रकार वर्षाकालमें मेघ। दोनों ही सर्पकी भाँति भयंकर, सिंह और बाघकी भाँति प्रचण्ड थे। गरजते हुए मतवाले हाथीके समान उनके मस्तक आर्द्र थे। लम्बी पूँछके सिंहकी भाँति वे रोषसे भरे हुए थे। महीधर की तरह अडिग, और समुद्रकी भाँति उनकी आवाज गम्भीर थी। दोनोंके पास बड़े-बड़े रथ थे। दोनोंके हाथोंमें धनुष थे। दोनोंकी पताकाओं में राक्षस अंकित थे, दोनों ही युद्धका भार उठानेमें समर्थ थे। दोनों ही महीधरकी भाँति किसी भी तरह चलायमान नहीं थे। दोनों ही कुलीन और महानुभाव थे। दोनों धीर वीर थे और बिजलीकी भाँति वेगशील थे। दोनों ही के चरण कमल नव जलजातकी भाँति कोमल थे। दोनों ही के वक्ष विशाल थे। दोनोंके बाहुदण्ड विशाल और प्रचण्ड थे। दोनों ही, जीवनकी आशा छुड़ा देने वाले और युद्धमें प्रचण्ड थे। उन दोनोंमें-से रावणमें केवल यही एक दोष था कि उसके मनसे सीतादेवी एक क्षणके लिए भी दूर नहीं होती थीं ॥१-१०॥

[६] देवांगनाओंको सतानेवाले रावणने क्रोधसे भरकर पहली ही भिड़न्तमें विभीषणको ललकारा, अरे क्षुद्र मूर्ख और

'अरेँ खल दुव्वियड्ढ कुल-फंसण । मइँ लङ्काहिउ मुएँवि विहीसण ॥२॥
चङ्गउ सामिसालु ओलग्गिउ । महि-गोभरु वराउ एक्कङ्गिउ ॥३॥
उद्धुव-पुच्छ-दण्डु णह-दीहरु । केसरि मुएँवि पसंसिउ मिगवरु ॥४॥
सव्वङ्गिउ चामियर-पसाहणु । मेरु मुएवि पसंसिउ पाहणु ॥५॥
तेय-रासि णहसिरि-आलिङ्गणु । भाणु मुएवि धरिउ जोइङ्गणु ॥६॥
जलयर-जलकल्लोल-भयङ्करु । जलहि मुएवि पसंसिउ सरवरु ॥७॥
णरउ धरेँ वि सिव-सासउ वञ्चिउ । जिणु परिहरेँ वि कु-देवउ अञ्चिउ ॥८॥
जासु ण केण वि णावइ णाउँ । सो पइँ गहिउ विहीसण राउँ ॥९॥

घत्ता

वइरिहिँ मिलेँ वि जिह उग्गामिउ खग्गु महु ।
तिह आहयणेँ परिसर साइउ देहि लहु' ॥१०॥

[७]

तं णिसुणेँ वि सोण्डीर-वीर(?)-सन्तावणेणं ।
णिब्भच्छिउ दसाणणो कुइय-मणेण विहीसणेणं ॥१॥

'सच्चउ जँ आसि तुहुँ देव-देव । एवहिँ लहुआरउ कु-मुणि जेव ॥२॥
सच्चउ जि आसि तुहुँ वर-मइन्दु । एवहिँ तुण्णाणणु हरिण-विन्दु ॥३॥
सच्चउ जँ आसि तुहुँ मेरु चण्डु । एवहिँ णिग्गुणु पाहाण-खण्डु ॥४॥
सच्चउ जि आसि रवि तेयवन्तु । एवहिँ जोइङ्गणु जिगिजिगन्तु ॥५॥
सच्चउ जि आसि जलणिहि पहाणु । एवहिँ वट्टहि गोप्पय-समाणु ॥६॥
सच्चउ जि आसि सरु सारविन्दु । एवहिँ पुणु तोय-तुसार-विन्दु ॥७॥

कुलकी फाँस, विभीषण तूने मुझे छोड़कर बहुत अच्छे स्वामीको पसन्द किया है, वह बेचारा भूमि निवासी और अकेला है। तुम, एक पैने और लम्बे नखोंके सिंहको, कि जिसकी पीछे पूँछ उठी हुई है, छोड़कर, एक मामूली हिरनकी प्रशंसा कर रहे हो। सचमुच तुम सोनेके सुमेरु पर्वतको छोड़कर पत्थरको मान्यता दे रहे हो। तेजकी राशि, और आकाश लक्ष्मीका आलिंगन करनेवाले सूर्यको छोड़ दिया है तुमने और ग्रहण किया है जुगनूको। जलचरों और तरंगोंसे शोभित भीषण समुद्रकी जगह तुमने सरोवरको पसन्द किया है। तुम नरक स्वीकार कर, स्वयं ही शाश्वत शिवसे वंचित हो गये। तुमने जिन भगवान्‌को छोड़ दिया और खोटे देवकी पूजा की जिसका कोई नाम तक नहीं जानता, विभीषण, तुम उसकी शरणमें गये। शत्रुसे मिलकर तूने जिस प्रकार, मेरा खम्भा उखाड़ लिया है, उसी प्रकार तू युद्धमें आगे बढ़। मैं भी उसी प्रकार अभी आघात देता हूँ ॥१-१८॥

[७] प्रचण्डतम वीरोंको सतानेवाले विभीषणने गुस्सेमें आकर रावणको जी भर फटकारा। उसने कहा—'सच है कि तुम देवताओंमें भी श्रेष्ठ थे, परन्तु इस समय, खोटे मुनिकी तरह तुच्छ हो। सच है कि तुम कभी एक श्रेष्ठ सिंह थे, परन्तु अब तुम एक दीन हीन आनतमुख हिरन समूह हो। सच है कि किसी समय तुम एक प्रचण्ड मेरु पर्वत थे, परन्तु इस समय एक गुण हीन पहाड़ खण्ड हो। सच है कि किसी समय तेजस्वी सूर्य थे, परन्तु इस समय तुम एक टिमटिमाते जुगनू से अधिक महत्त्व नहीं रखते। एक समय था जब तुम एक प्रमुख समुद्र थे, परन्तु इस समय तो तुम गोखुरके बराबर हो। सच है किसी समय तुम एक श्रेष्ठ सरोवर थे, परन्तु इस समय

सच्चउ जि आसि तुहुँ गन्ध-हत्थि । एवहिँ तउ सरिसउ खरु वि णत्थि ॥८॥
गिरि-समु खण्डिउ चारित्तु जेण । किं कीरइ जीवन्तेण तेण ॥९॥

घत्ता

सच्चउ जँ मइँ तइउ खम्भु उप्पाडियउ ।
लइ एवहिँ मि केत्तहेँ जाहि अ-पाडियउ ॥१०॥

[८]

तं णिसुणेवि वयणु दहवयणेँ अमरिस-कुद्धएणं ।
मेल्लिउ अद्धयन्दु समरङ्गणेँ जय-जस-लुद्धएणं ॥१॥
मुणिवरिन्दो व्व सरु मोक्ख-पय-कङ्खुओ ।
तरु विसोसु व्व अइ-तिक्ख-पय-सङ्खुओ ॥२॥
कव्व-बन्धो व्व बहु-वण्ण-वण्णब्भुओ ।
कुलवहू-चित्त-मग्गो व्व सुद्धुज्जुओ ॥३॥
मुच्चमाणेण कह कह वि णउ भिण्णओ ।
तेण तस्स वि धओ णवर उच्छिण्णओ ॥४॥
रावणेण वि धणु समरेँ दोहाइयं ।
ताम्व तं दन्द-जुज्झं समोहाइयं ॥५॥
भिडिय मन्दोयरी-तणय-णारायणा ।
कुम्भयण्णाणिली राम-घणवाहणा ॥६॥
णील-सीहयडि-दुद्धरिस-वियडोअरा ।
केउ-भामण्डला काम-दिढरह वरा ॥७॥
कालि-वन्दणहरा कन्द-भिण्णञ्जणा ।
सम्भु-णल विग्घ-चन्दोयराणन्दणा ॥८॥
जम्बुमालिन्द धूमक्ख-कुन्दाहिवा ।
भासुरङ्गा मयङ्गय-महोयर णिवा ॥९॥

तो तुम्हारा अस्तित्व, जलकण या तुषारकणसे अधिक नहीं। सच है एक समय तुम गन्धगज थे, परन्तु इस समय तुम्हारे समान गधा भी नहीं है, जिसने पहाड़के समान अपना चरित खण्डित कर लिया, वह जीकर क्या करेगा। यह सच है कि मैंने तुम्हारा खम्भा उखाड़ा है, लो अब देखता हूँ कि तुम विना पड़े कहाँ जाते हो ॥१-१०॥

[८] यह सुनकर रावणको ताव आ गया। जय और यश के लोभी उसने अपना अर्धेन्दु तीर छोड़ा। वह तीर मुनिवरकी तरह मोक्षके लिये लालायित था, वृक्षविशेषकी तरह अत्यन्त तीखे पत्रसे युक्त था, काव्य-बन्धकी तरह, तरह-तरहके वर्णोंसे सहित था, कुलवधूके चित्तकी तरह अजेय था, मुक्त उस तीरने किसी तरह विभीषण को आहत भर नहीं किया। विभीषणने भी रावणके ध्वजको खण्डित कर दिया। तब उसने भी विभीषणके धनुषके दो टुकड़े कर दिये। तब उन्होंने एक दूसरेको, द्वन्द्व युद्धके लिए—सम्बोधित किया। फिर क्या था ? लक्ष्मण मन्दोदरीके पुत्रसे भिड़ गये। कुम्भकर्ण और हनुमान्, राम और मेघवाहन, नील और सिंह तट, दुद्धरिस और विकटोदर, केतु और भामण्डल, काम और दृढ़रथ, कालि और वन्दनगृह, कन्द और भिन्नांजन, शम्भू और नल, विघ्न और चन्द्रोदर पुत्र, जम्बू और मालिन्द, धूम्राक्ष और कुन्दाधिप,

कुमुअ-महकाय सद्दूल-जमघण्टया ।
रम्भ-विहि मालि-सुग्गीव अहिमट्टया ॥१०॥
तार-मारिच्च सारण-सुसेणाहिवा ।
सुअ-पचण्डालि सञ्झच्छ-दहिमुह णिवा ॥११॥

घत्ता

अण्णेक्कहु मि भुअणेक्केक-पहाणाहुँ ।
कें सक्कियउ गण्ण गणेप्पिणु राणाहुँ ॥१२॥

[९]

केण वि को वि दोच्छिओ 'मरु सवडम्मुहु थाहि थाहि' ।
केण वि को वि वुत्तु समरङ्गणेँ 'रहवरु वाहि वाहि' ॥१॥
केण वि को वि महा-सर-जालें । छाइउ जिह सु-कालु दुक्कालें ॥२॥
केण वि को वि भिण्णु वच्छ-त्थलेँ । पडिउ घुलेवि को वि महि-मण्डलेँ ॥३॥
केण वि कहोँ वि सरासणु ताडिउ । णं हेट्टा-मुहु हियवउ पाडिउ ॥४॥
केण वि कहोँ वि कवउ णीवट्टिउ । थलि जिह दस-दिसेहिँ आवट्टिउ ॥५॥
केण वि कहोँ वि महद्धउ पाडिउ । णं मउ माणु मडप्फरु साडिउ ॥६॥
केण वि दन्ति-दन्त उप्पाडिउ । णावइ जसु अप्पणउ ममाडिउ ॥७॥
केण वि झम्प दिण्ण रिउ-रहवरेँ । गरुडें जिह भुअङ्ग-भुवणन्तरेँ ॥८॥
केण वि कहोँ वि सीसु अच्छोडिउ । णं अवराह-रुक्ख-फलु तोडिउ ॥९॥

घत्ता

केण वि समरे दिण्णु विवक्खहोँ हियउ थिरु ।
जीविउ जमहोँ पहरहोँ उरु सामियहोँ सिरु ॥१०॥

[१०]

केण वि कहोँ वि मुक्क पण्णत्ती णरवर-पुज्जणिज्जा ।
केण वि गुलगुलन्ति मायङ्गी केण वि सीह विज्जा ॥१॥

भासुर और अंग, भय, अंगद और महोदर, कुमुद, महाकाय, शार्दूल और यमघंट, रम्भ और विधि, मालि और सुग्रीव आपसमें एक दूसरेसे जाकर भिड़ गये। तार, मारीच, सारन और सुसेन सुत और प्रचण्डाली, संध्याक्ष और दधि-मुख भी आपसमें द्वन्द्वयुद्ध करने लगे। और भी दूसरे राजा जो विश्वमें एकसे एक प्रमुख थे, आपसमें भिड़ गये। इन सब राजाओंकी गिनती भला कौन कर सकता है ॥१-१२॥

[९] एकने दूसरेको ललकारा, "मर मर सम्मुख खड़ा हो।" किसीने किसीसे कहा, "युद्धमें अपना रथ हाँक।" किसीने किसीको अपने महान् तीरोंसे इस प्रकार ढक दिया, मानो दुष्कालने सुकालको ढक दिया हो।" किसीने किसीको वक्षस्थलमें आहत कर दिया। कोई आहत होकर, धरती-मण्डल पर गिर पड़ा। किसीने किसीका धनुष तोड़ दिया, मानो वह स्वयं अधोमुख होकर गिर पड़ा हो।" किसीने किसीका कवच नष्ट कर दिया, और उसे बलिकी तरह दसों दिशाओंमें बखेर दिया। किसीने किसीका महाध्वज फाड़ डाला मानो उसका मद, मान और अहंकार ही नष्ट कर दिया हो, किसीने हाथीके दाँत उखाड़ लिये मानो अपना यश ही घुमा दिया हो। किसीने शत्रुके रथवरमें हलचल मचा दी, ठीक उसी प्रकार जिस प्रकार गरुण नागलोकमें हड़बड़ी मचा देता है। किसीने किसीका सिर इस प्रकार काट दिया, मानो अपराधरूपी वृक्षका फल तोड़ लिया हो, किसीने युद्धमें शत्रुके हृदयको ढाढस बँधाते हुए कहा, "जीवन यमको, वक्ष आघातको और सिर स्वामीको अर्पित करूँगा ॥१-१०॥

[१०] किसीने नरवरोंसे पूजनीय प्रज्ञप्तिविद्या छोड़ी। किसीने गर्जन करती हुई मातंगी विद्या और किसीने सिंहविद्या।

केण वि मेल्लिउ अग्गेउ वाणु । केण वि वारुणु गलगज्जमाणु ॥२॥
केण वि वायउ झडझडझडन्तु । केण वि कुल-पव्वउ धुद्धुवन्तु ॥३॥
केण वि मय-भीसणु कुलिस-दण्डु । किउ महिहरत्थु सय-खण्ड-खण्डु ॥४॥
केण वि आसीविसु णाग-वासु । केण वि गारुडु पण्णय-विणासु ॥५॥
तहिँ तेहएँ रणेँ कमलेक्खणासु । इन्दइणाऽमेल्लिउ लक्खणासु ॥६॥
दुद्दरिसणु भीसणु रयणि-अत्थु । सोण्डीर-वीर-मोहण-समत्थु ॥७॥
कङ्काल-करालु तमाल-वहलु । णच्चन्त-पेय-वेयाल-मुहलु ॥८॥
लक्खणेण पमेल्लिउ दिणयरत्थु । णिसि-तिमिर-पडल-णासण समत्थु॥९॥

घत्ता

दहमुह-सुएँण णाग-वासु पुणु पेसियउ ।
सोँ वि लक्खणेँण गारुड-विज्जएँ तासियउ ॥१०॥

[११]

विरहु करेवि धरिउ दहमुह-णन्दणु णारायणेण ।
तोयदवाहणो वि वलएवेँ विप्फुरियाणणेण ॥१॥
एत्तहेँ वि हणुउ बहु-मच्छरेण । किर आयामिज्जइ णिसियरेण ॥२॥
ताणन्तरेँ रामेँ सरहिँ छिण्णु । जिउ कह वि किलेसें कुम्भयण्णु ॥३॥
पेक्खन्तहोँ तहोँ रावण-वलासु । वन्धेँवि अप्पिउ भामण्डलासु ॥४॥
अवरो वि को वि जो भिडिउ जासु । परमप्पउ व्व सो सिद्ध तासु ॥५॥
एत्तहेँ वि ताव मय-भीसणेण । रावण-धणु छिण्णु विहीसणेण ॥६॥
परियलिएँ-चावेँ सिय-माणणेण । आमेल्लिउ सूलु दसाणणेण ॥७॥
सरवरेँहिँ तं पि अक्खित्तु केम । वलि भुक्खिएहिँ भूएहिँ जेम ॥८॥
रोसिउ दहगीउ वि लइय सत्ति । णावइ दरिसावइ णियय सत्ति ॥९॥

घत्ता

दाहिणएँ करेँ रेहइ कइकसि-णन्दणहोँ ।
सप्पाइय (?) णाइँ मविति जणद्दणहोँ ॥१०॥

किसीने आग्नेय बाण छोड़ा और किसीने गरजता हुआ वारुण बाण। किसीने झरझर करता हुआ वायव्य बाण, किसीने धूधू करता कुलपर्वत, किसीने भयभीषण वज्रदण्ड, फेंका उसने महीधरके सौ टुकड़े कर दिये। किसीने आशीविष नागपाश फेंका। किसीने साँपोंका नाशक गरुड अस्त्र फेंका। उस भयंकर युद्धमें कमल नयन लक्ष्मण पर, इन्द्रजीतने दुर्दर्शनीय भीषण रजनी-शस्त्र छोड़ा, जो प्रचण्ड वीरोंका सम्मोहन करने में समर्थ, कंकालकी तरह भयंकर, अन्धकारसे परिपूर्ण और नाचते हुए प्रेतोंसे मुखर था। तब लक्ष्मणने रातके अन्धकार पटलको नाश करनेमें समर्थ, दिनकर अस्त्र छोड़ दिया। रावणके पुत्रने नागपाश फिरसे फेंका परन्तु लक्ष्मणने गारुड़ विद्यासे उसे नष्ट कर दिया ॥१-१०॥

[११] लक्ष्मणने, रावण पुत्रको रथहीन बनाकर पकड़ लिया। उधर आरक्त मुख रामने मेघवाहनको पकड़ लिया। एक ओर निशाचर, ईर्ष्यासे भर कर हनुमान्‌को व्यस्त किये हुए थे। इसी अन्तरालमें कुम्भकर्ण रामके तीरोंसे बुरी तरह छिन्न-भिन्न हो गया, गनीमत यही समझिए कि किसी प्रकार बच गया। उसके देखते-देखते रावणकी सेना बन्दी बनाकर भामण्डलको सौंप दी गयी। और भी दूसरे जो भी लोग जिस-से लड़े, वह उससे उसी प्रकार जीत गया जिस प्रकार सिद्ध परमपदको जीत लेते हैं। इतनेमें भयभीषण विभीषणने रावण-के धनुषके टुकड़े-टुकड़े कर दिये। धनुषके गिर जानेपर, श्रीके अभिमानी रावणने अपना शूल अस्त्र चला दिया। परन्तु विभीषणने अपने उत्तम तीरोंसे उसे भी उसी प्रकार बिखेर दिया जिस प्रकार भूखे भूत बलिके अन्नको। तब क्रुद्ध होकर, दशाननने अपने हाथमें शक्ति ले ली, मानो वह अपनी शक्तिका

[१२]

जा गज्जन्त-मत्त-मायङ्ग-कुम्भ-णिद्दलण-सीला।
दुद्धर-णरवरिन्द-दणुइन्द-विन्द-विद्दवण-लीला ॥१॥

जा वइरि-णारि-रोवावणिय। रह-तुरय-थट्ट-लोट्टावणिय ॥२॥
जा विज्जु जेम्व भीसावणिय। जम-लोय-पन्थ-दरिसावणिय ॥३॥
जा दिण्णी वालि-तव-च्चरणेँ। धरणेन्दें कविलासुद्धरणेँ ॥४॥
सा सत्ति सत्तु-सन्तासणहों। किर मुअइ ण मुअइ विहीसणहों ॥५॥
तावहिँ खर-दूसण-मद्दणेँण। रहु अन्तरेँ दिण्णु जणद्दणेण ॥६॥
'अरेँ खल जीवन्तु ण जाहि महु। जइ सत्ति सत्ति तो मेल्लि लहु' ॥७॥
तं णिसुणेँवि रयणासव-सुएँण। आमेल्लिय गज्जोल्लिय-भुएँण ॥८॥
विन्धन्तहुँ णल-णीलङ्गयहुँ। अवरहु मि असेसहुँ कइधयहुँ ॥९॥

घत्ता

तो लक्खणहों पडिय उर-त्थलेँ सत्ति किह।
दिहि रावणहों रामहों दुक्खुप्पत्ति जिह ॥१०॥

[१३]

जं पाडिउ कुमारु महिमण्डलेँ तं णीसरिय-णामु।
जिह कुञ्जरेँ मइन्दु तिह समरे सरहसु भिडिउ रामु ॥१॥

रामण-राम-जुज्झु अब्भिट्टउ। सरहसु णिब्भर-पुलय-विसट्टउ ॥२॥
अच्छर-जण-मण-णयणाणन्दहुँ। अप्फालिय-सुर-दुन्दुहि-सद्दहुँ ॥३॥
सन्धिय-सर-वड्डिय-सिङ्गारहुँ। वारवार-जिण-णामुच्चारहुँ ॥४॥

परिचय देना चाह रहा हो। वह शक्ति कैकशीके पुत्र रावणके दाहिने हाथमें ऐसी शोभा पा रही थी मानो लक्ष्मणका भविष्य ही हो ॥१-१०॥

[१२] वह शक्ति, जो गरजते हुए मत्त गजोंके मस्तक फाड़ सकती थी, और जो दुर्द्धर राजाओं, निशाचर राजाओंका दमन कर सकती थी, जो शत्रुओंकी पत्नियोंको रुला सकती थी, जो रथों और गजोंके समूहको लोट-पोट कर सकती थी, जो विजलीकी तरह भयंकर थी और लोगोंको यमपथ दिखा सकती थी। जो बालिके तपश्चरणके समय, कैलासके उठाने पर रावण-को मिली थी। वह शक्ति रावण शत्रुसन्तापक विभीषण पर छोड़ने जा ही रहा था कि लक्ष्मणने अपना रथ, उन दोनोंके बीच, लाकर खड़ा कर दिया। उसने कहा, "अरे दुष्ट, तू मुझसे जीते जी नहीं जा सकता, यदि तुझमें ताकत हो, तो अपनी शक्ति मुझ पर मार" यह सुनकर रत्नाश्रवका वेटा रावण गद्गद हो गया, और अपने पुलकित बाहुसे शक्ति छोड़ दी। उस शक्तिने नील, नल और दूसरे सभी वानर वंशियोंको आहत कर दिया। वही शक्ति लक्ष्मणके वक्षस्थल पर जा लगी, मानो वह रावण-का भाग्य थी, और रामके लिए दुःखकी खान ॥१-१०॥

[१३] जब कुमार इस प्रकार गिर पड़ा, तो उसकी खबर कानों कान पहुँची। जैसे सिंह जंगलमें, गजसे भिड़ता है, उसी प्रकार, राम युद्धमें संलग्न हो गये। इस प्रकार राम और रावणका युद्ध होने लगा। अत्यन्त हर्ष और रोमांचसे भरा हुआ। अप्सराओंके नेत्रोंको आनन्द देने वाले देवताओंकी दुन्दुभिकी ध्वनिको भी, मात देने वाले उन दोनोंमें द्वन्द्व युद्ध होने लगा। बार-बार दोनों सन्धान और स्वरों (सर) के बन्धानसे अपने-आपको सजा रहे थे। बार-बार जिन भगवान्

[१२]

जा गज्जन्त-मत्त-मायङ्ग-कुम्भ-णिद्दलण-सीला।
दुद्धर-णरवरिन्द-दणुइन्द-विन्द-विद्दवण-लीला ॥१॥

जा वइरि-णारि-रोवावणिय। रह-तुरय-थट्ट-लोट्टावणिय ॥२॥
जा विज्जु जेम्व भीसावणिय। जम-लोय-पन्थ-दरिसावणिय ॥३॥
जा दिण्णी वालि-तव-चरणेँ। धरणेन्दें कविलासुद्धरणेँ ॥४॥
सा सत्ति सत्तु-सन्तासणहोँ। किर मुअइ ण मुअइ विहीसणहोँ ॥५॥
तावहिँ खर-दूसण-मद्दणेँण। रहु अन्तरेँ दिण्णु जणद्दणेण ॥६॥
'अरेँ खल जीवन्तु ण जाहि महु। जइ सत्ति सत्ति तो मेल्लि लहु' ॥७॥
तं णिसुणेँवि रयणासव-सुएँण। आमेल्लिय गञ्जोल्लिय-भुएँण ॥८॥
विन्धन्तहुँ णल-णीलङ्गयहुँ। अवरहु मि असेसहुँ कइधयहुँ ॥९॥

घत्ता

तो लक्खणहोँ पडिय उर-त्थलेँ सत्ति किह।
दिहि रावणहोँ रामहोँ दुक्खुप्पत्ति जिह ॥१०॥

[१३]

जं पाडिउ कुमारु महिमण्डलेँ तं णीसरिय-णासु।
जिह कुञ्जरेँ मइन्दु तिह समरे सरहसु भिडिउ रामु ॥१॥

रामण-राम-जुज्झु अब्भिट्टउ। सरहसु णिब्भर-पुलय-विसट्टउ ॥२॥
अच्छर-जण-मण-णयणाणन्दहुँ। अप्फालिय-सुर-दुन्दुहि-सद्दहुँ ॥३॥
सन्धिय-सर-वद्धिय-सिङ्गारहुँ। वारवार-जिण-णामुच्चारहुँ ॥४॥

परिचय देना चाह रहा हो। वह शक्ति कैकशीके पुत्र रावणके दाहिने हाथमें ऐसी शोभा पा रही थी मानो लक्ष्मणका भविष्य ही हो ॥१-१०॥

[१२] वह शक्ति, जो गरजते हुए मत्त गजोंके मस्तक फाड़ सकती थी, और जो दुर्द्धर राजाओं, निशाचर राजाओंका दमन कर सकती थी, जो शत्रुओंकी पत्नियोंको रुला सकती थी, जो रथों और गजोंके समूहको लोट-पोट कर सकती थी, जो बिजलीकी तरह भयंकर थी और लोगोंको यमपथ दिखा सकती थी। जो बालिके तपश्चरणके समय, कैलासके उठाने पर रावणको मिली थी। वह शक्ति रावण शत्रुसन्तापक विभीषण पर छोड़ने जा ही रहा था कि लक्ष्मणने अपना रथ, उन दोनोंके बीच, लाकर खड़ा कर दिया। उसने कहा, "अरे दुष्ट, तू मुझसे जीते जी नहीं जा सकता, यदि तुझमें ताकत हो, तो अपनी शक्ति मुझ पर मार" यह सुनकर रत्नाश्रवका बेटा रावण गद्गद हो गया, और अपने पुलकित बाहुसे शक्ति छोड़ दी। उस शक्तिने नील, नल और दूसरे सभी वानर वंशियोंको आहत कर दिया। वही शक्ति लक्ष्मणके वक्षस्थल पर जा लगी, मानो वह रावणका भाग्य थी, और रामके लिए दुःखकी खान ॥१-१०॥

[१३] जब कुमार इस प्रकार गिर पड़ा, तो उसकी खबर कानों कान पहुँची। जैसे सिंह जंगलमें, गजसे भिड़ता है, उसी प्रकार, राम युद्धमें संलग्न हो गये। इस प्रकार राम और रावणका युद्ध होने लगा। अत्यन्त हर्ष और रोमांचसे भरा हुआ। अप्सराओंके नेत्रोंको आनन्द देने वाले देवताओंकी दुन्दुभिकी ध्वनिको भी, मात देने वाले उन दोनोंमें द्वन्द्व युद्ध होने लगा। बार-बार दोनों सन्धान और स्वरों (सर) के बन्धानसे अपने-आपको सजा रहे थे। बार-बार जिन भगवान्

वाणासणि-सञ्छाइय-गयणहुँ पहरेँ पहरेँ पप्फुल्लिय-वयणहुँ ॥५॥
तो एत्थन्तरेँ गय-सय-थामें । किउ रिउ विरहु छ-वारउ रामें ॥६॥
पहिलउ रहवरु रासह-वाहणु । वीयउ सरहसु सरह-पवाहणु ॥७॥
तइयउ तुङ्ग-तुरङ्गम-चञ्चलु । चउथउ घोरोरालिय-मयगलु ॥८॥
पञ्चमु वर-सद्दूल-णिउत्तउ । छट्ठउ केसरि-सय-सञ्जुत्तउ ॥९॥

घत्ता

किङ्किणि-मुहल चल-वाहण धुव-धवल-धय ।
दुप्पुत्त जिह छ वि रहवर णिप्फल गय (?) ॥१०॥

[६४]

रह छह छह धणूणि छ छत्तइँ चि छिण्णइँ हलहरेण ।
तो वि ण दिण्ण पुट्ठि विज्जाहर-पुर-परमेसरेण ॥१॥
वेण्णि वि अवरोप्परु सामरिस । वेण्णि वि पउरुसेँ साहसेँ सरिस ॥२॥
वेण्णि वि सुर-समर-सएहिँ थिर । वेण्णि वि जिण-णामें णमिय-सिर ॥३॥
वेण्णि वि पहु कइ-णिसियर-धयहुँ । जिह दिस-गय सेस-महग्गयहुँ ॥४॥
जिणइ ण जिज्जइ एक्को वि जणु । गउ ताम दिवायरु अत्थवणु ॥५॥
विणिवारिउ रावणु राहवेँण । 'अन्धारएँ काइँ महाहवेँण ॥६॥
ण वि तुहुँ महुँ ण वि हउँ तुज्झु अरि। लइ णिय-णिय-णिलयहुँ जाहुँ वरि'॥७॥
तं वयणेँ रणु उवसङ्घरेँवि । गउ लङ्काहिउ कलयलु करेँवि ॥८॥
सीराउहो वि परियत्तु तहिँ । सत्तिएँ णिब्भिण्णु कुमारु जहिँ ॥९॥

घत्ता

तं णिएँवि वलु सुरकरि-कर पवरुद्धुएँहिँ ॥
णिवडिउ महिहिँ सिरु पहणन्तु स इं भु एँहिँ ॥१०॥

०

का नाम ले रहे थे। तीरोंकी बौछारसे आसमान भर गया। पहर-पहरमें मुखकमल खिले हुए दिखते थे। इसी अन्तरमें अनेक स्थानोंका भ्रमण करने वाले रामने शत्रुको छह बार रथ-हीन बना दिया। पहला रथ था, जिसमें गधा जुता हुआ था, दूसरे रथमें हर्षोन्मद अष्टापद था। तीसरा रथ ऊँचे अश्वसे चंचल दिखाई दे रहा था, चौथा, भयंकर गर्जना करने वाले हाथियोंसे युक्त था। पाँचवें रथमें उत्तम सिंह जुते हुए थे, और छठेमें सैकड़ों सिंह थे। नूपुरोंसे मुखर, वाहनोंसे चंचल उस निशाचर सेनामें अडिग सफेद पताकाएँ थीं। परन्तु रामने खोटे पुत्रकी भाँति छहों रथवरोंको व्यर्थ सिद्ध कर दिया॥१-१०॥

[१४] इस प्रकार रामने छः रथ, छः धनुष और छः छत्र मिट्टीमें मिला दिये। परन्तु विद्याधरोंके राजा रावणने तब भी पीठ नहीं दिखायी। दोनों एक-दूसरेके प्रति ईर्ष्यासे भरे थे, दोनों ही पौरुष और साहसमें समान थे। दोनों सैकड़ों युद्धोंमें अडिग रह चुके थे। दोनों ही जिननामको नमस्कार करते थे। दोनों ही वानरों और निशाचरोंकी सेनाके स्वामी थे, और दिग्गजोंकी भाँति दूसरे महागजोंके स्वामी थे। वे न एक दूसरे को जीत पा रहे थे और न स्वयं ही जीते जा रहे थे। इसी बीच सूर्यास्त हो गया। तब रामने रावणको मना किया कि अन्धकारमें महायुद्ध कैसे सम्भव होगा। न तो तुम, न मैं, कोई भी दिखाई नहीं देगा। इसलिए योद्धा अपने-अपने घर-को जाँय। यह सुनकर लंका नरेशने युद्ध बन्द कर दिया और कोलाहलके साथ अपने ठिकाने चला गया। श्रीराम उस स्थान पर पहुँचे जहाँ शक्तिसे आहत लक्ष्मण धराशायी थे। लक्ष्मण-को देखकर, गजशुण्डके समान बड़ी-बड़ी बाहुओंवाले, अपने हाथोंसे वे अपना सिर पीट रहे थे॥१-१०॥

[६७. सत्तसट्ठिमो संधि]

लक्खणेँ सत्तिएँ विणिभिण्णएँ लङ्क पइट्ठएँ दहवयणेँ ।
णिय-सेण्णहोँ सुहइँ णियन्तउ रुअइ स-दुक्खउ रामु रणेँ ॥

[१]

भिण्णु कुमारु दसाणण-सत्तिएँ । पर-गन्थु व गमयत्तण-सत्तिएँ ॥१॥
कुकइ व सुकइ-कव्व-सम्पत्तिएँ । कुपुरिस-कण्णो इव पर-तत्तिएँ ॥२॥
सुअणो इव खल-वयण-पउत्तिएँ । पर-समउ व्व जिणागम-जुत्तिएँ ॥३॥
जिण-मग्गो इव केवल-भुत्तिएँ । विसयासत्तु मुणि व्व ति-गुत्तिएँ ॥४॥
सद्दो इव सव्वाएँ विहत्तिएँ । छन्दो इव मणहर-गायत्तिएँ ॥५॥
सेलु व वज्जासणिएँ पडन्तिएँ । विञ्झो इव रेवाएँ वहन्तिएँ ॥६॥
मेहो इव विंज्जुलएँ लवन्तिएँ । जलणिहि व्व गङ्गाएँ मिलन्तिएँ ॥७॥
ताम समर-दंसणु अलहन्तिएँ । णाइँ दिवसु ओसारिउ रत्तिएँ ॥८॥

घत्ता

दहमुह-सिरछेउ ण दिट्ठउ रहुवइ-णन्दणेँ विजउ ण वि ।
सोमित्ति-सोय-सन्तत्तउ णं अत्थवणहोँ ढुक्कु रवि ॥९॥

[२]

दिणयरेँ णह-कुसुमेँ व्व गलीणएँ । दिणेँ णिसि-वइरिएँ व्व वोलीणएँ ॥१॥
सञ्झा रक्खसि(?)व्व अल्लीणएँ । तमेँ मसि-सञ्चए व्व विक्खिण्णएँ ॥२॥
कञ्चुव(?)सयणेँ व सोआउण्णएँ । चक्क-जुवलेँ मिहुणेँ व्व परुण्णएँ ॥३॥
गएँ रावणेँ रण-रहसुब्भिण्णएँ । किय-कलयलेँ जय-तूर-पदिण्णएँ ॥४॥

सड़सठवीं सन्धि

लक्ष्मणकी शक्तिसे आहत होनेपर, रावणने लंकामें प्रवेश किया। इधर राम अपने भाईका मुख देखकर, फूट-फूट कर रोने लगे। रावणकी शक्तिसे लक्ष्मण उसी प्रकार आहत हो गया, जिस प्रकार अध्ययनकी क्षमता द्वारा, दूसरेके द्वारा रचित ग्रन्थ समझमें आ जाता है, जैसे दुष्टकी वचनोक्तियोंसे सज्जन आहत हो उठता है, जैसे जिनशास्त्रकी उक्तियोंसे दूसरे-के सिद्धान्त ग्रन्थ खण्डित हो जाते हैं, जिस प्रकार तीन गुप्तियोंसे विषयासक्त मुनि वशमें कर लिये जाते हैं, जैसे सभी विभक्तियाँ शब्दको अपने प्रभावमें ले लेती हैं, जैसे सुन्दर गायत्री छन्द छन्दोंको अपने प्रभावमें रखता है, जैसे वज्रके गिरनेसे पहाड़ टूट जाता है, जैसे बहती हुई रेवा विन्ध्याचल-को लाँघ जाती है, जैसे बिजली मेघोंमें चमक उठती है और जैसे गंगा नदी समुद्रमें जा मिलती है उसी प्रकार मानो युद्ध-दर्शनसे वंचित दिनको रातने हटा दिया। न उसने रावणका कटा हुआ सिर देखा, और न रघुनन्दनकी विजय ही। लक्ष्मणके वियोगसे दुःखी सूर्य धीरे-धीरे अस्त होने लगा ॥१-६॥

[२] जब आकाशके कुसुमके समान सूर्यका अस्त हो गया और जब रातरूपी दुष्टाने बेचारे दिनका अतिक्रमण कर दिया, तो सन्ध्यारूपी निशाचरी, सब ओर फैल गयी। अन्धकार स्याहीके समूहके साथ बिखर गया। कंचुकी और स्वजन शोकाकुल हो उठे। चक्रवाक पक्षियोंका जोड़ा रो रहा था। युद्धोत्साहसे रोमांचित रावणके चले जाने पर कोलाहल होने

णिसियर-जणवऍ दिहि-सम्पण्णऍं। घरें घरें पुणु सोहलऍ रवण्णऍ ॥५॥
लक्खणें सत्तिऍ हऍ पडिवण्णऍ। थिऍ णिच्चेयणें धरणि-पवण्णऍ ॥६॥
अलिउल-कज्जल-कुवलय-वण्णऍ। सुह-लक्खणें गुण-गण-सम्पण्णऍ ॥७॥
कइधय-साहणें चिन्तावण्णऍ। हरिण-उले व्व सुट्ठु आदण्णऍ ॥८॥

घत्ता

सोमित्ति-सोय-परिणामेंण रहुवइ-णन्दणु मुच्छियउ।
जल-चन्दण-चमरुक्खेवें हिँ दुक्खु-दुक्खु उम्मुच्छियउ ॥९॥

[२]

'हा लक्खण कुमार एक्कोअर। हा महिय उविन्द दामोअर ॥१॥
हा माहव महुमह महुसूअण। हा हरि कण्ह विण्हु णारायण ॥२॥
हा केसव अणन्त लच्छीहर। हा गोविन्द जणद्दण महिहर ॥३॥
हा गम्भीर-महाणइ-रुम्भण। हा सीहोयर-दप्प-णिसुम्भण ॥४॥
हा हा वज्जयण्ण-मम्भीसण। हा कल्लाणमाल-आसासण ॥५॥
हा हा रुद्दभुत्ति-विणिवारण। हा हा वालिखिल्ल-साहारण ॥६॥
हा हा कविल-मरट्ट-विमद्दण। हा वणमाला-णयणाणन्दण ॥७॥
हा अरिदमण-मडप्फर-भञ्जण। हा जियपोम-सोम-मणरञ्जण ॥८॥
हा महरिसि-उवसग्ग-विणासण। हा आरण्ण-हत्थि-सन्तावण ॥९॥
हा करवाल-रयण-उद्दालण। सम्बुकुमार विणास-णिहालण ॥१०॥

लगा। विजयके नगाड़े बज उठे। निशाचरोंकी बस्तियाँ भाग्यसे परिपूर्ण थीं। घर-घरमें सोहर गीत गाये जाने लगे। परन्तु लक्ष्मणकी शक्तिसे आहत होनेपर, वह धरतीपर अचेत होकर गिर पड़ा। वानर-सेना एकदम व्याकुल हो उठी। शुभ लक्षणों-से युक्त वह अपने गुणगणोंसे परिपूर्ण थी। भ्रमर कज्जल और कुवलयके अनुरूप थी। वह हिरन कुलकी तरह अत्यन्त दुःखी थी। लक्ष्मणके शोककी मात्रासे राम मूर्छित हो गये। जल, चन्दन और चमरकी हवासे किसी प्रकार, कठिनाईसे उनकी मूर्छा दूर हुई ॥१–९॥

[३] बलभद्र राम विलाप कर रहे थे, "हे लक्ष्मण कुमार और भाई, हे भद्र, उपेन्द्र, दामोदर, हे माधव कृष्ण मधुसूदन, हरि कृष्ण विष्णु नारायण, केशव अनन्त लक्ष्मीधर, हे गोविन्द जनार्दन महीधर, हे गम्भीर नदीको रोकनेवाले, हे सिंहोदर-के घमण्डको चूर-चूर करनेवाले, हे लक्ष्मण, तुम कहाँ हो? तुमने वज्रकर्णको अभय वचन दिया था। तुम कल्याणमालाके आश्वासन हो, तुमने रुद्रभुक्तिका निवारण किया था। तुमने वालिखिल्यको सहारा दिया था। तुमने कपिलका मानमर्दन किया था। तुम वनमालाके नेत्रोंके लिये आनन्ददायक हो। तुमने अरिदमनके मानको भग्न किया था। तुम जितपद्मा और शोभाके लिए आनन्ददायक थे। अरे तुमने महाऋषिके उपसर्ग-का विनाश किया था, और जंगली हाथीको सतानेवाले हो, अपने तलवार रूपी रत्न का तुम्हींने उद्धार किया था। शम्बु-कुमारके विनाशको तुमने अपनी आँखोंसे देखा है। अरे तुमने खरदूषणके चमड़ेको खूब रगड़ा है। तुमने सुग्रीवके मनोरथको पूरा किया है। अरे तुमने कोटिशिला उठायी थी। और तुमने समुद्रावर्त धनुष अपने हाथसे चढ़ा दिया था। विलाप करते

हा खर-दूसण-चमु-मुसुमूरण । हा सुग्गीव-मणोहर-पूरण ॥११॥
हा हा कोडिसिला-सञ्चालण । हा मयरहरावत्तप्फालण ॥१२॥

घत्ता

कहिँ तुहुँ कहिँ हउँ कहिँ पिययम कहिँ जणेरि कहिँ जणणु गउ ।
हय-विहि विच्छोउ करेप्पिणु कवण मणोरह पुण्ण तउ' ॥१३॥

[४]

हरि-गुण सम्भरन्तु विद्दाणउ । रुवइ स-दुक्खउ राहव-राणउ ॥१॥
'वरि पहरिउ पर-णरवर-चक्कएँ । वरि खय-कालु ढुक्कु अत्थक्कएँ ॥२॥
वरि तं कालकूडु विसु भक्खिउ । वरि जम-सासणु णयणकडक्खिउ ॥३॥
वरि असि-पञ्जरेँ थिउ थोवन्तरु । वरि सेविउ कयन्त-दन्तन्तरु ॥४॥
झम्प दिण्ण वरि जलणेँ जलन्तएँ । वरि वगलामुहेँ भमिउ भमन्तएँ ॥५॥
वरि वज्जासणि सिरेँण पडिच्छिय । वरि ढुक्कन्ति भवित्ति समिच्छिय ॥६॥
वरि विसहिउ जम-महिस-झडक्किउ । भीसण-कालदिट्ठि-अहि-डक्किउ ॥७॥
वरि विसहिउ केसरि-णह-पञ्जरु । वरि जोइउ कलि-कालु सणिच्छरु ॥८॥

घत्ता

वरि दन्ति-दन्त-मुसलग्गेँहिँ विणिभिन्दाविउ अप्पणउ ।
वरि णरय-दुक्खु आयामिउ णउ विओउ भाइहेँ तणउ' ॥९॥

[५]

पकन्दन्तेँ राहवचन्देँ । मुक्क धाह सुग्गीव-णरिन्देँ ॥१॥
मुक्क धाह भामण्डल-राएं । मुक्क धाह पवणञ्जय-जाएं ॥२॥
मुक्क धाह चन्दोयर-पुत्तेँ । अण्णु विहीसणेण दुक्खत्तेँ ॥३॥
मुक्क धाह अङ्गङ्गय-वीरेँहिँ । तार-सुसेणहिँ रणउहेँ धीरेँहिँ ॥४॥
मुक्क धाह गय-गवय-गवक्खेँहिँ । णन्दण-दुरियविग्घ-वेलक्खेँहिँ ॥५॥

हुए राम कहने लगे, "प्रिय यमने, तुम्हारा और हमारा क्या कुछ नहीं किया। कहाँ तो माता गयी और नहीं मालूम पिता जी कहाँ गये। हे हतभाग्य विधाता, तुम्हीं बताओ इस प्रकार हम भाइयोंका विछोह कराकर, तुम्हें क्या मिला ? तुम्हारी कौन-सी कामना पूरी हो गयी" ॥१-१३॥

[४] खिन्न राजा राम, लक्ष्मणके गुणोंकी याद कर रोने लगे। वह कह रहे थे, "शत्रुराजाके चक्रसे आहत हो जाना अच्छा ? अच्छा हो शीघ्र ही क्षयकाल आ जाय! अच्छा हो मैं कालकूट विषका पान कर लूँ, अच्छा है कि मैं यमके शासनको अपनी आँखोंसे देख लूँ। अच्छा है थोड़ी देरके लिए मैं अस्थिपञ्जरमें सो लूँ। अच्छा है यमकी दाढ़के भीतर सो जाऊँ, अच्छा है, कोई जलती हुई आगमें धक्का दे दे। अच्छा है घूमते हुए वडवानलमें पड़ जाऊँ! अच्छा है मेरे सिर पर वज्र गिर पड़े, अच्छा है, मन चाही होनहार मेरा काम तमाम कर दे, अच्छा है यममहिषके असह्य चपेटमें आ जाऊँ, अच्छा है भीषण दृष्टिवाला महाकाल रूपी साँप मुझे डस ले। अच्छा है सिंह अपने नखोंसे मुझे आहत कर दे, अच्छा है कलिकालरूपी शनीचरकी नजर मुझ पर पड़ जाय! अच्छा हो मैं खुदको हाथी दाँतोंकी नोंकोंसे टुकड़े-टुकड़े कर डालूँ। अच्छा हो मुझे नरकके दुःख देखने पड़ें, परन्तु भाईका वियोग न हो" ॥१-९॥

[५] राघवचन्द्रके इस प्रकार विलाप करने पर राजा सुग्रीव भी फूट-फूट कर रो उठा। राजा भामण्डल भी मुक्त-कण्ठसे रोया और हनुमान् भी। चन्दोदरपुत्र भी मुक्त स्वरसे रोया और व्याकुल विभीषण भी रोया। अंग और अंगद भी मुक्त कण्ठसे रोये, और युद्धमें धीर तार सुसेन भी रोये। गय, गवय और गवाक्ष भी मुक्त कण्ठसे रोये और नन्दन, दुरित-

मुक्क धाह णल-णील-णरिन्दें हिँ । जम्बव-रम्भ-कुमुय-कुन्देन्दें हिँ ॥६॥
मुक्क धाह माहिन्द-महिन्दें हिँ । दहिमुह-दढरह-सेउ-समुद्दें हिँ ॥७॥
पिहुमइ-मइसायर-मइकन्तें हिँ । मुक्क धाह सव्वें हिँ सामन्तें हिँ ॥८॥

घत्ता

रणेँ रामें कलुणु रुअन्तएँण सन्दीविउ सन्ताव-हवि ।
सो णत्थि कइद्धय-साहणेँ जेण ण मुक्की धाह णवि ॥९॥

[६]

एहावत्थ जाम्व हलहेइहेँ । दुद्दम-दाणविन्द-वल-खेइहेँ ॥१॥
दाणेँ महाहयणेँ हिँ परिछेइहेँ । केण वि कहिउ ताम्व वइदेहिहेँ ॥२॥
उर-णियम्ब-गरुअहेँ किस-देहिहेँ । रामयन्द-मुह-दंसण-णेहिहेँ ॥३॥
'सीऍ सीऍ लइ अच्छइ काइं । सीऍ सीऍ लइ आहरणाइं ॥४॥
सीऍ सीऍ अञ्जहि णयणाइं । सीऍ सीऍ चउ पिय-वयणाइं ॥५॥
सीऍ सीऍ करेँ वद्धावाणउ । वलु लोट्टाविउ सुग्गीवाणउ ॥६॥
लइ दप्पणु जोवहि अप्पाणउ । मुहु परिचुम्बहि दहवयणाणउ ॥७॥

घत्ता

रावण-सत्तिऍ विणिभिण्णउ दुक्करु जिअइ कुमारु रणेँ ।
परिहव-अहिमाण विहूणउ लइ रामु वि मुअउ जेँ गणेँ' ॥८॥

[७]

तं णिसुणेँवि वइदेहि पमुच्छिय । हरियन्दणेँण सित्त उम्मुच्छिय ॥१॥
चेयण लहेँवि रुवन्ति समुट्ठिय । 'हा खल खुद्द पिसुण विहि दुत्थिय॥२॥
लक्खणु मरइ दसाणणु छुट्टइ । हियउ केम तउ उद्धु ण फुट्टइ ॥३॥
छिण्ण-सीस हा दइव दुहावह । कवण तुज्झ किर पुण्ण मणोरह ॥४॥
हा कयन्त तउ कवण सुहच्छी । जं रण्डत्तणु पाविय लच्छी ॥५॥

विघ्न एवं वेलाक्ष भी रोये। नल और नील राजा मुक्त कण्ठ रोये, एवं जम्बु, रम्भ, कुमुद, कुन्द और इन्दु भी रोये। माहेन्द्र और महेन्द्र भी रोये और दधिमुख, दृढ़रथ, सेतु और समुद्र भी रोये। पृथुमति, मतिसागर और मतिकान्त आदि सामन्त भी मुक्त कण्ठसे रोये। युद्धमें रामके रोदनसे सन्तापकी ज्वाला भड़क उठी। वानरकी सेनामें एक भी ऐसा सैनिक नहीं था कि जो मुक्त कण्ठसे न रोया हो ॥१-९॥

[६] दुर्दम दानवों की सेनाका संहार करनेवाले रामकी इस अवस्थाका समाचार, किसीने मानसम्मानसे शून्य अभागिनी सीता देवीको बता दिया। उनके नितम्ब और उर भारी थे, परन्तु शरीर दुबला-पतला था। रामको देखनेकी तीव्र उत्कण्ठा उनके मनमें थी। एकने कहा, "सीतादेवी लो बैठी क्या हो, सीता, लो ये गहने। सीता सीता आँज लो अपनी आँखें। सीता सीता बोलो मीठे वचन। सीता सीता हर्षवधावा करो। सुग्रीवकी सेना हार कर वापस हो गयी। लो यह दर्पण और देखो उसमें अपना चेहरा। और फिर दशवदनका मुख चूम लो। रावणकी शक्तिसे आहत होकर कुमार लक्ष्मण, शायद ही अब जीवित रह सकें। और सम्भवतः पराभवके अपमानसे दुःखी होकर राम भी प्राणोंको तिलाञ्जलि दे दें ॥१-८॥

[७] यह सुनकर, सीता देवी मूर्छित होकर गिर पड़ीं। हरिचन्दनके छिड़कनेपर उनकी मूर्छा दूर हुई। चेतना आते ही, वह रोती हुई उठीं—हे दुष्ट खल और अभागे भाग्य, लक्ष्मणका अन्त हो गया और रावण जीवित है, तुम्हारा हृदय क्यों नहीं टूट-फूट जाता? अभाग्यशील छिन्नमस्तक दैव, इसमें तुम्हारा कौन-सा मनोरथ पूरा होगा? हे कृतान्त तुम्हारी इसमें कौन-सी शोभा है कि एक लक्ष्मी वैधव्यको प्राप्त करेगी।

हा लक्खण पेसणहों णिउत्ती । कहों छड्डिय जय-सिरि कुल-उत्ति ॥६॥
हा लक्खण पइँ विणु महि सुण्णी । धाह मुएवि सरासइ रुण्णी ॥७॥
हा लक्खण कलुएँ पवराहवु । कहों एक्कलउ मेल्लिउ राहउ ॥८॥

घत्ता

णिय-बन्धव-सयण-विहूणिय दुह-भायण परिचत्त-सिय ।
मइँ जेही दुक्खहँ भायण तिहुअणेँ का वि म होज्ज तिय' ॥९॥

[८]

तहिँ अवसरेँ सुर-मिग-सन्तावणु । णिय-सामन्त गवेसइ रावणु ॥१॥
को मुउ को जीवइ को पडियउ । को सङ्गामेँ कासु अब्भिडियउ ॥२॥
को मायङ्ग दन्त-विणिभिण्णउ । को करवाल-पहर-परिछिण्णउ ॥३॥
को णाराय-घाय-जज्जरियउ । को कण्णिय-खुरुप्प-कप्परियउ ॥४॥
केण वि वुत्तु 'भडारा रावण । पवण-कुवेर-वरुण-जूरावण ॥५॥
अज्ज वि कुम्भयण्णु णउ आवइ । तोयदवाहणु सो वि चिरावइ ॥६॥
वत्त ण सुव्वइ इन्दइ-रायहों । सीहणियम्बहों णउ महकायहों ॥७॥
जम्बुमालि जमघण्टु ण दीसइ । एक्कु वि णाहिँ सेण्णेँ किं सीसइ ॥८॥

घत्ता

लइ जेहिँ-जेहिँ वग्गन्तउ ते ते विणिवाइय समरेँ ।
थिउ एवहिँ मूडिय-वक्खउ जं जाणहि तं देव करेँ' ॥९॥

[९]

तं णिसुणेवि दसाणणु हल्लिउ । णं वच्छ-त्थलेँ सूलेँ सल्लिउ ॥१॥
थिउ हेट्ठामुहु रावण-राणउ । हिम-हउ सयवत्तु व विद्दाणउ ॥२॥
रुवइ स-दुक्खउ गग्गर-वयणउ । धाह-मरन्त-णिरन्तर-णयणउ ॥३॥

हे लक्ष्मण, तुम कृतान्तके यहाँ नियुक्त हो गये। कुलपुत्री जय-श्री को तुमने कैसे छोड़ दिया। हे लक्ष्मण, तुम्हारे बिना यह धरती सूनी है। सीता दहाड़ मार कर रोने लगी। हे लक्ष्मण, कल जो एक महान् राजा थे, उन राघवको आज कैसे अकेला छोड़ दिया ? अपने भाई और स्वजनोंसे दूर, दुःखोंकी पात्र सब प्रकारकी शोभा-श्रीसे शून्य मुझ-जैसी दुःखोंकी भाजन इस संसारमें कोई भी स्त्री न हो। ॥१-९॥

[८] ठीक इसी अवसर पर देवताओंको सतानेवाला रावण अपने सामन्तोंकी खोज कर रहा था, कि देखूँ कौन मरा है और कौन जीवित है ? संग्राममें किसकी भिड़न्त किससे हुई। मतवाले हाथियोंके दाँतोंसे कौन विदीर्ण हुआ और कौन तलवारके प्रहारसे आहत हुआ ? कौन तीरोंके आघातसे जर्जर हुआ और कौन कर्णिका और खुरपेसे काटा गया ? इतने में किसी एकने कहा, "आदरणीय रावण, सचमुच आप पवन, कुबेर और वरुणको सतानेवाले हैं ? कुम्भकर्ण आज तक वापस नहीं आया है, और मेघवाहन भी आनेमें देर कर रहा है। इन्द्रजीतके बारेमें भी कोई बात सुनाई नहीं दे रही है ? और न ही महाकाय सिंहनितम्बके बारेमें ? जम्बूमाली और यमघण्ट भी नहीं दिखाई देते। क्या बतायें सेनामें एक भी आदमी दिखाई नहीं देता। जो-जो युद्धमें भिड़ने गये थे वे सब काम आ चुके हैं, अब हमारा पक्ष नष्टप्राय है। आप जैसा ठीक समझें कृपया वैसा करें ॥१-९॥

[९] यह सुनकर रावण इस प्रकार काँप उठा मानो उसके वक्षमें शूल लग गया हो। राजा रावण अपना मुख नीचा करके रह गया। मानो हिमाहत शतदल हो ? गद्गद स्वरमें व्याकुल होकर वह रोने लगा, उसकी आँखोंसे आँसुओंकी

'हा हा कुम्भयण्ण एक्कोअर । हा हा मय मारिच्च महोयर ॥४॥
हा इन्दइ हा तोयदवाहण । हा जमहण्ट अणिट्ठिय-साहण ॥५॥
हा केसरिणियम्ब दणु-दारण । जम्बुमालि हा सुअ हा सारण' ॥६॥
दुक्खु दुक्खु पुणु मण्ड णिवारिउ । सोय-समुद्दहों अप्पउ तारिउ ॥७॥
'तिक्ख-णहहों लङ्गूल-पईहहों । किर केत्तिय सहाय वणें सीहहों ॥८॥

घत्ता

अच्छउ अच्छउ जो अच्छइ तो वि ण अप्पमि जणय-सुअ ।
किह वुच्चमि हउँ एक्कल्लउ जासु सहेज्जा वीस भुअ ॥९॥

[१०]

जो तहिँ सारु कइद्धय-साहणेँ । सो मइँ सत्तिएँ भिण्णु रणङ्गणेँ ॥१॥
एवहिँ एक्कु वहेवउ राहउ । कल्लएँ तहों वि महु वि पवराहउ ॥२॥
कल्लएँ तहों वि महु वि जाणिज्जइ । एक्कमेक्क-णारायहिँ भिज्जइ ॥३॥
कल्लएँ तहों वि महु वि एक्कन्तरु । जिम्व तहों जिम्व महु भग्गु मडप्फरु ॥४॥
कल्लएँ वद्धावणउ तहँक्कहेँ । जिम्व उज्झा-णयरिहेँ जिम्व लङ्कहेँ ॥५॥
कल्लएँ जिम्व मन्दोअरि रोवइ । जिम्व जाणइ अप्पाणउ सोवइ ॥६॥
कल्लएँ णच्चउ गहिय-पसाहणु । जिम्व महु जिम्व तहों केरउ साहणु ॥७॥
कल्लएँ हुअवह-धगधगमाणहों । जिम्व सो जिम्व हउँ ढुक्कु मसाणहों ॥८॥

घत्ता

जिम मइँ जिम्व तेण णिहालिउ खर-दूसण-सम्वुक्क-पहु ।
जिम मइँ जिम्व तेणालिङ्गिय कल्लएँ रणेँ जयलच्छि-वहु ॥९॥

[११]

तो एत्थन्तरेँ राहव-वीरेँ । धीरिउ अप्पउ चरम-सरीरेँ ॥१॥
धीरिउ किक्किन्धाहिव-राणउ । धीरिउ जम्ववन्तु वहु-जाणउ ॥२॥

अनवरत धारा बह रही थी, वह कह रहा था, "हे सहोदर कुम्भ-कर्ण, हे मय मारीच महोदर, हे इन्द्रजीत मेघवाहन, हे अनिर्दिष्ट साधन यमघंट, और हे दानवोंके संहारक सिंहनितम्ब जम्बुमाली, हे सुत और सारण! आखिरकार बड़े कष्टसे रावणने अपना दुःख दूर किया। बड़ी कठिनाईसे वह शोक-समुद्रसे अपने-आपको तार सका। उसने अपने मनमें सोचा, "तीखे नखों और लम्बी पूँछ वाले सिंहका जंगलमें कौन सहायक होता है। रहे रहे, जो बाकी बचा है। तब भी मैं उन्हें सीता नहीं सौंपूँगा। क्यों कहते हो कि मैं अकेला हूँ। नहीं, मैं अकेला नहीं हूँ, मेरी सहायता करनेवाली मेरी बीस भुजाएँ हैं॥१-६॥

[१०] और फिर, वानरसेनामें जो इने-गिने योद्धा थे, उन्हें मैंने युद्ध-भूमिमें शक्तिसे आहत कर दिया है। अब अकेला राघव होगा, कल मैं उसे मजा चखा दूँगा। कल मैं उसे और वह मुझे जान लेगा। तीरोंकी बौछारसे एक-दूसरेके शरीर भेद दिये जायेंगे। कल, उसके और मेरे बीच एक ही अन्तर होगा, कल या तो उसका अहंकार चूर-चूर होगा, या मेरा। कल या तो उसकी अयोध्यानगरीमें हर्षबधावा होगा, या फिर मेरी लंका नगरीमें। कल या तो मन्दोदरी रोयेगी, या फिर सीता शोक-सागरमें डूब जायेगी। कल या तो उसकी साजसज्जित सेना हर्षसे नाचेगी, या मेरी। कल मरघटकी धकधकाती आग-में या तो वह जलेगा या मैं। या तो वह, या फिर मैं, खरदूषण और शम्बूकका पथ देखूँगा। अथवा, मैं या वह, कल युद्धके आँगनमें विजय-लक्ष्मीरूपी वधूका आलिंगन करूँगा॥१-९॥

[११] इसी अवधिमें चरमशरीर रामने अपने-आपको धीरज बँधाया। उन्होंने किष्किन्धाराजको समझाया। बहुज्ञानी

धीरिउ रावण-उववण-मद्दणु । सुहडु पहञ्जण-अञ्जण-णन्दणु ॥३॥
धीरिउ णलु णीलु वि भामण्डलु । दिढरहु कुमुउ कन्दु ससिमण्डलु ॥४॥
धीरिउ रयणकेसि रइवद्धणु । अङ्गउ अङ्गु तरङ्गु विहीसणु ॥५॥
धीरिउ चन्दरासि भामण्डलु । हंसु वसन्तु सेउ वेलन्धरु ॥६॥
धीरिउ दहिमुहु कलुण-रसाहिउ । गवउ गंवक्खु सुसेणु विराहिउ ॥७॥
धीरिउ तरलु तारु तारामुहु । कुन्दु महिन्दु इन्दु इन्दाउहु ॥८॥

घत्ता

अण्णु वि जो कोइ रुवन्तउ सो साहारेँ वि सक्कियउ ।
पर एक्कु दसासहों उप्परि रोसु ण धीरेँ वि सक्कियउ ॥९॥

[१२]

विरहाणल-जालोलि-पलित्तें । अण्णु वि कोव पहञ्जण-छित्तें ॥१॥
किय पइज्ज रणेँ राहवचन्दें । 'रिउ रक्खिज्जइ जइ वि सुरिन्दें ॥२॥
जइ वि जणद्दणेण महि-माणें । जइ वि तिलोयणेण वम्हाणें ॥३॥
जइ वि जमेण कियन्तें धणएं खन्दें जइ वि तियक्खहों तणएं ॥४॥
जइ वि पहञ्जणेण जइ वरुणें । जइ वि मियङ्कें अक्कें अरुणें ॥५॥
पइसइ जइ वि सरणु कलि-कालहों । लिहिक्कइ णहेँ जलेँ थलेँ पायालहों ॥६॥
पइसइ जइ वि विवरेँ गिरि-कन्दरेँ । सप्प-कियन्तमित्त-दन्तन्तरेँ ॥७॥
पेसमि सत्तु तो इ सइँ हत्थें । तहों मायासुग्गीवहों पन्थें ॥८॥

घत्ता

कल्लएँ कुमारेँ अत्थन्तएँ णिविसु वि रावणु जिअइ जइ ।
तो अप्पउ डहमि वलन्तएँ हुववहेँ किक्किन्धाहिवइ' ॥९॥

जाम्बवन्तको समझाया। रावणके उपवनको उजाड़नेवाले पवन और अंजनाके पुत्र सुभट हनुमान्को धीरज बँधाया, नल-नील और भामण्डलको धीरज बँधाया। दृढ़रथ, कुमुद, कन्द और शशिमण्डलको धीरज बँधाया। रत्नकेशी और रतिवर्धनको समझाया, अंगद, अंग, तरंग और विभीषणको धीरज बँधाया। चन्द्रराशी और भामण्डलको धीर बँधाया, हंस, वसन्त, सेतु और वेलन्धरको धीरज बँधाया। करुण, रसाधिप, दधिमुख, गवय, गवाक्ष, सुसेन और विराधितको धीरज बँधाया, तरल, तार, तारामुख, कुन्द, महेन्द्र, इन्द्र और इन्द्रायुधको धीरज बँधाया, और भी जो उस समय रो रहा था, राम उन सबको धीरज दे सके। परन्तु एक रावण था कि जिस पर वह अपना क्रोध कम नहीं कर सके ॥१-९॥

[१२] एक तो विरहकी ज्वालासे उत्तेजित होकर और दूसरे कोपानिलसे क्षुब्ध होकर, रामने प्रतिज्ञा की कि मैं अपने हाथसे शत्रुको मायासुग्रीवके पथ पर भेज कर रहूँगा। चाहे इन्द्र उसकी रक्षा करे, विश्वपूज्य विष्णु, शिव और ब्रह्मा उसे बचायें। चाहे यम, धनद और कृतान्त उसकी रक्षा करें। चाहे शिवका पुत्र स्कन्ध उसे बचाना चाहे। चाहे पवन या वरुण उसे बचायें, चाहे चन्द्र, सूर्य और अरुण, चाहे वह कलिकाल-की शरणमें चला जाय, अथवा नभ, थल या पातालमें छिप जाय। चाहे वह पहाड़की गुफामें प्रवेश कर ले अथवा सर्प-राज कृतान्तके मुखमें प्रवेश करे। कल कुमारके अन्त होते तक एक पलके लिए भी यदि दशानन जीवित रह गया तो मैं हे किष्किन्धा नरेश! अपने-आपको जलती ज्वालामें होम दूँगा ॥१-९॥

[१३]

पइजारूढें रामें कुल-दीवें । विरइउ वलय-वूहु सुग्गीवें ॥१॥
माया-वलु वि विउव्विउ तक्खणें । थिउ परिरक्ख करेविणु लक्खणें ॥२॥
हय-गय-रह-पाइक्क-भयङ्करु । णं जमकरणु सुट्ठु अइ-दुद्धरु ॥३॥
उप्परि पवर-विमाणेंहिँ छण्णउ । अब्भन्तरें मणि-रयण-रवण्णउ ॥४॥
सत्त पवर-पायाराहिट्ठिउ । णं अहिणव-समसरणु परिट्ठिउ ॥५॥
सट्ठि सहास मत्त-मायङ्गहुँ । गयवरें गयवरें पवर-रहङ्गहुँ ॥६॥
रहवरें रहवरें तुङ्ग-तुरङ्गहुँ । तुरएँ तुरएँ णरवरहुँ अभङ्गहुँ ॥७॥
विरइउ एम वूहु णिच्छिद्दउ । णं सु-कइन्द-कव्वु घण-सद्दउ ॥८॥

घत्ता

भयगारउ दुप्पइसारउ दुण्णिरिक्खु सव्वहों जणहों ।
णं हियवउ सीयहें केरउ अचलु अभेउ दसाणणहों ॥९॥

[१४]

पुव्व-दिसाएँ विजउ जस-लुद्धउ । पहिलएँ वारें स-रहु स-रहद्धउ ॥१॥
वीयएँ मारुइ तइयएँ दुम्मुहु । कुन्दु चउत्थएँ पञ्चमें दहिमुहु ॥२॥
छट्ठएँ मन्दहत्थु सत्तमें गउ । उत्तर-वारें पहिल्लएँ अङ्गउ ॥३॥
वीयएँ अङ्गदु तइअएँ णन्दणु । चउत्थें (?) कुमुउ पञ्चमें रइवद्धणु ॥४॥
छट्ठएँ चन्दसेणु फुरियाणणु । सत्तमें चन्दरासि दणु-दारणु ॥५॥
पच्छिम-वारें पहिल्लएँ ससिमुहु । वीयएँ सुहडु परिट्ठिउ दिढरहु ॥६॥
तइअएँ गवउ गवक्खु चउत्थएँ । पञ्चमें तारु विराहिउ छट्ठएँ ॥७॥

घत्ता

जो सव्वहुँ वुद्धिए वड्डउ जासु भयङ्करु रिच्छु धएँ ।
सो जम्बउ तरुवर-पहरणु वारें परिट्ठिउ सत्तमएँ ॥८॥

[१३] कुलदीपक रामने जब यह प्रतिज्ञा की तो सुग्रीवने भी व्यूह-रचना प्रारम्भ कर दी। उसने फौरन, मायावी सेना रच दी। वह लक्ष्मणकी रक्षा करनेके लिए स्थित हो गयी। अश्व, गज, रथ और पैदल सैनिकोंसे वह अत्यन्त भयंकर लग रही थी, मानो अति दुर्धर भयंकर जमकरण हो। ऊपर विशाल विमान थे। जो भीतर मणियों और रत्नोंसे सुन्दर थे। उसमें सात विशाल प्राकार (परकोटे) थे, जो ऐसे लगते थे मानो नया समवशरण ही हो। साठ हजार मतवाले हाथी थे। प्रत्येक गज पर एक चक्र था। प्रत्येक रथ पर अश्व थे और अश्व पर श्रेष्ठ योद्धा। सुग्रीवने अपना व्यूह ऐसा बनाया कि उसमें सुराख न मिल सके मानो वह सघन शब्दोंका किसी सुकवि का काव्य हो। वह व्यूह सबके लिए अत्यन्त भयानक, दुष्प्रवेश्य और ऐसा दुदर्शनीय था मानो सीता देवीका हृदय हो जो रावणके लिए अडिग अभेद्य था ॥१-९॥

[१४] पूर्व दिशामें यशका लोभी विजय था जो पहले द्वार पर रथ और चक्र सहित स्थित था। दूसरे पर हनुमान्, तीसरे पर दुर्मुख, चौथे पर कुन्द और पाँचवें पर दधिमुख, छठे पर मन्दहस्त, सातवें पर गज। पहले उत्तर द्वार पर अंग था। दूसरे पर अंगद, तीसरे पर नन्दन, चौथे पर कुमुद, पाँचवें पर रतिवर्धन, छठे पर चन्द्रसेन (जिसका चेहरा तमतमा रहा था), सातवें पर दानव संहारक चन्द्रराशि। पहले पश्चिम द्वार पर शशिमुख, दूसरे पर सुभट दृढ़रथ था। तीसरे पर गवय, चौथे पर गवाक्ष, पाँचवें पर तार, और छठे पर विराधित था। परन्तु जो बुद्धिमें सबसे बड़ा था और जिसकी पताकामें भयंकर रीछ अंकित था, पेड़ोंके अस्त्र लिये जम्बु सातवें दरवाजे पर स्थित हो गया ॥१-८॥

[१५]

दाहिण-दिसएँ परिट्ठिउ दुद्धरु । वारेँ पहिल्लएँ णीलु धणुद्धरु ॥१॥
बीयएँ णलु वर-लउडि-भयङ्करु । कुलिस-विहत्थउ णाइँ पुरन्दरु ॥२॥
तइअएँ वारेँ विहीसणु थक्कउ । सूल-पाणि परिवज्जिय-सङ्कउ ॥३॥
चउथएँ वारेँ कुमुउ जमु जेहउ । तोणा-जुअलावीलिय-देहउ ॥४॥
पञ्चमेँ वारेँ सुसेणु समत्थउ । विप्फुरियाहरु कोन्त-विहत्थउ ॥५॥
छट्ठएँ गिरि-किक्किन्ध-पुरेसरु । भीसण-भिण्डिमाल-पहरण-करु ॥६॥
सत्तमेँ भामण्डलु असि लिन्तउ । णावइ पलय-दवग्गि पलित्तउ ॥७॥
एम कियइँ रणेँ दुप्पइसारइँ । वूहहोँ अट्ठावीस इ वारइँ ॥८॥

घत्ता

तहिँ तेहएँ कालेँ पडीवउ रुवइ स-दुक्खउ दासरहि ।
पवरेहिँ स इं भु व-दण्डेँहिँ पुणु पुणु अप्फालन्तु महि ॥९॥

०

[१५] दक्षिण दिशामें पहले द्वारपर दुर्धर धनुर्धारी नील स्थित था। दूसरे द्वारपर थे, अपनी उत्तम लाठीसे भयंकर नल और हाथमें वज्र लिये हुए इन्द्र। तीसरे द्वारपर निःशंक विभीषण, उसके हाथमें शूल था। चौथे द्वारपर यमके समान कुमुद, उसका शरीर कसे हुए दोनों तूणीरोंसे पीडित हो रहा था। पाँचवें द्वारपर समर्थ सुसेन था, उसके अधर काँप रहे थे और उसके हाथमें भाला था। छठे द्वारपर किष्किंधा नरेश था। उसके हाथमें भीषण भिण्डिमाल अस्त्र था। सातवें द्वारपर हाथमें तलवार लिये हुए भामण्डल था, मानो प्रलयकी आग ही भड़क उठी हो। इस प्रकार सुग्रीवने युद्धमें दुष्प्रवेश्य अट्ठाईस द्वार बना लिये। उस भयंकर विकट समयमें राम बार-बार रो रहे थे। बार-बार वह अपनी विशाल भुजाओंसे धरतीको पीट रहे थे ॥१-२॥

०

अड़सठवीं सन्धि

राम अपने भाईके वियोगमें करुण स्वरमें रो रहे थे, इतनेमें राजा प्रतिचन्द्र उनके पास आया मानो वह कुमार लक्ष्मणके लिए उच्छ्वास हो।

[१] कसे हुए दोनों तूणीरोंसे उसका शरीर पीड़ित हो रहा था, बहुत-सी बजती हुई घण्टियोंसे वह मुखर हो रहा था। खिंचा हुआ धनुष उसके कन्धोंपर था। प्राण लेनेवाले लम्बे-लम्बे तीर उसके पास थे। वह बड़ेसे बड़े युद्धका भार उठा सकता था। उसने बड़े-बड़े शत्रुओंके वक्ष विदीर्ण कर दिये थे। उसकी भुजाएँ गजशुण्डकी तरह भारी थीं। उसका सिर मोर-छत्रके समान था। वह वहाँ गया जहाँ जनकसुत भामण्डल था। हाथमें करवाल लिये हुए वह व्यूह द्वारपर जाकर खड़ा हो गया। उसने निवेदन किया, "योद्धाओंमें श्रेष्ठ हे भामण्डल, तुम सम्मान, दान और गुण-समूहके घर हो। हे विद्याओंके पर-मेश्वर, मैं तीन माहमें यह अवसर पा सका हूँ। यदि तुम राम-के दर्शन करा दो, तो मैं लक्ष्मणको जीवित कर दूँगा।" यह वचन सुनते ही, भामण्डल अपने-आपको एक क्षणके लिए भी नहीं रोक सका, वह तुरन्त उसे रामके पास ले गया। उसने भी वहाँ जाकर निवेदन किया, "ज्योतिषियोंने कहा है, कि चन्द्रमुखी मोरपंखोंके समूहके समान चोटी रखनेवाली विशल्या के स्नान-जलसे ही लक्ष्मण दुबारा जीवित हो सकेंगे" ॥१-१०॥

[२] सुनिए, मैं बताता हूँ। ऋद्धियों, वृद्धियों और जन-धन-से परिपूर्ण देवसंगीत नामका नगर है। उसमें शशिमण्डल

पडिचन्दु तासु उप्पण्णु सुउ । सो हउँ रोमञ्चुब्भिण्ण-भुउ ॥३॥
स-कलत्तउ केण वि कारणेंण । किर लीलएँ जामि णहङ्गणेंण ॥४॥
मेहुणियहिँ तणउ वइरु सरेंवि । तो सहसविजउ थिउ उत्थरेंवि ॥५॥
स-कसाय वे वि णहें अब्भिडिय । णं दिस-दुग्घोट्ट समावडिय ॥६॥
तें आयामेप्पिणु अमव-भव । महु सत्ति विसज्जिय चण्ड-रव ॥७॥
विणिभिन्देंवि पाडिउ ताएँ रणें । उज्झहें वाहिरें उज्जाण-वणें ॥८॥
णिवडन्तउ भरहें लक्खियउ । गन्धोवएण अब्भोक्खियउ ॥९॥

घत्ता

तें अब्भोक्खण-वाणिएँण वलमणुअप्पाइउ मेरउ ।
जाउ विसल्लु पुणण्णवउ णं णेहु विलासिणि-केरउ ॥१०॥

[३]

पुणु पुच्छिउ भरह-णरिन्दु मइँ । "एँउ गन्ध-सलिलु कहिँ लद्धु पइँ ॥१॥
तेण वि महु गुज्झु ण रक्खियउ । सत्तुहण-वरिट्ठें अक्खियउ ॥२॥
"स-विसयहोँ अउज्झा-पट्टणहोँ । उप्पण्ण वाहि सव्वहोँ जणहोँ ॥३॥
उर-घाउ अरोचउ दाहु जरु । कल-सणिवाउ गहु छद्दि-करु ॥४॥
सिरें सूलु कवाल-रोउ पवरु । सप्पडिसउ (?) खासु सासु अवरु ।५।
तेहएँ कालें तहिँ एक्कु जणु । स-कलत्तु स-पुत्तु स-वन्धुजणु ॥६॥
स-धउ स-वलु स-णयरु स-परियणु । परिजियइ सइत्तउ दोणघणु ॥७॥
जिह सुरवइ सव्व-वाहि-रहिउ । सिरि-सम्पय-रिद्धि-विद्धि सहिउ ॥८॥

घत्ता

तेण विसल्लहें तणउ जलु आणेप्पिणु उप्परि वित्तउ ।
पट्टणु पच्चुजीवियउ स-पउरु णं अमिएं सित्तउ" ॥९॥

नामक राजा है। उसकी पत्नी महादेवी सुप्रभा है। उसकी चाल हंसके समान है। उसके पुत्रका नाम प्रतिचन्द्र है। मैं वही हूँ। मेरी भुजाएँ पुलकित हो रही हैं। एक बार मैं सपत्नीक विहार करता हुआ आकाशमार्गसे जा रहा था। परन्तु अपने सालेके बैरकी याद कर, सहस्रवज्र एकदम उछल पड़ा। क्रोधमें आकर हम दोनों आकाशमें ऐसे लड़ने लगे, मानो दो दिग्गज ही लड़ पड़े हों। हे राम, उसने प्रयास कर, मेरे ऊपर चण्डरव शक्ति छोड़ी। उस शक्तिसे आहत होकर मैं अयोध्याके बाहर एक उद्यानमें जा पड़ा। वहाँ गिरते हुए, मुझे भरतने देख लिया। उन्होंने गन्धोदकसे मुझे सींच दिया। उस जलसे मुझे सहसा चेतना आ गयी। मैं दुबारा, वेदनाशून्य नये-जैसा हो गया, विलासिनीके प्रेम की भाँति ॥१-१०॥

[३] मैंने राजा भरतसे पूछा, "आपने यह गन्धजल कहाँसे प्राप्त किया। उन्होंने यह रहस्य मुझसे छिपाया नहीं। उन्होंने बताया एक बार पूरे प्रदेशके साथ अयोध्या नगरीमें सब लोगोंको व्याधि हो गयी, सबके हृदयमें चोट-सी अनुभव होती, अरोचकता बढ़ गयी। भयंकर जलन हो रही थी। जैसे सन्निपात हो, या सर्वनाशी ग्रह हो। सिरमें दर्द था और कपालमें भारी रोग था, साँस और खाँसी उखड़ी जा रही थी। उस अवसरपर एक आदमी, अपनी पत्नी, पुत्र और सगे-सम्बन्धियोंके साथ आया। ध्वजा, सेना, परिजन और नगरके साथ अकेला वह राजा द्रोणघन स्वस्थ था। ठीक उसी प्रकार, जिस प्रकार इन्द्र व्याधिसे रहित, और ऋद्धि, वृद्धि एवं श्री सम्पदासे सहित होता है। उसने विशल्याका जल सबपर छिड़क दिया, सारा नगर इस प्रकार फिरसे जीवित हो गया, मानो उसे किसीने अमृतसे सींच दिया हो" ॥१-९॥

पडिचन्दु तासु उप्पण्णु सुउ । सो हउँ रोमञ्चुब्भिण्ण-भुउ ॥३॥
स-कलत्तउ केण वि कारणेंण । किर लीलएँ जामि णहङ्गणेंण ॥४॥
मेहुणियहँ तणउ वइरु सरेंवि । तो सहसविजउ थिउ उत्थरेंवि ॥५॥
स-कसाय वे वि णहेँ अब्भिडिय । णं दिस-दुग्घोट्ट समावडिय ॥६॥
तें आयामेप्पिणु अमव-भव । महु सत्ति विसज्जिय चण्ड-रव ॥७॥
विणिभिन्देंवि पाडिउ ताएँ रणेंँ । उज्झहेँ वाहिरेँ उज्जाण-वणेंँ ॥८॥
णिवडन्तउ भरहें लक्खियउ । गन्धोवएण अब्भोक्खियउ ॥९॥

घत्ता

तें अब्भोक्खण-वाणिएँण वलमणुअप्पाइउ मेरउ ।
जाउ विसल्लु पुणण्णवउ णं णेहु विलासिणि-केरउ ॥१०॥

[२]

पुणु पुच्छिउ भरह-णरिन्दु मइँ । "एँउ गन्ध-सलिलु कहिँ लद्धु पइँ ॥१॥
तेण वि महु गुज्झु ण रक्खियउ । सत्तुहण-वरिट्ठें अक्खियउ ॥२॥
"स-विसयहोँ अउज्झा-पट्टणहोँ । उप्पण्ण वाहि सव्वहोँ जगहोँ ॥३॥
उर-घाउ अरोचउ दाहु जरु । कल-सणिवाउ गहु छद्दि-करु ॥४॥
सिरेँ सूलु कवाल-रोउ पवरु । सप्पडिसउ (?) खासु सासु अवरु ।५।
तेहएँ कालेँ तहिँ एक्कु जणु । स-कलत्तु स-पुत्तु स-वन्धुजणु ॥६॥
स-धउ स-वलु स-णयरु स-परियणु । परिजियइ सइत्तउ दोणघणु ॥७॥
जिह सुरवइ सव्व-वाहि-रहिउ । सिरि-सम्पय-रिद्धि-विद्धि सहिउ ॥८॥

घत्ता

तेण विसल्लहेँ तणउ जलु आणेप्पिणु उप्परि घित्तउ ।
पट्टणु पच्चुजीवियउ स-पउरु णं अमिएं सित्तउ" ॥९॥

नामक राजा है। उसकी पत्नी महादेवी सुप्रभा है। उसकी चाल हंसके समान है। उसके पुत्रका नाम प्रतिचन्द्र है। मैं वही हूँ। मेरी भुजाएँ पुलकित हो रही हैं। एक बार मैं सपत्नीक विहार करता हुआ आकाशमार्गसे जा रहा था। परन्तु अपने सालेके वैरकी याद कर, सहस्रचक्र एकदम उछल पड़ा। क्रोधमें आकर हम दोनों आकाशमें ऐसे लड़ने लगे, मानो दो दिग्गज ही लड़ पड़े हों। हे राम, उसने प्रयास कर, मेरे ऊपर चण्डरव शक्ति छोड़ी। उस शक्तिसे आहत होकर मैं अयोध्याके बाहर एक उद्यानमें जा पड़ा। वहाँ गिरते हुए, मुझे भरतने देख लिया। उन्होंने गन्धोदकसे मुझे सींच दिया। उस जलसे मुझे सहसा चेतना आ गयी। मैं दुबारा, वेदनाशून्य नये-जैसा हो गया, विलासिनीके प्रेम की भाँति ॥१-१०॥

[२] मैंने राजा भरतसे पूछा, "आपने यह गन्धजल कहाँसे प्राप्त किया। उन्होंने यह रहस्य मुझसे छिपाया नहीं। उन्होंने बताया एक बार पूरे प्रदेशके साथ अयोध्या नगरीमें सब लोगोंको व्याधि हो गयी, सबके हृदयमें चोट-सी अनुभव होती, अरोचकता बढ़ गयी। भयंकर जलन हो रही थी। जैसे सन्निपात हो, या सर्वनाशी ग्रह हो। सिरमें दर्द था और कपालमें भारी रोग था, साँस और खाँसी उखड़ी जा रही थी। उस अवसरपर एक आदमी, अपनी पत्नी, पुत्र और सगे-सम्बन्धियोंके साथ आया। ध्वजा, सेना, परिजन और नगरके साथ अकेला वह राजा द्रोणघन स्वस्थ था। ठीक उसी प्रकार, जिस प्रकार इन्द्र व्याधिसे रहित, और ऋद्धि, वृद्धि एवं श्री सम्पदासे सहित होता है। उसने विशल्याका जल सबपर छिड़क दिया, सारा नगर इस प्रकार फिरसे जीवित हो गया, मानो उसे किसीने अमृतसे सींच दिया हो" ॥१-९॥

[४]

जं पच्चुजीविउ सयलु जणु । तं भरहें पुच्छिउ दोणघणु ॥१॥
"अहों माम एउ कहिँ लद्धु जलु । णाणाविह-गन्ध-रिद्धि-वहुलु ॥२॥
पर-कज्जु जेम जं सीयलउ । जिण-सुक्क-झाणु जिह णिम्मलउ ॥३॥
जिण-वयण जेम जं वाहि-हरु । सुहि-दंसणु जिह आणन्द-यरु" ॥४॥
तं णिसुणेंवि दोणु णराहिवइ । पप्फुल्लिय-वयण-कमलु चवइ ॥५॥
"मम दुहियहेँ अमर-मणोहरिहेँ । इउ ण्हवणु विसल्ला-सुन्दरिहेँ ॥६॥
विणु मन्तिएँ अमियहों अणुहरइ । जसु लग्गइ तासु वाहि हरइ" ॥७॥
तं णिसुणेंवि भरहें पुज्जियउ । णिय-णयरहों दोणु विसज्जियउ ॥८॥

घत्ता

अप्पुणु गउ तं जिण-भवणु जं सासय-सोक्ख-णिहाणु ।
णावइ सग्गहों उच्छलेंवि महि-मण्डलें पडिउ विमाणु ॥९॥

[५]

तहिँ सिद्ध-कूडें सुर-साराहों । किय थुइ अरहन्त-भडाराहों ॥१॥
तइलोक्क-चक्क-परमेसरहों । अ-कसायहों णिद्दट्ठाहरहों ॥२॥
सु-परिट्ठिय-थिर-सीहासणहों । आवन्धुर-चामर-वासणहों ॥३॥
धूवन्त-धवल-छत्त-त्तयहों । किय-चउविह-कम्म-कुल-क्खयहों ॥४॥
भामण्डल-मण्डिय-पच्छलहों । पहरण-रहियहों जय-वच्छलहों ॥५॥
तइलोक्क-लच्छि-लच्छिय-उरहों । परिपालिय-अजरामर-पुरहों ॥६॥
मोहन्धासुर-विणिभिन्दणहों । उप्पत्ति-वेल्लि-परिछिन्दणहों ॥७॥
संसार-महद्दुम-पाडणहों । कन्दप्प-मडप्फर-साडणहों ॥८॥
इन्दिय-उद्दहण-णिवन्धणहों । णिद्दड्ढ-दुकिय-कम्मेन्धणहों ॥९॥

[४] सब लोगोंके इस प्रकार जी जानेपर, भरतने द्रोणघनसे पूछा, "हे आदरणीय, यह जल आपको कहाँसे मिला। यह तरह-तरहकी गन्धों और ऋद्धियोंसे परिपूर्ण है। यह जल वैसे ही ठण्डा है जैसे हम दूसरोंके कामोंमें ठण्डे होते हैं, यह जिन-भगवान्‌के शुक्ल ध्यानकी भाँति निर्मल है। जिनके शब्दोंकी तरह व्याधिको दूर कर देता है। पण्डितोंके दर्शनकी भाँति आनन्दकारी है।" यह सुनकर राजा द्रोणघनने कहा (उसका मुख कमल खिला हुआ था), "यह देवांगनाकी भाँति सुन्दर, मेरी लड़की, विशल्याके स्नानका जल है, निःसन्देह, यह अमृत तुल्य है, जिसको लग जाता है उसकी व्याधि दूर कर देता है।" यह सुनकर भरतने राजाका सम्मान किया, और उन्हें अपने घरसे विदा किया। वह स्वयं जिन-मन्दिरमें गया, जो शाश्वत मोक्षका स्थान है, और जो ऐसा लगता था, मानो स्वर्गसे कोई विमान ही आ पड़ा हो ॥१-९॥

[५] उस सिद्धकूट जिन-मन्दिरमें उसने देवताओंमें श्रेष्ठ अरहन्त भगवान्‌की स्तुति प्रारम्भ की। उन अरहन्त भगवान् की जो त्रिलोक चक्रके स्वामी हैं, जो कषायोंसे रहित हैं, जो तृष्णा और निद्रासे दूर हैं, जो सिंहासनपर प्रतिष्ठित हैं, जिन-पर सुन्दर चामर ढुलते रहते हैं। जिनपर सफेद छत्र हैं। जो चार घातिया कर्मोंका विनाश कर चुके हैं। जिनके पीछे भामण्डल स्थित है। प्रहारसे जो हीन हैं, विश्वके प्रति जो करुणाशील हैं। जिनके हृदयमें तीनों लोकोंकी लक्ष्मी स्थित हैं। जिन्होंने देवताओंके लोकका पालन किया है। मोहरूपी अन्धे असुरको जिन्होंने नष्ट कर दिया है। जन्मरूपी लताको जो जड़से उखाड़ चुके हैं, संसाररूपी महावृक्षको जो नष्ट कर चुके हैं, जिन्होंने कामदेवके घमण्डको चूर-चूर कर दिया है। इन्द्रियोंकी

घत्ता

तहों सुरवर-परमेसरहों किय वन्दण भरह-णरिन्दें ।
गिरि-कइलासें समोसरणें णं पढम-जिणिन्दहों इन्दें ॥१०॥

[६]

जिणु वन्दें वि वन्दिउ परम-रिसि । जें दरिसिय-दसविह-धम्म-दिसि ॥१॥
जो दूसह-परिसह-भर-सहणु । जो पञ्च-महव्वय-णिव्वहणु ॥२॥
जो तव-गुण-सञ्जम-णियम-धरु । तिहिँ गुत्तिहिँ गुत्तउ खन्ति-यरु ॥३॥
जो तिहिँ सल्लेहिँ ण सल्लियउ । जो सयल-कसायहिँ मेल्लियउ ॥४॥
जो संसारोवहि-णिम्महणु । जो रुक्ख-मूलें पाउस-सहणु ॥५॥
जो किडिकिडि जन्त-पुडिय-णयणु । जो सिसिर-कालें वाहिरें-सयणु ॥६॥
जो उण्हालएँ अत्तावणिउ । जो चन्दायणिउ अतोरणिउ ॥७॥
जो वसइ मसाणेंहिँ भीसणेहिँ । वीरासण-उक्कुडुआसणेंहिं ॥८॥
जो मेरु-गिरि व धीरत्तणेंण । जो जलहि व गम्भीरत्तणेंण ॥९॥

घत्ता

सो मुणिवरु चउ-णाण-धरु पणवेप्पिणु भरहें वुच्चइ ।
"काइँ विसल्लएँ तउ कियउ जें माणुसु वाहिएँ मुच्चइ" ॥१०॥

[७]

तं वयणु सुणेप्पिणु भणइ रिसि । णिय खयहों जेण अण्णाण-णिसि ॥१॥
"सुणु पुव्व-विदेहेँ रिद्धि-पउरु । णामेण पुण्डरिङ्किणि-णयरु ॥२॥
तिहुअण-आणन्दु तित्थु णिवइ । लीला-परमेसरु चक्कवइ ॥३॥
तहों सुय णामेणाणङ्गसर । उम्मिल्ल-पओहर कण्ण वर ॥४॥

प्रवृत्तियोंपर जिन्होंने प्रतिबन्ध लगा दिया है। दुष्कर्मोंके ईंधन-को जिन्होंने जलाकर खाक कर दिया है। राजा भरतने देव-ताओंके स्वामीकी इस प्रकार वन्दना की, मानो इन्द्रने कैलास पर्वतपर प्रथम जिनकी वन्दना की हो ॥१-१०॥

[६] जिनभगवान्‌की वन्दनाके बाद, उसने महामुनिकी वन्दना की। उन महामुनिकी, जो दस प्रकारके धर्मकी दिशाएँ बताते हैं। जो दुस्सह परिषहोंका भार सहते हैं। जो पाँच महा-व्रतोंका भार सहन करते हैं। तप गुण संयम और नियमोंका जो पालन करते हैं। जो तीन गुप्तियोंको धारण करते हैं और शान्तिशील हैं। जिन्हें तीन शल्यें नहीं सतातीं। जो समस्त कषायोंसे दूर हैं। जो संसारके समुद्रमें नहीं डूबते। जो वृक्षके नीचे पावस काट लेते हैं। जो कड़कड़ाती, आँखें बन्द करने-वाली ठण्डमें बाहर सोते हैं, जो गर्मीमें आतापनी शिलापर तप करते हैं, और खुलेमें चान्द्रायण तप साध लेते हैं। जो भयंकर मरघटोंमें भी वीरासन और उक्कुड आसनोंमें ध्यानमग्न रहते हैं। जो धीरतामें सुमेरु पर्वत और गम्भीरतामें समुद्र हैं। चार ज्ञानोंके धारी मुनिवरको प्रणाम करके भरतने पूछा, "विशल्या-ने ऐसा कौन-सा तप किया जिससे वह मनुष्यकी व्याधि दूर कर देती है" ॥१-१०॥

[७] यह सुनकर महामुनिने बताना शुरू करदिया, उन मुनि-ने, जो अज्ञानकी रातका अन्त कर चुके हैं, कहा, "सुनो, पूर्व विदेहमें ऋद्धिसे भरपूर पुंडरीकिणी नगर है। उसमें त्रिभुवन-आनन्द नामक राजा था। वह लीला पुरुषोत्तम चक्रवर्ती था। उसकी अनंगसरा नामकी उन्नतपयोधरा सुन्दर कन्या थी।

सोहग्ग-रासि लायण्ण-णिहि । णं सरहस छण-जण-मवण-दिहि ॥५॥
णं सुललिय सरय-मियङ्क-पह । णं विब्भम-कारिणि काम-कह ॥६॥
णं मणहर चन्दण-रुक्ख-लय । गब्भेसरि रूवहों पारु गय ॥७॥
णिरुवम-तणु अइसएण सहइ । वम्मह-धाणुक्किय-लील वहइ ॥८॥

घत्ता

भउह-चाव-लोयण-गुणेँहिँ जसु दिट्ठि-सरासणि लावइ ।
तं माणुसु घुम्मावियउ दुक्करु णिय-जीविउ पावइ ॥९॥

[८]

तहिँ अवसरेँ महियलेँ पसरिय-जसु । विज्जाहरु णामें पुण्णव्वसु ॥१॥
मणि-विमाणेँ धूवन्त-धयग्गएँ । तहिँ आरुहेँहि आउ ओलग्गएँ ॥२॥
णिवडिय दिट्ठि ताव तहों तेत्तहेँ । वसइ अणङ्गवाण सा जेत्तहेँ ॥३॥
मुद्धयन्द-मुह मुद्धड वाली । अहिणव-रम्म-गब्म-सोमाली ॥४॥
सहइ परिट्ठिय मन्दिरेँ मणहरेँ । लच्छि व कमल-वणहों अब्भन्तरेँ ॥५॥
मालइ-माला-मउय-करालएँ । णयणहिँ विद्धु अणङ्गसरालएँ ॥६॥
विणु चावें विणु विरइय-थाणें । विणु गुणेहिँ विणु सर-सन्धाणें ॥७॥
विणु पहरणेँहिँ तो वि जज्जरियउ । ण गणइ किं पि पुणव्वसु जरियउ ॥८॥

घत्ता

लोयण-सर-पहराहऍण करवालु भयङ्करु दावेँवि ।
पेक्खन्तहों सव्वहों जणहों णिय कण्ण विमाणेँ चडावेँवि ॥९॥

[९]

जं अहिणव कोमल-कमल-करा । वलिमण्डएँ लेवि अणङ्गसरा ॥१॥
स-विमाणु पवण-मण-गमण-गउ । देवहुँ दाणवहु मि रणेँ अजउ ॥२॥

वह सौभाग्यकी राशि और सौन्दर्यकी निधि थी। मानो वह उत्सवके जनभवनकी आनन्दभरी दृष्टि हो। मानो शरद्-चन्द्रकी सुन्दर प्रभा हो, मानो विभ्रम उत्पन्न करनेवाली काम-कथा हो, मानो सुन्दर चन्दनवृक्षकी लता हो। वह गर्वेश्वरी रूपकी सीमाओंको पार कर चुकी थी। उसका अनुपमेय शरीर अतिशय रूपसे शोभित था। वह कामदेवके धनुषकी लीलाका भार वहन कर रही थी। भौंहें चाप और लोचन-गुणको जब वह अपने दृष्टि-धनुषपर लाती तो उससे मनुष्य घूमने लगता और बड़ी कठिनाईसे अपने प्राण बचा पाता ॥१-९॥

[८] एक दिन, पूर्णवसु नामका विद्याधर जिसका कि यश धरतीमें दूर-दूर तक फैला हुआ था, अपने मणिमय विमानमें बैठकर विहार कर रहा था, उस विमानकी पताका हवामें फहरा रही थी। घूमते-घूमते वह वहाँ आया जहाँ अनंगबाणके समान वह सुन्दरी थी। वह बाला पूनोंके चन्द्रके समान सुन्दर थी, और अभिनव केलेके गाभकी भाँति कामल। सुन्दर महलमें बैठी हुई ऐसी सोह रही थी मानो लक्ष्मी कमलवनके भीतर बैठी हो। मालती-मालाके समान सुन्दर हाथोंवाली अनंगसराकी आँखोंसे वह विद्याधर आहत हो गया। धनुषके बिना, स्थानके बिना, डोरी और शरसन्धानके बिना, अस्त्रके बिना ही वह इतना आहत हो गया कि जर्जर हो उठा। दग्ध होकर पुनर्वसु कुछ भी नहीं गिन रहा था। आँखोंके तीरसे आहत वह अपनी भयंकर तलवारसे डराकर, सब लोगोंके देखते-देखते उस कन्याको अपने विमानमें चढ़ाकर ले गया ॥१-९॥

[९] अभिनव सुन्दर कोमल हाथों वाली अनंगसराको वह विद्याधर जबर्दस्ती ले गया। पवन और मनके समान गतिवाले

तं चक्काहिवइ-लद्ध-पसरा । विज्जाहर पहरण-गहिय-करा ॥३॥
कोवग्गि-पलित्त-फुरिय-वयणा । दट्ठाहर भू-भङ्गुर-णयणा ॥४॥
गज्जन्त पधाइय तक्खणेण । णं स-जल जलय गयणङ्गणेण ॥५॥
"खल खुद्द पाव दक्खवहि मुहु । कहिँ कण्ण लएँविणु जाइ तुहुँ"॥६॥
तं णिसुणेँवि कोवाणल-जलिउ । णं सीहु गइन्द थट्टेँ वलिउ ॥७॥
तेँ पढम-भिडन्तेँ भग्गु वलु । णावइ अवसट्टेँ कव्व-दलु ॥८॥

घत्ता

कह वि परोप्परु सन्थवेँवि स-धयग्गु स-हेइ स-वाहणु ।
गिरिवरेँ जलहर-विन्दु जिह उत्थरिउ पडीवउ साहणु ॥९॥

[१०]

कड्ढिय-धणुहर-मेल्लिय-सरेँहिँ । तिहुअणआणन्दहोँ किङ्करेँहि ॥१॥
सव्वेँहिँ णिप्पसरु णिरत्थु किउ । पाडिउ विमाणु परिछिण्णु धउ ॥२॥
णासङ्किउ जं अरिवर-णिवहु । तं विज्ज सरेप्पिणु पण्णलहु ॥३॥
घत्तिय धरणियलेँ अणङ्गसरा । णं सरय-मियङ्कें जोण्ह वरा ॥४॥
सु पणट्ठु पुणव्वसु गीढ-भउ । णं हरिणु सरासणि-तासु गउ ॥५॥
अलहन्त वत्त कण्णहेँ तणिय । किङ्कर वि पत्त पुरि अप्पणिय ॥६॥
अन्तेउरु लक्खिउ विमण-मणु । णं तुहिण-छित्तु सयवत्त-वणु ॥७॥
अत्थाणु वि सोह ण देइ किह । जोव्वणु विणु काम-कहाएँ जिह ॥८॥

घत्ता

कहिउ णरिन्दहोँ किङ्करेँहिँ "जलेँ थलेँ गयणयलेँ गविट्ठी ।
सिद्धि जेम णाणेण विणु तिह अम्हहिँ कण्ण ण दिट्ठी" ॥९॥

विमानमें बैठा हुआ वह देवताओं और दानवोंके लिए अजेय था। चक्रवर्तीके आदेशसे विद्याधर हाथमें अस्त्र लेकर दौड़े। उनके मुख क्रोधकी ज्वालासे चमक रहे थे। उनके अधर चल रहे थे। उनकी भौंहें और नेत्र टेढ़े थे, उसी क्षण वे गरजते हुए दौड़े, मानो आकाशमें जलसे भरे मेघ हों। उन्होंने चिल्लाकर कहा "हे दुष्ट पाप क्षुद्र, अपना मुख दिखा। कन्याको लेकर कहाँ जाता है!" यह सुनकर वह विद्याधर क्रोधसे भड़क उठा, मानो सिंह गजघटापर टूट पड़ा हो। उसने पहली ही भिड़न्तमें सेना तितर-बितर कर दी, वैसे ही जैसे अपशब्दसे काव्यदल नष्ट हो जाता है। किसी प्रकार, एक दूसरेको सान्त्वना देकर, ध्वजाग्र, अस्त्र और वाहनोंके साथ सेना इस प्रकार फिरसे उठी, मानो पहाड़पर पानीकी बूँद हो ॥१-९॥

[१०] त्रिभुवनआनन्दके अनुचरोंने धनुष निकालकर उन-पर तीर चढ़ा लिये। सबने मिलकर उसे रोककर निरस्त्र कर दिया। उसका विमान गिरा दिया, और पताका फाड़ डाली। जब शत्रुसमूहका वह नाश न कर सका, तो उसने पर्णलघु विद्याका सहारा लेकर, अनंगसराको धरतीपर फेंक दिया, मानो शरच्चन्द्रने अपनी ज्योत्स्नाको फेंक दिया हो। पुनर्वसु भी, भारी भयसे भागा, मानो धनुषसे भीत हरिन हो। अनङ्गसराको न पाकर, अनुचर भी अपने नगरके लिए लौट गये। सारा अन्तःपुर इस तरह उन्मन था, मानो हिमसे आहत कमलोंका वन हो। अनंगसराके बिना दरबार वैसे ही शोभा नहीं दे रहा था, जैसे यौवन कामकथाके बिना। अनुचरोंने जाकर राजासे कहा, 'जल और थल दोनोंमें हमने उसे देख लिया है, परन्तु हमें कन्या उसी प्रकार दिखाई नहीं दी, जिस-प्रकार ज्ञानके बिना सिद्धि नहीं दीख पड़ती ॥१-९॥

तं चक्काहिवइ-लद्ध-पसरा । विज्जाहर पहरण-गहिय-करा ॥३॥
कोवग्गि-पलित्त-फुरिय-वयणा । दट्ठाहर भू-भङ्गुर-णयणा ॥४॥
गज्जन्त पधाइय तक्खणेण । णं स-जल जलय गयणङ्गणेण ॥५॥
"खल खुद्द पाव दक्खवहि मुहु । कहिँ कण्ण लएँविणु जाइ तुहुँ" ॥६॥
तं णिसुणेँवि कोवाणल-जलिउ । णं सीहु गइन्द थट्टेँ वलिउ ॥७॥
तेँ पढम-भिडन्तेँ भग्गु वलु । णावइ अवसद्दें कव्व-दलु ॥८॥

घत्ता

कह वि परोप्परु सन्थवेँवि स-धयग्गु स-हेइ स-वाहणु ।
गिरिवरेँ जलहर-विन्दु जिह उत्थरिउ पडीवउ साहणु ॥९॥

[१०]

कड्ढिय-धणुहर-मेल्लिय-सरेँहिँ । तिहुअणआणन्दहोँ किङ्करेँहि ॥१॥
सव्वेँहिँ णिप्पसरु णिरत्थु किउ । पाडिउ विमाणु परिछिण्णु धउ ॥२॥
णासङ्किउ जं अरिवर-णिवहु । तं विज्ज सरेप्पिणु पण्णलहु ॥३॥
घत्तिय धरणियलेँ अणङ्गसरा । णं सरय-मियङ्कें जोण्ह वरा ॥४॥
सु पणट्ठु पुणव्वसु गीढ-मउ । णं हरिणु सरासणि-तासु गउ ॥५॥
अलहन्त वत्त कण्णहेँ तणिय । किङ्कर वि पत्त पुरि अप्पणिय ॥६॥
अन्तेउरु लक्खिउ विमण-मणु । णं तुहिण-छित्तु सयवत्त-वणु ॥७॥
अत्थाणु वि सोह ण देइ किह । जोव्वणु विणु काम-कहाएँ जिह ॥८॥

घत्ता

कहिउ णरिन्दहोँ किङ्करेँहिँ "जलेँ थलेँ गयणयलेँ गविट्ठी ।
सिद्धि जेम णाणेण विणु तिह अम्हहिँ कण्ण ण दिट्ठी" ॥९॥

विमानमें बैठा हुआ वह देवताओं और दानवोंके लिए अजेय था। चक्रवर्तीके आदेशसे विद्याधर हाथमें अस्त्र लेकर दौड़े। उनके मुख क्रोधकी ज्वालासे चमक रहे थे। उनके अधर चल रहे थे। उनकी भौंहें और नेत्र टेढ़े थे, उसी क्षण वे गरजते हुए दौड़े, मानो आकाशमें जलसे भरे मेघ हों। उन्होंने चिल्लाकर कहा "हे दुष्ट पाप क्षुद्र, अपना मुख दिखा। कन्याको लेकर कहाँ जाता है!" यह सुनकर वह विद्याधर क्रोधसे भड़क उठा, मानो सिंह गजघटापर टूट पड़ा हो। उसने पहली ही भिड़न्तमें सेना तितर-बितर कर दी, वैसे ही जैसे अपशब्दसे काव्यदल नष्ट हो जाता है। किसी प्रकार, एक दूसरेको सान्त्वना देकर, ध्वजाग्र, अस्त्र और वाहनोंके साथ सेना इस प्रकार फिरसे उठी, मानो पहाड़पर पानीकी बूँद हो ॥१-९॥

[१०] त्रिभुवनआनन्दके अनुचरोंने धनुष निकालकर उन-पर तीर चढ़ा लिये। सबने मिलकर उसे रोककर निरस्त्र कर दिया। उसका विमान गिरा दिया, और पताका फाड़ डाली। जब शत्रुसमूहका वह नाश न कर सका, तो उसने पर्णलघु विद्याका सहारा लेकर, अनंगसराको धरतीपर फेंक दिया, मानो शरच्चन्द्रने अपनी ज्योत्स्नाको फेंक दिया हो। पुनर्वसु भी, भारी भयसे भागा, मानो धनुषसे भीत हरिन हो। अनङ्गसराको न पाकर, अनुचर भी अपने नगरके लिए लौट गये। सारा अन्तःपुर इस तरह उन्मन था, मानो हिमसे आहत कमलोंका वन हो। अनंगसराके बिना दरबार वैसे ही शोभा नहीं दे रहा था, जैसे यौवन कामकथाके बिना। अनुचरोंने जाकर राजासे कहा, 'जल और थल दोनोंमें हमने उसे देख लिया है, परन्तु हमें कन्या उसी प्रकार दिखाई नहीं दी, जिस-प्रकार ज्ञानके बिना सिद्धि नहीं दीख पड़ती ॥१-६॥

[११]

एत्थन्तरेँ छण-मियङ्क-मुहिय । तिहुअणआणन्द-राय-दुहिय ॥१॥
पण्णलहुअ-विज्जएँ घित्त तहिँ । सुण्णासणु भीसणु रण्णु जहिँ ॥२॥
जहिँ दारिय-करि-कुम्भ-त्थलइँ । उच्छलिय-धवल-मुत्ताहलइँ ॥३॥
दुप्पेक्ख-तिक्ख-णक्खङ्कियइँ । दीसन्ति सीह-परिसङ्कियइँ ॥४॥
जहि दन्ति-दन्त-मुसलाहयइँ । दीसन्ति भग्ग पायव-सयइँ ॥५॥
जहिँ विसम-तडइँ महियलेँ गयइँ । वणमहिस-सिङ्ग-उवलुक्खयइँ ॥६॥
सुव्वन्ति जेत्थु कइ-बुक्कियइँ । एकल्ल-कोल-आरुक्कियइँ ॥७॥
वणवसह-जूह-मुह-ढेक्कियइँ । वायस-रडियइँ सिव-फेक्कियइँ ॥८॥

घत्ता

तहिँ तेहएँ वणेँ कामसर जल-वाहिणि विउल विहावइ ।
वङ्क-वलय-विब्भम-गुणेँहिँ सरि पोढ-विलासिणी णावइ ॥९॥

[१२]

तहिँ जलवाहिणी-तडेँ वइसरेवि । धाहाविउ कुलहरु सम्भरेँवि ॥१॥
"हा ताय ताय मइँ सन्थवहि । हा माएँ माएँ सिरेँ करु थवहि ॥२॥
हा भाइ भाइ भम्मीस करेँ । गय वग्घ सिङ्घ ढुक्कन्त धरेँ ॥३॥
हा विहि हा काइँ कियन्त किउ । एउ वसणु काइँ महु दक्खविउ ॥४॥
हा काइँ कियइँ मइँ दुक्कियइँ । जं णिहि दावेँवि णयणइँ हियइँ ॥५॥
एवहिँ आइउ एत्तहेँ मरणु । तो वरि मुइयहेँ जिणवरु सरणु ॥६॥
जेँ भव-संसारहोँ उत्तरमि । अजरामर-पुरवरु पइसरमि" ॥७॥
सा एम भणेँवि सण्णासेँ थिय । हत्थ-सयहोँ उवरि णिवित्ति किय ॥८॥

घत्ता

वरिसहुँ सट्ठि सहास थिय तव-चरणेँ परिट्ठिय जाव हिँ ।
णव-मयलञ्छण-लेह जिह सउदासेँ दीसइ तावेँहिँ ॥९॥

[११] इसी अरसेमें पूनोंके चाँद-जैसे मुखवाली, राजा त्रिभुवनआनन्दकी पुत्रीको पर्णलघुविद्यासे ऐसे स्थानपर फेंका जहाँ सूना भयंकर वन था। जिसमें हाथियोंके फटे हुए कुम्भ-स्थल पड़े हुए थे, उनसे सफेद मोती बिखरे हुए पड़े थे। दुर्दर्शनीय तीखे नखोंसे अंकित सिंह जिसमें आते-जाते दिखाई दे रहे थे। जिसमें मूसलके समान हाथी दाँतोंसे भग्न सैकड़ों वृक्ष थे। जिसमें विषमतटवाली सैकड़ों नदियाँ थीं। जंगली भैंसे, जिनमें सींगोंसे वप्रक्रीड़ा कर रहे थे। जहाँ केवल बन्दरोंकी आवाज सुनाई पड़ती थी। केवल कोलोंका पुकारना सुन पड़ता था। वनके बैल जोर-जोरसे रँभा रहे थे। कौए रो रहे थे और सियार अपनी आवाज कर रहे थे। उस भीषण वनमें कामसरा नामकी एक विशाल नदी थी, जो अपने टेढ़ेपन, गुलाई और विभ्रमके कारण विलासिनी स्त्रीके समान दिखाई देती थी ॥१-२॥

[१२] उस नदीके किनारे बैठकर, अनंगसरा अपने कुलधर की यादकर रोने लगी, "हे तात, तुम आकर मुझे सान्त्वना दो। हे माँ, हे माँ, तू मेरे सिरपर हाथ रख। हे भाई, हे भाई, तुम मुझे अभय वचन दो। बाघ और सिंह आ रहे हैं, मुझे बचाओ। हे विधाता, हे कृतान्त, मैंने क्या किया था, यह दुःख तुमने मुझे क्यों दिखाया? अब जब मुझे यहाँ मरना ही है तो अच्छा है कि मैं मुखसे जिनवरका नाम लूँ, जिससे संसार समुद्रसे तर सकूँ और अजर-अमर लोकमें पहुँच सकूँ।" यह कहकर वह समाधि लेकर बैठ गयी। साठ हजार वर्ष तक वह इसी प्रकार तप करती रही। एक दिन सौदास विद्याधरने उसे देखा, उसे लगा जैसे वह नव चन्द्रलेखा हो ॥१-२॥

[१३]

छुडु छुडु तहिँ पवर-भुअङ्गमेँण । देहद्धु गिलिउ उर-जङ्गमेँण ॥१॥
वोल्लिज्जइ तो विज्जाहरेँण । "किं हम्मउ अजगरु असिवरेँण" ॥२॥
परमेसरि पभणइ सव्व-सह । "किं तवसिहिँ जुत्ती पाण-वह ॥३॥
अक्खेज्जहि तायहोँ एह विहि । तुह दुहियएँ रक्खिय सील-णिहि ॥४॥
तव-चरणु णिरोसहु उज्जविउ । अजयरहोँ सरीरु समल्लविउ" ॥५॥
सउदासेँ जं तहिँ लक्खियउ । तं सयलु णरिन्दहोँ अक्खियउ ॥६॥
तिहुअणआणन्दु पधाइयउ । कलुणइ (?) कन्दन्तु पराइयउ ॥७॥
सयणहुँ उप्पाइउ दाहु पर । जिणु जय भणन्तु मुअऽणङ्गसर ॥८॥
णिय जेण सो वि तउ करेँवि मुउ । दसरहहोँ पुत्तु सोमित्ति हुउ ॥९॥

घत्ता

एह वि मरेँवि अणङ्गसर उप्पण्ण विसल्ला-सुन्दरि ।
वल तहेँ तणेँण जलेँण पर स इँ भु व थुणन्तु उट्ठइ हरि' ॥१०॥

[१३] इतनेमें एक विशाल अजगरने उसका आधा शरीर निगल लिया। सौदास विद्याधरने उससे कहा, "क्या तलवारसे अजगरके दो टुकड़े कर दूँ।" सब कुछ सहन करनेवाली उस परमेश्वरीने कहा, "क्या तपस्वियोंको प्राणिवध उचित है।" पिताजीसे यह कह देना कि तुम्हारी पुत्रीने शीलनिधिकी रक्षा कर ली है। निराहार तपश्चरण कर अजगरको उसने अपना शरीर अर्पित कर दिया है।" सौदास विद्याधरने जो कुछ देखा था, वह सब राजा त्रिभुवनआनन्दको बता दिया। राजा करुण विलाप करता हुआ वहाँ पहुँचा। स्वजनोंको वह सब देखकर बहुत दुःख हुआ। जिन-भगवान्की जय बोलकर, अनंगसराने अपने प्राण त्याग दिये। जो विद्याधर उसे उड़ाकर ले गया था, वह भी तपकर, दशरथका पुत्र लक्ष्मण हुआ। यह अनंगसरा भी मरकर विशल्या सुन्दरीके नामसे उत्पन्न हुई। हे राम, उसके शरीरके स्नानजलसे, लक्ष्मण अपनी भुजाएँ ठोकते हुए उठ पड़ेंगे" ॥१-१०॥

[६९. एक्कुणसत्तरीमो संधि]

[१]

विज्जाहर-वयण-रसायणेंण आसासिउ वलहद्दु किह ।
णहेँ पडिवा-यन्दें दिट्ठऍण कहि मि ण माइउ उवहि जिह ॥

सरहसेंण पराजिय-आहवेण । सामन्त पजोइय राहवेण ॥१॥
'किं कहों वि अत्थि मणु सइय अङ्गेँ । जो एइ अणुट्ठन्तऍ पयङ्गेँ ॥२॥
जो जणइ मणोरह महु मणासु । जो जीविउ देइ जणद्दणासु' ॥३॥
तं वयणु सुणेंवि मरु-णन्दणेण । वुच्चइ रावण-वण-मद्दणेण ॥४॥
'महु अत्थि देव मणु सइय-अङ्गेँ । हउँ एमि अणुट्ठन्तऍ पयङ्गेँ ॥५॥
हउँ जणमि मणोहर तुह मणासु । हउँ जीविउ देमि जणद्दणासु' ॥६॥
तारा-तणएण वि वुत्तु एव । 'हउँ हणुवहों होमि सहाउ देव' ॥७॥
भामण्डलु पभणइ 'सुणु सुसामि । हउँ विहिं उत्तर-सक्खिणउ जामि' ॥८॥

घत्ता

ते जणय-पवण-सुग्गीव-सुय रामहों चलणेंहिं पडिय किह ।
कल्लाण-कालें तित्थङ्करहों तिण्णि वि तिहुवण-इन्द जिह ॥९॥

[२]

आरूढ विमाणेंहिं सुन्दरेहिं । अमरेहि व सव्व-सुहङ्करेहिं ॥१॥
चुम्वणेंहिं व णाणाविह-सरेहिं । सिव-पयहिं व मुत्तावलि-धरेहिं ॥२॥
कामिणि-मुहेंहिं व वण्णुज्जलेहिं । छिन्छइ-चित्तेहिं व चञ्चलेहिं ॥३॥
महकइ-कव्वेहिं व सुघडिएहिं । सुपुरिस-चरिएहिं व पयडिएहिं ॥४॥

उनहत्तरवीं सन्धि

[१] विद्याधरके वचनरूपी रसायनसे राम इतने अधिक आश्वस्त हुए कि मानो आकाशमें प्रतिपदाका चाँद देखकर समुद्र ही उद्वेलित हो उठा हो। युद्धविजेता रामने हर्षपूर्वक सामन्तोंको काममें नियुक्त कर दिया। उन्होंने कहा, "बताओ किसका मन है, जो अपने शरीरके बलपर सूर्योदयके पहले-पहले आ जाय, जो मेरा मनोरथ पूरा कर सके, और लक्ष्मणको जीवन-दान दे सके।" यह वचन सुनते ही रावणके वनको उजाड़नेवाले हनुमान्ने कहा, "हे देव, मेरे शरीरमें मेरा मन है! मैं कहता हूँ कि मैं सूर्योदयके पहले आ जाऊँगा, मैं तुम्हारे मनकी अभिलाषा पूरी करूँगा, और मैं लक्ष्मणको जीवन दान भी दूँगा।" तारापुत्र अंगदने भी यही बात कही कि मैं हनुमान्का सहायक बनूँगा। भामण्डल बोला, "हे स्वामी, सुनिए मैं दैवयोग-सा उत्तरसाक्षी होकर जाऊँगा।" जनक, पवन और सुग्रीवके बेटे रामके पैरोंपर इस प्रकार गिरे मानो कल्याणके समय तीनों इन्द्र जिन-भगवान्के चरणोंमें नत हो रहे हों ॥१-९॥

[२] सुन्दर विमानोंमें बैठकर, उन्होंने कूच किया। देवताओंकी भाँति वे विमान सबके लिए कल्याणकारी थे। चुम्बनोंकी भाँति उनमें तरह-तरहकी ध्वनियाँ सुनाई दे रही थीं, शिवपदकी भाँति, उनमें मोतियोंकी कई पंक्तियाँ थीं। सुन्दरियोंके मुखकी भाँति, उनका रंग एकदम उज्ज्वल था, वेश्याओंके चित्तकी तरह वे चंचल थे, महाकवियोंके काव्यके समान सुगठित थे, सज्जन पुरुषोंकी भाँति, स्पष्ट और साफ थे,

थेरासणेहिँ व अलि-मुहलिएहिँ । सइ-चारित्तेहिँ व अखलिएहिँ ॥५॥
णव-जोव्वणेँहिँ व णह-गोयरेहिँ । जिण-सिरेँहिँ व भामण्डल-धरेहिँ ॥६॥
वयणेहिँ व हणुव-पसङ्गएहिँ । पाहुणेँहिँ व गमण-मणङ्गएहिँ ॥७॥
थिय तेहिँ विमाणेँहिँ मणिमएहिँ । णं वर-फुलन्धुय पङ्कएहिँ ॥८॥

घत्ता

मण-गमणेँहिँ गयणेँ पयट्टएहिँ लक्खिउ लवण-समुद्दु किह ।
महि-मडयहोँ णहयल-रक्खसेण फाडिउ जठर-पएसु जिह ॥९॥

[२]

दीसइ रयणायरु रयण-वाहु । विञ्झु व स-वारि छन्दु व स-गाहु ॥१॥
अत्थाहु सुहि व हत्थि व करालु । भण्डारिउ व्व वहु-रयण-पालु ॥२॥
सूहव-पुरिसो व्व सलोण-सीलु । सुग्गीवु व पयडिय-इन्दणीलु ॥३॥
जिण-सुव-चक्कवइ व किय-वसेलु । मज्झण्णु व उप्परेँ चडिय-वेलु ॥४॥
तवसि व परिपालिय-समय-सारु । दुज्जण-पुरिसो व्व सहाव-खारु ॥५॥
णिद्धण-आलाबु व अप्पमाणु । जोइसु व मीण-कक्कडय-थाणु ॥६॥
मह-कव्व-णिवन्धु व सद्द-गहिरु । चामीयर-चसय व पीय-मइरु ॥७॥
तं जलणिहि उल्लङ्घन्तएहिँ । वोहित्थइँ दिट्ठइँ जन्तएहिँ ॥८॥
णीसीहवडइँ लम्विय-हलाइँ । महरिसि-चित्ताइँ व अविचलाइँ ॥९॥

घत्ता

अण्णु वि थोवन्तरु जन्तएँहिँ तिहि मि णिहालिउ गिरि मलउ ।
जो लवलि-वलहोँ चन्दण-सरहोँ दाहिण-पवणहोँ थामलउ ॥१०॥

ब्रह्माके आसनकी भाँति भ्रमरोंसे मुखरित थे, सतियोंके चरित्र-की भाँति अडिग थे, विद्याधरोंकी भाँति नये यौवनसे युक्त थे, जिन भगवान्‌की श्रीकी भाँति जो भामण्डलसे सहित थे, मुखोंकी तरह भारी-भारी ठुड्डीसे युक्त थे, अतिथियोंकी भाँति जानेकी इच्छा रखते थे। वे ऐसे मणिमय विमानोंमें बैठ गये, मानो भ्रमर कमलोंमें जा बैठे हों। मनके समान गति-वाले उन विमानोंके चलनेपर लवण समुद्र इस प्रकार दिखाई दिया मानो आकाशरूपी राक्षसने धरतीके शवको बीचमें-से फाड़ दिया हो ॥१-९॥

[३] उन्हें रत्नाकर दिखाई दिया, रत्न उसकी बाँहें थीं। वह समुद्र विन्ध्याचलकी भाँति सवारि (हाथी पकड़नेके गड्ढों सहित, और सजल), छन्दके समान सगाह (गाथा छन्दसे युक्त, जलचरोंसे युक्त), सज्जनके समान अथाह, जहाजके समान भयंकर, भण्डारीके समान बहुत-से रत्नोंका संरक्षक, सुभग पुरुषकी भाँति सलोण और सुशील (श्रीसे युक्त), सुग्रीवकी भाँति इन्द्रनीलको प्रकट कर देता है, जिनपुत्र भरत चक्रवर्तीकी भाँति जो वसेलु (संयम धारण करनेवाला और धन धारण करनेवाला) है। मध्याह्नकी भाँति वेला (तट और समय) जिसके ऊपर है। तपस्वीकी भाँति, जो समय (सिद्धान्त और मर्यादा) का पालन करता है। दुर्जन पुरुषकी भाँति जो स्वभावसे खारा है, जो गरीबकी पुकारकी भाँति अप्रमेय है, ज्योतिषकी भाँति, जो मीन और कर्क राशियोंका स्थान है, महाकाव्यकी रचनाकी भाँति जो शब्दोंसे गम्भीर है, सोनेके प्यालेकी भाँति जो पीतमदिर है (समुद्र मन्थनके समय निकली हुई सुरा, जिससे पी ली गयी है)। उस समुद्रको पार कर जाते हुए जहाज, उन्होंने देखे, जिनमें बिना पालके लम्बे मस्तूल थे।

[४]

जहिँ जुवइ-पऊरु-परज्जियाइँ । रत्तुप्पल-कयलि-वणइँ थियाइँ ॥१॥
कामिणि-गइ-छाया-मंसियाइँ । जहिँ हंस-उलइँ आवासियाइँ ॥२॥
कर-करयल-ओहामिय-मणाइँ । जहिँ मालइ कङ्केल्ली-वणाइँ ॥३॥
जहिँ वयण-णयण-पह-चल्लियाइँ । कमलिन्दीवरइँ समल्लियाइँ ॥४॥
जहिँ महुर-वाणि अवहत्थियाइँ । कोइल-कुलाइँ कसणइँ थियाइँ ॥५॥
भउहावलि-छाया-वङ्कियाइँ । जहिँ णिम्व-दलइँ कडुयइँ कियाइँ ।६।
जहिँ चिहुर-भार-ओहामियाइँ । वरहिण-कुलाइँ रोवावियाइँ ॥७॥
तं मलउ मुएँवि विहरन्ति जाव । दाहिण-महुरएँ आसण्ण ताव ॥८॥

घत्ता

किक्किन्ध-महागिरि लक्खियउ तुङ्ग-सिहरु कोड्डावणउ ।
छुडु रमियहेँ पुहइ-विलासिणिहेँ उर-पएसु सोहावणउ ॥९॥

[५]

जहिँ इन्दणील-कर-भिज्जमाणु । ससि थाइ जुण्ण-दप्पण-समाणु ॥१॥
जहिँ पउमराय-कर-तेय-पिण्डु । रत्तुप्पल-सण्णिहु होइ चण्डु ॥२॥
जहिँ मरगय-खाणि वि विप्फुरन्ति । ससि-विम्बु भिसिणि-पत्तु व करन्ति ३
तं मेल्लेँवि रहसुच्छलिय-गत्त । णिविसद्धें सरि कावेरि पत्त ॥४॥
जा लइय विहञ्जेँवि णरवरेहिँ । महकव्व-कहा इव कइवरेहिँ ॥५॥
सामिय-आणा इव किङ्करेहिँ । तित्थङ्कर-वाणि व गणहरेहिँ ॥६॥

जो महामुनिके चित्तकी भाँति एकदम अडिग थे। थोड़ा और जानेपर, उन्होंने मलय पर्वत देखा। वह मलय पर्वत जो लवली लताओं, चन्दन वृक्षों और दक्षिण पवनका घर है ॥१-१०॥

[४] जिस पर्वतपर, युवतीजनोंके पैरों और जाँघोंको जीतनेवाले रक्तकमल और करली वृक्ष हैं। सुन्दरियोंकी चाल-का आभास देनेवाले हंसकुल बसे हुए हैं। जिसमें कर और करतलोंका मन नीचा कर देनेवाले मालती और कंकेलीके वृक्ष हैं, जिसमें मुख और नेत्रोंकी आभाको पराजित कर देनेवाले कमल और इन्दीवर एक साथ खिले हुए हैं। जिसमें मीठी बोली की अवहेलना करनेवाले काले कोयलकुल हैं। जिसमें भौंहोंकी छायासे भी कुटिल और कड़वे नीमके दल हैं। जिसमें बालोंकी शोभाको क्षीण कर देनेवाले मयूरोंके कुल सुन्दर नृत्य कर रहे हैं। उस सुन्दर मलय पर्वतको छोड़कर विहार करते हुए वे लोग दायें मुड़े वहाँ उन्हें किष्किन्धा पर्वतराज दिखाई दिया। कुतूहल उत्पन्न करनेवाले उसके शिखर ऊँचे थे। वह ऐसा लग रहा था मानो रमणशील धरतीरूपी विलासिनीका सुहावना उर-प्रदेश हो ॥१-६॥

[५] जिसमें इन्द्रनील मणिकी किरणोंसे धूमिल चन्द्रमा एक पुराने दर्पणकी भाँति लगता था। और फिर वही चन्द्र पद्मराग मणियोंकी किरणोंसे इतना दीप्त हो उठता था कि रक्त-कमलोंके समान प्रचण्ड दिखाई देने लगता। जहाँ चमकती हुई पन्नोंकी खदान चन्द्रबिम्बको कमलनीका पत्ता बना देती। हर्षसे पुलकित, वे लोग मलयपर्वतको छोड़कर, आधे ही पलमें कावेरी नदीपर पहुँच गये। उन्होंने उस नदीको विभक्तकर, उसी प्रकार पार कर लिया, जिस प्रकार कविवर महाकाव्यकी कथाके दो भाग कर लेते हैं, या जिस प्रकार अनुचर अपने

'सिव-सासय-मोत्ति व हेउएहिँ । वर-सद्दुपत्ति व धाउएहिँ ।
पुणु दिट्ठ महाणइ तुङ्गभद्द । करि-मयर-मच्छ-ओहर-रउद्द ।

घत्ता

असहन्तें वणदव-पवण-झड दूसह-किरण-दिवायरहों ।
णं सज्झें सुद्दु तिसाइऍण जीह पसारिय सायरहों ॥९॥

[६]

पुणु दिट्ठ पवाहिणि किण्हवण्ण । किविणत्थ-पउत्ति व महि-णिस
पुणु इन्दणील-कण्ठिय-धरेण । दक्खविय समुद्दहों आयरेण ।
पुणु सरि भीमरहि जलोह-फार । जा सेउण-देसहों अमिय-धार
पुणु गोला-णइ मन्थर-पवाह । सज्झेण पसारिय णाइँ वाह ।
पुणु वेण्णि-पउण्हिउ वाहिणीउ । णं कुडिल-सहावउ कामिणीउ
पुणु तावि महाणइ सुप्पवाह । सज्जण मेत्ति व्व अलद्ध-थाह ।
थोवन्तरालें पुणु विञ्झु थाइ । सीमन्तउ पिहिमिहें तणउ णाइ
पुणु रेवा-णइ हणुवङ्गएहिँ । सा णिन्दिय रोस-वसङ्गएहिँ ॥
'किं विञ्झहों पासिउ उवहि चारु । जो स-विसु किविणु अच्चन्त-खार
तं णिसुणेंवि सीय-सहोयरेण । णिब्भच्छिय णहयल-गोयरेण ।

घत्ता

जं विञ्झु मुएँवि गय सायरहों मा रूसहों रेवा-णइहें ।
णिल्लोणु मुअइ सलोणु सरइ णिय-सहाउ एँउ तियमइहें ॥

स्वामीकी आज्ञाको, जिस प्रकार गणधर जिनवरकी वाणीको, जिस प्रकार तार्किक शिव शाश्वतरूपी मोतीको, जिस प्रकार वैयाकरण उत्तमशब्दोंकी उत्पत्तिको तोड़ लेते हैं। फिर उन्हें तुंगभद्रा नामक महानदी मिली, जो हाथियों, मगर-मच्छ और ओहरोंसे अत्यन्त भयानक थी। वह ऐसी लगती थी, मानो संध्या असह्य किरण सूर्यकी सीमान्ती हवाओंको सहन नहीं कर सकी और प्यासके कारण उसने सागरकी ओर अपनी जीभ फैला दी हो ॥१-९॥

[६] धरतीपर बहती हुई काले रंगकी वह नदी ऐसी लगी मानो किसी कंजूसकी उक्ति हो। मानो इन्द्रनीलपर्वतने आदर-पूर्वक उसे समुद्रका रास्ता दिखाया हो। अपने जलसमूहके विस्तारके साथ वह नदी घूम रही थी, वह नदी जो सेउण देशके लिए अमृतकी धारा थी। फिर उन्हें गोदावरी नदी दिखाई दी, जो ऐसी लगती थी मानो सन्ध्याने अपनी बाँह फैला दी हो। सेनाओंने उन नदियोंको जब पार कर लिया तो ऐसा लगा मानो किसी आदमीने कुटिल स्वभावकी स्त्रीको, अपने वशमें कर लिया हो। उसके बाद, वे महानदीके पास पहुँचे, सज्जनके समान जिसकी थाह नहीं ली जा सकती। उससे थोड़ी दूरपर, विन्ध्याचल पहाड़ था, मानो धरतीका सीमान्त हो। सहसा क्रुद्ध होकर हनुमान्‌ने रेवा नदीकी निन्दा की और कहा, "विन्ध्याचलकी तुलनामें समुद्र सुन्दर है, वह समुद्र, जो विपसहित (जलसहित) है, जो कृपण है और अत्यन्त खारा है।" यह सुनकर आकाशवासी विद्याधर भामण्डल ने कहा, "विन्ध्या-चलको छोड़कर, रेवा नदी जो समुद्रके पास जा रही है, इसके लिए उसपर क्रोध करना बेकार है, क्योंकि यह तो स्त्रियोंका स्वभाव होता है कि वे असुन्दरको छोड़कर सुन्दरके पास जाती हैं॥१-११॥

सिव-सासय-मोत्ति व हेउएहिँ । वर-सद्दुपत्ति व धाउएहिँ ॥७॥
पुणु दिट्ठ महाणइ तुङ्गभद्द । करि-मयर-मच्छ-ओहर-रउद्द ॥८॥

घत्ता

असहन्तें वणदव-पवण-झड दूसह-किरण-दिवायरहों ।
णं सज्झें सुट्ठु तिसाइएँण जीह पसारिय सायरहों ॥९॥

[६]

पुणु दिट्ठ पवाहिणि किण्हवण्ण । किविणत्थ-पउत्ति व महि-णिसण्ण ॥१॥
पुणु इन्दणील-कण्ठिय-धरेण । दक्खविय समुद्दहों आयरेण ॥२॥
पुणु सरि भीमरहि जलोह-फार । जा सेउण-देसहों अमिय-धार ॥३॥
पुणु गोला-णइ मन्थर-पवाह । सज्झेण पसारिय णाइँ वाह ॥४॥
पुणु वेण्णि-पउण्हिउ वाहिणीउ । णं कुडिल-सहावउ कामिणीउ ॥५॥
पुणु तावि महाणइ सुप्पवाह । सज्जण मेत्ति व्व अलद्ध-थाह ॥६॥
थोवन्तरालें पुणु विन्झु थाइ । सीमन्तउ पिहिमिहें तणउ णाइ ॥७॥
पुणु रेवा-णइ हणुवङ्गएहिँ । सा णिन्दिय रोस-वसङ्गएहिँ ॥८॥
'किं विन्झहों पासिउ उवहि चारु । जो स-विसु किविणु अच्चन्त-खारु ॥९॥
तं णिसुणेंवि सीय-सहोयरेण । णिब्भच्छिय णहयल-गोयरेण ॥१०॥

घत्ता

जं विन्झु मुएँवि गय सायरहों मा रूसहों रेवा-णइहें ।
णिल्लोणु मुअइ सलोणु सरइ णिय-सहाउ एँउ तियमइहें ॥११॥

स्वामीकी आज्ञाको, जिस प्रकार गणधर जिनवरकी वाणीको, जिस प्रकार तार्किक शिव शाश्वतरूपी मोतीको, जिस प्रकार वैयाकरण उत्तमशब्दोंकी उत्पत्तिको तोड़ लेते हैं। फिर उन्हें तुंगभद्रा नामक महानदी मिली, जो हाथियों, मगर-मच्छ और ओहरोंसे अत्यन्त भयानक थी। वह ऐसी लगती थी, मानो संध्या असह्य किरण सूर्यकी सीमान्ती हवाओंको सहन नहीं कर सकी और प्यासके कारण उसने सागरकी ओर अपनी जीभ फैला दी हो ॥१-९॥

[६] धरतीपर वहती हुई काले रंगकी वह नदी ऐसी लगी मानो किसी कंजूसकी उक्ति हो। मानो इन्द्रनीलपर्वतने आदर-पूर्वक उसे समुद्रका रास्ता दिखाया हो। अपने जलसमूहके विस्तारके साथ वह नदी घूम रही थी, वह नदी जो सेउण देशके लिए अमृतकी धारा थी। फिर उन्हें गोदावरी नदी दिखाई दी, जो ऐसी लगती थी मानो सन्ध्याने अपनी बाँह फैला दी हो। सेनाओंने उन नदियोंको जब पार कर लिया तो ऐसा लगा मानो किसी आदमीने कुटिल स्वभावकी स्त्रीको, अपने वशमें कर लिया हो। उसके बाद, वे महानदीके पास पहुँचे, सज्जनके समान जिसकी थाह नहीं ली जा सकती। उससे थोड़ी दूरपर, विन्ध्याचल पहाड़ था, मानो धरतीका सीमान्त हो। सहसा क्रुद्ध होकर हनुमान्‌ने रेवा नदीकी निन्दा की और कहा, "विन्ध्याचलकी तुलनामें समुद्र सुन्दर है, वह समुद्र, जो विपसहित (जलसहित) है, जो कृपण है और अत्यन्त खारा है।" यह सुनकर आकाशवासी विद्याधर भामण्डल ने कहा, "विन्ध्या-चलको छोड़कर, रेवा नदी जो समुद्रके पास जा रही है, इसके लिए उसपर क्रोध करना बेकार है, क्योंकि यह तो स्त्रियोंका स्वभाव होता है कि वे असुन्दरको छोड़कर सुन्दरके पास जाती हैं॥१-११॥

[७]

सा णम्मय दूरन्तरेँण चत्त । पुणु उज्जयणि णिविसेण पत्त ॥१॥
जहिँ जणवउ स-धणु महा-घणो व्व । रामोवरि वच्छलु लक्खणो व्व ॥२॥
गुणवन्तउ धणुहर-सङ्गहो व्व । असुणिय-कर-सिर-तणु वम्महो व्व ।३।
स वि दुम्महिल व उज्जेणि मुक्क । पुणु पारियत्तु मालवउ ढुक्क ॥४॥
जो धण्णालङ्किउ णरवइ व्व । उच्छुहणु कुसुमसरु रइवइ व्व ॥५॥
तं मेल्लेँ वि जउणा-णइ पवण्ण । जा अलय-जलय-गवलालि-वण्ण ॥६॥
जा कसिण भुअङ्गि व विसहोँ भरिय । कज्जल-रेह व णं धरएँ धरिय ॥७॥
थोवन्तरेँ जल-णिम्मल-तरङ्ग । ससि-सङ्ख-समप्पह दिट्ठ गङ्ग ॥८॥

घत्ता

अम्हहँ विहिँ गरुवउ कवणु जएँ जुज्झेँ वि आएं मच्छरेँण ।
हिमवन्तहोँ णं अवहरेँ वि णिय धय-वडाय रयणायरेँण ॥९॥

[८]

थोवन्तरेँ तिहि मि अउज्झ दिट्ठ । पुणु सिद्धिपुरिहिँ सिद्धि व पइट्ठ ॥१॥
जहिँ मिहुणइँ आरम्भिय-रयाइँ । पन्थिय इव उच्चाइय-पयाइँ ॥२॥
पाहुण इव अवरुण्डण-मणाइँ । गिरिवर-गत्ता इव सव्वगाइँ । ३॥
अविचल-रज्जा इव सु-करणाइँ । रिसिउल इव भाव-परायणाइँ ॥४॥

[७] उस नर्मदा नदीको भी, उन्होंने दूरसे छोड़ दिया। वहाँसे वे पलभरमें उज्जैन पहुँच गये। वहाँ जनपद महामेघकी भाँति सघन (धन और धनुष) था जो रामपर लक्ष्मणकी ही भाँति स्नेह रखता था, जो धनुर्धारीके संग्रहके समान गुणोंसे युक्त था, जो कामदेवकी तरह कर (अंग और टैक्स.) सिर (अंग और श्री), तनु (शरीर) को कुछ भी नहीं गिनता था। उन्होंने खोटी महिलाकी भाँति, उज्जैन नगरीको भी छोड़ दिया। फिर वे, पारियात्र और मालव जनपद पहुँचे। वह मालव जनपद, राजाकी भाँति,—धन्य (जन और पुण्य) से युक्त था। ईख ही उसका धन था। कामदेवकी भाँति वह कुसुममाला धारण करता था। उसे पार कर, वे यमुनाके किनारे जा पहुँचे, जो आर्द्र मेघोंके समान श्यामरंगकी थी। जो नागिनकी भाँति काली थी, और विष (जल-जहर) से भरी हुई थी, जो ऐसी जान पड़ती थी, मानो धरतीपर खींची गयी काजलकी लकीर हो। उसके थोड़ी ही देर बाद, गंगा नदी उन्हें दीख पड़ी, उसकी तरंगें जलसे एकदम स्वच्छ थीं, चन्द्रमा और शंखके समान जो शुभ्र थी। मानो वह कह रही थी, दोनोंमें, जयसे कौन गौरवान्वित होती है, आओ इसी ईर्ष्यासे लड़ लें। या वह ऐसी लगती थी मानो समुद्र हठपूर्वक हिमालयकी ध्वजा ले जा रहा हो ॥१-९॥

[८] थोड़ी ही देर बाद, उन्हें अयोध्या नगरी दिखाई दी, उन्होंने उस नगरीमें इस प्रकार प्रवेश किया, मानो सिद्धिनगरमें सिद्धिने प्रवेश किया हो। वहाँ जोड़े आपसमें रतिक्रीड़ा कर रहे थे, पथिकोंकी भाँति, उनके पैर ऊँचे थे, अविधिकी भाँति, जो आलिंगन चाह रहा था, गिरिवरके शरीरकी भाँति, जिसमें सब कुछ था, अविचल राज्यकी भाँति, जिसके पास सभी

धणुहर इव गुण-मेल्लिय-सराइँ । अहरत्ता इव पहराउराइँ ॥५॥
पुणु णरवइ मंदिरें गय तुरन्त । मुणि-सुव्वय-जिण-मङ्गलइँ गन्त ॥६॥
सग्गावयारें जम्माभिसेएँ । णिक्खवणें णाणें णिव्वाणच्छएँ ॥७॥
तित्थयर-परम-देवाहँ जाइँ । पञ्च वि कल्लाणइँ होन्ति ताइँ ॥८॥

घत्ता

'महि मन्दरु सायरु जाव णहु जाव दिसउ महणइ-जलइँ ।
तउ होन्तु ताव जिण-केराइँ पुण्ण-पवित्तइँ मङ्गलइँ' ॥९॥

[९]

तं मङ्गल-सद्दें पहु विउद्धु । णं छण-मयलञ्छणु अद्ध-अद्धु ॥१॥
णं उभय-महीहरें तरुण-मित्तु । णं मानस-सरु रवि-किरण-छित्तु ॥२॥
णं वाल-लील केसरि-किसोरु । णं सुरवइ सुर-वहु-चित्त-चोरु ॥३॥
उट्ठन्तें वहु-मणि-गण-चियाइँ । लक्खियइँ विमाणइँ खञ्चियाइँ ॥४॥
णं णहयल-कमलइँ विहसियाइँ । सज्जण-वयणाइँ व पहसियाइँ ॥५॥
णिक्कारणें जाइँ पप्फुल्लियाइँ । सु-कलत्तइँ णाइँ समल्लियाइँ ॥६॥
णिद्दिट्ठ विमाणेंहिँ तेहिँ वीर । सव्वाहरणालङ्किय-सरीर ॥७॥
परिपुच्छिय 'तुम्हेँ पयट्ट केत्थु । किं मायापुरिस पढुक्क एत्थु ॥८॥

घत्ता

हेमन्त-गिम्ह-पाउस-समय किं अवयवेंहिँ अलङ्करिय ।
किं तिण्णि वि हरि-हर-चउवयण आएं वेसें अवयरिय' ॥९॥

साधन थे, मुनिकुलकी भाँति जो भावोंकी ऊँची भूमिकापर पहुँच चुका था। धनुर्धरकी भाँति जो गुण मेल्लितसर, (डोरीसे तीर छोड़ रहा है; जिसके स्वरमें गुण हैं) जो अर्ध-रात्रिकी भाँति, प्रहरों (पहरेदार, अस्त्र) से पूरित है। फिर राजा शीघ्र ही मुनिसुव्रत भगवान्‌के मंगलोंका गान करते हुए, मन्दिरमें गया। उसने कहा स्वर्गावतारमें, जन्माभिषेकमें, दीक्षाके समय, ज्ञान प्राप्तिमें और निर्वाणकी सिद्धिमें, तीर्थंकरों-के जो पाँच कल्याण होते हैं वे होते रहें। जबतक यह धरती, मन्दराचल, सागर, आकाश, दिशाएँ और महानदियोंका जल है तबतक जिन भगवान्‌के परमपवित्र पंचकल्याणक होते रहें ॥१-९॥

[९] मंगल शब्दसे राजा सहसा इस प्रकार प्रबुद्ध हो उठा, मानो पूनोका चाँद हो, मानो उदयाचलपर तरुण सूर्य हो, मानो सूर्यकी किरणोंसे विकसित मानस सरोवर हो, मानो किशोरसिंह बाललीला कर रहा हो, मानो सुरबालाओंके चित्त को चुरानेवाला इन्द्र हो। उठते-उठते उसने देखा तरह-तरहके मणिसमूहसे जड़ित विमान आकाशतलमें खचाखच भर गये। वे ऐसे लगते थे, मानो आकाशतलमें कमल खिले हों, वे विमान सज्जनोंके मुखकी भाँति हँसते-से दिखाई देते थे। वे निष्कारण खिले हुए थे, अच्छी स्त्रीकी भाँति, एक-दूसरेसे मिले हुए थे। उन विमानोंमें वीर दिखाई दिये, उनके शरीर सभी तरहके अलंकारोंसे अलंकृत थे। उसने पूछा, "तुम कहाँसे आये, क्या यहाँपर कोई मायापुरुष आ पहुँचा है। हेमन्त, ग्रीष्म और पावस ऋतुओंने अपना एक-एक अंग सजा लिया। लगता था, जैसे विष्णु, शिव और ब्रह्माने इसी रूपमें अवतार लिया हो ॥१-९॥

धणुहर इव गुण-मेल्लिय-सराइँ । अहरत्ता इव पहराउराइँ ॥५॥
पुणु णरवइ मंदिरेँ गय तुरन्त । मुणि-सुव्वय-जिण-मङ्गलइँ गन्त ॥६॥
सग्गावयारेँ जम्माभिसेएँ । णिक्खवणेँ णाणेँ णिव्वाणच्छएँ ॥७॥
तित्थयर-परम-देवाहँ जाइँ । पञ्च वि कल्लाणइँ होन्ति ताइँ ॥८॥

घत्ता

'महि मन्दरु सायरु जाव णहु जाव दिसउ महणइ-जलइँ ।
तउ होन्तु ताव जिण-केराइँ पुण्ण-पवित्तइँ मङ्गलइँ' ॥९॥

[९]

तं मङ्गल-सद्दें पहु विउद्धु । णं छण-मयलञ्छणु अद्ध-अद्धु ॥१॥
णं उअय-महीहरेँ तरुण-मित्तु । णं मानस-सरु रवि-किरण-छित्तु ॥२॥
णं वाल-लीलु केसरि-किसोरु । णं सुरवइ सुर-वहु-चित्त-चोरु ॥३॥
उट्ठन्तें वहु-मणि-गण-चियाइँ । लक्खियइँ विमाणइँ खञ्चियाइँ ॥४॥
णं णहयल-कमलइँ विहसियाइँ । सज्जण-वयणाइँ व पहसियाइँ ॥५॥
णिक्कारणें जाइँ पप्फुल्लियाइँ । सु-कलत्तइँ णाइँ समल्लियाइँ ॥६॥
णिद्दिट्ठ विमाणेंहिँ तेहिँ वीर । सव्वाहरणालङ्किय-सरीर ॥७॥
परिपुच्छिय 'तुम्हेँ पयट्ट केत्थु । किं मायापुरिस पढुक्क एत्थु ॥८॥

घत्ता

हेमन्त-गिम्ह-पाउस-समय किं अवयवेँहिँ अलङ्करिय ।
किं तिण्णि वि हरि-हर-चउवयण आएं वेसें अवयरिय' ॥९॥

साधन थे, मुनिकुलकी भाँति जो भावोंकी ऊँची भूमिकापर पहुँच चुका था। धनुर्धरकी भाँति जो गुण मेल्लितसर, (डोरीसे तीर छोड़ रहा है; जिसके स्वरमें गुण हैं) जो अर्ध-रात्रिकी भाँति, प्रहरों (पहरेदार, अस्त्र) से पूरित है। फिर राजा शीघ्र ही मुनिसुव्रत भगवान्‌के मंगलोंका गान करते हुए, मन्दिरमें गया। उसने कहा स्वर्गावतारमें, जन्माभिषेकमें, दीक्षाके समय, ज्ञान प्राप्तिमें और निर्वाणकी सिद्धिमें, तीर्थकरों-के जो पाँच कल्याण होते हैं वे होते रहें। जबतक यह धरती, मन्दराचल, सागर, आकाश, दिशाएँ और महानदियोंका जल है तबतक जिन भगवान्‌के परमपवित्र पंचकल्याणक होते रहें ॥१-९॥

[९] मंगल शब्दसे राजा सहसा इस प्रकार प्रबुद्ध हो उठा, मानो पूनोका चाँद हो, मानो उदयाचलपर तरुण सूर्य हो, मानो सूर्यकी किरणोंसे विकसित मानस सरोवर हो, मानो किशोरसिंह बाललीला कर रहा हो, मानो सुरबालाओंके चित्त को चुरानेवाला इन्द्र हो। उठते-उठते उसने देखा तरह-तरहके मणिसमूहसे जड़ित विमान आकाशतलमें खचाखच भर गये। वे ऐसे लगते थे, मानो आकाशतलमें कमल खिले हों, वे विमान सज्जनोंके मुखकी भाँति हँसते-से दिखाई देते थे। वे निष्कारण खिले हुए थे, अच्छी स्त्रीकी भाँति, एक-दूसरेसे मिले हुए थे। उन विमानोंमें वीर दिखाई दिये, उनके शरीर सभी तरहके अलंकारोंसे अलंकृत थे। उसने पूछा, "तुम कहाँसे आये, क्या यहाँपर कोई मायापुरुष आ पहुँचा है। हेमन्त, ग्रीष्म और पावस ऋतुओंने अपना एक-एक अंग सजा लिया। लगता था, जैसे विष्णु, शिव और ब्रह्माने इसी रूपमें अवतार लिया हो ॥१-९॥

धणुहर इव गुण-मेल्लिय-सराइँ । अहरत्ता इव पहराउराइँ ॥५॥
पुणु णरवइ मंदिरेँ गय तुरन्त । मुणि-सुव्वय-जिण-मङ्गलइँ गन्त ॥६॥
सग्गावयारेँ जम्माभिसेएँ । णिक्खवणेँ णाणेँ णिव्वाणच्छएँ ॥७॥
तित्थयर-परम-देवाहँ जाइँ । पञ्च वि कल्लाणइँ होन्ति ताइँ ॥८॥

घत्ता

'महि मन्दरु सायरु जाव णहु जाव दिसउ महणइ-जलइँ ।
तउ होन्तु ताव जिण-केराइँ पुण्ण-पवित्तइँ मङ्गलइँ' ॥९॥

[९]

तं मङ्गल-सद्दें पहु विउद्धु । णं छण-मयलञ्छणु अद्ध-अद्धु ॥१॥
णं उअय-महीहरेँ तरुण-मित्तु । णं मानस-सरु रवि-किरण-छित्तु ॥२॥
णं वाल-लीलु केसरि-किसोरु । णं सुरवइ सुर-वहु-चित्त-चोरु ॥३॥
उट्ठन्तें वहु-मणि-गण-चियाइँ । लक्खियइँ विमाणइँ खञ्चियाइँ ॥४॥
णं णहयल-कमलइँ विहसियाइँ । सज्जण-वयणाइँ व पहसियाइँ ॥५॥
णिक्कारणेँ जाइँ पप्फुल्लियाइँ । सु-कलत्तइँ णाइँ समल्लियाइँ ॥६॥
णिद्दिट्ठ विमाणेँहिँ तेहिँ वीर । सव्वाहरणालङ्किय-सरीर ॥७॥
परिपुच्छिय 'तुम्हेँ पयट्ट केत्थु । किं मायापुरिस पढुक्क एत्थु ॥८॥

घत्ता

हेमन्त-गिम्ह-पाउस-समय किं अवयवेँहिँ अलङ्करिय ।
किं तिण्णि वि हरि-हर-चउवयण आएं वेसें अवयरिय' ॥९॥

साधन थे, मुनिकुलकी भाँति जो भावोंकी ऊँची भूमिकापर पहुँच चुका था। धनुर्धरकी भाँति जो गुण मेल्लितसर, (डोरीसे तीर छोड़ रहा है; जिसके स्वरमें गुण हैं) जो अर्ध-रात्रिकी भाँति, प्रहरों (पहरेदार, अस्त्र) से पूरित है। फिर राजा शीघ्र ही मुनिसुव्रत भगवान्‌के मंगलोंका गान करते हुए, मन्दिरमें गया। उसने कहा स्वर्गावतारमें, जन्माभिषेकमें, दीक्षाके समय, ज्ञान प्राप्तिमें और निर्वाणकी सिद्धिमें, तीर्थंकरोंके जो पाँच कल्याण होते हैं वे होते रहें। जबतक यह धरती, मन्दराचल, सागर, आकाश, दिशाएँ और महानदियोंका जल है तबतक जिन भगवान्‌के परमपवित्र पंचकल्याणक होते रहें ॥१-९॥

[९] मंगल शब्दसे राजा सहसा इस प्रकार प्रबुद्ध हो उठा, मानो पूनोका चाँद हो, मानो उदयाचलपर तरुण सूर्य हो, मानो सूर्यकी किरणोंसे विकसित मानस सरोवर हो, मानो किशोरसिंह बाललीला कर रहा हो, मानो सुरबालाओंके चित्तको चुरानेवाला इन्द्र हो। उठते-उठते उसने देखा तरह-तरहके मणिसमूहसे जड़ित विमान आकाशतलमें खचाखच भर गये। वे ऐसे लगते थे, मानो आकाशतलमें कमल खिले हों, वे विमान सज्जनोंके मुखकी भाँति हँसते-से दिखाई देते थे। वे निष्कारण खिले हुए थे, अच्छी स्त्रीकी भाँति, एक-दूसरेसे मिले हुए थे। उन विमानोंमें वीर दिखाई दिये, उनके शरीर सभी तरहके अलंकारोंसे अलंकृत थे। उसने पूछा, "तुम कहाँसे आये, क्या यहाँपर कोई मायापुरुष आ पहुँचा है। हेमन्त, ग्रीष्म और पावस ऋतुओंने अपना एक-एक अंग सजा लिया। लगता था, जैसे विष्णु, शिव और ब्रह्माने इसी रूपमें अवतार लिया हो ॥१-९॥

[१०]

वयणेण तेण भरहहों तणेण । वोल्लिज्जइ जणयहों णन्दणेण ॥१॥
'हउँ भामण्डलु हणुवन्तु एहु । उहु अङ्गउ रहसुच्छलिय-देहु ॥२॥
तिण्णि वि आइय कज्जेण जेण । सुणु अक्खमि किं वहु-वित्थरेण ॥३॥
सीयहें कारणें रोसिय-मणाहँ । रणु वट्टइ राहव-रावणाहँ ॥४॥
लक्खणु सत्तिएँ विणिभिण्णु तेत्थु । दुक्करु जीवइ तें आय एत्थु' ॥५॥
तं वयणु सुणें वि परिपालिएलु । णं कुलिस-समाहउ पडिउ सेलु ॥६॥
णं चवण-कालें सग्गहों सुरिन्दु । उम्मुच्छिउ कह वि कह वि णरिन्दु ॥७॥
दुक्खाउरु धाहावणहिँ लग्गु । पुण्ण-क्खएँ हरि व मुअन्तु सग्गु ॥८॥

घत्ता

'हा पइँ सोमित्ति मरन्तएँण मरइ णिरुत्तउ दासरहि ।
भत्तार-विहूणिय णारि जिह अज्जु अणाहीहूय महि ॥९॥

[११]

हा भायर एक्कसि देहि वाय । हा पइँ विणु जय-सिरि विहव जाय ॥१॥
हा भायर महु सिरें पडिउ गयणु । हा हियउ फुट्टु दुक्खवहि वयणु ॥२॥
हा भायर वरहिण-महुर-वाणि । महु णिवडिओऽसि दाहिणउ पाणि ॥३॥
हा किं समुद्दें जल-णिवहु खुट्टु । हा किह दिढु कुम्भ-कडाहु फुट्टु ॥४॥
हा किह सुरवइ लच्छिएँ विमुक्कु । हा किह जमरायहों मरणु ढुक्कु ॥५॥
हा किह दिणयरु कर-णियर-चत्तु । हा किह अणङ्गु दोहग्गु पत्तु ॥६॥
हा चच्चलिहूअउ केम मेरु । हा केम जाउ णिद्धणु कुवेरु ॥७॥

घत्ता

हा णिव्विसु किह धरणिन्दु थिउ णिप्पहु ससि सिहि सीयलउ ।
टलटलिहूई केम महि केम समीरणु णिच्चलउ ॥८॥

[१०] भरतके ये शब्द सुनकर जनकपुत्र भामण्डलने निवेदन किया, "मैं भामण्डल हूँ। यह हनुमान् हैं, वह रहा अंगद, जिसका शरीर हर्षातिरेकमें उछल रहा है, हम तीनों जिसलिए आपके पास आये हैं उसे आप सुन लीजिए, उसे फैलाकर कहने में क्या लाभ ? सीताके कारण एक-दूसरेपर क्रुद्ध राम और रावण में भयंकर संघर्ष चल रहा है। वहाँ लक्ष्मण शक्तिसे आहत होकर पड़े हैं, और अब उनकी जिन्दगीका बचना कठिन हो गया है।" यह सुनकर वह पीड़ित हो गये, मानो वज्रसे चोट खाकर पर्वत ही टूट पड़ा हो। मानो च्युत होनेके समय स्वर्गसे इन्द्र गिरा हो। बड़ी कठिनाईसे राजा भरतकी मूर्छा दूर हुई। भरत विलाप करने लगे, "हे लक्ष्मण, तुम्हारी मृत्युसे निश्चय ही राम जीवित नहीं रह सकते, और यह धरती भी तुम्हारे बिना वैसे ही अनाथ हो जायगी जैसे बिना पतिके स्त्री ॥१-९॥

[११] "हे भाई, तुम एक बार तो बात करो, तुम्हारे अभावमें विजयश्री विधवा हो गयी। हे भाई, मेरे ऊपर आसमान ही टूट पड़ा है। मेरा हृदय फूटा जा रहा है, तुम अपना मुखड़ा दिखाओ। हे मोर-सी मीठी वाणीवाले मेरे भाई, मेरा तो दायाँ हाथ टूट गया है। अरे आज समुद्रका पानी समाप्त हो गया या कछुएकी मजबूत पीठ ही फूट गयी है। इन्द्र लक्ष्मीसे कैसे वंचित हो गया है, यमराजका अन्त कैसें आ पहुँचा है, सूर्यने अपना किरणजाल कैसे छोड़ दिया है, कामदेव कैसे दुर्भाग्यग्रस्त हो उठा है! अरे, सुमेरु पर्वत कैसे हिल उठा, और कुबेर निर्धन कैसे हो गया! अरे सर्पराज विषविहीन कैसे हो गये। चन्द्रमा कान्तिरहित है और आग ठण्डी है। धरती कैसे डगमगा गयी, हवा कैसे अचल हो गयी ॥१-८॥

[१२]

लब्भइ रयणायरेँ रयण-खाणि । लब्भइ कोइलु-कुलेँ महुर-वाणि ॥१॥
लब्भइ चन्दणु गिरि-मलय-सिङ्गेँ । लब्भइ सुहवत्तणु जुवइ-अङ्गेँ ॥२॥
लब्भइ धणु धणएँ धरा-पवण्णु । लब्भइ कञ्चण-पावएँ सुवण्णु ॥३॥
लब्भइ पेसणेँ सामिय-पसाउ । लब्भइ किएँ विणएँ जणाणुराउ ॥४॥
लब्भइ सज्जणेँ गुण-दाण-कित्ति । सिय असिवरेँ गुरु-कुलेँ परम तित्ति ॥५॥
लब्भइ वसियरणेँ कलत्त-रयणु । महकव्व सुहासिउ सुकइ-वयणु ॥६॥
लब्भइ उवयार-मइएँ सु-मित्तु । मइवेँ हिँ विलासिणि-चारु-चित्तु ॥७॥
लब्भइ पर-तीरेँ महग्घु भण्डु । वर-वेलु-मूलेँ वेडुज्ज-खण्डु ॥८॥

घत्ता

गएँ मोत्तिउ सिङ्घल दीवेँ मणि वइरागरहोँ वज्जु पउरु ।
आयइँ सव्वइँ लब्भन्ति जएँ णवर ण लब्भइ माइ-वरु' ॥९॥

[१३]

रोवन्तेँ दसरह-णन्दणेण । धाहाविउ सव्वेँ परियणेण ॥१॥
दुक्खाउरु रोवइ सयलु लोउ । णं चप्पेँ वि चप्पेँवि भरिउ सोउ ॥२॥
रोवइ भिच्चयणु समुद्द-हत्थु । णं कमल-सण्डु हिम-पवण-घत्थु ॥३॥
रोवइ अन्तेउरु सोय-पुण्णु । णं छिज्जमाणु सङ्ख-उलु चुण्णु ॥४॥
रोवइ अवराइय राम-जणणि । केक्कय दाइय-तरु-मूल-खणणि ॥५॥
रोवइ सुप्पह विच्छाय जाय । रोवइ सुमित्त सोमित्ति-माय ॥६॥
'हा पुत्त पुत्त केत्तहे गओऽसि । किह सत्तिएँ वच्छ-त्थलेँ हओऽसि ॥७॥
हा पुत्त मरन्तु ण जाइओऽसि । दइवेण केण विच्छोइओऽसि ॥८॥

[१२] रत्नाकरमें रत्नोंकी खान पायी जाती है। कोयल कुल में मीठी बोली मिलती है। मलय पर्वतमें चन्दन मिलता है, युवतियोंके अंगमें सुख मिलता है, कुबेरसे धरतीभर सोना मिलता है, सोनेकी आगसे सुवर्णकी प्राप्ति होती है, सेवासे ही स्वामीका प्रसाद मिलता है, विनय करनेपर ही जनताका प्रेम मिलता है, सज्जन होनेपर ही गुण, दान और यशकी उपलब्धि होती है, असिवरमें श्री, और गुरुकुलमें परम तृप्ति मिलती है। वशीकरणसे स्त्रीरत्न मिलता है, महाकाव्यमें सुभाषित और सुकविवचन मिलते हैं। उपकार करनेकी भावनामें अच्छा मित्र मिलता है, कोमलतासे ही विलासिनीके सुन्दर चित्तको पाया जा सकता है, शत्रुके निकट, महामूल्य संघर्ष मिल सकता है, उत्तम वैदूर्य पर्वतके मूलमें वैदूर्यमणिका खण्ड मिल सकता है। हाथीमें मोती, सिंहलद्वीपमें मणि, वज्रपर्वतसे विशाल वज्र मिल सकता है, विजय मिलनेपर ये सब चीजें प्राप्त की जा सकती हैं, परन्तु अपना सबसे अच्छा भाई नहीं मिल सकता ॥१–२॥

[१३] दशरथ पुत्र भरतके रोनेपर, उसके सब परिजन फूट-फूटकर रोने लगे। दुःखसे भरकर सारे लोग रोने लगे। कण-कण शोकसे भर उठा। समुद्रहस्त और भृत्यसमूह रोने लगे, मानो हिमपवनसे आहत कमलसमूह हो। शोकसे भरकर समूचा अन्तःपुर रो पड़ा, मानो नष्ट होता हुआ दुःखी शंख-समूह हो। रामकी माता अपराजिता रोने लगी, पतिके वंश वृक्षकी जड़ खोदनेवाली कैकेयी भी रो उठी। कान्तिहीन होकर सुप्रभा रो पड़ी। सौमित्र (लक्ष्मण) की माँ सुमित्रा रो रही थी, "हे बेटे, तुम कहाँ चले गये। शक्तिसे तुम्हारा वक्षस्थल कैसे आहत हो गया है, हे बेटे, मरते समय तुम्हें न देख पायी, हा,

घत्ता

रोवन्तिएँ लक्खण-मायरिएँ सयलु लोउ रोवावियउ।
कारुण्णएँ कव्व-कहाएँ जिह को व ण अंसु मुआवियउ ॥९॥

[१४]

परिहरेंवि सोउ भरहेसरेण। करवालु लइउ दाहिण-करेण ॥१॥
रण-भेरि समाहय दिण्ण सङ्ख। साहणु सण्णद्धु अलद्ध सङ्ख ॥२॥
रह जोत्तिय किय करि सारि-सज्ज। पक्खरिय तुरङ्गम जय-जसज्ज ॥३॥
सरहसु सण्णज्झइ भरहु जाव। भामण्डलेण विण्णत्तु ताँव ॥४॥
'पइँ गऍण वि सिज्झइ णाहिँ कज्ज। तं करि हरि जीवइ जेण अज्जु ॥५॥
जइ दिण्णु विसल्लहेँ तणउ ण्हवणु। तो अक्खहि पेसणु ण किउ कवणु' ॥६॥
तं वयणु सुणेप्पिणु भणइ राउ। 'किं सलिलें सइँ जेँ विसल्ल जाउ' ॥७॥
पट्ठविय महल्ला गय तुरन्त। कउतिकमङ्गलु णिविसेण पत्त ॥८॥

घत्ता

विण्णविउ णवेप्पिणु दोणघणु 'जीविउ देव देहि हरिहेँ।
णीसरउ सत्ति वच्छत्थलहोँ जलेंण विसल्लासुन्दरिहेँ' ॥९॥

[१५]

एत्तडिय वोल्ल पडिवण्ण जाव। केकइ सम्पाविय तहिँ जि ताव ॥१॥
पणवेप्पिणु मायरु वुत्तु तीएँ। 'करें गमणु विसल्ला-सुन्दरिएँ ॥२॥
जीवउ लक्खणु हम्मउ दसासु। पूरन्तु मणोरह राहवासु ॥३॥
आणन्दु पवड्ढउ जाणईहेँ। तणु तारउ दुक्ख-महाणईहेँ ॥४॥
अण्णु वि विसल्ल तहोँ पुव्व-दिण्ण। लग्गउ करयलेँ सब्भाव-भिण्ण' ॥५॥

किस विधाताने तुमसे विछोह करा दिया। लक्ष्मणकी माँके रोनेपर समूचा लोक रो पड़ा। भला, करुण काव्यकथा सुन-कर किसकी आँखोंसे आँसू नहीं गिरते ॥१-९॥

[१४] भरतने अपना सब दुःख दूर कर दिया। उन्होंने दायें हाथमें तलवार ले ली। रणभेरी बजवा दी, और शंख भी बज उठे। असंख्य सेना तैयार होने लगी। रथ जोत दिये गये, हाथियोंपर पालकी रखी जाने लगी, जय और यशसे युक्त अश्वोंके कवच पहनाये जा रहे थे। इस प्रकार हर्षसे भरकर भरत तैयार हो ही रहे थे कि भामण्डलने उनसे निवेदन किया, "आपके जानेसे भी कोई काम नहीं बनेगा, आप तो ऐसा कीजिए जिससे लक्ष्मण आज ही जीवित हो उठें। यदि आपने विशल्याका स्नानजल दे दिया, तो बताइए कौन-सी सेवा आपने नहीं की"। यह वचन सुनकर भरतने कहा, "स्नान जल तो क्या, स्वयं विशल्या वहाँ जायेगी। उसने मन्त्रियोंको भेज दिया, वे भी तुरन्त वहाँसे चल दिये, और कौतुकमंगलसे पलभरमें पहुँच गये। मन्त्रियोंने प्रणामपूर्वक राजा द्रोणघनसे निवेदन किया, "लक्ष्मणको जीवनदान दें। विशल्याके स्नान-जलसे कुमार लक्ष्मणके वक्षसे शक्ति निकाल दीजिए" ॥१-९॥

[१५] यह बातें हो ही रही थीं कि कैकेयी वहाँ आ पहुँची। प्रणाम करके उसने अपने भाईसे कहा, "विशल्या सुन्दरीको फौरन भेज दो। लक्ष्मणको जीवित कर दो, जिससे वह रावण का वध कर रामके मनोरथ पूरा करनेमें समर्थ हो। जानकीका आनन्द बढ़ सके और वह दुःखकी नदी पाट सके। और फिर विशल्या तो उसे पहले ही दी जा चुकी है, सद्भावोंसे भरपूर उसे उसके हाथमें दे दो।" यह वचन सुनकर राजा द्रोणघन

तं वयणु सुणेँवि परितुट्ठु दोणु । 'उट्ठउ णारायणु अखय-तोणु' ॥६॥
पट्ठविय विसल्ल-खणन्तरेण । सहुँ कण्ण-सहासेँ उत्तरेण ॥७॥
गय जयकारेप्पिणु दोणमेहु । केक्कइय पराइय णियय-गेहु ॥८॥

घत्ता

हणुवङ्गय-भामण्डल-भरह दिट्ठ विसल्ला-सुन्दरिएँ ।
णं मज्झ-पदेसेँ पइट्ठियएँ चउ मयरहर वसुन्धरिएँ ॥९॥

[१६]

स वि णयणकडक्खिय दुज्जएहिँ । सिय णावइ चउहु मि दिस-गएहिँ ॥१॥
तें पुलइय णव-णीलुप्पलच्छि । ववसाउ करन्तहोँ कहोँ ण लच्छि ॥२॥
पुणु पोमाइउ लक्खणु कुमारु । 'संसारहोँ लइ एत्तडउ सारु ॥३॥
जइ जीविउ केव वि कह वि पत्तु । तो धण्णउ जसु एहउ कलत्तु' ॥४॥
भामण्डलेण कोक्कावियाउ । लहु णियय-विमाणेँ चडावियाउ ॥५॥
तिण्णि वि संचल्ल णहङ्गणेण । गय लङ्क पराइय तक्खणेण ॥६॥
जिह जिह कण्णउ ढुक्कन्ति ताउ । तिह तिह विसलीहूयउ दिसाउ ॥७॥
रामेण वुत्त 'जम्बव विहाणु । लइ अप्पउ दहमि हरिं समाणु' ॥८॥

घत्ता

धीरिउ राहवु रिच्छद्धऍण 'जणिय विसल्लएँ विमल दिसि ।
किं कहसि भडारा दासरहि तिहिँ पहरेँहिँ सम्भवइ णिसि ॥९॥

[१७]

ण विहाणु ण भाणु मणोहरीहेँ । उहु तेउ विसल्ला-सुन्दरीहेँ' ॥१॥
वल-जम्बव वे वि चवन्ति जाव । णीसरिय सरीरहोँ सत्ति ताव ॥२॥
सुण्णालि णाइँ पर-णरवराउ । णं णम्मय विन्झ-महीहराउ ॥३॥

बहुत सन्तुष्ट हुए। उन्होंने कहा, "हे अक्षय तूणीर लक्ष्मण, तुम उठो"। एक ही क्षणमें उसने विशल्या सुन्दरीको भेज दिया, उसके साथ एक हज़ार कन्याएँ और थीं। राजा द्रोणमेघकी जय बोलकर, कैकेयी अपने घर चली आयी। हनुमान् भरत और भामण्डलको विशल्या सुन्दरीने इस प्रकार देखा, मानो बीचमें स्थित धरतीने चारों समुद्रको देखा हो ॥१–९॥

[१६] अजेय उन लोगोंने विशल्याको देखा, मानो चारों दिग्गजोंने लक्ष्मीको देखा हो। नीलोत्पलके समान आँखोंवाली उसे रोमांच हो आया। उद्यम करनेपर, लक्ष्मी किसे नहीं मिलती। उन्होंने लक्ष्मणकी प्रशंसा की और कहा, "संसारका सार बस यही है, यदि किसी प्रकार लक्ष्मण जीवित हो जाय, तो वह धन्य है, क्योंकि उसकी यह पत्नी है।" तब भामण्डलने उसे पुकारा और शीघ्र ही अपने विमानपर चढ़ा लिया। वे तीनों आकाशमार्गसे चल पड़े। शीघ्र ही वे लंका नगरी पहुँच गये। जैसे-जैसे वह कन्या निकट पहुँच रही थी, वैसे वैसे, दिशाएँ पवित्र होने लगीं। तब रामने कहा, "लो जामवन्त अब सवेरा होना चाहता है, मैं भी लक्ष्मणके समान अपने-आपको जला दूँगा।" तब सुग्रीवने रामको ढाढ़स बँधाते हुए कहा कि ये दिशाएँ तो विशल्याके प्रभावसे निर्मल हुई हैं, "हे आदरणीय राम, अभी यह क्या कह रहे हैं, अभी तो तीन पहर रात बाकी है" ॥१–६॥

[१७] उसने कहा, "न सवेरा है और न सूरज, वह तो सुन्दरी विशल्याका तेज है। राम और जाम्बवानमें जब ये बातें हो ही रही थीं कि इतनेमें लक्ष्मणके शरीरसे शक्ति ऐसे निकली, मानो परमपुरुषके पाससे वेश्या निकली हो, मानो विन्ध्याचल-

णं सद्द-माल वर कइवराउ । णं दिव्व वाणि तित्थङ्कराउ ॥४॥
एत्थन्तरें अम्बरें धगधगन्ति । पवणञ्जये-तणएं धरिय जन्ति ॥५॥
णं वेस वियड्ढें णरवरेण । णं पवर महाणइ सायरेण ॥४॥
पच्चविय वेवन्ति अमोह-सत्ति । 'मं धरें सं धरें मुएँ मुएँ दवत्ति ॥७॥
णउ दुट्ठ-सवत्तिहें ससुहु थामि । एँहु अच्छउ हउँ णिय-णिलउ जामि ॥८

घत्ता

असहन्तिहें हियय-विणिग्गयहें कवणु एत्थु अब्भुद्धरणु ।
सव्वहें भत्तारें घत्तियहें कुल-वहुअहें कुलहरु सरणु ॥९॥

[१८]

किं ण मुणिय पइँ महु तणिय थत्ति । हउँ सा णामेणामोह-सत्ति ॥१॥
कइलासुद्धरणें भयावणासु । धरणिन्दें दिण्णी रावणासु ॥२॥
सङ्गाम-कालें लक्खणहों मुक्क । हरि-आणएँ विज्जु व गिरिहें ढुक्क ॥३॥
असहन्ति विसल्लहें तणउ तेउ । णासमि लग्गी किं करहि खेउ ॥४॥
आयएँ अवलम्बें वि परम-धीरु । अण्णइँ जम्मन्तरें घोर-वीरु ॥५॥
तव-चरणु णिरोसइ चिण्णु तावँ । गय वरिसहुँ सट्ठि सहास जावँ' ॥६॥
हणुएण वुत्तु 'जइ सच्चु देहि । तो मुयमि पडीवी जइ ण एहि' ॥७॥
विजएँ पभणिउ 'लइ दिण्णु दिण्णु । णउ भिण्णमि जिह एवहिँ विभिण्णु' ॥८
तं णिसुणेंवि पवण-सुएण मुक्क । विहडप्फड गय णिय-णिलउ ढुक्क ॥९॥
एत्तहें वि ताव सरहस पइट्ठ । स-वलेण वलेण विसल्ल दिट्ठ ॥१०॥

घत्ता

सिउ सन्ति करन्ति हरन्ति दुहु सीयहें रामहों लक्खणहों ।
अत्थक्कएँ ढुक्क भवित्ति जिह लङ्कहें रज्जहों रावणहों ॥११॥

से नर्मदा निकली हो, मानो श्रेष्ठ कविसे शब्दमाला निकली हो, मानो तीर्थंकरसे दिव्य वाणी निकली हो। वह शक्ति, आकाश-में धकधकाती जा ही रही थी कि हनुमान्‌ने उसे ऐसे पकड़ लिया मानो श्रेष्ठ नरने वेश्याको पकड़ लिया हो, मानो समुद्रने विशाल नदीको पकड़ लिया हो। काँपती हुई वह अमोघ शक्ति बोली, "मत पकड़ो, शीघ्र ही नष्ट हो जाओगे। मैं दुष्ट सौतके सम्मुख नहीं रुक सकती, यह रहे, मैं अपने घर जाती हूँ। हृदय-से निकली हुई, मैं यह सब सहन नहीं कर सकती, मुझे पकड़ने-से क्या होगा, पति द्वारा मुक्त सभी कुलवधुओंको अपने कुल घरमें शरण मिलती है ॥१-९॥

[१८]क्या तुम मेरी शक्ति नहीं जानते, मेरा नाम अमोघशक्ति है। कैलास पर्वतके उद्धारके अवसरपर धरणेन्द्रने मुझे भयानक रावणको सौंप दिया था। संग्राम कालमें, मैं लक्ष्मणपर छोड़ी गयी थी। मैं उसके मुखपर उसी प्रकार पहुँची, जिस प्रकार बिजली पहाड़पर पहुँचती है। लेकिन विशल्याका तेज मैं सहन नहीं कर सकी, और नष्ट हो रही हूँ, तुम खेद क्यों करते हो। इसके सहारे, इस और दूसरे जन्मोंमें परमधीर घोर वीरने निराहार साठ हजार वर्षों तक तपश्चरण किया।" तब हनुमान्‌ने कहा, "तुम यह वचन दो, कि वापस नहीं आऊँगी, तो मैं तुम्हें छोड़ता हूँ।" इसपर विद्याने कहा, "लो दिया दिया, अब तक जैसा आहत करती रही हूँ वैसा अब नहीं करूँगी।" यह सुन-कर हनुमान्‌ने उसे मुक्त कर दिया। वह भी घबराकर, अपने घर पहुँच गयी। इधर रामने सेना सहित, सहर्ष विशल्याके दर्शन किये। कल्याण और शान्ति करती हुई विशल्यादेवीने राम, लक्ष्मण और सीतादेवीका दुःख दूर कर दिया। वह रावण लंका और उसके राज्यके लिए होनहारके रूपमें वहाँ पहुँची॥१-११॥

[१९]

सव्वङ्गिउ हरि परमेसरीऍ । परिमट्ठु विसल्ला-सुन्दरीऍ ॥१॥
समलद्धु सुअन्धें चन्दणेण । रामहों वि समप्पिउ तक्खणेण ॥२॥
तेण वि पट्ठविउ कइद्धयाहँ । जम्बव-सुग्गीवङ्गङ्गयाहँ ॥३॥
भामण्डल-हणुव-विराहियाहँ । णल-णीलहँ हरिस-पसाहियाहँ ॥४॥
गय-गवय-गवक्खाणुद्धराहँ । कुन्देन्दु-मइन्द-वसुन्धराहँ ॥५॥
अवरह मि चिन्ध-उवलक्खियाहँ । सामन्तहँ रावण-पक्खियाहँ ॥६॥
केसरिणियम्ब-सुय-सारणाहँ । रविकण्णेन्दइ-घणवाहणाहँ ॥७॥
जमघण्ट-जमाण[ण]-जममुहाहँ । धूमक्ख-दुराणण-दुम्मुहाहँ ॥८॥

घत्ता

अवरह मि असेसहुँ णरवइहुँ दिण्णु विहञ्जेंवि गन्ध-जलु ।
अत्थक्कएँ जाउ पुणण्णवउ सयलु वि रामहों तणउ बलु ॥९॥

[२०]

जं राम-सेण्णु णिम्मल-जलेण । संजीविउ संजीवणि-वलेण ॥१॥
तं वीरेंहिँ वोर-रसाहिएहिँ । वग्गन्तेंहिँ पुलय-पसाहिएहिँ ॥२॥
वज्जन्तेंहिँ पडहेंहिँ मद्दलेहिँ । गिज्जन्तेंहिँ धवलेंहिँ मङ्गलेहिँ ॥३॥
णच्चन्तेंहिँ खुज्जय-वामणेहिँ । जजु-रियउ पढन्तेंहिँ बम्भणेहिँ ॥४॥
गायन्तेंहिँ अहिणव-गायणेहिँ । वायन्तेंहिँ वीणा-वायणेहिँ ॥५॥
सव्वेंहिँ उण्णिद्दाविउ अणन्तु । उट्ठिउ 'केत्तहें रावणु' भणन्तु ॥६॥
विहसेप्पिणु उच्चइ हलहरेण । 'किं खलेंण गविट्ठें णिसियरेण ॥७॥
ता दुद्दम-दणु-णिद्दलण-दप्प । उव वयणु विसल्लहें तणउ वप्प ॥८॥
जमसुहहों जाएँ णीसारिओऽसि । लङ्कहें विणासु पइसारिओऽसि' ॥९॥

घत्ता

तं णिसुणेंवि जोइय लक्खणेंण तक्खण-मयणाअल्लियउ ।
णं एक्कएँ सत्तिएँ परिहरिउ । पुणु अण्णेक्कएँ सल्लियउ ॥१०॥

[१९] परमेश्वरी विशल्या सुन्दरीके सुगन्धित चन्दनसे लक्ष्मणकी पूरी देहको मल दिया गया, और उसी समय वह चन्दन रामको भी दिया गया। रामने उसे कपिध्वजियोंके पास भेज दिया। जाम्बवान्, सुग्रीव, अंग, अंगद, भामण्डल, हनुमान्, विराधित, नल, नील, हरीश, प्रसाधित, गय, गवय, गवाक्ष, अनुद्धर, कुन्द, इन्दु, मृगेन्दु, वसुन्धरा और भी दूसरे-दूसरे निशानवाले रावण पक्षके सामन्तों, जैसे केशरी, नितम्ब, सुत, सारण, रवि, कर्ण, इन्द्रजीत, मेघवाहन, यमघण्ट, यमानन, यममुख, धूम्राक्ष, दुरानन और दुर्मुख आदिको भी वह चन्दन दिया गया। और भी दूसरे राजाओंको वह गन्धजल बाँटकर दिया गया। इस प्रकार शीघ्र ही, रामकी समस्त सेना फिरसे नयी हो गयी ॥१-६॥

[२०] रामको सेना, संजीवनीके बल और उस पवित्र जल-से जब जीवित हो उठी तो उसमें नयी हलचल मच गयी। वीररससे अधिष्ठित, वीर योद्धा पुलकित होकर उछल रहे थे, पटह, मृदंग बज रहे थे। धवल और मंगल-गीत गाये जा रहे थे। खुब्जक और बौने नाच रहे थे। ब्राह्मण यजुर्वेद पढ़ रहे थे। अभिनव गायन हो रहा था, वीणावादक वीणा बजा रहे थे, सबकी एक साथ आँख खुल गयी, वे एक स्वरसे चिल्ला उठे, "रावण कहाँ है"। तब रामने हँसकर कहा, "दुष्ट गर्वीले निशाचर से क्या ?" इसी बीच, दुर्दम राक्षसोंका विनाश करने में समर्थ, विशल्याका प्रिय लक्ष्मण यमके मुखसे निकाल लिया गया, और लंकाके विनाशका द्वार खुल गया। यह सुनते ही लक्ष्मणने उसकी ओर देखा। वह शीघ्र कामसे आहत हो उठा। मानो वह एक शक्तिसे मुक्त हुआ था, और अब अनेक शक्तियोंने उसे घेर लिया हो ॥१-१०॥

[१९]

सव्वङ्गिउ हरि परमेसरीएँ । परिमट्ठु विसल्ला-सुन्दरीएँ ॥१॥
समलद्धु सुअन्धें चन्दणेण । रामहाँ वि समप्पिउ तक्खणेण ॥२॥
तेण वि पट्ठविउ कइद्धयाहँ । जम्बव-सुग्गीवङ्गङ्गयाहँ ॥३॥
भामण्डल-हणुव-विराहियाहँ । णल-णीलहँ हरिस-पसाहियाहँ ॥४॥
गय-गवय-गवक्खाणुद्धराहँ । कुन्देन्दु-महिन्द-वसुन्धराहँ ॥५॥
अवरह मि चिन्ध-उवलक्खियाहँ । सामन्तहँ रावण-पक्खियाहँ ॥६॥
केसरिणियम्ब-सुय-सारणाहँ । रविकण्णेन्दइ-घणवाहणाहँ ॥७॥
जमघण्ट-जमाण[ण]-जममुहाहँ । धूमक्ख-दुराणण-दुम्मुहाहँ ॥८॥

घत्ता

अवरह मि असेसहुँ णरवइहुँ दिण्णु विहज्जेंवि गन्ध-जलु ।
अत्थक्कएँ जाउ पुणण्णवउ सयलु वि रामहाँ तणउ वलु ॥९॥

[२०]

जं राम-सेण्णु णिम्मल-जलेण । संजीविउ संजीवणि-वलेण ॥१॥
तं वीरेंहिं वीर-रसाहिएहिं । वग्गन्तेंहिं पुलय-पसाहिएहिं ॥२॥
वज्जन्तेंहिं पडहेंहिं मद्दलेहिं । गिज्जन्तेंहिं धवलेंहिं मङ्गलेहिं ॥३॥
णच्चन्तेंहिं खुज्जय-वामणेहिं । जजु-रियउ पढन्तेंहि बम्भणेहिं ॥४॥
गायन्तेंहिं अहिणव-गायणेहिं । वायन्तेंहिं वीणा-वायणेहिं ॥५॥
सव्वेंहिं उण्णिद्दाविउ अणन्तु । उट्ठिउ 'केत्तहें रावणु' भणन्तु ॥६॥
विहसेप्पिणु वुच्चइ हलहरेण । 'किं खलेंण गविट्ठें णिसियरेण ॥७॥
ता दुद्दम-दणु-णिद्दलण-दप्प । उव वयणु विसल्लहें तणउ वप्प ॥८॥
जममुहहाँ जाएँ णीसारिओऽसि । लङ्कहेँ विणासु पइसारिओऽसि' ॥९॥

घत्ता

तं णिसुणेंवि जोइय लक्खणेंण तक्खण-मयणाअल्लियउ ।
णं एक्कएँ सत्तिएँ परिहरिउ । पुणु अण्णेक्कएँ सल्लियउ ॥१०॥

[१९] परमेश्वरी विशल्या सुन्दरीके सुगन्धित चन्दनसे लक्ष्मणकी पूरी देहको मल दिया गया, और उसी समय वह चन्दन रामको भी दिया गया। रामने उसे कपिध्वजियोंके पास भेज दिया। जाम्बवान्, सुग्रीव, अंग, अंगद, भामण्डल, हनुमान्, विराधित, नल, नील, हरीश, प्रसाधित, गय, गवय, गवाक्ष, अनुद्धर, कुन्द, इन्दु, मृगेन्दु, वसुन्धरा और भी दूसरे-दूसरे निशानवाले रावण पक्षके सामन्तों, जैसे केशरी, नितम्ब, सुत, सारण, रवि, कर्ण, इन्द्रजीत, मेघवाहन, यमघण्ट, यमानन, यममुख, धूम्राक्ष, दुरानन और दुर्मुख आदिको भी वह चन्दन दिया गया। और भी दूसरे राजाओंको वह गन्धजल बाँटकर दिया गया। इस प्रकार शीघ्र ही, रामकी समस्त सेना फिरसे नयी हो गयी ॥१-९॥

[२०] रामकी सेना, संजीवनीके बल और उस पवित्र जलसे जब जीवित हो उठी तो उसमें नयी हलचल मच गयी। वीररससे अधिष्ठित, वीर योद्धा पुलकित होकर उछल रहे थे, पटह, मृदंग बज रहे थे। धवल और मंगल-गीत गाये जा रहे थे। खुज्जक और बौने नाच रहे थे। ब्राह्मण यजुर्वेद पढ़ रहे थे। अभिनव गायन हो रहा था, वीणावादक वीणा बजा रहे थे, सबकी एक साथ आँख खुल गयी, वे एक स्वरसे चिल्ला उठे, "रावण कहाँ है"। तब रामने हँसकर कहा, "दुष्ट गर्वीले निशाचर से क्या ?" इसी बीच, दुर्दम राक्षसोंका विनाश करने में समर्थ, विशल्याका प्रिय लक्ष्मण यमके मुखसे निकाल लिया गया, और लंकाके विनाशका द्वार खुल गया। यह सुनते ही लक्ष्मणने उसकी ओर देखा। वह शीघ्र कामसे आहत हो उठा। मानो वह एक शक्तिसे मुक्त हुआ था, और अब अनेक शक्तियोंने उसे घेर लिया हो ॥१-१०॥

[२१]

सा कण्ण णिऍवि हरिसिय-मणासु । उप्पण्ण भन्ति णारायणासु ॥१॥
'किं चलण-तलग्गइँ कोमलाइँ । णं णं अहिणव-रत्तुप्पलाइँ ॥२॥
किं ऊरु परोप्परु भिण्ण-तेय । णं णं णव-रम्भा-खम्भ एय ॥३॥
किं कणय-दोरु घोलइ विसालु । णं णं अहि रयण-णिहाण-पालु ॥४॥
किं तिवलिउ जढरें पधावियाउ । णं णं कामउरिहिँ खाइयाउ ॥५॥
किं रोमावलि घण कसण एह । णं णं मयणाणल-धूम-लेह ॥६॥
किं णव-थण णं णं कणय-कलस । किं कर णं णं पारोह-सरिस ॥७॥
किं आयम्बिर कर-यल चलन्ति । णं णं असोय-पल्लव ललन्ति ॥८॥
किं आणणु णं णं चन्द-बिम्बु । किं अहरउ णं णं पक्क-बिम्बु ॥९॥
किं दसणावलिउ स-मुत्तियाउ । णं णं मल्लिय-कलियउ इमाउ ॥१०॥
किं गण्डवास णं दन्ति-दाण । किं लोयण णं णं काम-बाण ॥११॥
किं भउह इमाउ परिट्ठियाउ । णं णं वम्मह-धणुलट्ठियाउ ॥१२॥
किं कण्ण कुण्डलाहरण एय । णं णं रवि-ससि विप्फुरिय-तेय ॥१३॥
किं भालउ णं णं ससहरद्धु । किं सिरु णं णं अलि-उल-णिबद्धु' ॥१४

घत्ता

जाणेप्पिणु सव्वेंहिं राणऍहिं रूवासत्तउ महुमहणु ।
विण्णत्तु कियञ्जलि-हत्थऍहिं 'करें कुमार पाणि-ग्गहणु' ॥१५॥

[२२]

ता जम्ववन्तें पभणिउ कुमारु । 'फग्गुण-पञ्चमि तहिँ सुक्क-वारु ॥१॥
उत्तर-आसाढउ सिद्धि-जोग्गु । अण्णु वि वट्टइ थिरु कुम्भ-लग्गु ॥२॥
एयारसमउ गह-चक्कु अज्जु । स-मणोहरु सयलु विवाह-कज्जु ॥३॥

[२१] उस कन्याको देखकर प्रसन्न लक्ष्मणको भ्रान्ति होने लगी। उन्हें लगा, क्या ये उसके कोमल चरणतल हैं, नहीं-नहीं, नये-नये लाल कमल हैं, क्या एक-दूसरेको दीप्त करनेवाली उसकी जाँघें हैं, नहीं-नहीं ये तो कदली वृक्षके नये खम्भे हैं, क्या यह सोनेकी डोर झूल रही है, नहीं-नहीं यह तो रत्नोंके खजानेको रखनेवाला साँप है, क्या ये पेटपर तीन रेखाएँ हैं, नहीं-नहीं ये तो कामदेवकी नगरीकी खाइयाँ हैं, क्या यह सघन और काली रोमावली है, नहीं-नहीं कामदेवकी आगकी धूम्ररेखा है। क्या ये नये स्तन हैं, नहीं-नहीं ये सोनेके कलश हैं, क्या ये हाथ हैं, नहीं-नहीं ये तो नये अंकुर हैं, क्या ये लाल-लाल हथेलियाँ चल रहीं हैं, नहीं-नहीं, ये तो अशोक दल चल रहे हैं, क्या यह मुख है, नहीं-नहीं यह चन्द्रविम्ब है, क्या ये अधर हैं, नहीं-नहीं ये तो पके हुए विम्बफल हैं, क्या ये मोतियों सहित दशनावलि है, नहीं-नहीं ये तो मालतीकी नयी कलियाँ हैं, क्या ये कपोलकी सुवास हैं, नहीं-नहीं, यह हाथीका मदजल है। क्या ये नेत्र हैं, नहीं-नहीं, ये काम बाण हैं, क्यों ये भौंहें प्रतिष्ठित हैं, नहीं-नहीं, यह तो कामदेव का धनुष है, क्या ये कानमें कुण्डल गहने हैं, नहीं-नहीं, चमकते हुए सूर्य-चन्द्र हैं, क्या यह भाल है, नहीं-नहीं यह आधा चाँद है। क्या यह सिर है, नहीं-नहीं, यह तो भौंरोंका कुल बाँध दिया गया है। उपस्थित सब राजा जान गये कि लक्ष्मण इस समय रूपमें आसक्त हैं। उन्होंने हाथ जोड़कर प्रार्थना की, हे कुमार, पाणिग्रहण कर लीजिए ॥१-१५॥

[२२] इस अवसरपर जाम्बवन्तने कुमारसे कहा, "फागुन पंचमी शुक्रवारका दिन है। उत्तराषाढ़ है, सिद्धिका योग है, और भी यह कुम्भ लग्न है। ग्यारहवाँ ग्रहचक्र है, आज

आरोग्गिउ सम्पय रिद्धि विद्धि । अइरेण होइ सङ्गाम-सिद्धि ॥४॥
आयएँ अवसरें परिणेवि देव । रिज्झहु सुरवर-मिहुणाइँ जेव' ॥५॥
तं सुणेंवि सुमित्तिहें णन्दणेण । किउ पाणि-ग्गहणु जणद्दणेण ॥६॥
दहि-अक्खय-कलसहिँ दप्पणेहिँ । हवि-मण्डव-वेइय-मक्खणेहिँ ॥७॥
रङ्गावलि-हरियन्दण-छडेहिँ । कत्थइ स-विप्प-वन्दिण-णडेहिँ ॥८॥

घत्ता

उच्छाहेँहिँ धवलेँहिँ मङ्गलेँहिँ सङ्खेहिँ तूरेँहिँ अइहवेँहिँ ।
स इँ भू सेँ वि साहुक्कारियउ णरवइ-सएहि(?) किय-उच्छवेँहिँ ॥९॥

विवाहका काम सुन्दर और अच्छा है। इससे स्वास्थ्य, ऋद्धि, वृद्धि और शीघ्र ही संग्राममें सफलता मिलेगी। इस अवसर-पर, हे देव, आप पाणिग्रहण कर लीजिए, और देव-मिथुनोंकी भाँति प्रेमक्रीड़ा कीजिए।' यह सुनकर कुमार लक्ष्मणने विशल्याका पाणिग्रहण कर लिया। दही, अक्षतके कलश, दर्पण, हविमण्डप, यज्ञवेदी, राँगोली, लालचन्दनका छिड़काव और विप्र, बन्दीजनोंके जयवचनों और नटोंके मनोरंजनके साथ विवाह सम्पन्न हो गया। उत्साह, धवल मंगलगीतों, अत्याहत तूर्यों और शंखों, और उत्सवोंके साथ राजाओंने स्वयं इस अवसरपर अपना-अपना साधुवाद दिया ॥१-९॥

०

[७०. सत्तरिमो संधि]

उज्जीवियएँ कुमारेँ किएँ पाणि-ग्गहणेँ मयावणु ।
तूरहँ सद्दु सुणेवि सूलेण य भिण्णु दसाणणु ॥

[१]

॥ दुवई ॥ चन्द-विहङ्गमे समुड्डावियए (गय-) अन्धार-महुयरे ।
तारा कुसुम-णियरेँ परियलिएँ मोडिए रयणि-तरुवरे ॥१॥

परिभमन्तेँ पच्चूस-महग्गएँ । तरुण-दिवायर-मेट्ठ-वलग्गएँ ॥२॥
ताव परज्जिय-सुर-सङ्घायहोँ । केण वि कहिउ दसाणण-रायहोँ ॥३॥
'अहोँ अहोँ देव देव जग-केसरि । आइय का वि विसल्ला-सुन्दरि ॥४॥
ताएँ जणद्दणु पच्चुज्जीविउ । णं घिय-धारहिँ सिहि संदीविउ' ॥५॥
तं णिसुणेँवि कल-कोइल-वाणी । चिन्ताविय मन्दोयरि राणी ॥६॥
'अज्ज वि बुद्धि ण थाइ अयाणहोँ । केवलि-भासिउ ढुक्कु पमाणहोँ' ॥७॥
एम वियप्पेँ अमरोहावणु । पुणु सब्भावेँ पभणिउ रावणु ॥८॥
'जे मुआ वि जीवन्ति खणं खणेँ । दुज्जय हरि-बल होन्ति रणङ्गणेँ ॥९॥

घत्ता

देहि दसाणण सीय अज्ज वि लङ्काउरि रिज्झउ ।
तोयदवाहण-वंसु मं राम-दवग्गिएँ डज्झउ ॥१०॥

[२]

॥ दुवई ॥ इन्दइ भाणुकण्णु घणवाहणु वन्धाविय अकज्जेँणं ।
सयण-विहूणएण किं किज्जइ एवहिँ राय रज्जेँणं ॥१॥

सत्तरवीं सन्धि

कुमारके जीवित होने, पाणिग्रहण और तूर्योंका भयंकर शब्द सुनकर रावण इतना आहत हुआ मानो उसे शूल लग गया हो।

[१] सवेरे चन्द्रमारूपी पक्षी उड़ गया, और अन्धकाररूपी मधुकर चला गया। रात्रिरूपी पेड़के नष्ट होनेपर, तारारूपी फूल भी झड़ गये। तब देवसमूहको नष्ट करनेवाले रावणको किसीने जाकर बताया, "हे जगत्सिंह देव-देव, विशल्या नाम की कोई सुन्दरी आयी हुई है, उसने लक्ष्मणको प्राणदान कर दिया है।" यह सुनकर वह ऐसा भड़का मानो घृतधाराओंसे आग ही भड़क उठी हो। यह सुनकर कोमलवाणी रानी मन्दोदरी भी चिन्तामें पड़ गयी। वह मन ही मन सोचने लगी कि इस अज्ञानीकी बुद्धि आज भी ठिकाने नहीं है, लगता है अब केवली भगवान्का कहा हुआ सच होना चाहता है। काफी सोच-विचारके बाद उसने देवताओंको सतानेवाले रावणसे अत्यन्त सद्भावनाके स्वरमें कहा, "यदि मरे हुए भी लोग, इस प्रकार एक क्षणके बाद, दूसरे क्षणमें जिन्दा होते चले गये तो युद्धमें लक्ष्मणकी सेना अजेय हो जायेगी। कुछ अपनी लंकाका विचार करो। सीता देवीको आज ही वापस कर दो। तोयद-वाहनके महान् वंशको इस प्रकार रामके दावानलमें मत फूँको।" ॥१-१०॥

[२] "तुमने इन्द्रजीत, भानुकर्ण और मेघवाहनको बन्धनमें डलवा दिया, और हे राजन्, स्वजनोंसे विहीन राज्य लेकर

किं उड्डिउ णिप्पक्खु विहङ्गमु । किं णिव्विसु संडसउ भुअङ्गमु ॥२॥
किं वा तवउ णितेउ दिवायरु । किं णिज्जलु उच्छलउ सायरु ॥३॥
गय-विसाणु किं गज्जउ कुञ्जरु । किं करेउ हरि हय-णह-पञ्जरु ॥४॥
किं विप्फुरउ चन्दु गह-गहियउ । किं पज्जलउ जलणु जल-सहियउ ॥५॥
किं छज्जउ तरु पाडिय-डालउ । किं सिज्झउ रिसि वयइँ अ-पालउ ॥६॥
किं करेहि तुहुँ सुट्ठु वि मल्लउ । वन्धव-सयण-हीणु एक्केल्लउ ॥७॥
तो वरि वुद्धि महारी किज्जउ । अज्ज वि एह णारि अप्पिज्जउ ॥८॥
उव्वेड्ढेवि जन्तु हरि-राहव । मेल्लिज्जन्तु तुहारा वन्धव ॥९॥

घत्ता

अज्ज वि एउ जे रज्जु रह-हय-गय-धय-दरिसावणु ।
ते जेँ सहोयर सव्व तुहुँ सो जेँ पडीवउ रावणु' ॥१०॥

[२]

कीर्तिको सब ओर घुमाते हैं। उसे सोने और चाँदीकी थाली दी गयीं, जो सत्पुरुषोंके चित्तोंकी भाँति विशाल थीं। फिर रावणका थाल रखा गया, जो तरुण दिवाकरकी भाँति चम-चमा रहा था, जो सरोवरकी भाँति शतपत्रसे सहित था, जो नगर प्रवेशकी तरह बहुविध था, जो समुद्रकी भाँति सीप और शंखोंके समूहसे सहित था, जो उत्तम स्त्री समूहकी भाँति कंचो (करधनी, कढ़ी) से युक्त था। इसप्रकार उसे तरह-तरह का अमृत भोजन दिया गया, जो भरत (मुनि) की तरह दूसरे-दूसरे महारसोंसे परिपूर्ण था॥ १–९॥

[६] कपूरसे सुवासित पानी पीकर और खाकर राजा रावण दूसरे निवासस्थानपर आकर बैठ गया। उसने अपने-आपको चन्दनसे अलंकृत किया। वह ऐसा लग रहा था जैसे भ्रमर गन्ध ग्रहण कर रहा हो, फिर चार रंगका पान उसे दिया गया जो नटप्रदर्शनकी तरह रंग-बिरंगा था। फिर उसे अमूल्य वस्त्र दिये गये। जो जिनवचनोंकी भाँति दोनों लोकोंमें श्लाघनीय थे—जो बंगदेशकी भाँति सुगन्धित थे, जो आधीरातकी भाँति घड़ियोंसे बँधे हुए थे, जो मुग्धांगनाओंके चित्तोंकी भाँति खिले हुए थे, जो दुष्टोंके दानकी भाँति क्षुब्ध करनेवाले थे। जो दुर्जनोंके वचनोंके समान लम्बे थे, जो गंगा नदीके किनारोंकी भाँति एकदम फैले हुए थे। जो वियोगिनीकी भाँति नाना कामावस्था वाले थे। जो वन्दीजनोंके समूहकी भाँति द्रव्यविहीन थे। तदनन्तर उसने मणियोंसे चमकते हुए आभूषण ग्रहण किये। वे गहने उसके श्याम शरीरपर ऐसे मालूम होते थे मानो कृष्णपक्षमें तारे चमक रहे हों॥ १–९॥

[७] उसके अनन्तर ऐरावत को भी मात देनेवाला त्रिजग-भूषण हाथीको सजा दिया गया। अपनी सूँडसे, वह भौरोंकी

पलम्ब-घण्ट-जोत्तओ । वहन्त-दाण-सोत्तओ ॥३॥
पसण्ण-कण्ण-चामरो । णिमीलियच्छि-उक्करो ॥४॥
मणोज्ज-गेज्ज-कण्ठओ । भिसो-णिहट्ट-पट्टओ ॥५॥
विसाल-उद्ध-चिन्धओ पहु व्व पट्ट-बन्धओ ॥६॥
गिरि व्व तुङ्ग-गत्तओ । महण्णउ व्व मत्तओ ॥७॥
घणो व्व भूरि-णीसणो । जमो व्व सुट्ठु भीसणो ॥८॥
मणो व्व लोल-वेयओ । रवि व्व उग्ग-तेयओ ॥९॥

घत्ता

सव्वाहरणु णरिन्दु तहिँ कसण-महग्गएँ चडिउ किह ।
उण्णय-मेह-णिसण्णु लक्खिज्जइ विज्जु-विलासु जिह ॥१०॥

कतारको दूर हटा रहा था। दोनों ओर विशाल घण्टे लटक रहे थे। मदजलकी धाराएँ वह रही थीं। कानोंके चमर हिल-डुल रहे थे, दोनों आँखें मुँदी हुई थीं। सुन्दर गेय के समान उसका कण्ठ था। उसकी पीठपर भ्रमरियाँ मँड़रा रही थीं। उससे विशाल चिह्न बँधे हुए थे। राजाकी भाँति उसे पट्ट बँधा हुआ था। पहाड़की तरह उसका शरीर विशाल था, महार्णव-की भाँति गम्भीर था। महामेघ की तरह उस की ध्वनि गम्भीर थी। राम की तरह वह अत्यन्त भीषण, मनकी तरह अत्यन्त वेगशील था और सूर्यकी तरह उग्रतेज था। सब ओरसे अलंकृत राजा उस हाथीपर इस प्रकार बैठा, मानो उन्नतमेघोंमें बिजलीकी शोभा बैठी हो ॥ १–१० ॥

[८] शत्रुका क्षय करनेवाला रावण सीता देवीके निकट गया। वह बहुरूपिणी विद्याका ध्यान कर रहा था। कभी दिन दिखाई देता था और कभी रात। कभी चाँदनी और कभी मेघों-का अन्धकार। एक ही क्षणमें, तूफान और जलधारा दिखाई देने लगती। एक पलमें बिजलीके गिरनेकी आवाज सुनाई देती और दूसरे ही पलमें गज, सिंह और बाघकी गर्जना। एक पलमें गर्मी-सर्दी और वर्षा और दूसरे पलमें शान्त ज्वाला-का आकाशतल। एक क्षणमें धरती काँप उठती और पहाड़ हिल जाता, दूसरे क्षणमें समुद्रका जल उछल पड़ता। यह सब देखकर जनककी बेटी चन्द्रमुखी सीतादेवीने त्रिजटासे पूछा, "ये अचरज भरी बातें क्यों हो रही हैं, क्या किसीने संसारका संहार कर दिया है।" यह सुनकर त्रिजटादेवीने कहा, "अपने शरीरमें बहुरूपिणी विद्याका प्रवेश कर, रावण तुम्हें देखने आ रहा है" ॥ १–९ ॥

कतारको दूर हटा रहा था। दोनों ओर विशाल घण्टे लटक रहे थे। मदजलकी धाराएँ बह रही थीं। कानोंके चमर हिल-डुल रहे थे, दोनों आँखें मुँदी हुई थीं। सुन्दर गेय के समान उसका कण्ठ था। उसकी पीठपर भ्रमरियाँ मँड़रा रही थीं। उससे विशाल चिह्न बँधे हुए थे। राजाकी भाँति उसे पट्ट बँधा हुआ था। पहाड़की तरह उसका शरीर विशाल था, महार्णव-की भाँति गम्भीर था। महामेघ की तरह उस की ध्वनि गम्भीर थी। रास की तरह वह अत्यन्त भीषण, मनकी तरह अत्यन्त वेगशील था और सूर्यकी तरह उग्रतेज था। सब ओरसे अलंकृत राजा उस हाथीपर इस प्रकार बैठा, मानो उन्नतमेघोंमें बिजलीकी शोभा बैठी हो ॥ १-१० ॥

[८] शत्रुका क्षय करनेवाला रावण सीता देवीके निकट गया। वह बहुरूपिणी विद्याका ध्यान कर रहा था। कभी दिन दिखाई देता था और कभी रात। कभी चाँदनी और कभी मेघों-का अन्धकार। एक ही क्षणमें, तूफान और जलधारा दिखाई देने लगती। एक पलमें बिजलीके गिरनेकी आवाज सुनाई देती और दूसरे ही पलमें गज, सिंह और बाघकी गर्जना। एक पलमें गर्मी-सर्दी और वर्षा और दूसरे पलमें शान्त ज्वाला-का आकाशतल। एक क्षणमें धरती काँप उठती और पहाड़ हिल जाता, दूसरे क्षणमें समुद्रका जल उछल पड़ता। यह सब देखकर जनककी बेटी चन्द्रमुखी सीतादेवीने त्रिजटासे पूछा, "ये अचरज भरी बातें क्यों हो रही हैं, क्या किसीने संसारका संहार कर दिया है।" यह सुनकर त्रिजटादेवीने कहा, "अपने शरीरमें बहुरूपिणी विद्याका प्रवेश कर, रावण तुम्हें देखने आ रहा है" ॥ १-९ ॥

[९]

तं णिसुणेवि महासइ कम्पिय । वाहु भरन्ति चक्खु दर जम्पिय ॥१॥
'माएँ ण जाणहुँ काइँ करेसइ । सीलु महारउ किं मइलेसइ' ॥२॥
ताव सुरिन्द-विन्द-कन्दावणु । कण्ठाहरण-विविह-कं-दावणु ॥३॥
सीयहेँ पासु पढुक्किउ सरहसु । णावइ वम्महसरहेँ पुणव्वसु ॥४॥
णावइ दीह-समासु विहत्तिहेँ । णावइ छन्दु देव-गाइत्तिहेँ ॥५॥
वोल्लाविय 'वोल्लहि परमेसरि । होमि ण होमि दसाणण-केसरि ॥६॥
सुअउ ण सुअउ महारउ ढड्ढसु । दिट्ठु ण दिट्ठु विउव्वण-साहसु ॥७॥
एवहिँ किं करन्ति ते हरि-वल । णल-सुग्गीव-णील-भामण्डल ॥८॥

घत्ता

अण्ण वि जे जे दुट्ठ ते ते महु सव्व समावडिय ।
एवहिँ कहिँ णासन्ति सारङ्ग व सीहहों कमेँ पडिय ॥९॥

[१०]

सीमन्तिणि मयरहरत्तिण्णहों । लुहमि लीह कइद्धय-सेण्णहों ॥१॥
रामु तुहारउ जम-पहेँ लायमि । इन्दइ कुम्भकण्णु मेल्लावमि ॥२॥
जो विसल्लु किउ कह वि विसल्लएँ । सो वि भिडन्तु ण चुक्कइ कल्लएँ ॥३॥
जीवियास तहुँ केरी छण्डहि । चडु विमाणेँ अप्पाणउ मण्डहि ॥४॥
स-रयण स-णिहि पिहिमि परिपालहि । जाहुँ मेरु जिणहरइँ णिहालहि ॥५॥
पेक्खु समुद्द दीव सरि सरवर । णन्दण-वणइँ मह-दुम महिहर ॥६॥

[९] यह सुनकर, वह महासती काँप गयी। उसके हाथ फूल गये और आँखें कुछ-कुछ काँप गयीं। वह सोचने लगी—"हे माँ, न जाने वह दुष्ट क्या करेगा ? क्या वह हमारा शील कलंकित कर देगा।" इतनेमें देवताओंके समूहको सतानेवाला रावण अपने कंठोंके आभरण और मस्तक दिखाता हुआ सीतादेवीके पास इस प्रकार पहुँचा, मानो अनंगशराके पास पुनर्वसु चक्रवर्ती पहुँचा हो, मानो दीर्घ समास विभक्तिके पास पहुँचा हो, मानो छन्द देव गायत्रीके पास पहुँचा हो। उसने कहा, "हे देवि बोलो, चाहे मैं दशानन सिंह होऊँ या न होऊँ, चाहे मेरा साहस तुमने सुना हो या न सुना हो, चाहे तुमने मेरी विक्रिया-शक्ति का प्रभाव देखा हो या न देखा हो, इस समय राम और लक्ष्मण, नल, सुग्रीव, नील और भामण्डल, मेरा क्या कर सकते हैं। और भी, इनके सिवा जितने दुष्ट हैं उन सबको मैंने धरतीपर लिटा दिया है। वे लोग भी अब कहीं न कहीं उसी प्रकार नष्ट हो जायेंगे जिस प्रकार सिंहके पैरोंकी चपेटमें आकर, हरिण मारा जाता है ॥ १-९ ॥

[१०] हे सीमन्तनि, मैं समुद्र पार करनेवाले कपिध्वजियों-की सेनाके नाम तकको रेखा मिटा दूँगा, तुम्हारे रामको यमपथपर भेज दूँगा। इन्द्रजीत और कुम्भकर्णकी भेंट हो जायगी और जिसे विशल्याने शल्यविहीन बना दिया है, वह लक्ष्मण भी कल लड़ाईमें किसी भी प्रकार बच नहीं सकता। इसलिए तुम उन सबके जीनेकी आशा छोड़ दो, विमानमें बैठकर चलो और अपनी साज-सज्जा करो।" रत्नों-निधियोंसे सहित इस धरतीका पालन करो, मैं सुमेरु पर्वत जा रहा हूँ, चलो जिन मन्दिरोंकी वन्दना कर लो। समुद्र, द्वीप, नदियाँ, सरोवर, महावृक्ष, पहाड़ और नन्दनवन चल कर देखो। अभी

अह एत्तडउ कालु जं चुक्की । तं महु वय-चारहडि गुरुक्की ॥७॥
जइ वि तिलोत्तिम रम्भाएवी । जा ण समिच्छइ सा ण लएवी ॥८॥
वार-वार तं तइँ अब्भत्थमि । दय करि अन्तेउरु अवहत्थमि ॥९॥
तुहुँ जें एक्क महएविय वुच्चहि । चामर-गाहिणीहिं मा मुच्चहि ॥१०॥

घत्ता

सुरवर सेव करन्तु घण छडउ दिन्तु पुरें पइसरहि ।
लक्खण-रामहुँ तत्ति दुब्बुद्धि व दूरें परिहरहि' ॥११॥

[११]

जाणेंवि दुट्ठ-कम्मु पारम्भिउ । वहुरूविणि-वहु-रूव-वियम्भिउ ॥१॥
चिन्तिउ दसरह-णन्दण पत्तिएँ 'लक्खण-राम जिणइ विणु मन्तिएँ ॥२॥
जासु इम इ एवड्डइँ चिन्धइँ । वहुरूविणि-वहु-रूवइँ सिद्धइँ ॥३॥
अण्ण इ सुरवर सेव कराविय । वन्दि-विन्द कलुणइँ कन्दाविय ॥४॥
सो किं मइँ ण लेइ पिउ ण हणइ' । आसङ्केवि देवि पुणु पभणइ ॥५॥
'दहमुह भुवण-विणिग्गय-णामें । खणु मि ण जियमि मरन्तें रामें ॥६॥
जेत्थु पईवु तेत्थु सिह णज्जइ । जेत्थु अणङ्गु तेत्थु रइ जुज्जइ ॥७॥
जेत्थु सणेहु तेत्थु पणयञ्जलि । जेत्थु पयङ्गु तेत्थु किरणावलि ॥८॥

घत्ता

जहिं ससहरु तहिं जोण्ह जहिं परम-धम्मु तहिं जीव-दय ।
जहिं राहवु तहिं सीय' सा एम भणेप्पिणु मुच्छ गय ॥९॥

तक जो तुम बची रही, वह केवल मेरी इस भारी व्रत-वीरताके कारण कि मैंने संकल्प किया है कि जो स्त्री मुझे नहीं चाहेगी उसे मैं जबर्दस्ती नहीं लूँगा। फिर चाहे वह तिलोत्तमा या रम्भा देवी ही क्यों न हो? यही कारण है कि मैं बार-बार तुम्हारी अभ्यर्थना कर रहा हूँ। मुझपर दया करो। मैं विश्वास दिलाता हूँ कि तुम्हें अन्तःपुर में सम्मानसे प्रतिष्ठित करूँगा, तुम्हीं एकमात्र महादेवी होगी। स्वर्ण चामरोंको धारण करने-वाली सेविकाएँ तुम्हें कभी नहीं छोड़ेंगी। देवता तुम्हारी सेवामें रहेंगे। घने छिड़कावके बीचमें-से तुम नगरमें प्रवेश करोगी। अब तुम राम और लक्ष्मणकी आशा तो दुर्बुद्धिकी तरह दूरसे ही छोड़ दो॥ १-११॥

[११] इस प्रकार जान-बूझकर रावणने दुष्टता शुरू की, उसने बहुरूपिणी विद्याके सहारे तरह-तरहके रूपोंका प्रदर्शन प्रारम्भ कर दिया। यह देखकर दशरथपुत्र रामकी पत्नी सोचने लगी, "निश्चय ही अब राम-लक्ष्मण जीत लिये जायेंगे। भला जिस-के पास इतने सारे साधन हैं, जिसे बहुरूपिणीसे बड़े-बड़े रूप सिद्ध हो चुके हैं, और दूसरे बड़े-बड़े देवता इसकी सेवा करते हैं, चारणोंका समूह जिसे नम्रतासे अपना सिर झुकाते हैं, क्या वह प्रियको मारकर मुझे नहीं ले लेगा"। इस आशंकासे वह देवी फिर बोली, "हे दशमुख, भुवन विख्यात रामके मरनेके बाद मैं एक क्षण भी जीवित नहीं रह सकती। जहाँ दीपक होगा वहीं उसकी शिखा होगी, जहाँ काम होगा रतिका वहाँ रहना ही ठीक है, जहाँ प्रेम होता है प्रणयाञ्जलि वहीं हो सकती है, जहाँ सूर्य होगा किरणावली वहीं होगी। जहाँ चाँद होगा चाँदनी वहीं होगी, जहाँ परमधर्म होगा जीवदया भी वहीं रहेगी। जहाँ राम, सीता भी वहीं होगी।" यह कहकर

[१२]

मुच्छ णिएप्पिणु रहुवइ घरिणिहें । करि ओसरिउ व पासहों करिणिहें ॥१॥
'धिद्धिगत्थु परयारु असारउ । दुग्गइ-गमणु सुगइ-विणिवारउ ॥२॥
मइँ पावेण काइँ किउ एहउ। जें विच्छोइउ मिहुणु स-णेहउ ॥३॥
को वि ण मइँ सरिसउ विस्वारउ । दूहउ दुम्मुहु दुक्किय-गारउ ॥४॥
दुज्जणु दुट्ठु दुरासु दुलक्खणु । कु-पुरिसु मन्द-मग्गु अ-वियक्खणु॥५॥
दुण्णयवन्तु विणय-परिवज्जिउ । दुच्चारित्तु कु-सीलु अ-लज्जिउ ॥६॥
णिद्दउ पर-कलत्त-सन्तावउ । वरि जलयरु थलयरु वण-सावउ ॥७॥
वरि पसु वरि विहङ्गु किमि कीडउ । णउ अम्हारिसु जग-परिपीडउ ॥८॥

घत्ता

वरि तिणु वरि पाहाणु वरि लोह-पिण्डु वरि सुक्क-तरु ।
णउ णिग्गुणु वय-हीणु माणुसु उप्पण्णु महीहें भरु ॥९॥

[१३]

अहों अहों दारा परिभव-गारा । कयलि व सव्वङ्गिउ णीसारा ॥१॥
चालणि व्व केवल-मल-गाहिणि । सरि व कुडिल हेट्ठामुह-वाहिणि ॥२॥
पाउस-कुहिणि व दूसञ्चारिणि । कुमुइणि व्व गहवइ-उवगारिणि॥३॥
कमलिणि व्व पङ्केण ण मुच्चइ । मणु दारेइ दार तें वुच्चइ ॥४॥
वणिय वणेइ सरीरु समत्तउ । गणिय गणेइ असेसु विढत्तउ ॥५॥

सीता देवी मूर्च्छित हो गयीं ॥ १-९ ॥

[१२] रामकी पत्नी सीता देवीको मूर्च्छित देखकर, रावण उसके पाससे वैसे ही हट गया जिसप्रकार हथिनीके पाससे हाथी हट जाता है। वह अपनी ही निन्दा करने लगा, "धिक्कार है मुझे। परस्त्री सचमुच असार है, वह खोटी गतिमें ले जाती है और सुगतिको रोक देती है। मुझ पापीने यह सब क्या किया, जो मैंने एक प्रेमी जोड़ेमें विछोह डाला। मुझ जैसा बुरा करनेवाला अभागा दुर्मुख और पापी कौन होगा, सचमुच मैं दुर्जन, दुष्ट, दुराश, दुर्लक्षण, कुपुरुष, मन्दभाग्य और अपण्डित हूँ। अनयशील, विनयहीन, चरित्रहीन, कुशील और लज्जाहीन हूँ। दूसरेकी स्त्रीको सतानेवाले मुझसे अच्छे तो जलचर-थलचर और वनपशु हैं। पशु होना अच्छा, पक्षी और कीड़ा होना अच्छा, पर मुझ जैसा जगपीडक होना अच्छा नहीं। तिनका होना अच्छा, पत्थर होना अच्छा, लोह-पिण्ड और सूखा पेड़ होना अच्छा, परन्तु निर्गुण व्रतहीन, धरतीका भारस्वरूप आदमीका उत्पन्न होना ठीक नहीं ॥१-२॥

[१३] रावणने फिर कहा, "अरे-अरे स्त्रीका अपमान करने-वाले, तुम्हारा सर्वांग कदली वृक्षकी तरह सारहीन है, चलनी-की भाँति, तुम कचरा ग्रहण करनेवाले हो, नदीकी तरह नीचे-नीचे और टेढ़े-मेढ़े बहनेवाले हो, पावसके मार्गोंकी भाँति संचरण करनेके योग्य नहीं हो, कुमुदिनीकी भाँति चन्द्रमाका उपकार कर सकते हो, कमलिनीकी भाँति तुम कीचड़से मुक्त नहीं हो सकते, स्त्री मनका विदारण करती है इसीलिए दारा कहते हैं, वह वनिता इसलिए कहलाती है कि शरीर आहत कर देती है, और गणिका इसलिए है क्योंकि सब धन गिना लेती है,

दइयहों दइउ लेइ तें दइया । परु तिविहेण तेण तियमइया ॥६॥
धणिय धणेइ अप्पु अवयारें । जाय जाइ णीजन्ती जारें ॥७॥
कु वसुन्धरि तहिँ मारि कुमारी । णा णरु तासु अरित्तें णारी ॥८॥

घत्ता

चट्टइ सुरवइ जेम वन्धेप्पिणु लक्खणु रामु रणेँ ।
देमि विहाणएँ सीय सच्चउ परिभुञ्जमि जेम जणेँ ॥९॥

[१४]

एम भणेप्पिणु गउ णिय-गेहहों । अन्तेउरहों पवड्ढिय-णेहहों ॥१॥
रायहंसु णं हंसी-जूहहों । णं गयवरु गणियारि-समूहहों ॥२॥
णं मयलञ्छणु तारा-वन्दहों । णं धुवगाउ णलिणि-मयरन्दहों ॥३॥
पणइणीउ पणएं पणवन्तउ । माणिणीउ सइँ सम्माणन्तउ ॥४॥
रसणा-दामएहिँ वज्झन्तउ । लीला-कमलेँहिँ ताडिज्जन्तउ ॥५॥
एव परिट्ठिउ णिसि-सम्भोगें । सिङ्गारेण विविह-विणिउग्गें ॥६॥
सीय वि णिय-जीवियहों अणिट्ठिय । णं दससिरहों सिरत्ति समुट्ठिय ॥७॥
ताव णिहाय पडिय महि कम्पिय । 'णट्ठ लङ्क' णहेँ देव पजम्पिय ॥८॥

घत्ता

'दहमुह मूढउ काइँ पर-णारि रमन्तहों कवणु सुहु ।
णच्छहि सुरवइ जेव णिय-रज्जु स इं भुञ्जन्तु तुहुँ' ॥९॥

दयिता इसलिए कहते हैं क्योंकि वह प्रियके 'दैव' को छीन लेती है, वह तीन प्रकारसे शत्रु होती है, इसलिए तीमयी कहलाती है। धन्या इसलिए है कि अपकारसे हमें कष्ट पहुँचाती है। जाया इसलिए कि जारके द्वारा ले जायी जाती है। धरतीके लिए वह 'मारी' है इसलिए उसे कुमारी कहते हैं। मनुष्य उसमें रतिसे तृप्त नहीं होता इसलिए उसे 'नारी' कहते हैं। कल मैं इन्द्रकी तरह युद्धमें राम और लक्ष्मणको वन्दी बनाऊँगा और तब उन्हें सीतादेवी सौंप दूँगा, जिससे मैं दुनियाकी निगाहमें शुद्ध हो सकूँ" ॥ १-९ ॥

[१४] यह कहकर, रावण स्नेहसे परिपूर्ण अपने अन्तःपुरमें उसी प्रकार गया जिस प्रकार, राजहँस हँसिनियोंके झुण्डमें जाता है या जैसे हाथी हथिनियोंके समूहमें, चन्द्रमा तारा-समूहमें, भौंरा कमलिनीके मकरन्दमें प्रवेश करता है। उसने वहाँ प्रणयिनियोंके साथ प्रणय किया, माननी स्त्रियोंके साथ मान किया। किसीको करधनीको डोरसे बाँध दिया, किसीको लीला कमलसे आहत कर दिया। इस प्रकार वह विविध विनियोगों और शृंगारसे रात भर भोग करता रहा। उसने समझ लिया कि सीतादेवी उसके लिए अनिष्ट है। रावणको लगा जैसे उसके सिरमें पीड़ा उठ रही है। ठीक इसी समय एक भारी आघात हुआ, उससे धरती काँप उठी। आकाशमें देवताओंने घोषणा कर दी कि लो लंका नगरी नष्ट हुई। हे रावण, तुम मूर्ख क्यों बने हुए हो, परस्त्रीका रमण करनेमें कौन-सा सुख है? क्या तुम अब इन्द्रकी तरह अपने राज्यका भोग नहीं करना चाहते ॥ १-८ ॥

●

[७४. चउसत्तरिमो संधि]

दिवसयरेँ विउद्धेँ विउद्धाइँ । रण-रसियइँ अमरिस-कुद्धाइँ ।
स-रहसइँ पवड्ढिय-कलयलइँ भिडियइँ राहव-रामण-वलइँ ॥

[१]

जाव रावणु जाइ णिय-गेहु ।
अन्तेउरु पइसरइ करइ रयणि सइँ भोग्गेँ आयरु ।
ता ताडिय चउ-पहरि उअय-सिहरेँ उट्ठिउ दिवायरु ॥
(मत्ता-छन्दु)

केसरि व्व णह-भासुर-कर-पसरन्तउ ।
पहरेँ पहरेँ णिसि-गय-घड ओसारन्तउ ॥१॥

तहिँ अवसरेँ पक्खालिय-णयणु । अत्थाणेँ परिट्ठिउ दहवयणु ॥२॥
सामरिस-णिसायर-परियरिउ । णं जमु जमकरणालङ्करिउ ॥३॥
णं केसरि णहरारुण-गहिउ । णं गहवइ तारायण-सहिउ ॥४॥
णं दिणयरु पसरिय-कर-णियरु । णं विप्फालिय-जलु मयरहरु ॥५॥
णं सुरवइ सुर-परिवेड्ढियउ । तोडन्तु करग्गें दाढियउ ॥६॥
रोसुग्गउ उम्मूलियउ हत्थु । णिड्डुरिय-णयणु सीहासणत्थु ॥७॥
सुय-भायर-परिभउ सम्भरेवि । भउ जीविउ रज्जु वि परिहरेवि ॥८॥

घत्ता

असहन्तु सुरासुर-डमर-करु जम-धणय-पुरन्दर-वरुण-धरु ।
सज्जण-दुज्जणहँ जणन्तु भउ फुरियाहरु आउह-साल गउ ॥९॥

चौहत्तरवीं सन्धि

सूर्योदय होते ही सब जाग उठे। सेनाएँ रण-रंग और अमर्षसे भरी हुई थीं। हर्ष और वेगसे आगे बढ़ती हुई और कोलाहल मचाती हुईं राम-रावणकी सेनाएँ एक-दूसरेसे जा भिड़ीं।

[१] रावण अपने अन्तःपुरमें गया ही था और रातमें भोग कर ही रहा था कि चारों पहर समाप्त हो गये। उदयाचलपर सूर्य उग आया। सिंहकी भाँति, वह अपना नहभास्वर (नख भास्वर, नभ भास्वर) किरणजाल फैला रहा था, और इस-प्रकार एक-एक प्रहरमें निशारूपी गजघटाको हटा रहा था। प्रभातके उस अवसरपर, रावण अपनी आँखें धोकर दरबारमें आकर बैठा। वह, अमर्षसे परिपूर्ण निशाचरोंसे ऐसा घिरा हुआ था, मानो यमकरणसे शोभित यम हो, महारुण (लाल नाखून) से युक्त सिंह हो, मानो तारागणोंसे सहित चन्द्रमा हो, मानो अपना किरणजाल फैलाये हुए सूर्य हो, मानो जलविस्तार-से युक्त समुद्र हो, मानो देवताओंसे घिरा हुआ इन्द्र हो। वह मारे क्रोधके अपनी दाढ़ी नोच रहा था। आवेशमें आकर अपने हाथ तान रहा था। उसके नेत्र डरावने थे, वह सिंहासनपर बैठा हुआ था। उसे अपने पुत्र और भाईका अपमान याद हो आया। उसे अब न तो राज्यकी चिन्ता थी और न जीवनकी। देवताओं और असुरोंको आतंकित करने-वाले, यम, धनद, इन्द्र और वरुणको पकड़नेवाले, सज्जनों और दुर्जनों दोनोंको भय उत्पन्न करनेवाले रावणके होठ फड़क रहे थे। वह तुरन्त अपनी आयुधशालामें गया॥ १-९॥

[२]

ताव हूअइँ दुण्णिमित्ताइँ ।

उड्डाविउ उत्तरिउ आयवत्तु मोडिउ दु-वाएँण ॥

हाहा-रउ उट्ठियउ छिण्ण कुहिणि घण-कसण-णाएँण ॥

णिएँवि ताइँ दु-णिमित्तइँ णाय-सिर-पन्तिहिं ।

'जाहि माय' मन्दोयरि वुच्चइ मन्तिहिं ॥१॥

'मा णासउ सुन्दरु पुरिस-रयणु । जइ कह वि तुहारउ करइ वयणु ॥२॥

तो परिभच्छावहि बुद्धि देवि' । आलावेँहिं तेहिं पयट्ट देवि ॥३॥

विहडप्फड पासु दसाणणासु । हरि-मएँण करेणु व वारणासु ॥४॥

णं सइ-महएवि पुरन्दरासु । णं रइ सरसुत्थ-धणुद्धरासु ॥५॥

पणवेप्पिणु कप्पिणु पणय-कोउ । दरिसन्ति अंसु-जलु थोवु थोवु ॥६॥

पभणइ 'परमेसर काइँ मूढु । मोहन्ध-कूवेँ किं देव छूढु ॥७॥

घत्ता

कु-सरीरहोँ कारणेँ जाणइहेँ मा णिवडहि णरय-महाणइहेँ ।

लइ बूहि किमिच्छहि पुहइवइ किं होमि सुरङ्गण लच्छि रइ' ॥८॥

[३]

तं सुणेप्पिणु भणइ दहवयणु ।

'किं रम्भ-तिलोत्तिमहिँ उव्वसीएँ अच्छरएँ लच्छिएँ ।

किं सीयएँ किं रइएँ पइँ वि काइँ कुवलय-दलच्छिएँ ॥

जाहि कन्तेँ हउँ लग्गउ वन्धु-पराहवे ।

थरहरन्ति सर-धोरणि लायमि राहवे ॥१॥

लक्खणेँ पुणु मि सत्ति संचारमि । अङ्गङ्गय जमउरि पइसारमि ॥२॥

पाडमि वाणर-वंस-पईवहोँ । मत्थएँ वज्ज-दण्डु सुग्गीवहोँ ॥३॥

[२]

ताव हूअइँ दुण्णिमित्ताइँ ।
उड्डाविउ उत्तरिउ आयवत्तु मोडिउ दु-वाएँण ॥
हाहा-रउ उट्ठियउ छिण्ण कुहिणि घण-कमण-णाएँण ॥
णिऍवि ताइँ दु-णिमित्तइँ णय-सिर-पन्तिहिं ।
'जाहि माय' मन्दोयरि वुच्चइ मन्तिहिं ॥१॥
'मा णासउ सुन्दरु पुरिस-रयणु । जइ कह वि तुहारउ करइ वयणु ॥२॥
तो परिअच्छावहि बुद्धि देवि' । आलावेँहिं तेहिं पयट्ट देवि ॥३॥
विहडप्फड पासु दसाणणासु । हरि-भएँण करेणु व वारणासु ॥४॥
णं सइ-महएवि पुरन्दरासु । णं रइ सरसुत्थ-धणुद्धरासु ॥५॥
पणवेप्पिणु कप्पिणु पणय-कोउ । दरिसन्ति अंसु-जलु थोवु थोवु ॥६॥
पभणइ 'परमेसर काइँ मूढु । मोहन्ध-कूवेँ किं देव छूढु ॥७॥

घत्ता

कु-सरीरहों कारणेँ जाणइहेँ मा णिवडहि णरय-महाणइहेँ ।
लइ वूहि किमिच्छहि पुहइवइ किं होमि सुरङ्गण लच्छि रइ' ॥८॥

[३]

तं सुणेप्पिणु भणइ दहवयणु ।
'किं रम्भ-तिलोत्तिमहिँ उव्वसीएँ अच्छरएँ लच्छिएँ ।
किं सीयएँ किं रइएँ पइँ वि काइँ कुवलय-दलच्छिएँ ॥
जाहि कन्तेँ हउँ लग्गउ वन्धु-पराहवे ।
थरहरन्ति सर-धोरणि लायमि राहवे ॥१॥
लक्खणेँ पुणु मि सत्ति संचारमि । अङ्गङ्गय जमउरि पइसारमि ॥२॥
पाडमि वाणर-वंस-पईवहोँ । मत्थएँ वज्ज-दण्डु सुग्गीवहोँ ॥३॥

[२] इसी बीच उसे कितने ही अपशकुन हुए। उसका हवासे उत्तरीय उड़ गया, आतपत्र मुड़ गया। हा-हा शब्द सुनाई दे रहा था, एक अत्यन्त काला नाग रास्ता काट गया। इन सब अपशकुनोंको देखकर नतसिर मन्त्रियोंने मन्दोदरीसे जाकर निवेदन किया, "हे माँ, आप जायें। ऐसे श्रेष्ठ पुरुष-रत्नको नष्ट नहीं होने देना चाहिए। हो सकता है वह तुम्हारा वचन किसी प्रकार मान ले। बुद्धि देकर समझाइए उन्हें। इस प्रकार कहकर मन्त्रिवृद्धोंने देवीको राजी कर लिया। वह भी हड़बड़ीमें रावणके पास इस प्रकार गयी, मानो सिंहके भय से हथिनी हाथीके निकट गयी हो, मानो स्वयं इन्द्राणी इन्द्रके पास गयी हो, मानो रतिबाला कामदेवके पास गयी हो। कँपा देनेवाले अपने प्रियको उसने प्रणाम किया और तब प्रणय कोपकर उसने रोते-विसूरते हुए निवेदन किया, "हे परमेश्वर, आप मूर्ख क्यों बनते हैं? मोहान्धकूपमें क्यों गिरना चाह रहे हैं। सीताके खोटे शरीरके कारण नरककी महानदीमें मत गिरो। लो बोलो, हे राजन्, तुम क्या चाहते हो, मैं क्या हो जाऊँ, क्या लक्ष्मी, रति या देवांगना? ॥१-८॥

[३] यह सुनकर रावणने उत्तर दिया, "रम्भा और तिलोत्तमासे क्या, अप्सरा उर्वशी और लक्ष्मी भी मेरे लिए किस कामकी। सीता या रतिसे भी मुझे क्या लेना देना। कमलों जैसी आँखोंवाली तुमसे भी क्या प्रयोजन है। हे प्रिये, तुम जाओ। मैं भाईके पराभवसे दुःखी हूँ, मैं रामपर थर्रा देनेवाली तीरवृष्टि करूँगा। लक्ष्मणको दुबारा शक्ति मारूँगा, अंग और अंगदको यमपुरीमें भेज दूँगा। वानर वंशके प्रदीप सुग्रीवके मस्तकपर मैं वज्रदण्डसे चोट पहुँचाऊँगा, चन्द्रोदरके पुत्रपर चन्द्रहास, पवनपुत्रके रथपर वायव्य अस्त्र, भयभीषण

चन्दहासु चन्दोयर-णन्दणें । वायवु वाउएव-सुय-सन्दणें ॥४॥
वारुणु भामण्डलें भय-भीसणें । धगधगन्तु अग्गेउ विहीसणें ॥५॥
णागवासु माहिन्द-महिन्दहुँ । वइसवणत्थु कुमुअ-कुन्देन्दहुँ ॥६॥
मोडमि गवय-गवक्खहुँ चिन्धइँ । णच्चावमि णल-णील-कवन्धइँ ॥७॥
तार-सुसेण देमि वलि भूयहुँ । अवर वि णेमि पासु जम-दूयहुँ ॥८॥

घत्ता

जसु इन्दादेव वि आणकर दासि व्व कियञ्जलि स-घर घर ।
सो जइ आरूसमि दहवयणु तो हरि-वल सण्ढ कवणु गहणु' ॥९॥

[४]

तेण वयणें कुइय महएवि ।
'हेवाइउ सुरवरहिँ तेण तुज्झु एवड्डु विक्कमु ।
खर-दूसण-तिसिर-वहेँ किण्ण णाउ लक्खण-परक्कमु ॥
जेण मण्ड पायाललङ्क उद्दालिय ।
दिण्ण तार सुग्गीवहों सिल संचालिय ॥१॥
अण्ण वि वहु-दुक्ख-जणेराइँ । चरियइँ हणुवन्तहों केराइँ ॥२॥
पइँ रावण काइँ ण दिट्ठाइँ । हियवएँ सल्लइँ व पइट्ठाइँ ॥३॥
अज्ज वि अच्छन्ति महन्ताइँ । दुज्जण-वयण व्व दुहन्ताइँ ॥४॥
अण्ण इ णल-णील केण सहिय । रणेँ हत्थ-पहत्थ जेहिँ वहिय ॥५॥
रहुवइहेँ णिहालिउ केण मुहु । छ-व्वार वि-रहु जें कियउ तुहुँ ॥६॥
अङ्गङ्गएहिँ किर को गहणु । किउ तेहि मि महु केस-ग्गहणु ॥७॥

घत्ता

मायासुग्गीव-विमद्दणहों एत्तिय मेत्ति वि रहु-णन्दणहों ।
णव-मालइ-माला मउअ-भुअ अज्ज वि अप्पिज्जउ जणय-सुय' ॥८॥

भामण्डलपर वारुण, विभीषणपर धकधकाता हुआ आग्नेय अस्त्र, माहेन्द्र और महिन्द्रपर नागपाश, कुमुद, कुन्द और इन्द्र-पर वैस्रावण अस्त्र चलाऊँगा। गवय और गवाक्षके चिह्नोंको मोड़ दूँगा। नल और नीलके मुंडोंको नचाऊँगा। तार और सुसेनकी बलि भूतोंके लिए दे दूँगा और इसप्रकार उन्हें यमदूतोंके पास पहुँचा दूँगा। जिसकी आज्ञा इन्द्र तक मानता है, पहाड़ों सहित धरती हाथ जोड़कर जिसकी दासी है, ऐसा रावण यदि रूठ गया तो राम और लक्ष्मणको पकड़ना उसके लिए कौन-सी बड़ी बात है! ॥ १-२ ॥

[४] रावणके इन शब्दोंको सुनते ही मन्दोदरी गुस्सेसे भर उठी। उसने कहा, "देवताओंने तुम्हारा दिमाग आसमानपर चढ़ा दिया है, इसीलिए तुम्हारा इतना पराक्रम है। परन्तु क्या, खरदूषण और त्रिशिरके वधसे तुम्हें लक्ष्मणका पराक्रम ज्ञात नहीं हो सका? उस लक्ष्मणने एक पलमें बलपूर्वक पाताललंका नष्ट कर दी, सुग्रीवको तारा दिलवा दी और शिला उठा ली। और हनुमान्‌की करनी तो बहुत दुःख देनेवाली हैं। क्या तुमने उन्हें नहीं देखा जो शल्यकी भाँति हृदयमें चुभी हुई हैं। उनके बड़े-बड़े योद्धा आज भी हैं जो दुर्जनोंके मुखकी तरह दुःख-दायक हैं। नल-नीलको युद्धमें कौन सहन कर सकता है, उन्होंने हस्त और प्रहस्तको भी मार डाला। उन रामका भी मुख कौन देख सका, जिन्होंने तुम्हें छह बार रथहीन कर दिया। अंग और अंगदको पकड़नेकी तो बात ही छोड़ दीजिए उन्होंने तो मेरे केशों तकमें हाथ लगा दिया। मायासुग्रीवका मर्दन करने वाले रघुनन्दनमें इतनी क्षमता है, इसलिए नवमालतीमालाकी भाँति भुजाओंवाली सीतादेवीको आज भी वापस कर सकते हो ॥ १-८ ॥

[५]

णियय-पक्खहों दिण्णॅ अहिखेवॅं ।

पर-पक्खें पसंसियएँ दस-सिरेंहिं दससिरु पलित्तउ ।

जाला-सय-पज्जलिउ हुअवहो व्व वाएण छित्तउ ॥

रत्त-णेत्तु (वि) फुरियाहरु मलिय-करुप्पलु ।

चलिय-गण्डु भू-भङ्गुरु ताडिय-महियलु ॥१॥

'जइ अण्णें केण वि वुत्तु एव । ता सिरु पाडमि ताल-हलु जेम ॥२॥

तुहुँ घइँ पणइणि पणएण चुक्क । ओसरु पासहों मा पुरउ ढुक्क ॥३॥

किण्ण करमि सन्धि तहिँ जें कालें । खर-दूसण-रणें हय-कोट्टवालें ॥४॥

उज्जाण-भङ्गें मन्दिर-विणासें । रामागमें एक्कोयर-पवासें ॥५॥

पढमब्भिडें हत्थ-पहत्थ-मरणें । इन्दइ-घणवाहण-वन्दि-धरणें ॥६॥

एवहिँ पुणु दूसन्धव्वउ कज्जु । एक्कन्तरु ताहँ मि महु मि अज्जु ॥७॥

घत्ता

एवहिँ तुह वयणेंहिँ विमव-भुअ विहिँ गइहिँ समप्पमि जणय-सुअ ।

जिम लक्खण-रामहिँ मग्गएँहिँ जिम महु पाणेंहि मि विणिग्गएँहिँ' ॥८॥

[६]

एम भणेवि पहय रण-भेरि ।

तूरइँ अप्फालियइँ दिण्ण सङ्ख उब्भिय महद्धय ।

सज्जिय रह जुत्त हय सारि-सज्ज किय दन्ति दुज्जय ॥

मिलिउ सेण्णु किउ कलयलु रण-परिओसेंण ।

णिरवसेसु जगु वहिरिउ तूर-णिघोसेंण ॥१॥

[५] मन्दोदरीका इस प्रकार अपने पक्षकी निन्दा करना, और शत्रुपक्षकी प्रशंसा करना रावणको अच्छा नहीं लगा। उसके दशों सिर जैसे आगसे भड़क उठे। पवनसे प्रदीप्त आगकीभाँति उनसे सैकड़ों ज्वालाएँ फूट पड़ीं। उसकी आँखें लाल-लाल हो रही थीं, होठ फड़क रहे थे, वह दोनों हाथ मल रहा था, गाल हिल-डुल रहे थे, भौंहें टेढ़ी थीं, और वह धरतीको पीट रहा था। उसने कहा, "यदि दूसरा कोई यह बकवास करता तो मैं उसका सिर तालफलकी भाँति धरतीपर गिरा देता। तू मेरी प्रिया होकर भी प्रणयसे चूक रही है, मेरे पाससे हट जा, सामने खड़ी मत हो। अब इस समय मैं उससे सन्धि क्यों न करूँ, शत्रुने जो खर-दूषणके युद्धमें कोतवालको मार गिराया, उद्यान उजाड़ दिया, आवास नष्ट कर डाला, उसकी स्त्रीके आगमनपर, भाई घरसे चला गया। पहली ही भिड़न्तमें जिन्होंने हस्त और प्रहस्तका काम तमाम कर दिया। इन्द्रजीत और मेघवाहनको बन्दी बना लिया। अब तो यह काम, एकदम दुष्कर और असम्भव है। अब तो उसके और मेरे बीच युद्ध ही एकमात्र विकल्प है। इस समय तुम्हारे वचनोंसे, दोनोंमें-से एक बात होनेपर वैभवके साथ सीता वापस की जा सकती है, या तो राम-लक्ष्मण नष्ट हो जायें, या मेरे प्राण निकल जायें ॥ १-८ ॥

[६] यह कहकर, उसने रणभेरी बजवा दी। नगाड़े बज उठे। शंख फूँक दिये गये और महाध्वज उठा लिये गये। अश्वोंसे जुते हुए रथ सजने लगे। अजेय हाथियोंपर अंबारी सजा दी गयी। युद्धसे सन्तुष्ट सेना मिली, और उसमें कोलाहल होने लगा। नगाड़ोंकी आवाजसे सारा संसार गहरा

वहुरूविणि-किय-मायाविग्गहु । सज्जिउ तुरिउ गइन्द-महारहु ॥२॥
तुङ्ग-रहङ्गु णहँ जेँ ण माइउ । वीयउ मन्दरु णं उप्पाइउ ॥३॥
तहिँ गयवर-सहासु जोत्तेप्पिणु । दस सहास पय-रक्ख करेप्पिणु ॥४॥
जय-जय-सद्दें चडिउ दसाणणु । णं गिरि-सिहरोवरि पञ्चाणणु ॥५॥
दहहिँ मुहेहिँ भयङ्करु दहमुहु । भुवण-कोसु णं जलिउ दिसा-मुहु ॥६॥
विविह-वाहु विविहुक्खय-पहरणु । णाइँ विउव्वणँ थिउ सुर-वारणु ॥७॥
दस-विह लोय-पाल मणेँ झाएँवि । दइवेँ मुक्क णाइँ उप्पाएँवि ॥८॥
भुवण-भयङ्करु कहोँ वि ण भावइ । दण्डु जमेण विसज्जिउ णावइ ॥९॥

घत्ता

धय-दण्डु समुब्भिउ सेय-वडु णिज्जीवउ लङ्काहिव-सुहडु ।
पुरेँ (?) सायरेँ रह-वोहित्थ-कउ परवल-परतीरहोँ णाइँ गउ ॥१०॥

[७]

रहु णिरन्तरु भरिउ पहरणहुँ ।
सम्मइ सारत्थि किउ वहुरूविणि-विज्जा-विणिम्मिउ ।
कण्टइएं रावणेंण उरेँ ण मन्तु सण्णाहु परिहिउ ॥
वाहु-दण्ड विहुणेप्पिणु रणेँ दुल्ललियएँण ।
पहरणाइँ परिगीढइँ रहसुच्छलियएँण ॥१॥
पहिलएँ करेँ धणुहरु सरु वीयएँ । गयहुँ कयन्त गयासणि तइयएँ ॥२॥
सङ्खु चउत्थएँ पञ्चमेँ अङ्कुउ । छट्ठेँ असि सत्तमेँ वसुणन्दउ ॥३॥
अट्ठमेँ चित्त-दण्डु णवमएँ हलु । झसु दसमेयारसमएँ सव्वलु ॥४॥

गया। बहुरूपिणी विद्यासे रावणने अपना मायावी शरीर बना लिया। उसके महारथ और अश्व सजा दिये गये। उसके रथके ऊँचे पहिये आकाशमें भी नहीं समा पा रहे थे। ऐसा लगता था जैसे दूसरा मन्दिर ही उत्पन्न हो गया हो। उसके महारथमें एक हजार हाथी जोत दिये गये, और उसके साथ दस हजार पद रक्षक थे। रावण जय-जय शब्दके साथ उस महारथमें ऐसे जा बैठा, मानो विशाल पहाड़की चोटीपर सिंह चढ़ गया हो। रावण अपने दसों मुखोंसे भयंकर लग रहा था, मानो भुवनकोश दिशामुख ही जल उठे हों। उसके विविध हाथोंमें विविध अस्त्र थे, जो ऐसे लगते थे मानो मायासे निर्मित ऐरावत हाथी हों; मानो दसों लोकपालोंका ध्यान कर विधाताने उन्हें दुनियाके विनाशके लिए छोड़ दिया हो। विश्व भयंकर वह कहीं भी अच्छा नहीं लग रहा था, ऐसा जान पड़ता था मानो यमने अपना दण्ड छोड़ दिया हो। श्वेतपटवाला ध्वजदण्ड निरन्तर फहरा रहा था। वह क्रूर लंकेश्वर सुभट रथरूपी जहाजमें बैठकर नगरके समुद्रको पारकर शीघ्र शत्रुसेनाके तटपर जा पहुँचा॥ १–१०॥

[७] उसका रथ अस्त्रोंसे भरा हुआ था। सम्मतिको उसने अपना सारथि बनाया, वह बहुरूपिणी विद्यासे निर्मित था। रोमांचित होकर रावणने अपना कवच पहन लिया, परन्तु उसमें उसका शरीर नहीं समा रहा था। युद्धमें हर्षावेगसे अपने बाहुदण्डको ठोककर, दुर्ललित रावणने अस्त्रोंका आलिंगन कर लिया। पहले हाथमें उसने धनुष लिया, दूसरे हाथमें तीर, तीसरे हाथमें उसने गदासनी ली जो गजोंके लिए काल थी। चौथे हाथमें शंख था और पाँचवेंमें आयुध विशेष था। छठेमें तलवार और सातवें हाथमें उत्तम वसुनन्दी थी। आठवें हाथ-

मीसणु भिण्डिमालु वारहमएँ । चक्कु असङ्कु थक्कु तेरहमएँ ॥५॥
पत्तु महन्तु कोन्तु चउदहमएँ । सत्ति भयङ्कर पण्णारहमएँ ॥६॥
सोलहमएँ तिसूलु अइ भीसणु । सत्तारहमएँ कणउ दुदरिसणु ॥७॥
अट्ठारहमएँ मोग्गरु दारुणु एगुणवीसमें घणु घुसिणारुणु ॥८॥
वीसमए मुसण्ढि उग्गामिउ । कालें काल-दण्डु णं भामिउ ॥९॥

घत्ता

वीसहि मि भुअ (दण्डे) हिँ वीसाउहेँ हिँ दसहि मि भिउडि-भयङ्कर-मुहेँहिँ ।
भीसावणु रावणु जाउ किह सहुँ गहेँहिँ कयन्तु विरुद्धु जिह ॥१०॥

[८]

दसहि कण्ठेँहिँ दस जेँ कण्ठाइँ ।
दस-भालहिँ तिलय दस दस-सिरेंहि दस मउड पजलिय ।
दहहि मि कुण्डल-जुएँहिँ कण्ण-जुअल सुकउल (?)-मुहलिय ॥

फुरिउ रयण-सङ्घाउ दसाणण-रोसु व ।
अह थिओ स-तारायणु वहल-पओसु व ॥१॥

पढम-वयणु खय-सूर-सम-प्पहु । सिन्दूरारुणु सुरह मि दूसहु ॥२॥
वीयउ वयणु धवलु धवलच्छउ । पुण्णिम-यन्द-विम्व-सारिच्छउ ॥३॥
तइयउ वयणु भुवण-भयगारउ । अङ्गारारुणु मुकङ्गारउ ॥४॥
वयणु चउत्थउ वुह-मुह-भासुरु । पञ्चमएण सइँ जेँ णं सुर-गुरु ॥५॥
छट्ठउ सुक्कु सुक्क-सङ्कासउ । दाणव-वक्खिउ सुर-सन्तासउ ॥६॥
सत्तमु कसणु सणिच्छर-भीसणु दन्तुरु वियड-दाढ दुद्दरिसणु ॥७॥

में चित्रदण्ड और नवें हाथमें हल था। दसवें हाथमें झस और ग्यारहवें हाथमें सम्बल था। बारहवें हाथमें भीषण भिंदिपाल था और तेरहवें हाथमें अचूक चक्र था। चौदहवें हाथमें महान् भाला था और पन्द्रहवें हाथमें भयंकर शक्ति थी। सोलहवें हाथमें अत्यन्त भीषण त्रिशूल था, सत्रहवें हाथमें दुर्दर्शनीय कनक था, अठारहवें हाथमें भयंकर मुगदर और उन्नीसवें हाथमें केशरके समान लाल घन था। बीसवें हाथमें वह भयंकर भुसुंडी लिये हुए था वह ऐसी लग रही थी मानो कालने अपना काल दण्ड ही घुमा दिया हो। बीसों हाथोंमें बीस आयुध लेकर और भृकुटियोंसे भयंकर अपने दसों मुखों-से रावण इतना भयानक हो उठा माना समस्त ग्रहोंके साथ कृतान्त ही कुपित हो उठा हो ॥ १–१० ॥

[८] उसके दस कण्ठोंमें दस ही कंठे थे, दस सिरोंमें दस मुकुट चमक रहे थे, दसों कर्णयुगलोंमें कुण्डलोंके दस जोड़े थे। उनमें जटित रत्नसमूह रावणके क्रोधकी भाँति चमक रहा था। अथवा ऐसा लगता था, मानो ताराओं सहित कृष्ण पक्ष हो। उसका प्रथम मुख, क्षयकालके सूर्यके समान था, सिंदूरके समान अरुण, और सूर्यसे भी अधिक असह्य था। दूसरा मुख धवल था, आँखें भी धवल थीं और वह पूर्णिमाके चन्द्रमाके समान स्वच्छ था। तीसरा मुख, मंगलग्रहके समान लाल अंगारे उग-लता हुआ दुनियाके लिए अत्यन्त भयंकर था। चौथा मुख बुधके मुखके समान भास्वर था, पाँचवें मुखसे वह ऐसा मालूम होता था मानो स्वयं बृहस्पति हो। छठा मुख, शुक्रमुखकी तरह सफेद था, दानवोंका पक्ष ग्रहण करनेवाला और देवताओंके लिए सन्तापदायक। सातवाँ मुख, शनिदेवताके समान अत्यन्त काला था। अत्यन्त दुर्दर्शनीय दाँत और दाढ़ें निकली हुई थीं।

अट्ठमु राहु-वयणु विकरालउ । णवमउ धूमकेउ धूमालउ ॥८॥
दसमउ वयणु दसाणण-केरउ । सव्व-जणहों भय-दुक्ख-जणेरउ ॥९॥

घत्ता

बहु-रूवउ बहु-सिरु बहु-वयणु बहुविह-कवोलु बहुविह-णयणु ।
बहु-कण्ठउ बहु-करु वि बहु-पउ णं णट्ट-पुरिसु रस-भाव-गउ ॥१०॥

[९]

तो णिएप्पिणु णिसियरिन्दस्स ।
सीसइँ णयणइँ मुहइँ पहरणाइँ रयणियर-भीसणु ।
आहरणइँ वच्छ-यलु राहवेण पुच्छिउ विहीसणु ॥
'किं तिकूड-सेलोवरि दीसइ णव-घणु' ।
'देव देव णं णं एँहु रहेँ थिउ रावणु' ॥१॥
'किं गिरि-सिहरइं णहेँ दीसिराइँ' । 'णं णं आयइँ दससिर-सिराइँ' ॥२॥
'किं पलय-दिवायर-मण्डलाइँ' । 'णं णं आयइँ मणि-कुण्डलाइँ' ॥३॥
'किं कुवलयाइँ माणस-सरहों । 'णं णं णयणइँ लङ्केसरहों ॥४॥
'किं गिरि-कन्दरइँ भयाणणाइँ' । 'णं णं दहवयणें दसाणणाइँ' ॥५॥
'किं सुर-चावइँ चावुत्तमाइँ' । 'णं णं कण्ठाहरणइँ इमाइँ' ॥६॥
'किं तारा-यणइँ तणुज्जलाइँ । 'णं णं धवलइँ मुत्ताहलाइँ' ॥७॥
'किं कसणु विहीसण गयण-यलु' । 'णं णं लङ्काहिव-वच्छयलु' ॥८॥
'किं दिस-वेयण्ड-सोण्ड-पयरो' । 'णं णं दहकन्धर-कर-णियरो' ॥९॥

आठवाँ मुख राहुके समान अत्यन्त विकराल था। नौवाँ मुख धूमकेतुकी तरह धुएँसे भरा हुआ था। रावणका दसवाँ मुख सबके लिए भय और दुःख देनेवाला था। उसके बहुत-से रूप थे, बहुत-से सिर थे, बहुत-से मुख थे, बहुत प्रकारके गाल थे, बहुत प्रकारके नेत्र थे, बहुत-से कण्ठ, कर और पैर थे। वह ऐसा लग रहा था मानो भावमें डूबा हुआ नट हो ॥ १-१० ॥

[९] निशाचरेन्द्र रावणके सिर, आँखें, मुख, अलंकार और अस्त्र देखकर रामने निशाचरोंमें भयंकर विभीषणसे पूछा, "क्या ये त्रिकूट पर्वतपर नये मेघ हैं?" विभीषणने उत्तर दिया, "नहीं-नहीं देव, यह तो रथ पर बैठा हुआ रावण है।" रामने पूछा—"क्या ये आकाशमें पहाड़की चोटियाँ दिखाई दे रही हैं?" विभीषणने उत्तर दिया, "नहीं-नहीं देव, ये तो रावणके दस सिर हैं?" रामने पूछा, "क्या यह प्रभातकालीन सूर्य-मण्डल है।" विभीषणने उत्तर दिया, "नहीं-नहीं ये तो मणि-कुण्डल हैं।" रामने पूछा, "क्या ये मानसरोवरके कुवलयदल हैं।" विभीषणने उत्तर दिया, "नहीं-नहीं, ये दशाननकी आँखें हैं।" रामने पूछा, "क्या ये भयानक गिरि-गुफाएँ हैं?" विभीषणने उत्तर दिया, "नहीं-नहीं, ये तो रावणके मुख हैं?" रामने पूछा, "क्या यह धनुषोंमें श्रेष्ठ इन्द्रधनुष है"। विभीषण-ने उत्तर दिया, "नहीं-नहीं, ये कण्ठाभरण हैं"। रामने पूछा, "क्या ये शरीरसे उज्ज्वल तारे हैं?" विभीषणने उत्तर दिया, "नहीं-नहीं, ये सफेद मोती हैं।" रामने पूछा, "विभीषण क्या यह नीला आकाशतल है?" उसने उत्तर दिया, "नहीं-नहीं, यह रावणका वक्षःस्थल है।" रामने पूछा, "क्या यह दिग्गजों की सूड़ोंका समूह है," विभीषणने उत्तर दिया, "नहीं-नहीं यह,

घत्ता

तं वयणु सुणेप्पिणु लक्खणेंण लोयणइँ विरिल्लेंवि तक्खणेंण ।
अवलोइउ रावणु मच्छरेंण णं रासि-गएण सणिच्छरेंण ॥१०॥

[१०]

करेँ करेप्पिणु सायरावत्तु ।
थिउ लक्खणु गरुड-रहेँ गारुडत्थु गारुड-महद्धउ ।
वलु वज्जावत्त-धरु सीह-चिन्धु वर-सीह-सन्दणु ॥
गय-विहत्थु गय-रहवरु पमय-महद्धउ ।
विप्फुरन्तु किक्किन्धाहिउ सण्णद्धउ ॥१॥
अक्खोहणि-पञ्च-सएँहिँ समाणु । सुग्गीवु णिएँवि सण्णज्झमाणु ॥२॥
भामण्डलु अक्खोहणि-सहासु । सण्णहेँवि ढुक्कु लक्खणहों पासु ॥३॥
अङ्गङ्गय अक्खोहणि-सएण । णल-णील ताहँ अद्धद्धएण ॥४॥
पडिवक्ख-लक्ख-संखोहणीहिँ । मारुइ चालीसक्खोहणीहिँ ॥५॥
तीसक्खोहणि-वलु अहिय-माणि । रहेँ चडिउ विहीसणु सूल-पाणि ॥६॥
तीसहिँ दहिमुहु तीसहिँ महिन्दु । वीसहिँ सुसेणु वीसहिँ जेँ कुन्दु ॥७॥
सोलहहिँ कुमुउ चउदहहिँ सङ्खु । वारहहिँ गवउ अट्ठहिँ गवक्खु ॥८॥
चन्दोयर-सुउ सत्तहिँ सहाउ । सुउ वालिहेँ तेहत्तरिहिँ आउ ॥९॥

घत्ता

सण्णहेँवि पासु ढुक्कइँ वलहों अक्खोहणि-वीस-सयइँ वलहों ।
विरएवि वूहु संचल्लियइँ णं उवहि-मुहइँ उत्थल्लियइँ ॥१०॥

रावणके हाथोंका समूह है"। यह सब सुनकर लक्ष्मणने उसी समय अपनी आँखें तरेर लीं। उसने रावणको ईर्ष्यासे ऐसा देखा मानो राशिगत शनिश्चरने ही देखा हो॥ १-१० ॥

[१०] लक्ष्मणने अपना सागरावर्त धनुष हाथमें ले लिया। वह गरुड़ रथपर बैठ गया। उसके पास गारुड अस्त्र था और गरुड ही उसके ध्वजपर अंकित था। रामने वज्रावर्त धनुष ले लिया। उनका सिंह रथ था और सिंह ही उनके ध्वजपर अंकित था। किष्किन्धा नरेशके हाथमें गदा थी, उसके पास गजरथ था। उसके ध्वजपर बन्दर अंकित थे। तमतमाता हुआ वह भी तैयार हो गया। पाँच-सौ अक्षौहिणी सेनाके साथ सुग्रीवको तैयार होता हुआ देखकर भामण्डल भी एक हजार अक्षौहिणी सेनाके साथ, सन्नद्ध होकर लक्ष्मणके पास आ पहुँचा। सौ अक्षौहिणी सेनाओंके साथ अंग और अंगद एवं उनसे आधी सेनाके साथ नल और नील वहाँ आये। शत्रुके लिए लाख अक्षौहिणी सेनाके बराबर हनुमान चालीस अक्षौहिणी सेनाके साथ आया। तीस अक्षौहिणी सेनाके साथ अधिक अभिमानी विभीषण हाथमें त्रिशूल लेकर रथमें चढ़ गया। दधिमुख और महेन्द्र तीस-तीस अक्षौहिणी सेनाओं, और बीस-बीस अक्षौहिणी सेनाओंके साथ सुसेन एवं कुन्द, कुमुद सोलह अक्षौहिणी सेनाके साथ और शंख चौदह अक्षौहिणी सेनाके साथ, गवय बारह अक्षौहिणी सेनाके साथ और गवाक्ष आठ अक्षौहिणी सेनाके साथ, चन्द्रोदरसुत सात अक्षौहिणी सेनाके साथ, और वलिका पुत्र तेहत्तर अक्षौहिणी सेनाओंके साथ वहाँ आये। सन्नद्ध होकर सब लोग रामके पास पहुँचे। उनके पास कुल बीस सौ अक्षौहिणी सेनाओंका बल था। वे व्यूह बनाकर चल दिये, मानो समुद्रके

[११]

घुट्टु कलयलु दिण्ण रण-भेरि ।

चिन्धाइँ समुब्भियइँ लइय कवय किय हेइ-सङ्गह ।
गय-घडउ पचोइयउ मुक्क तुरय वाहिय महारह ॥
राम-सेण्णु रण-रहसिउ कहि मि ण माइउ ।
जगु गिलेवि णं पर-बलु गिलहुँ पधाइउ ॥१॥

अब्भिट्टु जुज्झु रोसिय-मणाहुँ । रयणीयर-वाणर-लञ्छणाहुँ ॥२॥
ओरसिय-सङ्ख-सय-संघडाहुँ । रणवहु-फेडाविय-मुहवडाहुँ ॥३॥
उद्धङ्कुस-धाइय-गय-घडाहुँ । खर-पवणन्दोलिय-धयवडाहुँ ॥४॥
कम्पाविय-सयल-वसुन्धराहुँ । रोसाविय-आसीविसहराहुँ ॥५॥
मेल्लाविय-णयण-हुवासणाहुँ । संजलिय-दिसामुह-इन्धणाहुँ ॥६॥
जयलच्छि-वहुअ-गेण्हण-मणाहुँ । जूराविय-सुरकामिणि-जणाहुँ ॥७॥
उग्गामिय-मामिय-असिवराहुँ । णिव्वट्टिय-लोट्टिय-हयवराहुँ ॥८॥
णिद्दलिय-कुम्भि-कुम्भत्थलाहुँ । उच्छलिय-धवल-मुत्ताहलाहुँ ॥९॥

घत्ता

भड-थड-गय-घडहिँ भिडन्तएँहिँ रह-तुरयहिँ तुरिउ भिडन्तएँहिँ ।
रय-णियरु समुट्ठिउ झत्ति किह णिय-कुलु मइलन्तु दु-पुत्तु जिह ॥१०॥

[१२]

हरि-खुराहउ रउ समुच्छलिउ ।

गय-पय-भर-मारियएँ धरएँ णाइँ णीसासु मेल्लिउ ।
अहव वि मुच्छावियहेँ अन्धयारु जीउ व्व मेल्लिउ ॥
अह णरिन्द-कोवाणलेण डज्झन्तिहेँ ।
वहल-धूम-विच्छड्डएँ धूमायन्तिहेँ ॥१॥

अहवइ दीहर-धरणिन्द-णालेँ । जग-कमलेँ दिसामुह-दल-विसालेँ ॥२॥
रण-मेइणि-कण्णिय-सोहमाणेँ । हरि-भमर-क्खुर-विहडिज्जमाणेँ ॥३॥

मुख ही उछल पड़े हों ॥ १–१० ॥

[११] कोलाहल हो रहा था। रणभेरी बज रही थी। चिह्न उठा दिये गये। वानरोंने अस्त्रोंका संग्रह कर लिया। हाथियोंके झुण्ड प्रेरित कर दिये गये। अश्व हाँक दिये गये। रथ चल पड़े। युद्धके हर्षसे भरी हुई रामकी सेना कहीं भी नहीं समा पा रही थी। मानो संसारको निगल कर शत्रुसेनाको निगलनेके लिए ही वह दौड़ पड़ी हो। क्रुद्धमन राक्षसों और वानरोंमें युद्ध छिड़ गया। सैकड़ों शंख बज उठे। दोनोंमें रणलक्ष्मीका घूँघट पट उठाकर देखनेकी होड़ मची थी। अंकुश तोड़कर गजघटाएँ दौड़ रही थीं। तीव्रपवनसे ध्वजपट आन्दोलित थे। सारी धरती काँप उठी थी। नागराज क्रुद्ध हो उठे थे। आँखोंसे आग बरस रही थी, दिशाओंके मुख ईंधनकी भाँति जल उठे। सबके मन विजय-श्री को ग्रहण करनेके लिए उत्सुक थे। दोनों देवनारियोंको सतानेमें समर्थ थीं। दोनों सेनाएँ तलवारें निकाल कर घुमा रही थीं। अश्ववर लोट-पोट हो रहे थे। हाथियोंके कुम्भस्थल फाड़ डाले गये, उनसे मोती उछल रहे थे। योद्धाओंके समूह और गजघटासे भिड़न्त होनेके बाद शीघ्र अश्व-रथोंमें संघर्ष छिड़ गया। शीघ्र ही उससे ऐसी धूल उठी मानो अपने कुलको कलंकित करनेवाला कुपुत्र ही उठ खड़ा हुआ हो ॥ १–१० ॥

[१२] अश्वोंके खुरोंसे आहत धूल ऐसी उड़ रही थी, मानो हाथियोंके पदभारसे धरती निःश्वास छोड़ रही हो, अथवा मूर्छित धरती आँचके समान अन्धकारको छोड़ रही हो, अथवा राजाके कोपानलसे दग्ध धुँधुआती धरतीसे धुँआ उठ रहा हो अथवा अश्वरूपी भ्रमरके खुरोंसे खण्डित विश्व-

उच्छलिउ मन्दु मयरन्दु णाइँ । रय-णिहेँण व णहहों धरित्ति जाइ ॥४॥
उड्डइ व समर-पड-वासचुण्णु । णासइ व सो ज्जें रहु तुरय-छण्णु ॥५॥
वारेइ व रणु विण्णि वि वलाहँ । साइउ देइ व वच्छ-त्थलाहँ ॥६॥
मइलेइ व वयणइँ णरवराहँ । आरुहइ व उप्परेँ रहवराहँ ॥७॥
मज्जइ व मएण महा-गयाहँ । णच्चइ व कण्ण-तालेहिँ ताव (?हँ)॥८॥
वीसमइ व छत्त-धएँहिँ चडेवि । तवइ व गयणङ्गणेँ णिव्वडेवि ॥९॥

घत्ता

पसरन्तुट्ठन्तु महन्तु रउ लक्खिज्जइ कविलउ कव्वुरउ ।
महि-मडउ गिलन्तहों स-रहसहों णं केस-भारु रण-रक्खसहों ॥१०॥

[१२]

सो ण सन्दणु सो ण मायङ्गु ।
ण तुरङ्गमु ण वि य धउ णायवत्तु जं णउ कलङ्किउ ।
पर णिम्मलु आहयणेँ भडहुँ चित्तु मइलेँवि ण सक्किउ ॥
जाउ सुट्ठु समरङ्गणु दूसंचारउ ।
तहि मि के वि पहरन्ति स-साहुक्कारउ ॥१॥

केहि मि करि-कुम्भइँ परमट्ठइँ । णं सङ्गाम-सिरिहेँ थणवट्टइँ ॥२॥
केहि मि लइयइँ णर-सिर-पवरइँ । णं जयलच्छि-वरङ्गण-चमरइँ ॥३॥
केहि मि हियइँ वला रिउ-छत्तइँ । णं जयसिरि-लीला-सयवत्तइँ ॥४॥
केहि मि चक्खु-पसरु अलहन्तेँहिँ । पहरिउ वालालुञ्चि करन्तेँहिँ ॥५॥
केण वि खग्ग-लट्ठि परियड्ढिय । रण-रक्खसहों जीह णं कड्ढिय ॥६॥
केण वि करि-कुम्भत्थलु फाडिउ । णं रण-भवण-वारु उग्घाडिउ ॥७॥

रूपी कमलका पराग उड़ रहा हो। विशाल धरती उस जग कमल की नाल थी, दिशाएँ अष्टदल थीं, युद्धभूमि उसकी कलियाँ थीं। अथवा मानो धूलके व्याजसे धरती आकाशकी ओर जा रही थी। अथवा युद्धरूपी पटका सुवासित चूर्ण उड़ रहा था। अश्वोंसे विहीन रथ नष्ट हो रहे थे। मानो वह धूल दोनों सेनाओंको युद्धके लिए मना कर रही थी, अथवा वक्षःस्थलोंको स्वयंका आलिंगन दे रही थी। बड़े-बड़े श्रेष्ठनरोंका वह मुख मैला कर रही थी, रथवरोंके ऊपर वह चढ़ रही थी, मानो गजोंके मदजलसे नहा रही थी, मानो कर्णताल की लयपर नाच रही थी। छत्र-ध्वजोंपर चढ़कर विश्राम कर रही थी। या आकाशके आंगनमें पड़कर तप कर रही थी। फैलती और उठती हुई पीली और चितकबरी धूल ऐसी दिखाई दे रही थी, मानो धरती के शवको हर्षपूर्वक लीलते हुए युद्धरूपी राक्षस का केशभार हो ॥१-१०॥

[१३] ऐसा एक भी रथ, हाथी, अश्व, ध्वज और आतपत्र नहीं था जो खण्डित न हुआ हो। उस युद्धमें केवल योद्धाओं का चित्त ऐसा था जो मैला नहीं हो सका था। संग्रामभूमि अत्यन्त दुर्गम हो उठी। फिर भी कितने ही योद्धा प्रशंसनीय ढंग से प्रहार कर रहे थे। किसीने हाथियोंके कुम्भस्थल नष्ट कर दिये, मानो संग्रामलक्ष्मीके स्तन हों, किसीने मनुष्योंके विशाल सिर उतार लिये, मानो विजयलक्ष्मी रूपी सुन्दरीके चमर हों। किसीने जबर्दस्ती शत्रुओंके छत्र छीन लिये मानो विजयलक्ष्मीका लीलाकमल हो। किसीने आँखसे दिखाई न देने पर, बाल नोंचते हुए प्रहार किया। किसीने तलवार रूपी लाठी निकाल ली, मानो रणरूपी राक्षसकी जीभ ही निकाल ली। किसीने हाथीके कुम्भस्थलको फाड़ डाला, मानो युद्धभवन

कत्थइ सुसुमूरिय असि-धारेंहिं । मोत्तिय-दन्तुरु हसियउ अहरेंहिं ॥८॥
कत्थइ रुहिर-पवाहिणि धावइ । जाउ महाहउ पाउसु णावइ ॥९॥

घत्ता

सोणिय-जल-पहरणग्गिरएँहिं वसुहन्तराल-णहयल-गएँहिं ।
पज्जलइ वलइ धूमाइ रणु णं जुग-खय-कालें काल-वयणु ॥१०॥

[१४]

ताव रण-रउ भुवणु मइलन्तु ।
रवि-मण्डलु पइसरइ तहिं मि सूर-कर-णियर-तत्तउ ।
पडिखलेंवि दिसामुहेंहिं छुहिय-गत्तु णावइ णियत्तउ ॥
सुर-मुहाइँ अ-लहन्तउ थिउ हेट्ठामुहु ।
पलय-धूमकेउ व धूमन्त-दिसामुहु ॥१॥
लक्खिज्जइ पल्लट्टन्तु रेणु । रण-वसहहों णं रोमन्थ-फेणु ॥२॥
सोमित्तिहें रामहों रावणासु । णं सुरेंहिं विसज्जिउ कुसुम-वासु ॥३॥
रणएविहें णं सुरवहु-जणेण । धूमोहु दिण्णु णह-भायणेण ॥४॥
सर-णियर-णिरन्तर-जज्जरङ्ग । णं धूलिहोवि णहु पडहुँ लग्गु ॥५॥
सयमेव सूर-कर-खेइउ व्व । तिसिउ व्व सुट्ठु पासेइउ व्व ॥६॥
जलु पियइ व गय-मय-दहेँ अथाहें ण्हाइ व सोणिय-वाहिणि-पवाहें ॥७॥
सिञ्चइ व कुम्भि-कर-सीयरेंहिं । विज्जिज्जइ व्व चल-चामरेंहिं ॥८॥
णं सावराहु असिवर-कराहँ । कम-कमलेंहिं णिवडइ णरवराहँ ॥९॥

घत्ता

मुअउ व पहरण-सय-सल्लियउ दड्ढु व कोवग्गिहेँ घल्लियउ ।
सहसत्ति समुज्जलु जाउ रणु खल-विरहिउ णं सज्जण-वयणु ॥१०॥

का द्वार ही उखाड़ लिया हो। कहीं असिधाराओंसे मारकाट मची हुई थी। कहीं अधरोंसे मोती जैसे दाँत चमक रहे थे। कहीं रक्तकी प्रवाहिनी दौड़ रही थी। ऐसा लगता था मानो युद्ध पावस बन गया हो। धरतीके विस्तार और आकाशमें व्याप्त रक्तजल और अस्त्रोंकी आगसे युद्ध कभी जल उठता और कभी धुँआ उठता, ऐसा जान पड़ता मानो युगान्तका कालमुख ही हो ॥१-१०॥

[१८] युद्धकी धूलने सारे संसारको मैला कर दिया। वह सूर्यमण्डल तक पहुँच गयी। वहाँ वह सूर्य किरणोंसे संतप्त हो उठी। वहाँसे लौटकर वह छिन्न-भिन्नकी भाँति थकी-मादी दिशामुखोंमें फैलने लगी। देवताओंका मुख न देखनेके कारण उसका मुख नीचा था। प्रलय धूमकेतुके समान, सब दिशाओं-को उसने धूलसे भर दिया। लौटती हुई धूल ऐसी लगती मानो युद्धरूपी बैलका झाग हो, अथवा लक्ष्मण, राम और रावणपर देवताओंने कुसुमरजकी वर्षा की हो, अथवा देववधुओंने आकाशके पात्रमें रखकर रणदेवीके लिए धूम-समूह दिया हो। अथवा तीरोंके समूहसे निरन्तर क्षीण होता आकाश ही धूल होकर गिरा पड़ रहा था। अथवा स्वयं ही सूर्यकी किरणोंसे खिन्न और तृषित हो प्रस्वेदकी तरह मानो वह धूल गजमदके तालाबमें पानी पी रही थी। अथवा रक्तकी नदीके प्रवाहमें नहाना चाह रही हो। हाथियोंके कुम्भस्थलोंके मद जलकण उसे सींच रहे थे, चंचल चमर उसे हवा कर रहे थे। सैकड़ों प्रहारोंसे बिंधे मृतकके समान, कोपाग्निके प्रहारसे दग्धके समान वह रण सहज ही उज्ज्वल हो उठा। मानो दुष्टताविहीन सज्जनका मुख हो ॥१-१०॥

[१५]

रएँ पणट्ठएँ जाउ रणु घोरु ।
राहव-रावण-वलहुँ करण-वन्ध-सर-पहर-णिउणहुँ ।
अन्धार-विवज्जियउ सुरउ णाइँ अणुरत्त-मिहुणहुँ ॥
रह रहहुँ णर णरहुँ तुरङ्ग तुरङ्गहुँ ।
भिडिय मत्त मायङ्ग मत्त-मायङ्गहुँ ॥१॥

को वि भडहों भडु भिडेंवि ण इच्छइ सग्ग-गमणु सहुँ सुरेंहिँ पडिच्छइ ॥२
को वि सराऊरिय-करु धावइ । रण-वहु-अवरुण्डन्तउ णावइ ॥३॥
कासु इ वाहु-दण्डु वाणग्गें । णिउ भुअङ्गु णं गरुड-विहङ्गें ॥४॥
कासु इ वाण णिरन्तर लग्गा । पडिव ण देंवि ण केण वि भग्गा ॥५
णिग्गुण जइ वि धम्म-परिचत्ता । ते जि वन्धु जे अवसरेँ पत्ता ॥६॥
णच्चइ कहि मि रुण्डु रण-भूमिहेँ । णीरिणु हुउ णिय-सिरेंण सु-सामिहेँ ।७।
कासु इ भडहों सीसु उत्थलियउ । गयणहों गम्पि पडीवउ वलियउ ॥८
धुअ-धवलायवत्तें आलीणउ । राहु-विम्वु ससि-विम्वेँ चडीणउ ॥९॥

घत्ता

केण वि सिरु दिण्णु सामि-रिणहों उरु वाणहुँ हियउ सव्वु जिणहों ।
सउणहुँ सरीरु जीविउ जसहों अइ-चाएं णासु ण होइ कहों ॥१०॥

[१६]

को वि गयघड-वरविलासिणिएँ
कुम्भयल-पओहरेंहिँ भिण्णु दन्ति-दन्तग्गेँ लग्गइ ।
कर-छित्तुचाइयउ को वि णाहि-उप्परेँ वलग्गइ ॥
को वि सुट्ठु हेट्ठामुहु ठिउ चिन्तन्तउ ।
'किण्ण मज्झु हय-दइवें दिण्णु सिर-त्तउ ॥१॥

[१५] धूलके नष्ट होने पर उन दोनों (राम-रावण) में तुमुल युद्ध हुआ। करणवंध और तीरोंके प्रहारमें निपुण, राम और रावणकी सेनाओंमें ऐसा घोर संग्राम हुआ, मानो अत्यन्त अनुरक्त प्रेमीयुगलकी अन्धकार विहीन सुरत क्रीड़ा हुई हो। रथोंसे रथ, मनुष्योंसे मनुष्य, अश्वोंसे अश्व, और मतवाले हाथियोंसे मतवाले हाथी जा भिड़े। कोई सुभट सुभटसे भिड़कर भी स्वर्ग जाना पसन्द नहीं करता, वह देवताओंसे युद्धकी इच्छा रखता है। कोई योद्धा अपने हाथोंमें तीरोंको लिये हुए दौड़ रहा है मानो वह रणलक्ष्मीका आलिंगन करना चाहता है। किसीका बाहुदण्ड तीरके अग्रभागमें है जो ऐसा लगता है मानो गरुड़की चपेटमें साँप आ गया हो, किसीको निरन्तर तीर चुभ रहे थे, वह पीठ नहीं दे रहा था, और न किसीसे नष्ट हो रहा था। चाहे निर्गुण हों और चाहे धर्मसे च्युत, परन्तु सच्चे भाई वे ही हैं, जो अवसर पर काम आते हैं। युद्धभूमिमें कहीं-कहीं धड़ नाच रहा था, मानो सुभट अपने सिरसे स्वामीका ऋण दे चुका था। किसी सुभटका सिर आकाशमें उछला और फिर वापस धरती पर आ गिरा। धवल आतपत्रमें एक सिर ऐसा लगता था, मानो राहुबिम्बने चन्द्रबिम्बमें प्रवेश किया हो। किसी एक सुभटने स्वामीके ऋणमें अपना सिर दे दिया, तीरोंके लिए अपना वक्षःस्थल और हृदय जिन भगवान्‌के लिए ॥१-१०॥

[१६] एक योद्धा, गजघटाकी उत्तम विलासिनीके कुम्भस्थल रूपी पयोधरोंसे जा लगा, कोई गजोंके दन्ताग्रमें अटका था, कोई सूँडसे ऊपर जा गिरा और कोई उसके नाभिप्रदेशसे जा लगा। कोई एक अपना मुख नीचे किये सोच रहा था कि हतभाग्य विधाताने मुझे तीन सिर क्यों नहीं दिये। उनसे

जें गिरिणु होमि तीहि मि जगहुँ । सामिय-सरणाइय-सज्जणहुँ' ॥२॥
कों वि सामिहें अग्गएँ वावरइ । सिर-कमलेंहिं पत्त-वाडु करइ ॥३॥
केण वि असहाएं होन्तएँण । चिन्तिउ रण-मुहें जुज्झन्तएँण ॥४॥
'वे वाहउ तइयउ हियउ छुडु । वइसारमि गय-घड-पाढे फुडु' ॥५॥
कासु वि स-वाहु असि-लट्ठि गय । णं सोरग चन्दण-रुक्ख-लय ॥६॥
कत्थ इ अन्तेंहिं गुप्पन्तु हउ । सामिउ लेप्पिणु णिय सिमिरु गउ ॥७॥

घत्ता

कत्थ इ गय-घड कोवारुहिय धाइय सुहडहों सवडम्मुहिय ।
सिरु धुणइ ण ढुक्कइ पासु किह पहिलारएँ रएँ णव-वहुअ जिह ॥८॥

[१७]

को वि मयगलु दन्त-मुसलेहिं ।
आरुहेंवि मइन्दु-जिह असिवरेण कुम्भ-यलु दारइ ।
कड्ढेंवि मुत्ताहलइँ करेंवि धूलि धवलेइ णावइ ॥
को वि दन्त उप्पाडेंवि मत्त-गइन्दहों ।
मुअइ तं जें पहरणु अण्णहों गय-विन्दहों ॥१॥
उद्दण्ड-सोण्ड-मण्डवें विसालें । भिज्जन्त-दन्ति-गत्तन्तरालें ॥२॥
करि-कण्ण-चमर-विज्जिज्जमाणु । णं सुवइ को वि रण-वहु-समाणु ॥३॥
गय-मय-णइ-रुहिर-णइ-प्पवाहें । विहि वेणी-सङ्गमें दहें अथाहें ॥४॥
असि कड्ढेंवि फरु तप्पडु करेवि । जुज्झण-मण वीर तरन्ति के वि ॥५॥
करि-कुम्भन्दोलय-पायवीढें । सोमालिय-णाडा-जुअल-गीढें ॥६॥
उभय-चलइँ पेक्खा-जणु करेवि । अन्दोलिय अन्दोलन्ति के वि ॥७॥

मैं तीनोंका कर्ज चुकता कर देता, अपने स्वामी, शरणागत और सज्जनका। कोई अपने स्वामीके आगे अपने हाथकी सफाई दिखा रहा था। उसने सिर-कमलोंके पत्रपुट (दोने) बना दिये। कोई एकने युद्धकी अग्रभूमिमें अत्यन्त असहाय होकर जूझते हुए सोचा, "मैं शीघ्र ही अपने दोनों हाथों और हृदयको अविलम्ब गजघटाकी पीठपर बैठाना चाहता हूँ। किसीकी बाहुलता तलवारके साथ ही कट गयी, वह ऐसी लगती थी मानो साँप सहित चन्दन वृक्षकी लता हो। कोई अपनी आँतोंमें धँसता हुआ मारा गया, उसका स्वामी उसे उठा कर शिविरमें ले गया। कहीं पर क्रोधसे तमतमाती गजघटा सुभट के सम्मुख दौड़ पड़ी, वह उसके पास अपना सिर धुनती हुई उसी प्रकार पहुँची जिस प्रकार प्रथम सम्भोग के लिए नववधू अपने पतिके सम्मुख पहुँचती है॥१-८॥

[१७] कोई दाँतरूपी मूसलोंके सहारे, सिंहके समान मदकी धार बहाते हुए गजपर चढ़ गया। तलवारसे उसका कुम्भस्थल फाड़ डाला, उसके सब मोती निकाल लिये। उन्हें चूर-चूर कर सफेदी फैला रहा था। कोई मतवाले हाथीका दाँत उखाड़ कर उससे अन्य गजसमूह पर आघात करता। कोई एक सुभट, रण-वधूके साथ सो रहा था। उठी हुई सूड़ोंके विशाल मण्डपमें, भिड़ते हुए हाथियोंके अन्तरालमें, गजकर्णोंके चमर उसे डुलाये जा रहे थे। कितने ही वीर योद्धा, हाथियोंके मदजलकी नदी और रक्तकी नदीके प्रवाहोंके अथाह संगममें अपनी तलवार निकाल कर और फरसेको नाव बनाकर लड़नेके मनसे उसमें तैर रहे थे। कितने ही योद्धा हस्तिसूँड़ोंकी रस्सियोंसे दोनों ओर बँधे हुए हाथियोंके सिरोंके चंचल पादपीठपर खड़े होकर दोनों सेनाओंको देखकर फिर आन्दोलन छेड़ देते थे। कितने ही

रण-पिडि (?) रहवर-सारिउ करेवि । गय-पासा पिहु पाडन्ति के वि ॥८॥
कत्थ इ सिव सुहडहों हियउ लेवि । गय वेस व चाडु-सयइँ करेवि ॥९॥

घत्ता

कत्थ इ मड्डु गय-घड-पेल्लियउ भामेँ वि आयासहोँ मेल्लियउ ।
पलट्टु पडीवउ असि धरेँ वि णं सामिहेँ अवसरु सम्भरेँ वि ॥१०॥

[१८]

तहिँ महाहवेँ अमिउ हणुवस्स ।
सुग्गीवहोँ अइयकउ विज्जुदण्डु णीलहोँ विरुद्धउ ।
जमघण्टु तार-सुअहोँ मय-णरिन्दु जम्बवहोँ कुद्धउ ॥
सीहणाय-सीहोयर गवय-गवक्खहुँ ।
विज्जुदाढ-विज्जुप्पह सङ्ख-सुसङ्खहुँ ॥१॥

ताराणु तारहोँ ओवडिउ । कल्लोलु तरङ्गहोँ अब्भिडिउ ॥२॥
जालक्खु सुसेणहोँ उत्थरिउ । चन्दमुहें चन्दोयरु धरिउ ॥३॥
अब्भिट्टु कियन्तवत्तु णलहोँ । णक्खत्तदवणु भामण्डलहोँ ॥४॥
सञ्झागलगज्जिउ दहिमुहहोँ । हयगीउ महिन्दहोँ अहिमुहहोँ ॥५॥
वणघोसु पसन्नकित्ति णिवहोँ । वज्जक्खु विहीसण-पत्थिवहोँ ॥६॥
पवि कुन्दहोँ कुमुअहोँ सीहरहु । सद्दूलहोँ दुम्मुहु दुव्विसहु ॥७॥
धूमाणणु कुद्धु अणुद्धरहोँ । जालन्धर-राउ वसुन्धरहोँ ॥८॥
वियडोयरु णहुसहोँ ओवडिउ । तडिकेसि रयणकेसिहेँ भिडिउ ॥९॥

घत्ता

रणेँ एव णराहिव उत्थरिय स-रहस सामरिस रोस-भरिय ।
दणु-दारण-पहरण-संजुएँहिँ पहरन्त परोप्परु स इँ भु एँहिँ ॥१०॥